सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 29.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-32 पेज-12
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 20 जुलाई 2024
13 मोहर्रम 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# यूपी में खाने-पीने की दुकानों पर लगानी होगी नेमप्लेट

■ कांवड़ यात्रा मार्ग को लेकर सीएम योगी का बड़ा फैसला



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कांवर यात्रा मार्ग पर सभी भोजनालयों को अपने मालिकों के नाम प्रदर्शित करने का आदेश दिया। यह निर्णय विपक्षी दलों के विरोध के बाद मुजफ्फरनगर में उत्तर प्रदेश की पुलिस द्वारा अपने आदेशों को रद्द करने के एक दिन बाद आया है, जिसमें भोजनालयों के लिए मालिकों के नाम प्रदर्शित करना स्वैच्छिक हो गया है। निर्देश के मुताबिक, हर खाने-पीने की दुकान या ठेले वाले को बोर्ड पर मालिक का नाम लिखना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कांवर यात्रियों की पवित्रता बनाए रखने के लिए लिया गया है। अब, हर भोजनालय, चाहे वह रेस्तरां हो, सड़क किनारे ढाबा हो, या यहां तक कि खाने की गाड़ी भी हो, उसे मालिक का नाम प्रदर्शित करना होगा। इससे पहले आज उत्तर प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आरोप लगाया कि मुस्लिम, हिंदू नामों की आड़ में तीर्थयात्रियों को मांसाहारी भोजन बेचते हैं। मंत्री ने कहा, वे वैष्णो ढाबा भंडार, शाकुंभरी देवी भोजनालय और शुद्ध भोजनालय जैसे नाम लिखते हैं और मांसाहारी भोजन बेचते हैं। 22 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में तैयारियां चल रही हैं।

# माइक्रोसॉफ्ट ने रोकी दुनिया की रफ्तार

## 1400

**फ्लाइट कैंसिल, बैंक-स्टॉक मार्केट पर भी पड़ा असर**

**दुनियाभर में ट्रेन स्टेशनों-एयरपोर्ट्स पर फंसे लोग**

**बैंक-रेल-विमान, फोन, कंप्यूटर सब पर असर**




**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सेवाओं में व्यवधान के कारण आज दुनिया भर में विमान, बैंक, स्टॉक एक्सचेंज, अस्पतालों और अन्य सेवाओं पर व्यापक असर पड़ा है। भारत में भी आईटी प्रणाली प्रभावित हुई और विमानन सेवाओं के परिचालन पर व्यापक असर देखा गया। अन्य सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं।

भारत में कई विंडोज उपयोगकर्ताओं को इस समस्या के कारण अपनी मशीनों को बूट करते समय ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर का सामना करना पड़ा। भारत में इसका असर उन उद्यमों तक सीमित रहा, जो सिक्योरिटी सर्विस फर्म क्राउडस्ट्राइक की सेवाओं का उपयोग कर रहे थे। माइक्रोसॉफ्ट के प्रवक्ता ने कहा, 'आज सुबह क्राउडस्ट्राइक के अपडेट के कारण दुनिया भर में आईटी सिस्टम में समस्या दिखी। हम इसे ठीक करने में ग्राहकों की सहायता कर रहे हैं। दुनियाभर में एयरलाइंस, टीवी टेलिकास्ट, बैंकिंग और कई कार्पोरेट कंपनियों के कामकाज पर असर पड़ा है। अमेरिका, ब्रिटेन और भारत जैसे कई देशों में 1400 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गई हैं। वहीं 3 हजार विमानों ने देरी से उड़ान भरी। भारत में, 5 एयरलाइन- इंडिगो, स्पाइसजेट, अकासा एयर, विस्तारा और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बताया कि उनकी बुकिंग, चेक-इन और फ्लाइट अपडेट सर्विस इस तकनीकी समस्या से प्रभावित हुई है। एयरपोर्ट पर लोग सर्विसेज नहीं मिलने से परेशान रहे। साइबर हमले की अफवाह जोर पकड़ने पर क्राउडस्ट्राइक के वैश्विक मुख्य कार्याधिकारी जॉर्ज कार्ट्ज ने एक्स पर कहा, 'समस्या का पता लगा लिया गया है और इसे अलग कर दुरुस्त करने के उपाय किए जा रहे हैं। हम ग्राहकों को नए अपडेट भेजते हैं और अपनी वेबसाइट पर निरंतर अपडेट देना जारी रखेंगे।' बाद में बताया गया कि यह समस्या क्राउडस्ट्राइक के फाल्कन सेंसर के साथ बग अपडेट के कारण हुई थी जिससे विंडोज सिस्टम काम नहीं कर पा रहा था। हाल में आईटी प्रणाली ठप पड़ने का यह सबसे बड़ा मामला है जिसने दुनिया भर में कारोबारों को प्रभावित किया है। पीडब्ल्यूसी इंडिया में पार्टनर और लीडर (साइबर सिक्योरिटी) सुंदरेश्वर के ने कहा, 'इस घटना ने न केवल व्यवसायों को बल्कि समूची राष्ट्रीय मशीनरी को भी प्रभावित किया है।

### अब नहीं है आउटेज की समस्याः के. राम

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट आउटेज के कारण भारत में कुछ उड़ानें प्रभावित हुईं हैं। अब इस स्थिति को सामान्य करने के लिए जरूरी उपाय उठाए जा रहे हैं। नायडू ने कहा कि अब भारत में आउटेज की समस्या नहीं है और यात्रियों को होने किसी भी तरह की असुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। वहीं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर कहा, 'मंत्रालय माइक्रोसॉफ्ट तथा उससे जुड़े संस्थानों के संपर्क में है। वजह पकड़ में आ चुकी है और इसे हल करने के लिए अपडेट जारी किए गए हैं।'

## यूपी में बनेगा 36.50 करोड़ पौधे रोपने का रिकॉर्ड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 20 जुलाई को 36.50 करोड़ पौधे रोपने का रिकॉर्ड बनेगा। सीएम योगी आदित्यनाथ राजधानी में अयोध्या रोड पर कुकरैल नदी तट पर स्थित सौमित्र वन में पौधरोपण करेंगे। इस अवसर पर वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी मौजूद रहेंगे। पौधरोपण जन अभियान-2024 के तहत इस बार एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया गया है। यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा। अब शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में भारी संख्या में पौधे लगाकर एक विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। इसके लिए प्रभारी मंत्रियों और अन्य जिम्मेदार पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। सभी स्कूलों और अन्य सरकारी संस्थाओं को निर्देश दिया गया है कि वे पहले आधे दिन में अपने कामकाज को निपटाकर दूसरे आधे दिन में पौधा रोपण का कार्य करें।

# सोनम चिश्ती ने दिया इस्तीफा

■ सरकार में सुनवाई न होने का आरोप लगा जताई नाराजगी



**लखनऊ।** किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री) सोनम चिश्ती ने सरकार में सुनवाई न होने का गंभीर आरोप लगाते हुए अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। हालांकि, सरकार ने अभी त्यागपत्र को स्वीकार नहीं किया है।

मीडिया से बातचीत में सोनम ने सरकारी अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाया। कहा, प्रश्न उठाने पर अधिकारी धमकी देते हैं। मुख्यमंत्री से शिकायत करते-करते थक गई हूं। सोनम के इन आरोपों के बाद एक बार फिर नेताओं व कार्यकर्ताओं की सुनवाई न होने का मुद्दा गरमा गया है। भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भी कार्यकर्ताओं की नाराजगी का मामला उठा था। सोनम चिश्ती ने राज्यपाल को भेजे पत्र में कहा है कि वह लोकसभा चुनाव के परिणाम व भाजपा के खराब प्रदर्शन से आहत होकर हार की जिम्मेदारी लेती हैं। कहा, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहते हुए लोगों के बीच भाजपा को मजबूत करने में असफल रही।


**दैनिक 'अवधनामा' के स्थापना दिवस की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं**



**हरिश्चंद्र सिंह पटेल**
समाजसेवी
पूर्व ब्लॉक प्रमुख, पूर्व प्रत्याशी इलाहाबाद झाँसी स्नातक मंडल


## स्वामी प्रसाद व संघमित्रा मौर्य फरार घोषित

**लखनऊ।** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य और उनकी बेटी पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्य को एमपीएमएलए कोर्ट ने फरार घोषित कर दिया है। बिना तलाक लिए धोखाधड़ी करके दूसरी शादी करने की आरोपी संघमित्रा मौर्य और वादी के साथ मारपीट, गाली गलौज और जानमाल की धमकी व साजिश रचने के आरोपी स्वामी प्रसाद मौर्य, नीरज तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ला व रितिक सिंह के कोर्ट में हाजिर न होने पर कोर्ट ने सभी आरोपियों को फरार घोषित किया है। एमपीएमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 27 अगस्त को तय की है।

**ग्लोबल वार्मिंग** | **ज्यादा उत्पादन के लिए हो रहा है केमिकल फर्टिलाइजर का इस्तेमाल**

# प्राकृतिक खेती के सर्टिफिकेशन की व्यवस्था करेगी सरकार : शिवराज

» **आज हम सभी अपनी सेहत को लेकर काफी गंभीर हैं : कृषि मंत्री**



**लखनऊ।** कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए केमिकल और फर्टिलाइजर के प्रयोग का परिणाम हम सबके सामने है।

आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज को लेकर चिंतित है, लेकिन इसके जिम्मेदार हम खुद हैं। इससे ये सिद्ध हो गया है कि आने वाली पीढ़ी के लिए ये धरती रहने लायक नहीं रहेगी। ऐसे में हमें समय रहते संभलना होगा। इसके लिए हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। इसे ध्यान में रखते हुए भारत सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी देने पर विचार कर रही है। ये बातें शुक्रवार को प्राकृतिक खेती पर आधारित भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया, को आत्मसात कर आगे बढ़ने वाला देश है। भारत की यह भावना प्राचीन खेती में भी निहित थी। उस समय खेती में केमिकल फर्टिलाइजर का इस्तेमाल नहीं होता था। ऐसे में धरती उपजाऊ होती थी और अन्न पोषक पैदा होते थे। वहीं धीरे-धीरे धरती पर दबाव बढ़ता गया और उत्पादन बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा केमिकल फर्टिलाइजर का इस्तेमाल होने लगा। साथ ही नई-नई वैराइटी के लिए ऐसे बीज का प्रयोग होने लगा जिसमें ज्यादा खाद, पानी और कीटनाशक की जरूरत पड़ने लगी। इससे उत्पादन तो बढ़ा, लेकिन बीमारियां भी बढ़ती गयीं। इसके लिए कैंसर एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें चलानी पड़ीं। आज हम सभी अपनी सेहत को लेकर काफी गंभीर हैं। यही वजह है कि लोग बिना केमिकल फर्टिलाइजर के कृषि उत्पाद को खरीदने के लिए दोगुने दाम देने को तैयार हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन में कमी आएगी, यह लोगों का भ्रम है। प्राकृतिक खेती से न तो उत्पादन कम होगा और न ही भंडारण में कमी आएगी।


مجلس عزا



برائے ایصال ثواب
مرحوم و مغفور سید منتظر مہدی و سید زائر حسین
ابن سید عطا حسین، رسولپور سادات لکھنؤ
و
اسرار فاطمہ مرحومہ بنت شبیر حسن مرحوم

بتاریخ: 13 محرم الحرام | بوقت: بعد نماز مغربین (باجماعت)
بمقام: امام بارگاہ مہدی، کلن کی لاٹ، گوئین روڈ، امین آباد، لکھنؤ

Date: 13 Muharram, Time: Bade Namaz-e-Maghribain
Venue: Imam Bargah-e-Mehdi, Kallan ki Laat, Gwynne Road, Aminabad, Lucknow

बतारीख़ : 13 मुहर्रम | बवक़्त : बादे नमाज़े मग़रेबैन (बा-जमाअत)
बमक़ाम : इमाम बारगाह-ए-मेहदी, कल्लन की लाट, गुईन रोड, अमीनाबाद, लखनऊ



خطابت
امیر العلماء آیت اللہ عالیجناب مولانا حمید الحسن صاحب قبلہ

ख़िताबत
अमीरुल उलेमा आयतुल्लाह आलीजनाब मौलाना **हमीदुल हसन** साहब क़िब्ला

آپ کی شرکت ہمارے لئے باعث تسکین اور مرحوم کیلئے ایصال ثواب کا سبب ہوگی

سوگواران: علی مہدی، نذر مہدی، عرش مہدی و دختران 9453849516







मानानीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर
'एक पेड़ मां के नाम' को समर्पित
पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ
**वृक्षारोपण जन अभियान - 2024**
(1 जुलाई, 2024 से 30 सितंबर, 2024) के अंतर्गत

**एक दिन में प्रदेश में 36.50 करोड़ पौधरोपण महाअभियान का शुभारंभ**

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा
गरिमामयी उपस्थिति
**डॉ. अरुण कुमार सक्सेना**
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश
एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 20 जुलाई, 2024 | समय : प्रातः 9:30 बजे | स्थान : सौमित्र वन, कुकरैल नदी तट, अयोध्या रोड, लखनऊ

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# पलिया के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पहुंचे डीएम-एसपी, बाढ़ की स्थिति का लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** सुबह सूचना मिली कि शारदा का जलस्तर इतना बढ़ गया कि भीरा-पलिया मार्ग पर भी पानी चल रहा है। इसी मार्ग से रास्ता तय करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा पलिया तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। सर्वप्रथम डीएम-एसपी पलिया के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र श्रीनगर पहुंचे, आम जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। नदी की वजह से क्षतिग्रस्त रेलवे ट्रैक का मौका मुआयना किया। एसडीएम कार्तिकेय सिंह को बाढ़ की स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने एनएचएआई के सड़क मार्ग पर अतरिया में जल निकासी दूसरी तरफ किए जाने के उद्देश्य से ह्यूम पाइप डालने वाले कार्य का निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने तहसील, ब्लाक पलिया के बाढ़ प्रभावित गांव बसंतापुरकला, मकनपुर का भ्रमण कर पीड़ितों का दर्द जाना। उन्होंने बाढ़ की स्थिति की बारीकी से जानकारी हासिल की। मौजूद किसानों, ग्रामीणों से वार्ता कर भोजन पैकेट, खाद्यान्न किट वितरण कर अद्यतन स्थिति जानी। डीएम ने आपदा से प्रभावित लोगों से कहा कि संकट की इस घड़ी में पूरा शासन-प्रशासन उनके साथ है। सरकार की ओर से हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी डीएम ने निरीक्षण में पाया कि गन्ने की फसल काफी खराब हो गई। एसडीएम को निर्देश दिए कि जल्द ही सर्वे कार्य पूर्ण किया जाए। हालांकि एसडीएम ने ज्यादातर प्रभावितो का सर्वे करा दिया गया है। अवशेष प्रभावितो का सर्वे 02 दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए। एसपी ने ग्रामीणों से संवाद किया। जाना कि उन्हें किसी बात का भय तो नहीं है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निरीक्षण के दौरान ग्राम बसंतापुरकला में मेडिकल टीम द्वारा ग्रामीणों का चेकअप कर जरूरी औषधीय प्रदान करती मिली। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी गणेश प्रसाद साहा संग बाढ़ प्रभावित द्रौपदी पत्नी दुजई के घर जा पहुंची, जहां उन्होंने परिवार से उनकी कुशलता जानी। इस दौरान उनकी निगाह अचानक बिस्तर पर लेटी उनकी पुत्री शालिनी पर पड़ी। डीएम के पूछने पर द्रौपदी ने बताया कि शालिनी बुखार से पीड़ित है। डीएम ने फॉरेन मेडिकल टीम भेजकर उपचार भी करवाया डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी गणेश प्रसाद साहा संग पलिया-निघासन मार्ग पर लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड-3 द्वारा 06-06 मीटर के चार स्पान बॉक्स कल्वर्ट के युद्धस्तर पर चल रहे निर्माण कार्य को देखा डीएम ने मौके पर मौजूद अधिशासी अभियंता अनिल कुमार यादव को निर्देश दिया कि मैनपॉवर दोगुनी करते हुए इस माह के अंततक कार्य पूर्ण किया जाए। ताकि भविष्य में जलस्तर बढ़ने पर पलिया की लाइफ लाइन कहे जाने वाला यह मार्ग अवरुद्ध न हो। इस दौरान एसडीएम कार्तिकेय सिंह, सीओ यादवेंद्र, सहायक अभियंता करिश्मा रावत, अवर अभियंता मान सिंह, प्रदीप कुमार भारती मौजूद रहे।

# आज रोपे जाएंगे 96 लाख 18 हजार 609 पौधे

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' के संकल्प के साथ 20 जुलाई को आयोजित होने जा रहे वृक्षारोपण महाभियान के सम्बन्ध में खीरी में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत वर्षा ऋतु में जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पौधरोपण के उद्देश्य से वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के तहत शुक्रवार शाम जनपदीय नोडल अधिकारी, (वरिष्ठ आईएएस) महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा श्रीमती किंजल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई बैठक की अभियान की नोडल अधिकारी महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा श्रीमती किंजल सिंह के जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। शुरुआत में उन्होंने बैठक में मौजूद अफसरो का परिचय जाना बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी (दक्षिण खीरी वन प्रभाग) संजय विश्वास ने बताया कि वर्ष 2024-25 में शासन की ओर से जिले को 96 लाख 18 हजार 609 पौध रोपित किए जाने का लक्ष्य आवंटित है। जो 20 जुलाई को रोपित किए जायेंगे। डीएफओ ने अभियान की रूपरेखा बताई। उन्होंने लक्ष्य क्षेत्र चयन, गड्ढा खुदाई, नर्सरी में पौधे की तैयारी पौध आपूर्ति क्रियान्वयन, नर्सरीवार उपलब्ध पौध का विवरण, वृक्षारोपण में प्रयुक्त प्रजातियां, कंट्रोल रूम एवं वार रूम की स्थापना एवं क्रियाशीलता, प्लांटेशन मॉनिटरिंग सिस्टम पर विस्तृत जानकारी दी। नोडल ने विभागवार अफसरों से एक-एक कर पौधरोपण अभियान के संबंध में तैयारियां जानी। इसमे सभी की सहभागिता जरूरी है। सभी को प्रयास करना होगा। पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' के संदेश से जन-जन को जोड़ने की आवश्यकता है। जनपदीय अधिकारी लीडरशिप लेकर सुबह से शाम तक अलर्ट रहकर पौधरोपण के लक्ष्य को पूरा कराएं। अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ साथ आमजन की सहभागिता सुनिश्चित कराएं। पौधा लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही उसका संरक्षण आवश्यक है। प्रत्येक वृक्षारोपण स्थल का जियो टैग किया जाए।नोडल अधिकारी ने कहा कि जन अभियान - 2024 के साक्षी बनें। बैठक के दौरान अधीनस्थो को निर्देश दिए कि शासनादेश के अनुसार शतप्रतिशत वृक्षारोपण किया जाना जरूरी है और इसी के चलते सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जायें बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने वृक्षारोपण की तैयारियों पर जनपद स्तर पर की तैयारियों एवं उसकी समीक्षा की विस्तृत जानकारी दी। जिले में पौधरोपण के लिए किए गए विशेष प्रयासों का जिक्र भी किया। बैठक का संचालन डीएफओ संजय विश्वाल ने किया। इस अवसर पर सीडीओ अभिषेक कुमार, डीएफओ दक्षिणी, संजय विश्वल, एडीएम संजय सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।डीएफओ संजय विश्वाल ने बताया कि 20 जुलाई को रोपित किए जाने वाले पौधों का लक्ष्य की जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग दक्षिण खीरी 1264627, उत्तर खीरी 1006700, पर्यावरण विभाग 269000, ग्राम्य विकास 4324368, राजस्व 352000, पंचायती राज 427000, आवास विकास 14019, उद्योग 26052, औद्योगिक विकास 15000, नगर विकास 61726, लोक निर्माण विभाग 27712, सिंचाई विभाग (जल शक्ति विभाग) 25000, रेशम 33000, कृषि 937148, पशुपालन 17000, सहकारिता 25270, विद्युत(ऊर्जा विभाग) 13020, माध्यमिक शिक्षा 38106, बेसिक शिक्षा 50895, प्राविधिक शिक्षा 17522, उच्च शिक्षा 49846, श्रम 3600, स्वास्थ्य 43798, परिवहन 3400, रेलवे 29000, रक्षा 8000, उद्यान 519000, पुलिस (गृह विभाग) 16800 पौध रोपित किए जाएंगे शनिवार को जिले में आयोजित पौधारोपण अभियान में नोडल मंत्री मा. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग उप्र जेपीएस राठौर, जनपदीय नोडल अधिकारी महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, डीएम,एसपी, सीडीओ व जनसामान्य शामिल होकर न केवल पौधारोपण करेंगे, बल्कि अन्य लोगों को भी पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित करेंगे अभियान की नोडल अधिकारी किंजल सिंह ने वृक्षारोपण की बैठक में मौजूद स्वयंसेवी संस्थाओं पर्यावरण मित्र समूह के पदाधिकारियो से मुलाकात कर इस अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यो एवं प्रयासों की जानकारी ली। इस दौरान डीएम ने नोडल अधिकारी से स्वयंसेवी संस्थाओं का परिचय भी कराया।

## सीडीओ ने परिषदीय विद्यालय राजापुर का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** पठन पाठन की गुणवत्ता, स्कूल की साफ-सफाई, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से सीडीओ अभिषेक कुमार ने शुक्रवार को ब्लाक लखीमपुर के तहत प्राथमिक विद्यालय राजापुर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन किया। शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही पूछताछ की। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। सीडीओ ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। सीडीओ ने बच्चों से विभिन्न रंगों, आकृतियों के बारे में पूछते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की परख की। साथ ही पठन पाठन,साफ सफाई,मध्याह्न भोजन आदि की जांच की। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए उन्हें मन लगा कर पढ़ने, गुरूजनों व माता-पिता का आदर करने, स्वच्छता अपनाने की नसीहत दी।

## जलभराव की समस्या के चलते नगरवासियों को काफी परेशानियों का करना पड़ता है सामना

**मोहम्मदी-खीरी अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका की उदासीनता के चलते थोड़ी सी बारिश में पूरे नगर में जलभराव की समस्या पैदा हो जाती है परन्तु नगर पालिका प्रशासन नगर की इस भीषण समस्या पर कोई ध्यान नहीं नही देती जिस कारण इस जल भराव की समस्या के चलते नगरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश और नालियों का गन्दा पानी लोगो के घरों में घुस जाने से घरों का कीमती सामान भी खराब होने के साथ किसी इलेक्ट्रानिक सामान से घर में भरे इस पानी में करंट भी उतरने का खतरा लोगो को बना हुआ है। इस जल भराव की समस्या से तंग आकर मोहल्ला भीतर मोहम्मदी निवासी दीपेन्द्र कुमार मोहन 18 जुलाई की रात्रि 10:30 बजे शाहजहांपुर हाइवे पर नगर पालिका गेट के सामने अपने परिवार को लेकर धरने पर बैठ गया किसी प्रकार समझा बुझाकर परिवार को धरने से हटाया गया। तब दीपेन्द्र ने प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर बताया कि उसने कई बार जल भराव की समस्या से अवगत कराया गया था परन्तु नगर पालिका द्वारा इस समस्या पर कोई ध्यान नही दिया गया। कई बार पमपिंग सेट से घर वा गली का बारिश का गन्दा पानी निकाला था। मेरे वा मेरे भाई के छोटे छोटे बच्चे है इस जल भराव से संक्रमण भी फैल सकता है। अगर समय रहते नालों की समुचित सफाई कराई गई होती और नए नालों का निर्माण एवम जो नाले और नालिया चोक हो गए है उन्हे सही करा दिया गया होता तो जल भराव की समस्या से नगरवासियों को नही जूझना पड़ता। जबकि शासन से नालों और नालियों की सफाई के लिए लाखो का बजट आया था परन्तु नगर के किसी भी नाले की सफाई नही कराई गई जबकि पिछले वर्ष नगर के मोहल्ला सरैया मंडी में जल भराव और गन्दगी से कई बच्चो की मौत हो चुकी है परन्तु फिर भी नगर पालिका द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

## मृतका के परिजनों ने ससुरालियों पर बेटी को प्रताड़ित करने और जहर खिलाकर मारने का लगाया आरोप

**लखीमपुर खीरी अवधनामा संवाददाता।** भीरा थाना क्षेत्र के गांव लालूटांडा निवासी विवाहिता की शुक्रवार को ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। जहर के सेवन से उसकी हालत बिगड़ी थी। मंगलवार को उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृतका के परिजनों ने ससुरालियों पर बेटी को प्रताड़ित करने और जहर खिलाकर मारने का आरोप लगाया है। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है विवेक सिंह पुत्र महेश पाल सिंह निवासी गांव चूरा टांडा मजरा लुधौरी थाना निघासन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दहेज की मांग को लेकर सुसरालीजन बहन वंदना (30) को पीटते थे। मंगलवार को उन्होंने बहन को पीटकर जबरदस्ती जहर खिला दिया। बृहस्पतिवार को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में वंदना की मौत के बाद ससुराल वाले पोस्टमार्टम करवाकर शव घर ले आए और अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी। सूचना मिलने पर वह ससुराल पहुंचा और मौत का कारण पूछा इस पर संजय सिंह व दिनेश सिंह गालीगलौज करने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शिवराज सिंह (पति), राम औतार सिह (ससुर), विद्यारानी (सास) निवासी गांव लालू टांडा थाना भीरा, मंजू सिंह (ननद), सुमन सिंह (ननद) निवासी कस्बा भीरा, संजय सिंह निवासी दीवान टांडा और दिनेश सिंह पुत्र अज्ञात निवासी भीरा (बहनोई) के खिलाफ घरेलू हिंसा, दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

## प्रोबेशन विभाग ने बालिकाओं को किया जागरूक



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** भारत सरकार द्वारा संकल्प एचईडब्ल्यू के अंतर्गत 21 जून से 4 अक्टूबर 2024 तक 100 दिन का विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में 100 डेज कैम्पेन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर जनपद स्तर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के दिशा निर्देश में इंटर कॉलेज हरचंदपुर में बालिकाओं के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमें योजना की बढ़ाई गई धनराशि एवं स्कॉलरशिप के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही वन स्टाफ केंद्र की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। 18 वर्ष से कम उम्र के बालक बालिकाओं के साथ हो रहे यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने, अपनी बात खुलकर रखने के बारे में भी जानकारी दी गई। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112, 1930, 108, 102 की जानकारी भी प्रदान की गई। साथ ही बालिकाओं से सोशल मीडिया के द्वारा होने वाले अपराधों से कैसे बचा जाए के बारे में चर्चा की गई। सखी वन स्टाफ केंद्र की मैनेजर आस्था ज्योति, केस वर्कर अर्चना सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर सह क्लर्क साधना श्रीवास्तव द्वारा महिलाओं के साथ हो रहे घरेलू हिंसा के ऊपर खुलकर चर्चा की गई। महिलाओं को बताया गया कि अगर उनके साथ या आसपास में किसी महिला, बालिका के साथ किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा हो रही हो तो वह वन स्टाफ सेंटर से संपर्क कर सकती हैं या फिर टोल फ्री नंबर पर भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद कुमार आर्य, अध्यापिका डॉ सरला सिंह एवं संगीता भी उपस्थित रही।

## धूम्रपान/तम्बाकू उत्पादों की बिक्री कर रहे दुकानों पर सचल दल द्वारा छापेमारी की गई

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर मजिस्ट्रेट बाबू राम के नेतृत्व में सचल/प्रवर्तन दल द्वारा कोटपा अधिनियम-2003 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला अस्पताल (पुरुष) के आस-पास परिसर मे खाने-पीने की दुकानों व जनरल स्टोर पर धारा-04 के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान/तम्बाकू उत्पादों की बिक्री कर रहे दुकानों पर सचल दल में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरुण कुमार, शैफाली रस्तोगी खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सब इन्स्पेक्टर कोमल मलिक द्वारा सघन छापेमारी करते हुए चेतावनी व न्यूनतम् जुर्माने की कार्यवाही की गयी। साथ ही धारा-06 के अन्तर्गत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा तम्बाकू उत्पादों के क्रय/विक्रय व उपयोग न किये जाने हेतु भी चेतावनी दी गयी तथा जुर्माना वसूल किया गया। आगे भी इस प्रकार की छापेमारी समय-समय पर की जाती रहेगी एवं उल्लंघन करने पर दोषियों के विरुध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी ताकि जनपद रायबरेली को तम्बाकू मुक्त एवं जनपद वासियों को तम्बाकू/धूम्रपान से होने वाले स्वास्थ्य हानि से बचाया जा सके।

## दो पक्षों के बीच जमकर चले लाठी डंडे, अवैध तमंचे से किया फायर



**मोहम्मदी-खीरी अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दिलावरपुर में पानी के निकास को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। इसी बीच एक पक्ष की तरफ से दूसरे पक्ष को जान से मारने की नियत से अवैध तमंचे से फायर भी किया गया। फायर की आवाज से वहां भगदड़ मच गई। दोनो पक्षों की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के कुछ लोगो को कोतवाली में बैठा लिया है। जबकि एक पक्ष ने तमंचे से फायर की बात कही तब पुलिस ने ने पीड़ित पक्ष से फायर का वीडियो मांग लिया। विडियो दिखाए जाने पर पुलिस सिर्फ लाठी डंडे चलने की ही बात मान रही है जबकि वायरल विडियो में एक युवक के हाथ में तमंचा साफ दिखाई दे रहा है जिसे पुलिस मानने को तैयार नहीं है।

## दुष्कर्म मामले में वांछित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सहारनपुर।** नकुड़ कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है। नकुड़ कोतवाली प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 22 मई को वादी की तहरीर पर उसकी पुत्री को आरोपी सचिन पुत्र बिरमा सिंह निवासी ग्राम बमनौली जनपद यमुनानगर (हरियाणा) द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने के संबंध में थाना नकुड पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। श्री गौतम ने बताया कि विवेचना के दौरान मुकदमें में आरोपी रितेश पुत्र सिताब सिंह निवासी ग्राम सहजवा थाना रामपुर मनिहारन का नाम प्रकाश मे आया था, जिसको 14 जून को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है तथा अपहृता को 04 जुलाई को सकुशल बरामद किया गया है। श्री गौतम ने बताया कि उनके व उपनिरीक्षक रचित यादव व सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वांछित आरोपी सचिन पुत्र बिरमा सिंह निवासी ग्राम बमनौली जिला यमुनानगर (हरियाणा) को सरसावा तिराहा नकुड से गिरफ्तार कर लिया।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत डीएम ने ग्राम पंचायत का किया निरीक्षण


अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत ब्लाक राही उपकेन्द्र मुंशीगंज के ग्राम दरियापुर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह, दस्तक अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की साझा गतिविधियों का भी अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित आशा बहूओ से घर में लगे स्टीकर एवं मार्किंग सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की तथा नाला व नाली की सफाई, झाड़ीयो की कटिंग तथा पशुपालन स्थलों पर लगे पोस्टर बैनर का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में पंचायती राज,बाल विकास एवं पुष्टाहार ,पशुपालन आदि सहयोगी विभागो की टीमे संयुक्त रूप से कार्य करती पायी गयी। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि घरो के आस-पास जलभराव न होने दे। झाड़ियों की नियमित कटाई करें एवं मच्छर जनित रोगो से बचाव हेतु मच्छर दानी का प्रयोग करने के लिए लोगो को जागरूक करें। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय दरियापुर में अध्ययनरत छात्रों से संचारी अभियान के बारे में जानकारी ली तथा बच्चों से मच्छरों जनित रोगों से बचाव हेतु विभिन्न तरीकों की जानकारी प्राप्त कर बच्चों की प्रशंसा करते हुए अभियान को गति देने के लिए बच्चों व अध्यापकों को प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान डा0 राकेश यादव उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी/अधीक्षक, सामु स्वा केन्द्र-बेलाभेला, गौरी राठौर खण्ड विकास अधिकारी, डा शरद कुशवाहा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अंजनी द्विवेदी-सहयोगीपाथ, रत्नाकर पाण्डेय, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी एवं मलेरिया विभाग की टीम उपस्थित रही।

## जनपद न्यायाधीश ने किया नवनिर्मित ड्रेनेज सिस्टम का उदघाटन



**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी ने नवनिर्मित ड्रेनेज सिस्टम का उद्घाटन किया। ड्रेनेज सिस्टम के बनने से न्यायालय परिसर में जलभराव की समस्या से अधिवक्ता, कर्मचारी व वादकारियों को निजात मिलेगी। ज़िला न्यायालय सहारनपुर में नगर निगम के सहयोग से बनाये गये नवनिर्मित ड्रेनेज सिस्टम का जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी ने उद्घाटन किया। ज्ञात हो कि गत् कई वर्षों से जिला न्यायालय परिसर में जल भराव की समस्या बनी हुई थी। इस वर्ष जिला न्ययाधीश के मार्ग-दर्शन में किए गए कार्य से परिसर में जल भराव की समस्या से अधिवक्ता, कर्मचारी तथा वादकारियों को निजात मिली है। सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव ने समस्त अधिवक्ताओं की ओर से जिला न्यायाधीश को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए उनका आभार जताया है। इस अवसर पर ब्रिजेश कुमार शर्मा, अध्यक्ष, इन्फ्रा. उपसमिति व अपर जिला जज-प्रथम एवं समस्त न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दो नफर वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी अवधनामा संवाददाता।** थाना शारदानगर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 19.07.2024 को 02 नफर वांछित अभियुक्त गण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि दिनांक 18.05.2024 को ग्राम दुअन्नी में सगे भाइयों में जमीन को लेकर विवाद था जिसके कारण दोनो पक्षों में मारपीट होने से प्रथम पक्ष के रामू पुत्र रामबिलास उम्र करीब 55 वर्ष निवासी दुअन्नी थाना शारदानगर की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी हीरालाल पुत्र रामबाबू पाल निवासी ग्राम दुअन्नी थाना शारदानगर कल्लू पुत्र रामबाबू पाल निवासी ग्राम दुअन्नी थाना शारदानगर जिला खीरी मु0अ0सं0 148/2024 धारा 105/115/352 बीएनएस0 थाना शारदानगर।

## अनियंत्रित होकर पलटी निजी स्कूल की बस

**लखीमपुर-खीरी अवधनामा संवाददाता।** सम्पूर्णानगर थाना क्षेत्र के मिर्चिया गांव में बच्चों को लेने जा रही निजी स्कूल की बस शुक्रवार सुबह करीब 7.30 बारिश के बीच खड़ंजे पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई। घटना के वक्त बस में सवार चार बच्चों को मामूली चोट आई है। गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। हादसे की सूचना मिलते ही अभिभावक पहुंच गए और बच्चों को अपने साथ ले गए बताया जा रहा है कि खड़ंजे पर केले के पत्ते पड़े थे। हल्की बारिश की वजह से रास्ता और भी खराब हो गया था। ग्रामीणों ने बताया कि बस बच्चों को लेने गांव आ रही थी। हादसे के समय चार बच्चे ही सवार थे। जहां हादसा हुआ वहां खड़ंजे के दोनों ओर खेत है। स्कूल बस अनियंत्रित होकर एक खेत में पलट गई। खेत मालिकों ने किनारे की मिट्टी काटकर खेत में मिला ली है। इससे रास्ता और संकरा हो गया।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में सर्वसम्मति से हुआ नये कार्यकारणी सदस्यों का चुनाव

अवधनामा संवाददाता



**महापौर ने मिठाई खिलाकर व माल्यार्पण कर किया निर्वाचित सदस्यों का अभिनंदन**

**सहारनपुर।** नगर निगम कार्यकारणी के छह सदस्यों का चुनाव सौहार्दपूर्ण माहौल में सर्वसम्मति से समपन्न हुआ। एसडीएम दीपक कुमार पर्यवेक्षक के रुप में तथा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत निकाय मनोज सिंह मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता के लिए मौजूद रहे। निर्वाचन अधिकारी व सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह ने सभी छह नव निर्वाचित सदस्यों की घोषणा की।

कार्यकारणी के नवनिर्वाचित सदस्यों के रुप में वार्ड 58 के पार्षद अनुज जैन, वार्ड 48 के पार्षद दिग्विजय सिंह, वार्ड 40 के पार्षद राजेंद्र सिंह कोहली, वार्ड 36 की पार्षद शबाना प्रवीण, वार्ड 57 के पार्षद फज्लुर्रहमान तथा वार्ड 41 के पार्षद संजय सैनी के नामों की घोषणा की गयी। कार्यकारणी सदस्यों के निर्वाचन की पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनमंच सभागार में महापौर डॉ.अजय कुमार की अध्यक्षता में निगम बोर्ड की बैठक शुरु हुई। पार्षद सुनील पंवार, संजीव कुमार, गौरव कपिल, अहमद मलिक, रविसैन जैन और इमरान अली का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर छह नये सदस्यों के चुनाव के लिए आज बोर्ड की बैठक आयोजित की गयी थी। महापौर डॉ. अजय कुमार ने निगम नियमावली का उल्लेख करते हुए कार्यकारणी सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया शुरु करने के निर्देश दिए। नगरायुक्त संजय चौहान ने आशा व्यक्त की कि नगर निगम की गरिमा के अनुरुप सौहार्द और संयम के साथ आज का चुनाव सम्पन्न होगा। कार्यकारणी के नये सदस्यों के रुप में कुल छह सदस्यों द्वारा नामांकन पत्र लिए गए। जांच में सभी नामांकन सही पाये गए।

किसी भी पार्षद द्वारा अपना नामांकन वापिस भी नहीं लिया गया। नामांकन पत्र प्राप्त करने का समय अपराह्न 12.15 बजे से 12.45 तक, नामांकन पत्रों की जांच अपराह्न 12.45 बजे से 1.15 तक, नामांकन पत्रों की वापसी अपराह्न 1.15 से 1.45 बजे तक तथा मतदान का समय 2.45 से 3.45 तक रखा गया था। निर्वाचन अधिकारी शिवराज सिंह ने घोषणा की कि चूंकि छह कार्यकारणी सदस्यों का चुनाव होना है और छह ही नामांकन दाखिल किये गए है। अतः चुनाव की कोई संभावना शेष नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने सभी छह पार्षदों अनुज जैन, दिग्विजय सिंह, राजेंद्र सिंह कोहली, शबाना प्रवीण, फज्लुर्रहमान तथा संजय सैनी के सर्वसम्मति से कार्यकारणी सदस्य निर्वाचित होने की घोषणा की।

## युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर किया दुष्कर्म

**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** थाना सरसावा पुलिस ने युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने वाले एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है। थाना सरसावा प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 28 फरवरी वादी की लिखित तहरीर पर आरोपी राजदीप पुत्र बलजीत निवासी ग्राम लक्सरी थाना लक्सर जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड) के खिलाफउसकी बहन को बहला-फुसलाकर खाने की चीज मे कुछ नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म करने के सम्बन्ध मे थाना सरसावा पर धारा 366, 376, 328 व 120 बी के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। श्री राय ने बताया कि उनके व उपनिरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुकदमें में वांछित चल रहे आरोपी राजदीप को रेलवे स्टेशन रोड मस्जिद के पास कस्बा सरसावा से गिरफ्तार कर लिया।

# धूल फांक रहे राज्यकर्मी मौज मार रहे संविदाकर्मी

- स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारियों की तैनाती में पक्षपात कर करोड़ की वसूली में अफसर हिस्सेदार
- अफसर के खासम खास संविदा कर्मियों ने स्वास्थ्य योजनाओं को चौपट कर अकूत संपत्ति अर्जित की

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** जिले का स्वास्थ्य विभाग योजनाओं में हेरा फेरी करने बदतर स्वास्थ्य व्यवस्था को ना संभाल पाने मरीज को इलाज न मिल पाने सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था चौपट होने गलत तरीके से नर्सिंग होम और क्लीनिक के संचालक को ना बंद करने और योजनाओं में वसूली करने में पूरी तरह से बदनाम हो चुका है प्रत्येक योजना में स्वास्थ्य विभाग में वसूली आम बात हो गई है कर्मचारियों से लेकर आशा संगनी तक विभाग में वसूली होती है।

नर्सिंग होम क्लीनिक के संचालन में भी वसूली होती है सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों की ड्यूटी न देने के बाद उन्हें छूट देने की बदले में भी वसूली होती है अस्पताल के मेंटेनेंस खर्च के नाम पर फर्जी बिल वाउचर लगाकर भुगतान कराए जाने में भी अफसर के नाम पर वसूली होती है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई के लिए टेंडर देने के आड़ में भी बड़ी वसूली होती है इसी तरह स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न योजनाओं में वसूली होती हैं जिससे पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट हो चुकी है और मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल रहा है जिससे समय के पहले बेवजह मरीजों की मौत हो रही है राज्य कर्मचारियों को अधिकार नहीं दिए गए हैं उन्हें अधिकार बिहीन कर दिया गया है और संविदा कर्मियों को पूरे स्वास्थ्य विभाग का मालिक बना दिया गया है यह संविदा कर्मी जगह-जगह पर अफसर बनकर काम कर रहे हैं जो पूरे दिन वसूली में ब्यस्त है करोड़ों की वसूली करने वाले संविदा कर्मियों ने अकूत संपत्ति अर्जित की है नवाबों जैसे उनके ठाठबाट हो गए हैं कौशांबी जिले के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ चित्रकूट जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी करोड़ो कीमत की कई हेक्टेयर जमीन संविदा कर्मियों ने खरीदी है अफसर के खासम खास संविदा कर्मी स्वास्थ्य योजनाओं को चौपट कर मालामाल हो रहे हैं लेकिन उन पर कार्रवाई होती नहीं दिख रही है अब सवाल उठता है कि स्वास्थ्य कर्मियों को किनारे करके जिम्मेदारी के कार्य संविदा कर्मियों को किस शासनादेश के तहत पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुष्पेन्द्र कुमार ने सौपा था यह बड़ी जांच का विषय है और पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यकाल में संविदा कर्मियों को नियम बिरुद्ध जिम्मेदारी देने के मामले में प्रदेश के डिप्टी सीएम स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने संज्ञान लेकर जांच कराई तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुष्पेन्द्र कुमार के बड़े कारनामे उजागर होंगे इन पर मुकदमे दर्ज होंगे उनकी गिरफ्तारी भी होगी लेकिन क्या मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुष्पेन्द्र कुमार द्वारा स्वास्थ्य योजनाओं में बड़ी हेरा फेरी करने के मामले को सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक संज्ञान लेकर जांच कर कार्यवाही करेंगे या फिर योगीराज में चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था और भ्रष्टाचार इसी तरह सब कुछ चलता रहेगा।

## चौ. नीरपाल ने गोल्ड मैडल विजेता अभिनव को ट्राफी देकर किया सम्मानित



**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चौ.नीरपाल सिंह ने अंडर 11 बैडमिंटन स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड मैडल जीतकर आए अभिनव को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और उसकी हौंसला अफजाही करते हुए कहा कि अभिनव छोटे बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत है। केंद्रीय मंत्री भारत सरकार जयंत चौधरी के निर्देश पर आज राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चौ.नीरपाल सिंह ने अंडर 11 बैडमिंटन स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड मैडल जीतकर आए अभिनव को उसके आवास ज्योति विहार कॉलोनी में ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि अभिनव को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने के लिए किसी भी सुविधा की आवश्यकता पड़ेगी, तो खेल प्रकोष्ठ प्रोत्साहित करेगा। अभिनव छोटे बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत है। उसने अपनी मेहनत और लगन से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इससे और बच्चों का उत्साह बढ़ेगा। खेलों के प्रति आने वाली पीढ़ी का रुझान बढ़े हमारी प्राथमिकता है। खेलों से शारीरिक, मानसिक विकास के अलावा सरकारी नौकरी, रोजगार के रास्ते खुलते हैं। इसके लिए अभिनव के माता-पिता के अलावा प्रशिक्षक भी इस कामयाबी के लिए बधाई के पात्र हैं।

## उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जन जागरूकता का आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को लिंग चयन और लिंग निर्धारण के निषेध पर जन जागरुकता एवं कन्या भ्रूण हत्या और बालिकाओं के प्रति भेदभाव तथा बेटी बचाओ और बेटी को शिक्षित करो तथा महिला सशक्तिकरण और महिला कल्याण के लिए सरकारी योजनाएँ विषयक पर विधिक साक्षरता / जागरूकता शिविर का आयोजन तहसील सहजनवों के सभागार में किया गया। इस दौरान सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास सिंह, सीजीएम त्रिस्ती श्रीवास्तव,उपजिलाधिकारी सहजनवाँ, दीपक गुप्ता सीओ गीडा अनुराग सिंह, नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, बार अध्यक्ष केके तिवारी, मंत्री राधवेंद्र सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## जल संरक्षण एवं प्रबंधन पर गोष्ठी संपन्न



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** भाषा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रण धीन भूगर्भ जल संरक्षण सप्ताह के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन संस्थान में भारतीय भाषाओं में जल संरक्षण एवं महत्व विषय पर किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता विनय श्रीवास्तव ने एवं कुशल संचालन डॉक्टर रश्मि शील ने किया। मुख्य अतिथि कृष्णा नंद राय ने कहा कि विश्व के तमाम देश जल संकट से जूझ रहे हैं,जल संरक्षण के प्रभावी प्रयास किए जाने चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अर्चना सिंह ने कहा कि जल और जीवन का अटूट संबंध है। डॉक्टर मयंक मिश्र ने कहा कि जल का महत्व पुरातन काल से है। जल संरक्षण के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य पुरातात्विक, साहित्यिक सामग्री से मिलते हैं, जिसमे कहा गया है कि जल ही जीवन है, जल की रक्षा करो। समारोह अध्यक्ष विनय ने कहा कि आज की गोष्ठी की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि हम पर्यावरण के प्रति कितना सजग होते हैं। हम प्रकृति की सुरक्षा करें, पेड़ लगाएं एवं भू जल संरक्षण के लिए सार्थक प्रयास करें। अंत में अंजू सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम एसपी ने निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** सोमवार से शुरू हो रहे सावन माह को लेकर श्रंगीरामपुर घाट पर काँवड़ यात्रा की तैयारियों का जिलाधिकारी डॉक्टर बीके सिंह और पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा घाट पर बेरिकेडिंग कराने, प्रकाश की व्यवस्था करने व चेतावनी बोर्ड लगाने और पीने के पानी की व्यवस्था के लिये टैंकर लगाने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिये हैं द्यअधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को यात्रा मार्ग की सड़कों के गड्ढे भरवाने के लिये निर्देशित किया गया। जिला पंचायतराज अधिकारी व खंड विकास अधिकारी कमालगंज को रोड से गंगा किनारे तक के कच्चे मार्ग का समतलीकरण कराने के लिये निर्देशित किया गया थानाध्यक्ष कमालगंज को सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया।

## शिक्षा व्यक्ति को योग्य व संस्कारवान बनाती है

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने खलासी लाईन में पिंक शौचालय और ग्वालीरा में आंगनवाड़ी केंद्र के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन और प्राथमिक विद्यालय ग्वालीरा का भी अवलोकन किया और आंगनवाड़ी कार्यक्रम समाज के आखरी पायदान तक पहुंचाने पर जोर दिया। नगरायुक्त संजय चौहान ने आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोग से खलासी लाइन में पुलिस चौकी के निकट महिलाओं के लिए नवनिर्मित पिंक शौचालय का लोकार्पण किया। इसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र ग्वालीरा के नवनिर्मित भवन का भी फीता काटकर लोकार्पण किया। महाप्रबंधक आईटीसी संदीप शर्मा व आईटीसी सीनियर कार्यक्रम अधिकारी पामीश कुमार ने नगरायुक्त का बुके भेंट कर स्वागत किया। पामीश ने नगरायुक्त को आईटीसी मिशन सुनहरा कल द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी। नगरायुक्त ने प्राथमिक विद्यालय में बाल संसद के नन्हें पदाधिकारियों से भी वार्ता की और उनके दायित्व के बारे में जाना। उन्होंने बाल पदाधिकारियों से जाना कि स्कूल की सफाई में उनकी क्या भूमिका रहती है। नगरायुक्त संजय चौहान ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को शिक्षित ही नहीं करती उसे संस्कारवान और योग्य भी बनाती है। उन्होंने आईटीसी की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों का कायाकल्प कर आईटीसी इस दिशा में बड़ा काम कर रही है। नगरायुक्त ने इस अवसर पर आईटीसी मिशन सुनहरा कल द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर सी गुप्ता, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल सिंह, पार्षद मोहर सिंह, आईटीसी सुनहरा कल की रिया गुप्ता, आरुशी सिंह के अलावा वाश इंस्टीटयूट के अंकित सिंह तथा प्रथम ऐजूकेशन फाउंडेशन, प्रथम इंफोटेक एवं लोकमित्र की टीम भी मौजूद रही।

## महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संगठनों की मांगों एवं समस्याओं के संबंध में की बैठक

- संयुक्त मोर्चा द्वारा हाफ डे, ईएल, कैशलेश चिकित्सा सहित विभिन्न मांगे प्रस्तुत की गई

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्य सचिव, उप्र शासन मनोज कुमार सिंह के निर्देशानुसार गत दिवस महानिदेशक स्कूल शिक्षा श्रीमती कंचन वर्मा द्वारा शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के समस्त घटक संगठनों की एक आवश्यक बैठक उनकी माँगो एवं समस्याओं के समाधान हेतु निशातगंज स्थित महानिदेशक कार्यालय लखनऊ में आहूत की गई।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा श्रीमती कंचन वर्मा ने बताया कि बैठक में संयुक्त मोर्चा के मांगपत्र पर गम्भीरता पूर्वक बिंदुवॉर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। इसमें हाफ डे, ई.एल., कैशलेश चिकित्सा, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों को सम्मानजनक मानदेय दिए जाने, गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त किए जाने, पदोन्नति प्राप्त शिक्षकों का वेतन निर्धारण एवं उसका नियमानुसार समाधान निकालने तथा प्रोन्नति वेतनमान नियमानुसार निर्गत किए जाने हेतु सभी ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी करने की माँग संयुक्त मोर्चा द्वारा की गई। उन्होंने यह भी बताया कि संयुक्त मोर्चा द्वारा यह भी मांग की गई कि हमारे अवकाश तालिका में जयंती व रविवार को पड़ने वाले अवकाश को भी दर्शा कर समाज में शिक्षकों के ज्यादा अवकाश मिलने की बात कही जाती है जबकि शिक्षक समस्त जयंती व राष्ट्रीय पर्व मनाने के लिए विद्यालय जाता ही है ऐसे में इन जयंतियों को अवकाश तालिका से हटाया जाए तथा जो कमेटी शासन स्तर पर बनेगी उसमे संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों को भी सम्मिलित किया जाय। बैठक में ऑनलाइन शिक्षक उपस्थिति के संबंध में शासन स्तर से हुए निर्णय से अवगत कराते हुए इन बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया तथा इस बात पर सहमति बनी कि जो भी बिंदु महानिदेशक स्तर से निस्तारित किए जाने योग्य है उनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा, जिनका समाधान शासन स्तर से संभव है या नीतिगत प्रकरणों पर निर्णय हेतु शासन को संदर्भ प्रेषित किए जाएँगे तथा जिन बिंदुओं में बृहद विचार विमर्श की आवश्यकता है उसे प्रस्तावित समिति के समक्ष रखा जाएगा तथा प्रस्तावित समिति में प्रतिनिधियों को सम्मिलित एवं विचार विमर्श किए जाने के संबंध में आवश्यक प्रयास किए जाने का आश्वासन भी दिया गया। इस पर मोर्चा के प्रतिनिधियों द्वारा सहमति व्यक्त की गई। बैठक में निदेशक बमतज श्री गनेश कुमार एवं मोर्चा के संयोजक मंडल श्री योगेश त्यागी, श्री सुशील पांडेय, श्री संतोष तिवारी, श्री दिलीप चौहान, श्री विवेकानंद, श्री सुशील यादव, श्री हरिनाम सिंह, श्री विक्रमादित्य मौर्या, श्री विश्वनाथ मौर्या, श्री सुधेश पांडेय, श्री रणविजय सिंह, श्री प्रभाकांत, श्री पंकज अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

## उरई क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि उरई जालौन में सहकारी संगोष्ठी

अवधनामा संवाददाता



**उरई(जालौन)।** आज उरई क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड, उरई जालौन में सहकारी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहकार भारती के राष्ट्रीय संयोजक पैक्स प्रकोष्ठ एवं इफको फूलपुर के सहकारी ग्रामीण विकास ट्रस्ट के निदेशक मंडल के सदस्य राजदत्त पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन उपस्थित रहे। संगोष्ठी में सहकारिता और उसके विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर राजदत्त पांडेय ने सहकारी समितियों की भूमिका और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, सहकारिता हमारे समाज की आधारशिला है। यह न केवल आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करती है बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाती है। हमें मिलकर सहकारी आंदोलन को और मजबूत बनाना होगा ताकि समाज का हर व्यक्ति इसका लाभ उठा सके। सहकारी समितियों का मुख्य उद्देश्य सभी को समान अवसर प्रदान करना और समाज के सभी वर्गो को आत्मनिर्भर बनाना है। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने अपने संबोधन में कहा, सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती हैं। यह सुनिश्चित करती हैं कि किसानों और अन्य समुदायों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिले और उनके जीवन स्तर में सुधार हो। हमें सहकारी समितियों के माध्यम से नवाचार और तकनीकी विकास को बढ़ावा देना चाहिए ताकि वे और भी प्रभावी हो सकें।


## महत्वपूर्ण सूचना

मुरादाबाद मंडल के शाहजहाँपुर जं. – लखनऊ एवं रोज़ा – सीतापुर सिटी डबल लाइन सेक्शन एवं रोज़ा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते प्री–नॉन–इंटरलॉकिंग एवं नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के संबंध में दिनांक 05.07.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में रेलगाड़ियों के मार्ग परिवर्तन की तिथियों में परिवर्तन किया गया है, जो निम्नानुसार है:–

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग (वाया) | मार्ग परिवर्तन तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 15529 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट) जनसाधारण एक्सप्रेस | सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा के बजाय **बुढ़वल जं. – बाराबंकी जं. – लखनऊ – कानपुर सेंट्रल – गाज़ियाबाद** | 24.07.2024 एवं 31.07.2024 |
| 15530 आनंद विहार (ट) – सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर के बजाय **गाज़ियाबाद – कानपुर सेंट्रल – लखनऊ – बाराबंकी जं. – बुढ़वल जं.** | 25.07.2024 एवं 01.08.2024 |
| 15621 कामाख्या – आनंद विहार (ट) एक्सप्रेस | सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा के बजाय **बुढ़वल जं. – बाराबंकी जं. – लखनऊ – कानपुर सेंट्रल – गाज़ियाबाद** | 25.07.2024 एवं 01.08.2024 |
| 15622 आनंद विहार (ट) – कामाख्या एक्सप्रेस | रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर के बजाय **गाज़ियाबाद – कानपुर सेंट्रल – लखनऊ – बाराबंकी जं. – बुढ़वल जं.** | 27.07.2024 एवं 03.08.2024 |
| 14009 बापूधाम मोतिहारी – आनंद विहार (ट) चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस | सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा के बजाय **बुढ़वल जं. – बाराबंकी जं. – लखनऊ – कानपुर सेंट्रल – गाज़ियाबाद** | 21.07, 23.07, 25.07, 28.07, 30.07 एवं 01.08, 04.08.2024 |
| 14010 आनंद विहार (ट) – बापूधाम मोतिहारी चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस | रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर के बजाय **गाज़ियाबाद – कानपुर सेंट्रल – लखनऊ – बाराबंकी जं. – बुढ़वल जं.** | 22.07, 24.07, 27.07, 29.07, 31.07 एवं 03.08.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

YouTube f X पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सार्वजनिक शौचालय में शौच करने गए दलित से प्रधान ने वसूला 5 हजार रुपये का जुर्माना

- पिता पुत्र से साफ कराया शौचालय

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिले में एक दलित व्यक्ति को सार्वजनिक शौचालय के शौच करने पर तालिबानी सजा दी गई। ग्राम प्रधान और उनके सहयोगियों ने पहले घंटो तक बंद रखा फिर उसके पिता को बुलावा और दोनों से सफाई कराया। इतना ही नही गांव का दबंग ग्राम प्रधान व उसके सहयोगियों ने युवक को उसके पिता के सामने मारा पिटा फिर शौच करने का जुर्माना 5 हजार रूपए वसूल कर छोड़ा। मारपीट के कारण दलित युवक के आंख में गम्भीर चोट लगी है। जिसके बाद कुछ ग्रामीण और पीड़ित परिवार प्रधान की दबंगई के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई।

कुशीनगर के चौरा खास थानाक्षेत्र के कोटवा करजही गांव में एक मानवता को शर्मसार करने का मामला सामने आई। जहां ग्रामीणों ने गांव के ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुशवाहा व उसके सहयोगियों पर दलित वर्ग से तालुक रखने परिवार के साथ तालिबानी सजा देने का आरोप लगाया। प्रेम प्रसाद व उसके पिता भगन प्रसाद ने गंभीर आरोप लगाया है। कोटवा करजही गांव के ही रहने वाले पीड़ित प्रेम प्रसाद को शौच करने की ऐसी सजा दी गई है। जिसका शायद प्रेम प्रसाद व उसके पिता भगन को भी तनिक अंदाजा नही था। जानकारी के मुताबिक गांव के सरकारी सार्वजनिक शौचालय में शौच करने की प्रेम प्रसाद को मिली सजा के बाद अधिकारियों के चक्कर लगा रहे। पिता भगत ने बताया कि प्रेम प्रसाद वैसे तो अक्सर घर में बने शौचालय या कभी कभार बाहर खुले में शौच करने जाते थे। लेकिन 15 जुलाई सुबह 7 बजे के करीब जब काम के सिलसिले से गांव से बाहर निकल ही रहे थे कि उनका पेट खराब हो गया। गांव के बाहर बने सार्वजनिक शौचालय का इस्तेमाल करने की गुस्ताखी प्रेम प्रसाद कर बैठे। अभी वह शौचालय में शौच के लिए बैठे ही थे कि शौचालय का दरवाजा उन पर अचानक गिर गया। प्रेम प्रसाद शौचालय का दरवाजा उठा कर बाहर आ गए और शौचालय के बाहर दरवाजा रख दिए, तभी गांव के किसी व्यक्ति ने ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुशवाहा को फोन पर जानकारी दे दी। ग्राम प्रधान अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे और प्रेम प्रसाद को शौचालय के अंदर कर बाहर से ताला बंद कर दिए। शौचालय में प्रेम प्रसाद को 4 घण्टे तक बन्द रखा गया जिसका वीडियो भी सामने आया जिसमे देखा जा सकता है कि प्रेम प्रसाद को शौचालय में कैद किया गया। ग्राम प्रधान ने प्रेम प्रसाद के पिता भगन प्रसाद को मौके पर बुलाकर पहले बेइज्जत किया। फिर टूटे हुए दरवाजे का जुर्माना 15 हजार रूपए मांगा। प्रेम प्रसाद के पिता ने इतनी बड़ी रकम देने इनकार कर दिए। जिसके बाद 5 हजार रूपए पर आकर बात बनी। वही इस मामले में ग्राम प्रधान अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार कर रहे हैं। साथ ही ग्राम प्रधान उल्टा प्रेम प्रसाद पर ही शौचालय का दरवाजा तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं। जबकि गांव के लोग भी पीड़ित के साथ हुई बर्बरता को लेकर ग्राम प्रधान के खिलाफ बोल रहे हैं। पीड़ित को पीटा गया और जुर्माना भी वसूला गया और शौचालय भी साफ करवाया गया।

## बारिश के पानी ने लोगों को घरों में किया कैद

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज ब्लॉक के गांव नगला खेम रैगाई में बारिश के कहर ढहाने से गांव में चारों तरफ पानी भर गया है यही नहीं बारिस के पानी से कई मकान गिर जाने से लोग बेघर हो गए हैं ग्रामीणों में एक सप्ताह पूर्व जिला प्रशासन को गांव की हकीकत को लेकर प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन कोई भी अधिकारी पड़ताल करने तक नहीं पहुंचा। आपको बताते चलें ग्राम नगला खेम रैगाई में जिन दो मुख्य रास्ताओं को लेकर 3 जुलाई को जिलाधिकारी को ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन उस प्रार्थना पत्र पर कोई भी कार्य नहीं हुई है। शुक्रवार को सुबह 6 से हो रही बारिश से कई मकान पानी से घिर गए हैं जिस कारण मकान मालिक घर के अन्दर ही कैद हो कर रह गए हैं। मकान स्वामी मकान के बाहर भी नहीं निकल पा रहे हैं जो लोग मकान के बाहर है वह अपने मकान तक नहीं पहुंच पा रहे है। गांव के मुस्तफा उर्फ़ पप्पू सज्जाक खा शाहिद अली रासिद अली आदि लोगो के मकान भी गिरना शुरु हो गये हैं। साथ ही बिजली के पोल व दो ट्रांसफार्मर पोल से गिरने के कारण टूट गए है। जिससे पूरे गांव में अंधेरा छाया हुआ है।

## सम्पन्न हुआ प्रशिक्षण

**पौली।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम विषयक कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले बिकास कार्यों को पारदर्शिता पूर्ण रखने के लिए सरकार द्वारा सभी ब्लाक क्षेत्रों में सोशल आडिट टीम का गठन किया गया है इसी टीम के सदस्यों को बस्ती जनपद के जिला ग्राम्य विकास संस्थान बस्ती के सभागार में 15 जुलाई से 19 जूलाई 2024 तक वरिष्ठ प्रशिक्षक मुकेश कुमार एवं निरंकार श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पासपोर्ट संख्या L 1660399 में मेरे नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश AFAQ ALI HAYDER लिख गई है, मेरे नाम की सही स्पेलिंग AFAQUE ALI HAIDAR है जो मेरे सभी अभिलेखों में दर्ज है।

AFAQUE ALI HAIDAR
पुत्र फैजुल हसन शकील
राजा राम का पुरा, शाही कटरा मार्ग, मऊनाथ भंजन, मऊ, उ.प्र


# राष्ट्रीयकृत बैंकों की दशकों पुरानी यात्रा अभूतपूर्व दक्षता समेकन एवं आमजन के प्रति समर्पित सेवा का है प्रमाण

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** आज से पचपन वर्ष पूर्व 19 जुलाई 1969 को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी द्वारा देश की 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने का अभूतपूर्व निर्णय लिया गया। इस कदम का मुख्य उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, सभी के लिए बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध करवाना व पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सेवाएँ पहुंचाना था। 6 अन्य बैंकों को 1980 में राष्ट्रीयकृत किया गया।

आज देश में राष्ट्रीयकरण के मूलभूत लाभ यथा वृहत औद्योगीकरण, नवोन्मेष, रोजगार में बढ़ोत्तरी आदि देखने को मिल रहे हैं जिसमें देश एवं आम जन दोनों ही प्रगति कर रहे हैं। राष्ट्रीयकृत बैंकों की दशकों पुरानी यात्रा अभूतपूर्व दक्षता, समेकन एवं आमजन के प्रति समर्पित सेवा का प्रमाण है। राष्ट्रीयकृत बैंक विभिन्न झंझाबतों के बाद भी यदि मजबूती से खड़े हैं तो यह उनकी कार्यक्षमता एवं समावेशी कार्यप्रणाली के कारण ही है। आरंभ में बैंकों के सम्मुख राष्ट्र निर्माण का उद्देश्य था जिसमें राष्ट्रीयकरण ने अहम भूमिका निभायी। वर्तमान में राष्ट्रीयकृत बैंकों के सामने नवोन्मेष एवं विकास के उद्देश्य हैं। राष्ट्रीयकृत बैंक अपनी विभिन्न योजनाओं यथा मुद्रा , स्टैंड अप के द्वारा नवोन्मेष के क्षेत्र में नए कीर्तिमान खड़े कर रहे हैं। 19.07 की दिनांक समस्त देशवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है यह एक सामूहिक उत्सव का दिन है जो ना सिर्फ देश के बल्कि प्रत्येक आमजन के जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन लेकर आया। बैंकों के समामेलन के कारण इस प्रगतिपथ पर कुछ रोक लगी जिससे कि बाजार में सहभागिता सरकारी बैंकों की 66 प्रतिशत से घटकर 59 प्रतिशत रह गयी। अभी भी देश में 6 लाख में से 5 लाख गाँवों में बैंकिंग सेवा उपलब्ध नहीं है अभी भी राष्ट्रीयकृत बैंकों कि देश को महती आवश्यकता है। कृषि ऋण देने में भी राष्ट्रीयकृत बैंक सबसे आगे हैं, समस्त सरकारी योजनाएँ फिर चाहे वो ऋण की हो या बचत की उनको पूर्ण करने का भी कार्य राष्ट्रीयकृत बैंकों ने ही किया है। आज बैंकों के इस गरिमामई 55 वें राष्ट्रीयकरण दिवस पर हम देश के सम्मुख यह उद्बोधन करते हैं कि हम बैंकों के निजीकरन एवं समामेलन के विरुद्ध एकजुट होकर खड़े रहेंगे जिससे कि सबसे गरीब, सबसे दूर, सबसे दुर्गम तक भी बैंकिंग सेवाएँ पहुंच सकें। आज हम राष्ट्रीयकरण की मूल भावना को आत्मसात करने का भी प्राण करते हैं जो कि राष्ट्र निर्माण से लेकर आमजन उन्नति तक है । हम एक ऐसी जाज्वलमान ज्योति बनेंगे जिससे कि आमजन को नवोन्मेष की प्रेरणा मिले, राष्ट्र की उन्नति हो, प्रत्येक व्यक्ति का विकास हो, प्रत्येक व्यक्ति को अवसर मिलें।

अवधनामा



# नवयुवकों के आकस्मिक निधन से कांप गया मया बाजार क्षेत्र




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** गुरुवार को दिल्ली से अपने घर मया बजार वापस आ रहे स्कार्पियो सवार पांच लोगों की जनपद उन्नाव के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर खालसा गांव के पास एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक से जबरदस्त हादसा हो गया। इस हादसे में सवार पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए भर्ती किया गया है। दुखद समाचार से क्षेत्र में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है। जब हर कोई होनहार नवयुवकों के हादसे में मौत हो जाने पर निःशब्द रह गये। शुक्रवार को जब गांवों में शव लेकर पहुंचे, तो परिजनों ने करुणापूर्वक रो कर अपने गहरे दुख को व्यक्त किया। मृतक युवकों के घर लोगों की भारी भीड़ जुटी, और हर कोई इस अनहोनी पर सन्न रह गए सरयू तट दिलासीगंज घाट पर मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें लोगों ने पहुंचकर नम आंखों से अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी (खब्बू), विधायक अभय सिंह, ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह (कप्तान सिंह), भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश पांडे बादल, ओम प्रकाश सिंह, कांग्रेस नेता अशोक सिंह, पूर्व प्रमुख अशोक सिंह, ध्रुव गुप्ता भाजपा नेता रितेश सिंह कैप्टन दुर्गेश मिश्रा, रमेश चन्द्र पाण्डेय, पूर्व मंत्री जयशंकर पान्डेय दादा, युवा नेता नवीन सिंह, रिंकू सिंह, ग्राम प्रधान सुभाष शुक्ला अखिलेश सिंह घनश्याम कनौजिया चंद्रभूषण सिंह संतोष सिंह सुजीत मिश्रा और तिलकधारी सिंह आदि ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

उन्नाव में हुए इस हादसे में मृतक सभी नवयुवक समाजसेवी और काफी मिलनसार थे। उनमें से एक थे केशवपुर सेमरिया निवासी मनोज सिंह उर्फ बृजेश, जिनके बारह वर्षीय पुत्री अभि और चार वर्षीय पुत्र ओम भी थे। उनकी पत्नी संगीता और मां उर्मिला सिंह ने हादसे से बदहवास है। इसी गांव के अरविंद सिंह के पिता भी हैं। उनके दो पुत्रियों का नाम था आरोही, सान्वी और एक पुत्र शौर्य। इस दुखद समय में बेरासपुर निवासी वैभव पान्डेय और जोतिया सराय सागर निवासी अमित तिवारी उर्फ बॉबी भी हादसे में शामिल थे। जो अविवाहित और शिक्षार्थी थे। इस दुर्घटना में मनोज सिंह के चचेरे साले महेंद्र सिंह भी जान गंवा बैठे। वहीं बेरासपुर निवासी आशीष कुमार का गंभीर अवस्था में इलाज चल रहा है।

# रामनगरी में अब पिंक ई-रिक्शा चलाती नजर आएंगी महिलाएं

## केवल महिलाएं और बालिकाएं ही कर सकेंगी पिंक ई-रिक्शा की सवारी

**प्रशिक्षण**

- ईटीओ कंपनी के सहयोग से डूडा उपलब्ध करवाएगा पिंक ई-रिक्शा
- प्रशिक्षण से लेकर पार्किंग, चार्जिंग, मेंटिनेंस करेगी ईटीओ कंपनी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** योगी सरकार में रामनगरी में अब महिलायें पिंक ई-रिक्शा चलाती नजर आएंगी। शहर में महिलाओं और बालिकाओं के लिए अलग से ई-रिक्शा चलेंगे। इनमें ड्राइवर भी महिलाएं ही होंगी। ये ई-रिक्शा पिंक कलर के होंगे। नगर निगम में दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत ÷पिंक ई-रिक्शा प्रोजेक्ट÷ पर काम शुरू किया गया है। परियोजना अधिकारी नगरीय विकास अभिकरण यामिनी रंजन ने बताया कि प्रोजेक्ट के तहत शहर की महिलाओं को पिंक ऑटो रिक्शा उपलब्ध करवाए जाएंगे। ईटीओ मो प्रा लि के सहयोग से इन महिलाओं को वाहन चलाने का प्रशिक्षण देने के साथ ही प्रतिदिन 400 या 500 रुपए के हिसाब से जमा करना होगा। बाकी शेष कमाई उनकी आमदनी होगी। साथ ही पिंक ई रिक्शा की पार्किंग चार्जिंग,रख रखाव सब कंपनी करेगी।

उन्होंने बताया कि पिंक ई-रिक्शा से न सिर्फ इन महिलाओं को आजीविका मिलेगी, बल्कि स्कूल कॉलेज जाने वाली बच्चियों के अभिभावकों एवं महिलाओं की रोज शहर में यात्रा करते वक्त होने वाली असुरक्षा की भावना भी दूर होगी। पीओ ने बताया कि पिंक ई-रिक्शा प्रोजेक्ट के लिए स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं से निशुल्क आवेदन लिए जा रहे हैं। जो महिलाएं समूह से नही जुड़ी हैं उन महिलाओं को डे एनयूएलएम योजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा भी जाएगा। प्रत्येक स्वयं सहायता समूह में 10 महिलाएं होंगी। योजना के तहत पूर्व में बने हुए स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं भी इसका हिस्सा बन सकेंगी।

बता दें कि इन महिलाओं को ऑटो रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण भी निशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन महिलाओं के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। जिले में अभी तक इस योजना का कुल लक्ष्य 50 महिलाओं का रखा गया है। जिसमे वर्तमान समय मे 9 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। लक्ष्य के सापेक्ष बाकी महिलाओं से आवेदन और चयन की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि शहर के मुख्य स्थान जहां महिलाओं एवं बच्चियों का ज्यादा आना-जाना रहता है, मुख्य बाजार, बस स्टैंड के पास, कॉलेज के पास ई-रिक्शा स्टैंड बनाए जाएंगे, ताकि इन ई- रिक्शा की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। नगरीय विकास अभिकरण ने जरूरतमंद महिलाओं से इस योजना में शामिल होने के लिए आवेदन मांगे हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत, बेटी गंभीर रूप से घायल

**अयोध्या।** पटरंगा रेलवे स्टेशन पर रेलवे लाइन पार कर रही महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई जबकि उसकी 16 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। गुरुवार की देर शाम को पटरंगा थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव निवासी रेहाना बानों अपनी 16 वर्षीय बेटी के साथ बाराबंकी से फैजाबाद जा रही मेमो ट्रेन से पटरंगा आ रही थी

ट्रेन से उतरकर रेलवे ट्रैक पार करने लगी तभी दूसरे ट्रैक पर तेज गति से जा रही ट्रेन की चपेट में आ गई।जिससे रेहना बानो पत्नी हामिद अली (35) मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ मे 16 वर्षीय पुत्री निदा बानों गम्भीर रुप से घायल हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पुत्री को एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। इस संबंध में पटरंगा थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि जीआरपी बाराबंकी द्वारा पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए बाराबंकी भेजा गया है।

# आवासीय शिक्षक संघ ने कुलपति को 18 सूत्रीय मांग-पत्र



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में शुक्रवार को पूर्वाह्न आवासीय परिसर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल को 18 सूत्रीय मांग-पत्र सौपा। शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा व महामंत्री डॉ0 राना रोहित सिंह ने कुलपति व कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र की मौजूदगी में परिसर के शिक्षकों की मांगो से अवगत कराया। शिक्षक संघ द्वारा स्ववित्तपोषित विभागों के शिक्षकों को न्यूनतम वेतनमान, सीपीएफ कटौती, शिक्षकों के प्रमोशन, अतिथि प्रवक्ताओं के सेवा विस्तरण, स्ववित्तपोषित विभागों के वरिष्ठ शिक्षकों को विभाग का समन्वयक, डॉ0 वंदना रंजन के सीसीएल व डॉ0 शिवी श्रीवास्तव की वेतन विसंगति मामले सहित कई सूत्रीय मांगो को पटल पर रखा गया।कुलपति प्रो0 गोयल ने शिक्षक संघ के पदाधिकारियों से मांग-पत्र पर चर्चा करने के उपरांत शीघ्र उस पर कार्य करने के लिए कुलसचिव को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए शिक्षकों एवं कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्रता से विचार किया जायेगा।

नियम संगत कोई भी प्रकरण अधिकारियों द्वारा विलंबित नही किया जायेगा। शिक्षक संघ के मांग-पत्र पर जो भी जरूरी होगा वहां विश्वविद्यालय प्रशासन समिति का गठन करके निर्णय लेगा। शिक्षक संघ ने कुलपति को आश्वस्त किया किया कि उक्त मांगे पूरी होने पर पूर्व की भांति पूरा शिक्षक समुदाय विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए प्रयासरत रहेगा। मौके पर शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डॉ0 संग्राम सिंह, संयुक्त मंत्री डॉ0 मणिकांत त्रिपाठी, डॉ0 अमित सिंह यादव, उपमंत्री डॉ0 वन्दिता पाण्डेय, कोषाध्यक्ष डॉ0 डी0एन0 वर्मा, मीडिया प्रभारी डॉ0 अभिषेक सिंह मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थित में तालाब के किनारे मिला अधेड़ का शव, जांच में जुटी पुलिस



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** लोनी कटरा थाना क्षेत्र के पैकौली गांव में झील के किनारे एक 50 वर्षीय प्रौढ़ का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा मिला है । शव मिलने की सूचना से गांव में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी होने पर प्रधान पुत्र ने पुलिस को इसकी सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस में मौका मुआयना कर जरूरी बयान परिजनों के लेकर लाश को पंचनामा के बाद पीएम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पैकौली गांव के पश्चिम दिशा में करीब 300 मीटर दूरी पर भेनुवा झील है झील से मिला एक तालाब है जिसमें हरिश्चंद्र पुत्र गुरु प्रसाद 50 वर्ष निवासी हुसैनाबाद थाना नगराम सिंघाड़ा लगाने का काम करता था जन चर्चा व गांव वासियों के मुताबिक शायद इसी सिलसिले में तालाब की सफाई कर रहा था दोपहर बाद करीब 2¬30 बजे हरिश्चंद्र तालाब से निकलकर बाहर जमीन पर गिर गया फिर उसे होश नहीं आया। खेतों में काम कर रहे लोगों ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान सहित गांव को दी, बड़ी संख्या में पहुंचे गांव वासियों ने देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। ग्राम प्रधान आदि ग्रामीणों ने इसकी सूचना उसके घर वालों को दी। सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने चीख पुकार शुरू कर दी। पुलिस ने जरूरी पड़ताल करने के बाद पंचनामा भरकर लाश को पीएम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टतया यह प्रतीत होता की जा रहे थे गर्मी के चलते चक्कर आ जाने से मुंह के बल गिर जाने से नाक से ब्लड आ गया है और मौत हो गई कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं है शव पी एम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

# अयोध्या में विकास के नाम पर भारी भ्रष्टाचारः अजय राय

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जेल में निरुद्ध कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात करने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय फैजाबाद कारागार पहुंचे। जिला कारागार गेट पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा फैजाबाद के जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव पर जिला प्रशासन ने दमनात्मक कार्यवाही की है जिसकी हम निंदा करते है ।प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अयोध्या में विकास के नाम पर भारी भ्रष्टाचार किया गया। मंदिर निर्माण के पूर्व कौड़ियों के दाम में खरीदी गई जमीन रातों-रात करोड़ों में बेच दी गई। पहले ही बरसात में अयोध्या के विकास की कलई खुल गई। अयोध्या में ज्यादातर काम और प्रमुख व्यापारिक स्थल गुजराती कंपनियों को दे दिए गए।प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अयोध्या नगर निगम द्वारा बिना टेंडर आउटसोर्सिंग के गुजरात से जुड़ी एक कंपनी को पिछले तीन सालों से करोड़ों का अवैध भुगतान किया जा रहा है।कंपनी का नाम AB Enterprises है और कागजों में इसका पता मेहसाणा गुजरात है। पिछले तीन सालों से बिना टेंडर के इस कम्पनी को हजारों कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग के लिए लगातार विस्तार दिया जा रहा है।



2020-2021 में इसका पहली और अंतिम बार टेंडर हुआ था, तब से कोई टेंडर न देकर इसको विस्तार पर विस्तार देकर पैसे डकार लिए गए। यूपी सरकार का शासनादेश है कि एक वर्ष से अधिक किसी भी सूरत में बिना टेंडर भुगतान हो ही नहीं सकता। लेकिन, अयोध्या नगर निगम में बड़ा गोलमाल आज भी जारी है।प्रभु राम की नगरी में यह धोखाधड़ी का खेल कब तक चलेगा? लोकसभा चुनाव में अपनी करनी का परिणाम भुगतने के बाद भी भाजपा वालों को सद्बुद्धि नहीं आ रही है। खैर! जल्दी ही जनता इन लोगों का प्रदेश से सुपड़ा साफ करने की तैयारी में है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गोंडा ट्रेन हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि कहा देश में ट्रेन हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। गोंडा के समीप डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। रेल मंत्री को इन घटनाओं से कोई फ़र्क़ नहीं पड़ रहा है। वे सत्ता सुख लेने में मशगूल हैं। अगर विभाग नहीं सम्भल रहा तो छोड़ के हट जाएं! जनता की जान से खिलवाड़ क्यों कर रहे हैं।प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि योगी सरकार द्वारा शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस पर रोक लगाना और लखनऊ के इंद्रप्रस्थ नगर, पंतनगर, खुर्रम नगर, अबरार नगर, शिवानी बिहार में बुलडोजर कार्रवाई को स्थगित करने का निर्णय यूपी में होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा की सोची-समझी चाल है।

# चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल में एक पेड़ माँ के नाम चलाया गया वृहद पौधरोपण अभियान

## रोपित किये गए आम, अमरूद, सहजन नींबू, सागौन के दो सौ पौधे

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** एक पेड़ माँ के नाम÷ पौधरोपण, पौध संरक्षण संकल्प




अभियान के तहत स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान बाराबंकी द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल ग्राम छंदवल ब्लॉक बनीकोडर में वृहद पौधरोपण एवं पौध संरक्षण का संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य,व पूर्व उपायुक्त एस राम विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध योगाचार्य डॉ0 शशि कुमार अवस्थी, पूर्व बैंक अधिकारी जेएल भास्कर सहित स्कूल के प्रबंधक, शिक्षक, चाइल्ड लाइन 1098 की टीम सहित बड़ी संख्या में अभिभावकों ने स्कूल परिसर में आम, आंवला,कटहल, नींबू, सागौन, सहजन, नीम आदि पौधे रोपित किया। स्कूल में पौधरोपण के उपरांत पौध संरक्षण का संकल्प लिया। संगोष्ठी में पूर्व उपायुक्त ने जलवायु परिवर्तन, बढ़ती गर्मी, बाढ़ सूखा आदि की बढ़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण को जनअभियान बनाने की अपील किया। डॉ शशि कुमार अवस्थी ने कहा कि हर व्यक्ति को जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन जरूरी है, पेड़ पौधे ही हमारी ऑक्सीजन के स्रोत हैं। मानव जीवन के लिए पेड़ बचाना जरूरी है। उन्होंने आयुर्वेद और योगा के माध्यम से स्वास्थ्य स्वावलंबी होने के लिए प्रेरित किया। जेएल भास्कर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर छात्र पौधा रोपित करे, अपने घरों में पौधे उगाने को सीखे और जन्मदिन आदि अवसरों पर पौधे भेंट कर उन्हें रोपित करवाएं। संस्थाध्यक्ष रत्नेश कुमार ने बच्चों को बताया कि शादी, विवाह, भण्डारो में प्रयोग किये गए प्लास्टिक गिलास, दूध, चिप्स के खाली हुए प्लास्टिक पाउच को एकत्र करके उनमे मिट्टी भरकर सीजन के फलों के बीज जैसे जामुन, आम, नीम, खजूर आदि की गुठलियों को उगाकर अपना पौध बैंक बनाएं और जहाँ खाली जमीन मिले वहां रोपित करें और लोगों को गिफ्ट में पौधे भेंट कर पर्यावरण प्रेमी बनें। इस अवसर चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्कूल के सभी 150 बच्चों, और उनके अभिभावकों को पौधे वितरित किया गया, पौध संरक्षण का संकल्प दिलाया गया तथा माता के साथ पौधरोपित करते हुए फोटो वाट्सएप पर मंगवाए गए। इस मौके पर शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, पूनम रत्नाकर, सरिता यादव, प्रिया मौर्य, जियालाल, सरोज सरस्वती, वीरेंद्र कुमार, चाइल्ड लाइन टीम से अवधेश कुमार, अमित कुमार, जीनत बेबी, अंजली जायसवाल, वन्दना, अंचल कुमार, राहुल कुमार, अखिलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# कायनात में अगर फातिमा स.अ. का कोई सानी है तो उसे ज़ैनब कहते हैं: मौलाना मंजर अब्बास

## बैरूनी व मकामी अन्जुमनों ने की नौहाख्वानी व सीनाजनी



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कायनात में अगर कोई फातिमा स. अ. का कोई सानी है तो उसे जैनब कहते हैं द्ययह बात शहीदाने करबला व असीराने करबला की याद में यौमे जैनब के मौके पर मौलाना मंजर अब्बास रिजवी ने कही। मौलाना ने यह भी कहा कि जो अली अ. के फजायल को मिटाना चाहता है परवर दिगार उसी से अली अ. के फजायल बयान करवा लेता है। जब तक एक लाख तेइस हजार नौ सौ निन्नान्वे पैगम्बर नबूअत का एकरार न करे तो पैगम्बरी खतरे में, वहीं नबी अगर अली की विलायत का ऐलान न करे तो नबूअत खतरे में तो तो मुसलमान बगैर अली की बिलायत के एकरार के कैसे नजात पायेंगे! इतनी जमी कहा सउदी जहान में, जितने इमाम बाडे. हैं हिन्दोस्तान में। असहाबे रसूल अगर मसजिद में है तो मिनारे है, कुरआन में है तो कुरआन के पारे है, आसमान में हैं तो सितारे है, अहले बैत के साथ हैं तो हमारे है। मजलिस से पहले कशिश संडीलवी, कलीम रिजवी, बाकर नकवी, डा. मुहिब मौरान्वी, मुजफ्फर इमाम, हाजी सरवर अली करबलाई, केयान अब्बास व अबान सल्लमहू ने नजरानये अकीदत पेश कियेलिए! आखिर में मौलाना ने मसायब पेश किया जिसे सुनकर सभी रोने लगे। बादे मजलिस अन्जुमन ए अब्बासिया अयोध्या, पैगामे हुसैनी जैदपुर व अन्जुमन गुन्चये अब्बासिया ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की करबला परिसर में गश्त के साथ तबर्रूकात की ज्यारत कराई गई। बानिये मजलिस ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## मनोज विद्रोही को मिला निष्ठावान शिवसैनिक सम्मान

**बाराबंकी।** लखनऊ के विधायक निवास दारूलशफा कामन हाल में आज आयोजित शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे की प्रांतीय बैठक में बाराबंकी शिवसेना जिला प्रमुख मनोज मिश्र विद्रोही को पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा ,संघर्ष व योगदान को देखते हुए ÷निष्ठावान शिवसैनिक सम्मान ÷ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम पार्टी के प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह एवं प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र सिंह तोमर ने शाल ओढ़ा कर तथा स्मृति चिन्ह के रूप में शिवसेना प्रमुख हिंदू हृदय सम्राट बाल ठाकरे का चित्र प्रदान किया। इस मौके पर उपस्थित शिवसैनिको ने कर तल ध्वनि से स्वागत किया श्री विद्रोही को सम्मान मिलने पर जिला वरिष्ठ उप प्रमुख कमलेश सिंह चौहान, जिला उप प्रमुख दीपू वाल्मीकि उर्फ पंडित जी, युवासेना जिला प्रधान महासचिव बीर सिंह,कुर्सी विधान सभा प्रमुख,कमलेश राजपूत, जिला प्रचारक राधेश्याम सैनी, जिला सचिव हेमेंद्र सोनी, जिला सचिव प्रवीन वर्मा, अशोक कुमार, राम सिंह, नीरज चौहान, सरवन गौतम आदि ने भी उपस्थित होकर बधाई दी।

## खंड विकास अधिकारी ने चौपाल में ग्रामीणों की सुनी समस्याएं व निस्तारण के दिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** विकास खंड हैदरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत नरौली में खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामवासी ने हिस्सा लिया। शुक्रवार को आयोजित चौपाल कार्यक्रम में पहुंचे खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाये प्रधान मंत्री व मुख्यमंत्री आवास, बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना किसान सम्मान निधि योजना शादी अनुदान, दिव्यांग, निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा गांव की गरीब महिलाओ को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से समूह गठन कराकर आरएफ सीआईएफ एवं सीसीएल की धनराशि से आजीविका के साधन विकसित करने के बारे में जानकारी दी गई।इस दौरान पांच ग्रामीणों ने आवास की मांग की तो वही एक युवक ने काफी दिनों से खराब पड़े हैंडपंप की शिकायत करते हुए रिबोर की मांग की कुछ किसानों ने किसान सम्मान निधि न आने की शिकायत की ।जिसके निस्तारण हेतु सचिव को निर्देश खण्ड विकास अधिकारी ने दिए। कार्यक्रम के समापन उपरांत खंड विकास अधिकारी ने वृक्षारोपण कर धरा को हरा भरा रखने का संदेश देते हुए ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा से पौधे लगाने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान पूर्व ब्लाक प्रमुख राज नारायण तिवारी, पंचायत सचिव दिनेश प्रसाद,सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अधिकारी दिवाकर सहित अन्य विभाग के कर्मचारी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने लगायी चौपाल सुनी लोगों की समस्या जल्द निस्तारण का दिया भरोसा




*अवधनामा संवाददाता*

**करनैलगंज(गोंडा)।** करनैलगंज की छह अलग-अलग ग्राम पंचायत में आयोजित जिला स्तरीय चौपाल आयोजन किया जिसमें लोगों की समस्याओं का समाधान करने का भी प्रयास में मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुमौली ने गांव की समस्याओं को देखा और लोगों की शिकायतों को सुना तथा मौके पर ही निस्तारण करने का प्रयास किया। सबसे पहले ग्राम पंचायत सकरौरा के कंपोजिट विद्यालय परिसर में चौपाल लगाई गई। जहां उपस्थित ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं लोगों की शिकायतों को सुनने के लिए उन्होंने प्रार्थना पत्र लेना शुरू किया तो राशन कार्ड न बनने और पेंशन न मिलने के साथ-साथ छतई पुरवा में एक मार्ग का निर्माण न कराए जाने की शिकायत की गई। वहीं ग्राम प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर माझा में लगाइ गई चौपाल में सर्वाधिक शिकायतें भूमि विभाग से संबंधित आई। जहां पर सरकारी जमीनों पर कब्जा और सरकारी जमीनों का फर्जी पट्टा होने के साथ-साथ मिट्टी खनन, बालू खनन और सरकारी जमीन पर कब्जा करने की होड़ होने की शिकायतें आई। जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पूरे मामले की जांच के साथ कार्रवाई करने के निर्देश उप जिलाधिकारी करनैलगंज को दिया। यहां भी तमाम शिकायतें पेंशन से संबंधित आई। तो समाज कल्याण अधिकारी को मौके पर ही बुलाकर उसका निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह ग्राम पंचायत जहांगीरवा, चंगेरिया, कोनहटा और कटरा शाहबाजपुर गांव में भी शिकायतों का अंबार लगा रहा। मगर सबसे अधिक शिकायती प्रार्थना पत्र ग्राम नारायनपुर माझा में आए। जिस पर सीडीओ ने ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**गोण्डा।** गुरुवार को थाना मोतीगंज क्षेत्रांतर्गत झिलाही रेलवे स्टेशन के निकट टिकौरा गांव के पास समय करीब 14:35 बजे चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस डिरेल हो गयी थी । प्राप्त सूचना पर स्थानीय पुलिस तथा पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा तत्काल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर राहत एवं बचाव का कार्य किया गया , तथा घायलों को समुचित ईलाज हेतु एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी मनकापुर, जिला अस्पताल गोण्डा व एससीपीएम गोण्डा में भिजवाया गया। दुघर्टना में अभी तक 04 लोगो की मृत्यु हुई है जिनके शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया है । फोरेंसिक टीम को भी जांच हेतु मौके पर बुलाया गया ।शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा पुनः घटना स्थल पर पहुँचकर घटनास्थ्ल निरीक्षण किया गया।

# नवोदय विद्यालय में विद्युत आपूर्ति ठप, बच्चें परेशान

**महराजगंज।** धनेवा धनेई स्थित केंद्रीय जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्युत आपूर्ति नही होने से बच्चो को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं।

विद्यालय के बच्चों का कहना है कि लगातार बारिश होने से जहरीले कीड़े मकोड़े आवास के इर्द-गिर्द घूमते नजर आ रहे हैं अगर बिजली विभाग की यही हालत रही तो जहरीले कीड़े मकोड़े से बच्चे बच नहीं सकते हैं। वही उमस भरी गर्मी से बच्चों को पढ़ाई में काफी दिक्कत हो रही है। विद्यालय के जिम्मेदार लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र के जेई द्वारा सूचना देने के बावजूद भी ना तो बिजली की सप्लाई दी जा रही है और ना ही बार-बार फोन करने पर फोन उठाया जा रहा है। विद्यालय के जिम्मेदार लोगों का कहना है कि अगर यही रवैया रहा तो विद्यालय प्रशासन बिजली विभाग के अधिकारियों और अन्य विद्युत कर्मियों की शिकायत उच्च अधिकारियों से करने को मजबूर होगा। वहीं छात्रों का आक्रोश इतना बढ़ता जा रहा है कि विद्युत विभाग के प्रति प्रदर्शन करने को बाध्य हो रहे हैं मगर विद्यालय प्रशासन छात्रों को लगातार समझने का प्रयास कर रहा है। शुक्रवार की सुबह 9 बजे से 10 बजे तक विद्यालय प्रशासन के जिम्मेदार लोगों द्वारा जेई को विभिन्न नंबरों से फोन किया गया मगर जेई द्वारा फोन नहीं उठाया गया। जिस पर विद्यालय प्रशासन ने बताया कि अगर विद्यालय में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो सारी जिम्मेदारी बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की होगी।

## आईजीआरएस पोर्टल की डीएम ने की समीक्षा बैठक

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा विभागवार ऑनलाइन, मुख्यमंत्री संदर्भ समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी विभाग में डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। आईजीआरएस का निस्तारण ससमय गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए और भविष्य में ध्यान रखा जाए कि डिफाल्टर संदर्भ न होने पाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी कार्यालयाध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि आख्या अपलोड करने से पहले आप सभी स्वयं से देखें बिना देखें कोई आख्या अपलोड न किया जाए। अन्यथा की स्थिति में कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ता से संबंधित अधिकारी निस्तारण से पूर्व वार्ता करें।

# माँ तिलेसरा देवी महाविद्यालय में किया गया वृक्षारोपण

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** सांसे हो रही कम , आओ पेड़ लगाये हम द्य पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ की थीम पर आज से शुरू हो रहे वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत मां तिलेसरा देवी पीजी कॉलेज भसड़ा टाण्डा अम्बेडकरनगर में की गई।

आज दिनांक 19 /07/ 2024 दिन शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम के तहत आज महाविद्यालय में उच्च शिक्षा नोडल डॉ जितेंद्र बहादुर सिंह द्वारा आम का वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत हुई द्य वृक्षारोपण के उपरांत डॉ0 जितेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए जिससे प्रकृति का संतुलन बना रहे द्य



लगातार हो रहे जलवायु परिवर्तन से जिस तरह से पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है यदि पेड़ नहीं रहेंगे तो मानव जीवन संकट में आ जायेगा।

श्री सिंह ने कहा कि आज प्रत्येक छात्र और छात्राओं को यह शपथ लेने की जरूरत है कि हम अपने घर के आस पास एक पेड़ अवश्य लगाएंगे साथ ही जिस तारीख को जन्मदिन पड़ेगा उस तारीख को भी एक पेड़ लगाएंगे द्य इस तरह से हम प्रकृति की सुरक्षा भी करेंगे और पेड़ों की संख्या भी बढ़ा देंगे जिससे जल व वायु दोनों शुद्ध मिलेंगे।

वृक्षारोपण के समय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव, बी0एड्0 विभागाध्यक्ष डॉ0 अश्वनी कुमार, मुख्य नियंता डॉ0सुशील कुमार, डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव डॉ0 अमित कुमार शर्मा डॉ0रामकुमार, श्रीमती मालती, श्रीमती आशा मौर्य, सुश्री एकता सिंह, श्री राम जी प्रजापति, श्री राहुल वर्मा, श्री अभिषेक कुमार पांडेय , डॉ0 अभिषेक राजभर, श्रीमती ममता ,सुश्री अंशिका रानी ,सुश्री लक्ष्मी, श्री अर्जुन कुमार, श्री रवि कुमार ,श्री इंद्रेश कुमार, श्रीमती निधि सिंह ,डॉ0 मीना गुप्ता, डॉ0पवनेश कुमार, डॉ0 संतोष कुमार सिंह, डॉ0 चंद्रलेखा तिवारी, डॉ0 वंदना मिश्रा डॉ0संध्या मिश्रा, डॉ0 कृष्ण कुमार, श्री ब्रह्मदेव निषाद ,श्री संदीप कुमार श्री सूरज, श्रीमती रूपा, श्री रमेश कुमार यादव,श्री शिवपूजन,श्रीमती ज्ञानमती, श्रीमती सुमित्रा देवी के अलावा महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# सैय्यदा खातून ने शाहपुर के बाढ़ पीड़ितों में बांटा राहत सामग्री

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय विधायक सैय्यदा खातून ने शुक्रवार को शाहपुर मे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों में बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि असमय आई इस बाढ़ से गरीबों और किसानों का भारी पैमाने पर नुकसान हुआ है। किसान अपने खेतों की बुवाई कर चुका था अब खरीफ की फसल पर पूरी तरह से संकट है।

इस बाढ से किसान आर्थिक रूप से बहुत कमजोर हो गया है तथा पूरे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पशुओं के चारे का संकट हो गया है हम ने बार-बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बांधों के गैप को भरने की मांग किया था अगर समय रहते बांधों के गैप को भर दिया गया होता तो कई दर्जन गांव बाढ़ की विभीषिका से बच जाते, बाढ़ की भयावह स्थिति के समय बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों में बाढ़ राहत सामग्री पहुंचने में प्रशासन पूरी तरह से विफल रहा और प्रशासन बाढ़ की भयावह स्थिति का आकलन करने में भी विफल रहा।



■ अगर समय रहते बांधों के गैप को भर दिया गया होता तो कई दर्जन गांव बाढ़ की विभीषिका से बच जाते

क्षेत्रीय विधायक सैय्यदा ख़ातून ने कहा कि हमारी सरकार से मांग है कि किसानों के फसलों के हुए नुकसान तथा गिरे हुए घरों का निष्पक्ष तरीके से आकलन कराकर उन्हें जल्द से जल्द अनुग्रह राशि उपलब्ध कराई जाए तथा पशुओं के चारे का भी व्यवस्था किया जाए।

# अंजुमन फरोग मातम रजि की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** गुरुवार शाम तहसील क्षेत्र के उपनगर हल्लौर स्थित इमाम बरगाह हुसैनिया बाबुल में हल्लौर की कदीमी अंजुमन फरोग मातम रजि0 की सालाना बैठक अज़ीम हैदर साहब की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें सदर इं0 मोहम्मद मेंहदी, नायब सदर तशबीब हसन, इं0 आफ़ताब हुसैन, डॉ0 शम्स हैदर, खादिम अब्बास, सैफ हैदर (गुड्डू) सिकरेट्री- तसकीन हैदर रिज़्वी, ज्वॉइन सिकरेट्री इम्तेयाज हुसैन मास्टर, हैदर अब्बास मास्टर, नायाब हुसैन स्कूटर इंडिया, शमशाद अली गुड्डू, सज्जाद हुसैन मुन्ना एमबीए, मोजिज़ा अब्बास, मेराज हैदर कैफ़ी रिज़्वी, असिस्टेंट सिकरेट्री इकबाल मेंहदी पप्पू, मसूद हसन अमानत अब्बास, शौकत अली चंकी, प्रिंस अंजुम कदर, तबुर्रकात इंचार्ज ज़ाकिरे अहलेबैत अज़ीम हैदर, हैदरे कर्रार, समर, कदर, लाडले कर्बला, सलमान, अशरफ प्रेस, इरफान, सज्जाद संदेश आडिटर ज़ाकिरे अहलेबैत अज़ीम हैदर, प्रोपगंडा सिकरेट्री शकील हैदर, खाजिन शबीह अहमद, गश्त इंचार्ज कसीम हैदर, फहीम हैदर, अमारी इंचार्च मोहम्मद अब्बास सलीम, जुलजनाह इंचार्ज हाजी झम्मन, कलीम हैदर, इं0 मुस्कीम, जानशीन हैदर किसान, मोजिज़ करबलाई, मोहम्मद असलम, मीडिया प्रभारी शम्स हैदर (संजू) मनुव्वर रज़ा केआर बनाए गए है।

■ इं मोहम्मद मेंहदी बने सदर तो सिकरेट्री तसकीन हैदर रिज़्वी



## मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सोमवार को बीईओ को सौंपेंगे शिक्षामित्र



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के शिक्षा मित्र अपने मांगों को लेकर सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी भनवापुर को ज्ञापन सौंपेंगे। आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन भनवापुर के ब्लाक अध्यक्ष जय प्रकाश तिवारी ने बताया कि शिक्षा मित्र समान कार्य समान वेतन, स्थाईकरण आदि मांगों को लेकर 14 जुलाई को लखनऊ में बैठक आयोजित किया गया था। प्रदेश संगठन के निर्देश पर सभी शिक्षा मित्र 22 जुलाई को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीईओ को सौंपेंगे।

# न्यायिक कार्य में सहयोग करें अधिवक्ता

### तहसील सभागार में एसडीएम न्यायिक ने अधिवक्ताओं की मुलाकात

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील सभागार में नवागत एसडीएम न्यायिक करमेंद्र ने तहसील के अधिवक्ताओं से परिचय वार्ता की। शुक्रवार को नवागत एसडीएम न्यायिक करमेंद्र ने तहसील के अधिवक्ताओं के साथ परिचयात्मक बैठक की। उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप वादकारी के हित में कार्य करते हुए बार और बैंच के बीच बेहतर तालमेल करने की बात कही। उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया तथा सभी से न्यायिक कार्य में सहयोग करने की अपील की।

बार एसोसिएशन डुमरियागंज के अध्यक्ष इंद्रमणि पांडे ने भ्रष्टाचार मुक्त न्याय व्यवस्था की बात कहते हुए समस्याओं के त्वरित निस्तारण को कहा। साथ ही किसी के दबाव में किसी के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार न करने की मांग की, और कहा कि सही कार्य को बिना किसी लोभ लालच के सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करें ताकि पात्र व वास्तविक लोगों को न्याय मिल सके।



■ कहा, बार और बेंच में बेहतर रहेगा तालमेल

बार एसोसिएशन डुमरियागंज के महामंत्री राम बहादुर यादव ने कहा कि जनता को पारदर्शी प्रशासन मिलना चाहिए ताकि सरकार की मंशा पर अमल हो सके। उन्होंने विभिन्न पटलों व कोर्ट का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार करने को कहा। बैठक के अंत में एसडीएम न्यायिक करमेंद्र ने कहा कि उनके कार्यकाल में बार और बैंच के संबंध मधुर रहेंगे। किसी को भी दिक्कत नहीं होगी। इस दौरान अधिवक्ता रमापति सिंह, राधेश्याम सिंह, वीरेन्द्र सिंह, मनबहाल श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, इकबाल यूसुफ मालिक, शक्ति प्रकाश, रजनीश पाण्डेय, राहुल सिंह, उदय सिंह, मूनिस हैदर, अखिलेश कुमार मिश्र, कृष्ण यादव, अवधेश कुमार राही, गणेश शंकर, मो. हारून, रजनीश कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहें।

# काज़िम रज़ा बने सदर तो सिकरेट्री इन्तेज़ार हुसैन शबाब

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** वृहस्पतिवार की शाम तहसील क्षेत्र के उपनगर हल्लौर स्थित इमाम बरगाह हुसैनिया फ़हम में हल्लौर की कदीमी अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि0 की सालाना बैठक अलमदार हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें अध्यक्ष काज़िम रज़ा, उपाध्यक्ष अलमदार हुसैन, बेताब हल्लौरी, जलाल हैदर, शमीम रज़ा शम्मू, शहाब अहमद राजा रॉयल, सचिव- इन्तेज़ार हुसैन शबाब, सयुंक्त सचिव-मेहदी हैदर पप्पू, कामयाब हैदर बबलू, शराफत रिज़्वी, साजिद महमूद, उप सचिव- इमाम हैदर, सरफ़राज़ मनसब, इकबाल मेहंदी, मोहम्मद अब्बास इंचार्ज तबरुकात- गुलाम असग़र (चुगनु), अलमास अब्बास सनी, मो हैदर शबलु, आफ़ताब हुसैन झिन्ने, मसूद अख्तर इंचार्ज अमारी- शाहनवाज़ हुसैन, नेहाल रिज़्वी एसके, मोहम्मद मेंहदी, ज़मानत अब्बास, ज़ीशान हैदर चिक्के, रेहान इंचार्ज शब्बेदारी मोहम्मद मेहंदी, ज़मानत अब्बास गश्त इंचार्ज- ज़ीशान हैदर चिकके, वसी हैदर राजू कोषाध्यक्ष- आले रज़ा साहब, मीडिया प्रभारी- अब्बास रिज़्वी एचएनएफ, ऑडिटर- रियाज़ अहमद दिल्ली बनाए गए है। इस दौरान अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि0 के नई कार्यकारिणी के सदस्य सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

■ अंजुमन गुलदस्ता मातम की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



# 22 जुलाई से शुरू हो रहा है सावन

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** हिंदू कैलेंडर का पांचवा महीना श्रावण मास होता है। इसे सावन का महीना भी कहते हैं। सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित है।

सावन के महीने में सोमवार का दिन विशेष माना जाता है। यदि सोमवार को जल चढ़ाकर या व्रत रखकर भोलेनाथ की पूजा की जाए तो तुरंत सुख की प्राप्ति होती है। सावन सोमवार व्रत के अलावा सावन माह में मंगला गौरी व्रत भी रखा जाता है। इसके अलावा सावन शिवरात्रि इस महीने के सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। भगवान शिवजी का सावन माह 22 जुलाई से प्रारंभ होकर 19 अगस्त 2024 को समाप्त हो रहा है। उपरोक्त जानकारी पंडित अशोक कुमार त्रिपाठी दिया कहा कि ज्योतिष गणना के अनुसार इस बार 72 साल बाद श्रावण मास बहुत ही शुभ योग-योग में प्रारंभ हो रहा है। इस बार श्रावण में 5 सोमवार रहेंगे।



### सावन मंगला गौरी व्रत

■ मंगलवार 23 जुलाई- पहला मंगला गौरी व्रत ■ मंगलवार 30 जुलाई- दूसरा मंगला गौरी व्रत ■ मंगलवार 06 अगस्त- तीसरा मंगला गौरी व्रत ■ मंगलवार 13 अगस्त- चौथा मंगला गौरी व्रत

### सावन शिव पूजा की कुछ महत्वपूर्ण तिथियां

- 4 अगस्त सावन अमावस्या
- 1 अगस्त गुरु प्रदोष व्रत (कृष्ण)
- 2 अगस्त सावन शिवरात्रि
- 9 अगस्त नाग पंचमी
- 17 अगस्त शनि प्रदोष व्रत (शुक्ल)
- 19 अगस्त सावन पूर्णिमा

### सावन में शिव संग गौरी पूजन

सावन में 16 सोमवार व्रत शुरू करने का विधान है इसके अलावा इस महीने के हर मंगलवार का भी विशेष महत्व है. सावन के मंगलवार भोलेनाथ की शक्ति मां गौरी को समर्पित है, इन्हें मंगला गौरी व्रत कहा जाता है. इस दिन विवाहिता पति की सलामती और कुंवारी लड़कियां अच्छे वर की प्राप्ति के लिए व्रत करती हैं।

■ **सावन के सोमवार तिथि**

पहला सोमवार व्रत - 22 जुलाई,
दूसरा सोमवार व्रत - 29 जुलाई,
तीसरा सोमवार व्रत - 5 अगस्त,
चौथा सोमवार व्रत - 12 अगस्त,
पांचवां सोमवार व्रत -19 अगस्त,

■ **सावन पूजन सामग्री**

पूजा में गंगाजल, जल, दूध, दही, शहद, घी, चीनी, पंचामृत, जनेऊ, वस्त्र, चंदन, रोली, अक्षत, बेलपत्र, फल, विजया, आक, धतूरा, कमल गट्टा, पान, सुपारी, लौंग, इलायची, पंच मेवा, धूप, दीप, कपूर आदि का प्रयोग करना चाहिए।

# डिजिटल हाजिरी के नाम पर शिक्षकों को परेशान कर रही सरकार : शमीम

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** सरकारी स्कूल में बच्चों की बैठने की समुचित व्यवस्था व मिडडे मिल के नाम पर बच्चों के खाने के लिए शुद्ध भोजन का इंतजाम न कर डिजिटल हाजिरी के नाम पर शिक्षकों को सरकार परेशान कर रही है।

उक्त बाते बसपा जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने कही। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन मायावती जी इस मुद्दे को लेकर गंभीर हैं बहन मायावती जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश किसी सरकारी स्कूलों में जरूरी बुनियादी सुविधाओं का घूर अभाव होने के होने के कारण वहां बदहाली की शिकायत आम हो रही है जिस पर समुचित बजट का प्रावधान करने के बजाय सरकार उसे पर से



ध्यान बंटाने के लिए केवल दिखअवा की कर कर रही है यह उचित नहीं है शिक्षकों के डिजिटल हाजिरी भी सरकार का ऐसा ही नया कदम लगता है जो जल्दबाजी में बिना पूरी तैयारी के ही ठोक दिया गया है इससे ज्यादा जरूरी है कि शिक्षकों की सही व समुचित संख्या में भर्ती के साथ ही बुनियादी सुविधाओं का विकास विकास करें ताकि अच्छी गुणवत्ता वाली पढ़ाई सुनिश्चित हो सके।

# नगर पंचायत के बोर्ड बैठक हुई सम्पन्न, बैठक में नगर के विकास को लेकर प्रस्ताव हुए पारित

अवधनामा संवाददाता

**बिस्कोहर सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर की बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता के अध्यक्षता में संपन्न हुई। शुक्रवार को नगर पंचायत सभागार में बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। बोर्ड बैठक में नजूल की जमीनों व नालों पर कब्जा एवं रास्तों में किए गए अतिक्रमण को हटाने का प्रस्ताव प्रमुखता से पारित किया गया। वहीं तीन माह के अंदर पेयजल संकट दूर करने व रास्तों में प्रकाश व्यवस्था के लिए सौर ऊर्जा की लाइटें लगाने का निर्णय लिया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया कि बैठक में कस्बे के नजूल जमीनों व नालों के आसपास किए गए अवैध कब्जा हटाने व रास्तों में किए गए अतिक्रमण हटाने के का प्रस्ताव प्रमुखता से रखा गया। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। वहीं कब्जा हटाने के लिए अभियान



चलाया जाएगा। साथ ही कस्बे में जिन बस्तियों में पेयजल संकट है। वहां पर तीन माह के अंदर स्थायी व्यवस्था का प्रस्ताव पारित हुआ है। अध्यक्ष ने बताया कि कस्बे में सभी कुंओं के ऊपर जाल डालकर संरक्षित व सुरक्षित किया जाएगा। ताकि लोग उसमें कूड़ा कचरा न डालें। साथ ही प्रकाश व्यवस्था पर चर्चा हुई है। जिसमें सौर ऊर्जा की लाइटें लगवाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त कराए जाने व जिन बस्तियों में कच्चे रास्ते हैं। उन्हें बनवाए जाने के प्रस्ताव पारित किए गए हैं।

इस दौरान अधिशाषी अधिकारी अमरजीत, सांसद प्रतिनिधि सुधीर त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार चौधरी, सभासद मंजू रानी, डिंपल सिंह, विद्या सागर गुप्ता, निपेंद्र सिंह, अमित कुमार पाण्डेय, गणेश वरुण, शाहिद अख्तर, आसिफ खान, हर्षित श्रीवास्तव, अवधेश कुमार शर्मा, अजीत मौर्य, रवि सिंह, मनीष जायसवाल आदि सहित सभी वार्डो के सभासद गण मौजूद रहे।

# बालक के विकास में माता की भूमिका अहम : प्रधानाचार्य

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बालक के विकास में माता की भूमिका अहम होती है। हमारे विद्यालय के लिए मां के सुझाव अमूल्य हैं क्योंकि मां बालक की प्रथम शिक्षिका होती है। जिसका क्रियान्वयन शत प्रतिशत किया जाता है।

उक्त बातें रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज तेतरी बाजार में मातृ भारती के गठन के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकेवल शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि आज माताओं के व्यक्तित्व से समाज में परिवर्तन हुआ है। समाज हमेशा आशा भरी दृष्टिकोंण से देखता है। यदि मातायें चाह लें तो निश्चित ही समाज का उत्थान होगा। मातृ भारती के गठन के मन्तव्य पर प्रकाश डालते हुए बालिका विद्यालय की प्रभारी श्रीमती प्रतिमा सिंह ने कहा मातायें बालक के विकास के हर पन्नों को पलट कर देखती हैं, हर गतिविधि को



जानती हैं विद्यालय में अच्छी भूमिका निभा सकती है इसलिए मातृ भारती का गठन किया जा रहा है। मातृभारती में श्रीमती रचना शर्मा को अध्यक्ष श्रीमती स्वरूपमा पांडेय व श्रीमती सोनाली कसौधन को उपाध्यक्ष, श्रीमती रानी त्रिपाठी को मंत्री बनाया गया तथा श्रीमती रोली, पूनम शुक्ला, श्रीमती पूजा व अपर्णा त्रिपाठी को सदस्य बनाया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक सच्चिदानंद समेत दिलीप श्रीवास्तव व अन्य आचार्य बंधुओं समेत बालकों की माताएं उपस्थिति रहीं।

# शैक्षिक सत्र 2024-25 पर डीएवी एकेडमी ने आयोजित किया कार्यक्रम



दानिश मेंहदी

**अम्बेडकरनगर।** शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए विद्यार्थी परिषद अलंकरण समारोह डीएवी एकेडमी टांडा में बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीओ टाण्डा श्री शुभम सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के दौरान, छात्रों को हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, स्कूल प्रीफेक्ट्स और क्लास मॉनिटर्स के रूप में उनकी भूमिकाओं को दर्शाते हुए बैज और सैश से सजाया गया। समारोह में विद्यालय प्रबंधक श्री आनंद कुमार आर्य, वरिष्ठ बोर्ड सदस्य श्री भूपेन्द्र मेहरोत्रा, प्रधानाचार्या रुचि अग्रवाल, शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राओ ने उपस्थित होकर आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। 13 जुलाई को आयोजित विद्यार्थी परिषद चुनाव ने डीएवी एकेडमी में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली शुरू की। इसने न केवल मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया बल्कि नेतृत्व और जिम्मेदारी पर जोर देते हुए छात्रों को उनके वोट के महत्व और मूल्य के बारे में शिक्षित किया। यह आयोजन अपने छात्रों के बीच नेतृत्व गुणों और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए डीएवी एकेडमी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस अवसर पर, कक्षा 12 के प्रिंस विश्वकर्मा को हेड बॉय और मरियम उरूज़ को हेड गर्ल के रूप में अलंकृत किया गया।कार्यक्रम का संचालन अक्षरा पांडे और सानिया ज़ैनब ने अत्यंत कुशलता से किया।

# हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, अभियुक्त को भेजा न्यायालय

अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा चलाये जा रहे अभियान अभियुक्त गिरफ्तारी/ के आदेश क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अरुणकान्त सिंह क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना लोटन अरविन्द कुमार मौर्य के नेतृत्व में शुक्रवार को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 91/2024 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त उमेश चौरसिया पुत्र जय प्रकाश चौरसिया साकिन भुसौला अदाई थाना लोटन को शोहरतगढ़ के तरफ जाने वाले मार्ग पर स्थित अरोग्य हास्पिटल पिपरा पाण्डेय तिराहा थाना सिद्धार्थनगर के पास से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा गया।गिरफ्तार अभियुक्त उमेश



चौरसिया से पूछताछ करने पर बताया गया कि मै व मृतका सुनीता लुक-छिप कर आपस मे बात-चीत किया करते थे तथा 14 जुलाई को सुनीता मेरे घर आयी और हमलोग दरवाजा बन्द करके आपस में बातचीत कर रहे थे कि बातचीत के दौरान हम लोगों के बीच कहासुनी हो गयी और मै गुस्से मे आकर सुनीता की हत्या कर दिया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मौर्या उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार यादव, आरक्षी संजय गौतम, जयहिन्द निषाद शामिल रहे।

## सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद इस्माइल आयु 42 वर्ष पुत्र नूर मोहम्मद म. नं. 293/253 पुराना हैदरगंज चौक लखनऊ का स्थायी निवासी हूं। मेरे पासपोर्ट में मोहम्मद इस्माइल इदरीसी (MOHAMMAD ISMAIL IDRISI) है जबकि अन्य दस्तावेजों में मो. इस्माइल (MOHD. ISMAIL) है। जो सही है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

## सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मैं फातिमा आयु 40 वर्ष पत्नी मोहम्मद इस्माइल 293/253 पुराना हैदरगंज जिला लखनऊ का स्थायी निवासिनी हूं। मेरे पूर्व जारी पासपोर्ट में फातिमा खातून नाम लिखा है। जबकि अन्य दस्तावेजों में फातिमा लिखा है जो कि सही है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

## हाथरस दुर्घटना

हाथरस दुर्घटना तन्त्र पर बड़ा सवाल है। सत्संग के लिये इक्ट्ठी भीड़ को न तो तन्त्र सम्भाल सका न तो बाबा के सेवादार जो अन्दर की व्यवस्था देखते है। 80,000 लोगो के लिये इज़ाजत ली गयी थी पहुंचे ढाई लाख लोग। आयोजनों की आज्ञा के लिये एक प्रक्रिया है। आयोजक अनुमानित भीड़ की संख्या बताते है, गुप्तचर विभाग भीड़ के बारे में अपनी जानकारी इकट्ठा करता है उसके बाद अनुमति मिलती है। इस बार भीड़ का अनुमान नहीं लगा पाया। बाबा की और तन्त्र की व्यवस्था फेल रही इसलिये भीड़ नियन्त्रित नहीं हो सकी।

बाबा वहां से भाग गये, उनके चरड़ो की धूल लेने के लिये लोग टूट रहे थे। बाबा के सेवादार धक्का दे रहे थे अनियन्त्रित भीड़ को लोग गिर रहे थे कुचले जा रहे थे। बरसात और पानी के छिड़काव से फिसलन भरा कीचड पैदा हो गया था। अब तक 6 सेवादार गिरफ्तार हो चुके है मुख्य आरोपित पर एक लाख का इनाम है। साजिश की भी आशंका की जा रही है। सभी दल अपनी राजनीति कर रहे है। राहुल गांधी हाथरस जा रहे है। चुनाव में राजनैतिक दल भारी पैसा खर्च करते है पर ऐसे पीड़ित लोगों को मदद देते नहीं देखे जाते है। बाबा अपने आश्रम में है या नहीं बाहर पुलिस खड़ी है। पुलिस अन्दर क्यों नहीं जा कर पता लगाती है। शायद ऊपर का आदेश होगा। बाबा का रिकार्ड अपराधिक है। पहले पुलिस सेवा में थे। सेक्सुअल आरोप में सेवा से मुक्त किये गये। बाबा बन बैठे अभी भी उनके खिलाफ केस है। उनके खिलाफवारन्ट क्यों नहीं इशू हो रहा है। लगता है उन्हें आश्रय मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने जांच के लिये कमेटी गठित करवा दी है। बाबा के कई आश्रम है जो फाइवस्टार होटल का भाव करते है। लक्ज़री कारों का काफिला है। उनकी अपनी रक्षा सेना में पुरूष और महिला दोनो है। बाबा हर तरह के फैशनेबुल कपड़े पहनते है, तरह तरह के रंगीन चश्में लगाते है।

सभी बाबा का जादू के जरिये चमत्कार दिखाते है और अपने को भगवान का अवतार बताते है। कभी हाथ ऊपर उठाकर गुलाब का फुल निकाल लेते है तो कभी भभूत भक्त चमत्कार मान बाबा को भगवान का रूप मान लेते है। जब ऐसे आयोजन होते है तो बाबा के एजेन्ट घटना स्थल के आस-पास कई किलोमीटर तक फैल जाते है, सवारी के हर सधनों में सवार हो जाते है। सवार लोगो में बैठ जाते है। सत्संग में प्रयाह दुखी लोग दुख के निवारण के लिये जाते है। आपस में अपनी बातें करते जाते है। एजेन्ट कहा से आ रहे है क्या कुछ दुख है कुछ अपने को दुखी बताकर लोगो का पता ले लेते है। सूचना इक्ट्ठा करने वाले बाबाओं के सेवादार होते है। बाबा कुछ लोगो की बाते बता देते है। अब बाबा कहते है फ्लाने जगह से इस नाम का आया भक्त सामने आये उसको क्या दुख है वह भी बता देते है। दुखी भक्त इतने से ही निहाल हो जाता है उसे लगता है दुख मिट जायेगा। बाबा के इस तरह के चमत्कारों से लोगों में आस्था का ज्वार उमड़ जाता है। तज्जुब है ऐसे बाबाओं के भक्त सरकारी गैर सरकारी ओहदे दार भी होते है। जितने भी बाबा और आश्रम है सबका यही किस्सा है।

शासन को इसे रोकने के लिये करगार व्यवस्था बनानी चाहिये। इस केस में त्वरित न्याय कर दोषियों को सख्त सज़ा दे नजीर कायम करनी चाहिये। ऐसे केसों में जांच सरकारी गैरसरकारी सहयोग से घिसकती रहती है, धीरे-धीरे लोग भूलने लगते है। आस्था का यह दोहन बन्द होना चाहिये। आस्था और अन्धविश्वास का फर्क समझाना चाहिये।

## नायक जीतेन्द्र सिंह को कीर्ति चक्र

**हरी राम यादव**

एक सैनिक अपनी मातृभूमि के लिए सदैव अपना सर्वस्व बलिदान करने के लिए तैयार रहता है चाहे वह युद्ध का मैदान हो या शांति काल में आम सैनिक जीवन। सेना के आदर्श वाक्य 'सर्विस बिफोर सेल्फ' की भावना उसके दिल और दिमाग में कूट कूट कर भरी होती है और इसी भावना के चलते वह देश हित को सर्वोपरि मानकर वह जो कर गुजरता है, वह आम आदमी के वश से बाहर होता है। जनपद आगरा के एक ऐसे ही वीर सैनिक नायक जीतेन्द्र सिंह ने ऑपरेशन रक्षक में वह अभूतपूर्व साहस दिखलाया कि सुनने वाले भी हतप्रभ रह गए।



27 अप्रैल, 2022 को 44 राष्ट्रीय राइफल्स को पुलवामा ज़िले में दो आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली। इन आतंकवादियों के सफाये के लिए 44 राष्ट्रीय राइफल्स द्वारा एक ऑपरेशन शुरू किया गया। नायक जीतेन्द्र ने आतंकवादियों को देख लिया। आतंकवादी लगातार नायक जीतेन्द्र सिंह की ओर ग्रेनेड फेंक रहे थे और घेरा तोड़ने की लगातार कोशिश कर रहे थे। इसी बीच नायक जीतेन्द्र को ग्रेनेड का एक टुकड़ा आ लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल होने के बाद भी साहस दिखाते हुए नायक जीतेन्द्र रेंगते हुए घर की ओर बढ़े और मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया, दूसरे आतंकवादी ने फिर से नायक जीतेन्द्र की ओर ग्रेनेड फेंके और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिससे उन्हें कई गोलियां लगीं। अपने साथी सैनिकों के लिए खतरे को महसूस करते हुए, नायक जीतेन्द्र सिंह ने साहस और वीरता का प्रदर्शन करते हुए, आतंकवादी की ओर रेंगते हुए बढ़ना जारी रखा और कुछ देर बाद उसे भी घायल कर दिया। इस दौरान काफी रक्तस्राव हो चुका था। ज्यादा रक्तस्राव होने के कारण वह बेहोश हो गए और उन्हें 92 बेस अस्पताल ले जाया गया।

नायक जीतेन्द्र सिंह के अदम्य साहस, वीरता और अनुकरणीय पहल के कारण एक कट्टर आतंकवादी को मार गिराने और दूसरे को घायल कर अपने उद्देश्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, नायक जीतेन्द्र सिंह को 'कीर्ति चक्र' से सम्मानित किया गया। नायक जीतेन्द्र सिंह ने दिसंबर, 2021 से तीन अभियानों में प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में असाधारण वीरता और साहस का प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप सात आतंकवादियों को मार गिराया गया।

नायक जीतेन्द्र सिंह का जन्म 20 जुलाई 1990 को जनपद आगरा की तहसील फतेहाबाद के गाँव धौरा में श्रीमती गिरजा देवी और श्री गुन्राम सिंह के यहाँ हुआ था। इन्होने अपनी मैट्रिक तक की स्कूली शिक्षा सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कालेज फतेहाबाद से पूरी की और 07 दिसम्बर 2010 को भारतीय सेना की राजपूत रेजिमेंट में भर्ती हो गए। नायक जीतेन्द्र सिंह अपना प्रशिक्षण पूरा करने के पश्चात 21 राजपूत रेजिमेंट में पदस्थ हुए और ऑपरेशन के समय 44 राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात थे। इनका विवाह 07 मई 2014 को श्रीमती सुमन देवी से हुआ। इनके दो पुत्र अल्पेश सिंह और पीयूष सिंह हैं। इनके परिवार में इनके माता पिता और एक छोटा भाई प्रमोद सिंह, दो बहन राजेश और सीमा हैं। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश का यह वीर अपने देश की सुरक्षा में सेवारत है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

हमारे यहां हर गली मुहल्ले में ओझा हैं। भगत है। साधु हैं। सन्त हैं। ज्ञानी हैं। ओलिया हैं। फकीर है। जिसका जितना बड़ा मायाजाल और प्रचार तंत्र है, उसके उतने ज्यादा भक्त और शिष्य हैं। बड़ी बात यह है कि हिंदू समाज में पुरुषों से ज्यादा महिलाएं आस्थावान है। वे ही इन हादसों की शिकार होती है। हाथरस के धार्मिक कार्यक्रम में मची भगदड़ में मरने वालो में महिलाओं की ही संख्या ज्यादा है। इस कार्यक्रम के भक्त गुरू जी के प्रति इतने आस्थावान दिखाई दिए कि उन्हें हादसे का कोई मलाल नही। कुछ महिलाएं तो मीडिया से बात करते कहती नजर आंई कि वे भी मर जाती तो अच्छा होता।

# धार्मिक कार्यक्रम में होने वाले हादसे रोकने होंगे

अभी हाथरस के धार्मिक आयोजन में मरने वालों के खून के छींटे साफ भी नही हुए थे कि जगन्नाथ पुरी में निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में एक श्रद्धालू की मौत हुई। चार सौ घायल हुए।मुख्यमंत्री ने मरने वाले के परिवार को चार लाख रूपये की सहायता देने की घोषणा की। तो घायलों को मुफ्त इलाज के निर्देश दिए । घटना की जांच के आदेश भी दिये गए हैं। देश में हम धार्मिक आयोजनों को रोक नही सकते । ये हमारी आस्थाओं से जुड़े हैं। धार्मिक आयोजन रोज होतें हैं। गली- गली होते हैं। मुहल्ले- मुहल्ले होते हैं। देश काफी बड़ा है। कहीं न कही से बड़े आयोजन की खबरें आती रहती है। इन आयोजनों पर नजर रखनी होंगी , ऐसी व्यवस्था बनानी होंगी कि इनमें भगदड़ न मचें। अव्यवस्था न फैले। भगदड़ और अव्यवस्था फैलने की हालत में ऐसी व्यवस्था बनी हो कि दर्शक आराम में आयोजन स्थल से सुरक्षित निकल सके। हम धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन नही रोक सकते किंतु उन्हें हादसों रहित जरूर बना सकते हैं। इसी दिशा में कार्य होना चाहिए।



अशोक मधुप

यूपी के हाथरस स्थित सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र के फुलरई में आयोजित भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ से 121 लोगों की मौत के बाद कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। ऐसा नहीं है. पहले भी भीड़भाड़ वाले स्थलों खासकर धार्मिक आयोजनों या धार्मिक स्थलों पर ऐसे हादसे होते रहे हैं। जिसके बाद जांच और कार्रवाई तो होती है पर कोई जिम्मेदार सबक लेते नहीं दिखाई देते ।

सनातन धर्म में 33 करोड देवी देवता हैं। हिंदू समाज की मान्यता है कि कण-कण में भगवान हैं।हम इतने आस्थावान है कण-कण में भगवान खाजते हैं। स्टोव तक हमारे देवता बन गए। दरअस्ल हमार यहां हर गली मुहल्ले में ओझा हैं। भगत है। साधु हैं। सन्त हैं। ज्ञानी हैं। ओलिया हैं। फकीर है। जिसका जितना बड़ा मायाजाल और प्रचार तंत्र है, उसके उतने ज्यादा भक्त और शिष्य हैं। बड़ी बात यह है कि हिंदू समाज में पुरूषों से ज्यादा महिलाएं आस्थावान है। वे ही इन हादसों की शिकार होती है। हाथरस के धार्मिक कार्यक्रम में मची भगदड़ में मरने वालो में महिलाओं की ही संख्या ज्यादा है।इस कार्यक्रम के भक्त गुरू जी के प्रति इतने आस्थावान दिखाई दिए कि उन्हें हादसे का कोई मलाल नही।कुछ महिलाएं तो मीडिया से बात करते कहती नजर आंई कि वे भी मर जाती तो अच्छा होता। सीधे स्वर्ग मिलता। यहां भक्तों की इतनी श्रद्धा हो, वहां सरकार की सख्ती से ही इन हादसों को रोका जा सकता है।

आमतौर पर धार्मिक आयोजनों या धर्मस्थलों पर भारी भीड़ उमड़ती है। गहरी



आस्था के चलते लोग अपने आराध्य के दर्शन करने या उनके बारे में सत्संग-प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। एक जनवरी 2022 को माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े थे, जिससे भगदड़ मच गई थी। इस हादसे में 12 लोगों की जान चली गई थी, जबकि एक दर्जन घायल हुए। अपनी-अपनी आस्था के कारण धार्मिक स्थलों या आयोजन में शामिल होना चाहते हैं । इसके लिए वे किसी बात की परवाह नहीं करते. जरा सी भी ऊंच-नीच अफवाह भगदड़ का कारण बन जाती है। भारी भीड़ के बीच छोटी सी अफवाह भी बड़ा रूप ले लेती है। साल 2011 की 14 जनवरी को केरल के इडुक्की जिले में एक जीप सबरीमाला मंदिर में दर्शन कर रहे श्रद्धालुओं से टकरा गई थी। इसके बाद अफवाह फैली अफवाह से ऐसी भगदड़ मच गई कि इसमें 104 श्रद्धालुओं की जान चली गई थी।इसी तरह से बताया जा रहा है कि हाथरस में सत्संग स्थल पर सवा लाख लोग मौजूद थे। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अंदाजा न तो आयोजकों को था और न ही जिला प्रशासन को। इसलिए इस संख्या के हिसाब से मौके पर व्यवस्था ही नहीं की गई थी, जबकि सत्संग स्थल के अंदर की व्यवस्था आयोजकों को संभालनी थी और बाहर कानून-व्यवस्था पर प्रशासन और पुलिस को नजर रखनी थी। इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन से बाकायदा अनुमति ली गई थी, इसके बावजूद सत्संग स्थल पर न तो श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग द्वार थे और न ही वीआईपी यानी भोले बाबा को भीड़ से सुरक्षित अलग रास्ते से निकालने के इंतजाम किए गए थे। ऐसे में बाबा जब सामने दिखे तो भीड़ उनके पैरे छूने के लिए आगे बढ़ने लगी और बेकाबू हो गई।चश्मदीदों के हवाले से यह भी बताया जा रहा है कि सत्संग स्थल पर जमीन ऊबड़-खाबड़ थी। इसे समतल करने तक की जहमत नहीं उठाई गई थी. ऐसे में जब भीड़ निकलने लगी तो पैर ऊपर-नीचे होने से लोग गिरने लगे। इससे भगदड़ की स्थिति और भी गंभीर हो गई।देश के कई धार्मिक स्थलों के परिसर तो काफी बड़े हैं पर मुख्य दर्शन या पूजा स्थल काफी छोटे हैं। इसमें एक साथ भीड़ का रेला आता है तो धक्के के कारण लोग एक-दूसरे के ऊपर चढ़ने लगते हैं। इस दौरान लोग खुद के शरीर को ही नियंत्रित नहीं कर पाते हैं। अगर एक व्यक्ति भी भीड़ में गिर जाता है तो लोग चाहते हुए भी खुद को रोक नहीं पाते हैं और उस पर चढ़ जाते हैं।नतीजा यह होता है कि भीड़ में किसी के गिरने, बेहोश होने या मौत की अफवाह फैलती है और बचने के लिए लोग भागने लगते हैं।

### धार्मिक कार्यक्रमों में हादसे

■ दो जुलाई को हाथरस में प्रवचन के दौरान भगदड़ में 121 मरे। गवाह का दावा कि गुरु जी के सेवक ने कहा चरण रज लेकर जाना। तब भगदड़ मची। ■ इंदौर में राम नवमी के अवसर पर एक मंदिर में हो रहे हवन में पुरानी बावडी कास्लेब टूटने से 36 मरे। ■ 2022 में माता वैष्णो देवी मंदिर में हुई भगदड़ में 22 श्रद्धालू मरे। ■ 2015 में आंध्रप्रदेश के गोदावरी नदी के घाट पर भागदड़ में 27 मरे। ■ 15 अक्टूबर 2016 को वाराणसी में भीड़भाड़ वाले राजघाट गंगा पुल पर मची भगदड़ में 25 लोगों की मौत हो गई। ■ तीन अक्तूबर 2014 को पटना के गांधी मैदान में दशहरा समारोह के समाप्त होने के बाद भगड़ में 32 जानें गई थीं। ■ चार मार्च 2010 को यूपी के प्रतापगढ़ जिले में स्थित मनगढ़ में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में मची भगदड़ में 63 लोगों की जान चली गई थी। ■ 10 फरवरी, 2013 को प्रयागराज में रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मच गई थी, जिसमें 40 से ज़्यादा लोग मारे गए। ■ पटना में गंगा के तट पर 19 नवंबर 2012 को छठ पूजा के दौरान अचानक अस्थायी पुल ढहने से भगदड़ मच गई थी. इसमें 20 लोगों की मौत हो गई थी. इससे पहले आठ नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा किनारे हरकी पैड़ी पर मची भगदड़ में कम से कम 20 लोगों की जान चली गई थी. ■ 4 मार्च 2010 को प्रतापगढ़ के राम जानकी मंदिर में भगदड़ मचने से 63 लोगों की मौत हो गई और 100 से ज़्यादा लोग घायल हो गए। ■ 2008 में राजस्थान के जयपुर के चामुंडा मंदिर में बम की अफवाह के बाद मची भगदड़ में 250 लोग मरे। ■ 2003 में महाराष्ट्र के नासिक के कुंभमेले में मची भगदड़ में 39 मरे। ■ महाराष्ट्र के सतारा में साल 2005 की 25 जनवरी को मंधारदेवी मंदिर में सालाना तीर्थयात्रा के दौरान मची भगदड़ में 340 से अधिक श्रद्धालुओं की कुचलने से मौत हो गई थी।

# हज़रत हुसैन की शहादत अहिंसा की बे-जोड़-मिसाल

हुसैन की शहादत हम सब को सबक़ देती है कि हमे जूठ व ज़ुल्म के खिलाफ मजबूती से न सिर्फ खड़ा होना चाहिए बल्कि इन के खिलाफ आवाज़ भी उठानी चाहिए। कूफ़ा एक स्थान है जो हज़रत अली का मुख्य स्थान रहा था जहां के रहनें वालों को जब यह पता चला कि इमाम हुसैन नें यजीद की बैत करनें से इन्कार कर दिया है तो कूफ़े के लोग सुलेमान पुत्र सर्द खजाई के घर में इकट्ठे हुए और उन्होंने नें इमाम हुसैन को पत्र लिखे कि हम भी यजीद के हाथ पर बैत करनें को तैयार नही हैं आप कूफ़ा आजाईये हम सब आप के हाथ पर बैत करनें को तैयार हैं।

कर्बला की दास्तान दुनिया को इंसानियत का एक ऐसा पैग़ाम है जो हमेशा इंसानों को सच्चाई की खातिर लड़नें की प्रेरणा देती है।

मोहर्रम की 10 तारीख को अरबी भाषा में यौमें आशूरा कहते है आज ही के दिन हज़रत ईमाम हुसैन की शहादत हुई थी मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है। आमतौर पर लोग नये साल की खुशियां मनाते हैं। लेकिन ये महीना इतिहास के एक ऐसे सच्चे किस्से को अपने अन्दर समेटे हुए है। जिसको दुनिया हमेशा से याद करती आ रही है और जब तक दुनिया कायम रहेगी तब तक कर्बला की दास्तान सुनी, सुनाई व ब्यान की जाती रहेगी।



हिफजुर्रहमान

आज से लगभग 1400 साल पहले इस्लामिक दुनिया में ऐसा क्या हुआ था। जिसकी वजह से दुनिया के करोड़ो लोग मोहर्रम आते ही उस कहानी को याद करनें लिखने तथा ब्यान करनें में मशगूल होजाते हैं। ये महीना इस्लाम के इतिहास का बहुत महत्वपूर्ण महीना है जिस में नवासा-ए-रसूल हज़रत ईमाम हुसैन (रज़ि) की शहादत हुई। ईमाम हुसैन (रज़ि) इस्लाम धर्म के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद (सल0) के नवासे थे।

कर्बला की घटना 10 मुहर्रम 61 हिजरी को मौजूदा ईराक में घटित हुई थी। कर्बला की जंग हक व बातिल, सच व जूठ के बीच की ऐसी जंग थी जिस में नवासाऐ रसूल इमाम हुसैन अपनें 72 साथियों बशमूल मासूम बच्चे इस्लाम धर्म में पहले से स्थापित प्रजातन्त्र को बचाने के लिए शहीद हो गये थे यह वह कुर्बानी है जिस को कभी नही भुलाया जा सकेगा। कर्बला की कुर्बानी हमें सिखाती है कि जरुरत पड़नें पर हमें भी हक के लिए अपनी जान व माल कुर्बान करनें को तैयार रहना चाहिए। ईमाम हुसैन की कुर्बानी अहिंसा का वह प्रतीक है जिस की दूसरी मिसाल मिलना मुश्किल है आप की इसी अहिंसा की नीती को देख कर महात्मा गांधी नें कहा था कि मुझे अहिंसा का उसूल इमाम हुसैन से मिला है। कूफ़ा एक स्थान है जो हज़रत अली का मुख्य स्थान रहा था जहां के रहनें वालों को जब यह पता चला कि इमाम हुसैन नें यजीद की बैत करनें से इन्कार कर दिया है तो कूफ़े के लोग सुलेमान पुत्र सर्द खजाई के घर में इकट्ठे हुए और उन्होंने नें इमाम हुसैन को पत्र लिखे कि हम भी यजीद के हाथ पर बैत करनें को तैयार नही हैं आप कूफ़ा आजाईये हम सब आप के हाथ पर बैत करनें को तैयार हैं। कूफियों नें हज़रत हुसैन को बुलाने के लिए एक दो नही ढेरों खत लिखे थे कूफियों के इस इसरार पर हजरत ईमाम हुसैन नें पहले मुस्लिम बिन अकील को अपना प्रतिनिधि बना कर कूफ़ा भेजा लोगों नें उन के हाथों में बैत कर ली जिस से इमाम हुसैन को कूफियो पर और भी यकीन आगया और आप कूफ़ा जानें के लिए तैयार होगये जब आप कूफ़ा जानें लगे तो हज़रत अब्दुल्लाह इब्न अब्बास नें ईमाम हुसैन को कूफ़ा जानें के लिए बहुत मना किया लेकिन आप नही मानें कहा जाता है कि अलकूफी ला यूफी कूफी भरोसा करने के लायक नही होते हैं बहरहाल यकीन करते हुए इमाम हुसैन कूफे पहुंच गये जबकि आप के वहां पहुचनें से पहले ही



इब्नेजियाद जो कूफे का गवर्नर बना कर भेजा गया था उस नें वह तांडव मचाया कि तमाम कूफी हज़रत मुस्लिम बिन अकील का साथ छोड़ कर अपनें अपनें घरों में घुस गये और हज़रत अकील बिन मुस्लिम बे-यारो मददगार शहीद कर दिये गये उन की शहादत की खबर पर ईमाम हुसैन नें वापस लौटनें का फैसला किया लेकिन उन के साथ मुस्लिम बिन अकील के बेटे थे जो इस बात पर अड़ गये कि हम अपनें बाप के कत्ल का बदला लेगें हम कूफ़ा जरूर जाएंगे उन की इस बात पर ईमाम हुसैन की शराफत व मुरव्वत नें उन्हें कूफे जानें पर मजबूर कर दिया और आप कूफ़ा पहुंच गये जब आप वहां पहुंचे तो पता चला कि कूफियों के दिल तो आप के साथ हैं लेकिन उन की तलवारें यजीद के साथ हैं।

ईमाम हुसैन जंग नही लड़ना चाहते थे आप नें कूफियो से कहा कि मुझे मदीनें वापस चले जानें दो या मुझे यजीद से मिलने दो या फिर किसी इस्लामी सरहद पर मुझ को भेज दो जहां मैं काफिरों से जंग लड़ते हुए जिन्दगी गुजार लूंगा लेकिन कूफियो नें आप की तीनों बातों को नही माना और हज़रत ईमाम हुसैन व उन के मासूम बच्चों को बड़ी बेरहमी से शहीद कर दिया। ईमाम हुसैन की कुर्बानी का जो असल मकसद है वह न हमारी जिंदगी में नजर आता है और न हमारे मुआशरें में नजर आता है।

हज़रत हुसैन की शहादत हम सब के लिए एक अनमोल नमूना है कि हमे जूठ व ज़ुल्म के खिलाफ मजबूती से न सिर्फ खड़ा होना चाहिए बल्कि इस के खिलाफ आवाज़ बुलन्द करनी चाहिए और दीन की स्थापना के लिए तन मन धन की बाजी लगाने को तैयार रहना चाहिए। हज़रत हुसैन नें इस राह पर अपना सब कुछ लुटा दिया लेकिन हम साल में चन्द विशेष दिनों में उन की याद को सीमित कर के, इस्लामिक शिक्षाओं को ताक में रख कर मौज, मस्ती तथा मनोरंजन के लिए ढोल-ताशा-तमाशा हत्ता कि जो दिल को भाए और खुद को अच्छा लगे वह सब करतें हैं और उसे इमाम हुसैन की याद कहतें हैं जो न मुनासिब है।

इमाम हुसैन ने अपनी शहादत के जरिये हमे ये बता दिया कि सिर्फ या हुसैन के नारे लगाने से कोई हुसैनी नही होजाता बल्कि हुसैनी तो वह होता है जिसका दिल इन्सानियत के लिए धड़के और जो खुद से ये वादा करे कि चाहे मेरा सर कलम हो जाये मै जुल्म, नफरत और जाहिलियत के सामने अपना सर नही झुकाऊगा

अहद फराज़ के इस शेर के साथ मै बात को खत्म करता हूँ।

जब भी ज़मीर-व-ज़र्फ का सौदा हो दोस्तो।

कायम रहो हुसैन के इन्कार की तरह

# 'विवाह अनंत' : बड़ा हुआ तो क्या हुआ?

मंहगी शादियों में विशेषतयः मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी की शादी आनंद पीरामल के साथ हुई थी जिसपर अनुमानतः औसत ख़र्च 100 मिलियन अमेरिकन डॉलर हुआ था। इसमें बियॉन्से के प्राइवेट कॉन्सर्ट से लेकर पहली सगाई की पार्टी तक इटली के लेक कोमो में हुई थी। संगीत पार्टी के लिए उदयपुर का महल बुक किया गया था और शादी एंटीलिया में हुई थी। इसी तरह 2016 में माइनिंग सरताज जनार्दन रेड्डी के बेटे राजीव रेड्डी व ब्राह्मणी की शादी जो नोटबंदी के फ़ौरन बाद हुई थी,वह भी चर्चा में रही थी। इसमें भी क़रीब 74 मिलियन अमेरिकी डॉलर ख़र्च हुये थे। इस शादी का कार्ड एलसीडी स्क्रीन के साथ था।

मीडिया के माध्यम से पूरे देश ने पिछले दिनों एक अनंत विवाह के आयोजन का लुत्फ़ उठाया। उद्योगपति मुकेश अंबानी के नूर-ए-नज़र अनंत अंबानी का अलग अलग आयोजनों के नाम से लंबे समय तक चला यह विवाह समारोह भारतीय इतिहास का अब तक का सबसे ख़र्चीला विवाह बताया जा रहा है। हमारे देश में जहाँ एक मध्यम या ग़रीब वर्ग का व्यक्ति भी अपने घर के विवाह समारोह को अपनी हैसियत के अनुसार भव्य बनाने का प्रयास करता है चाहे उसे इसके लिये क़र्ज़ ही क्यों न लेना पड़े। ऐसे में यदि विश्व के अमीरों की रैंकिंग में ऊँचा स्थान रखने वाला तथा भारत का सबसे अमीर उद्योगपति अपने बेटे की शादी को अति भव्य बनाने के लिये अपनी दौलत पानी की तरह बहा दे तो इसमें आश्चर्य किस बात का? इससे पहले मुकेश अंबानी ने अपने बड़े बेटे आकाश अंबानी की शादी जोकि श्लोका मेहता के साथ हुई थी,में भी बहुत पैसे ख़र्च किये थे। अमेरिकी पॉप-रॉक बैंड मरून 5 ने इस शादी में अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया था। आकाश अंबानी की शादी के कुछ कार्यक्रम स्विट्जरलैंड में भी किए गए थे। परन्तु अनंत अंबानी की शादी के ख़र्च ने केवल भाई आकाश व बहन ईशा अंबानी की शादी के ख़र्च का ही रिकॉर्ड नहीं तोड़ा बल्कि भारत में अब तक हो चुकी सभी चर्चित व ख़र्चीली शादियों को भी पीछे छोड़ दिया।



निर्मल रानी

भारत में अब तक हुई मंहगी शादियों में विशेषतयः मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी की शादी आनंद पीरामल के साथ हुई थी जिसपर अनुमानतः औसत ख़र्च 100 मिलियन अमेरिकन डॉलर हुआ था। इसमें बियॉन्से के प्राइवेट कॉन्सर्ट से लेकर पहली सगाई की पार्टी तक इटली के लेक कोमो में हुई थी। संगीत पार्टी के लिए उदयपुर का महल बुक किया गया था और शादी एंटीलिया में हुई थी। इसी तरह 2016 में माइनिंग सरताज जनार्दन रेड्डी के बेटे राजीव रेड्डी व ब्राह्मणी की शादी जो नोटबंदी के फ़ौरन बाद हुई थी,वह भी चर्चा में रही थी। इसमें भी क़रीब 74 मिलियन अमेरिकी डॉलर ख़र्च हुये थे। इस शादी का कार्ड एलसीडी स्क्रीन के साथ था। शादी में ब्राह्मणी ने 89 करोड़ की ज्वेलरी के साथ 17 करोड़ की साड़ी भी पहनी थी। इसमें लगभग 50 हज़ार अतिथि आमंत्रित थे। इसी तरह स्टील किंग के नाम से विश्वविख्यात लक्ष्मी निवास मित्तल की भतीजी सृष्टि मित्तल की शादी गुलराज बहल से हुई थी जिसमें 70 मिलियन अमेरिकी डॉलर ख़र्च हुआ था। 2013 में हुई ये शादी स्पेन के बार्सिलोना में हुई थी। उसके बाद संजय हिंदुजा और अनु महंती के विवाह पर 150 करोड़ से ज़्यादा ख़र्च किया गया था। इस शादी में 16 अलग देशों के पकवान परोसे गए थे। यहां 16000 अतिथि आमंत्रित थे।



इसके बाद लक्ष्मी निवास मित्तल की बेटी वनीशा मित्तल की शादी इनवेस्टमेंट बैंकर अमित भाटिया से हुई। 2004 में हुई इस शादी में 350 करोड़ रूपये ख़र्च हुये थे। वर्सैलिस फ्रांस में हुई इस शादी में शाहरुख़ ख़ान, सैफ़ अली ख़ान, जूही चावला, ऐश्वर्या राय, रानी मुखर्जी आदि सितारों ने शिरकत की थी और सभी परफ़ॉर्मेन्स फ़राह खान ने कोरियोग्राफ़ की थी।

उपरोक्त सभी शादियां समय के साथ साथ आम लोगों के मस्तिष्क पटल से ओझल हो चुकी हैं। परन्तु कुछ शादियां ऐसी भी हुई हैं जिन्हें देश आज भी याद करता है। ऐसी ही एक शादी सहारा प्रमुख सुब्रतो रॉय ने 2004 में अपने दोनों बेटों सुशांतो रॉय और सीमांतो रॉय की एक साथ की थी। इसमें सहारा टाउनशिप लखनऊ को महलों की तरह सजा दिया गया था। 10 फ़रवरी 2004 को सीमांतो रॉय की शादी थी जबकि 14 फ़रवरी को सुशांतो रॉय की । इसमें प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई भी शरीक हुये थे और वे यहां 90 मिनट रुके थे। इस अवसर पर सोनिया गाँधी, चंद्रशेखर, शरद पवार, दिग्विजय सिंह, लालू व मुलायम यादव, लाल कृष्ण आडवाणी अमिताभ बच्चन,अमर सिंह सहित दस हज़ार पांच सौ मेहमान लखनऊ पधारे थे। इसके अतिरिक्त उद्योग जगत से गोदरेज, राजन नंदा, सुनील मित्तल, खेतान, किरलोस्कर, स्वराज पाल, अनिल अम्बानी व मीडिया के बड़े लोग मौजूद थे। 550 करोड़ रूपये ख़र्च होने वाली इस शादी का कार्यक्रम एक सप्ताह चला था। परन्तु देश की जनता के दिलों में जगह बनाने वाली इस शादी का सबसे बड़ा आकर्षण यह था कि इस विवाह कार्यक्रम में डेढ़ लाख बेघर लोगों को शादी का व्यंजन खिलाया गया था। इतना ही नहीं बल्कि इसी अवसर पर 101 ग़रीब जोड़ों की शादी भी उसी विवाह मंडप में की गयी थी। और इन प्रत्येक जोड़ों को एक लाख एक रुपया उपहार स्वरूप भेंट किया गया था।

परन्तु मुकेश अंबानी के नूर-ए-नज़र के इस ताज़ा तरीन अनंत विवाह के विवाह अनंत को तो देश की जनता ने कुछ अलग ही नज़रों से देखा। बेशक मंहगे से मंहगे विदेशी कार्यक्रम प्रस्तोता यहाँ आये, अति मंहगे तोहफ़ों का लेनदेन हुआ, यहाँ भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर देश की राजनीति, उद्योग फ़िल्म व धर्म जगत की तमाम बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। परन्तु देश की चिंता मुख्य रूप से इस बात को लेकर थी कि शादी के समय ही जिओ ने अपना रिचार्ज रेट लगभग 16 से 20 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। देश को सन्देश यह गया कि शादी पर होने वाला ख़र्च जिओ ने अपना रिचार्ज रेट बढ़ाकर देश की जनता से वसूल किया है।

सोशल मीडिया पर इसतरह के विचारों की बाढ़ सी आ गयी। और इसी शादी के दौरान व्यवसायिक रूप से सबसे बड़ा अशुभ तो यह रहा कि जिन दिनों विवाह अनंत के विभिन्न आयोजन हो रहे थे उसी दौरान जिओ के लाखों उपभोक्ता अपने सिम को जिओ से बी एस एन एल में पोर्ट करवा रहे थे। यदि मुझ जैसी कोई सलाहकार इस विवाह अनंत में होती तो कम से कम एक महीने के लिये जिओ कनेक्टिविटी अपने लगभग 48 करोड़ उपभोक्ताओं को निःशुल्क उपलब्ध करवाकर करोड़ों ग़रीब उपभोक्ताओं की दुआयें भी दिलवाती और जिओ से बी एस एन एल में पोर्ट करवाने का जो सिलसिला शुरू हो चुका है वह भी रुक जाता। दूसरे यह कि रिचार्ज रेट भी शादी के बाद बढ़ाने की सलाह देती।

परन्तु फ़िलहाल जिसतरह अनंत विवाह के विवाह अनंत के दौरान रिचार्ज रेट बढ़ाकर जनता से पैसे वसूले गये और हज़ारों करोड़ नाच गाने व समारोह के अन्य आयोजनों में अपनी शान शौकत दिखाने के लिये ख़र्च किये गये उसे देखकर तो जनता संत कबीर के उस दोहे को ही याद कर रही है जिसमें उन्होंने कहा था कि बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर। पंथी को भी छाया नहीं फल लागे अति दूर।

# महाकुंभ-2025 : श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए होम-स्टे तैयार कराये जायेंगे

अवधनामा संवाददाता



■ भवन स्वामियों को स्वरोजगार तथा आमदनी के स्रोत बढ़ेगे : जयवीर

**लखनऊ।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि अयोध्या की तर्ज पर प्रयागराज में बड़ी संख्या में पेइंग गेस्ट बनाने की तैयारी है। योजना से एक तरफ जहां पर्यटकों को उचित दर पर ठहरने के साथ-साथ भोजन की व्यवस्था उपलब्ध होगी, वहीं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप में रोजगार सृजित होंगे। वह भवन स्वामी जिनके पास अतिरिक्त कमरे हैं योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि होम-स्टे से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को एक नया परिवेश मिलेगा। साथ ही प्रदेश की गौरवशाली संस्कृति को नजदीक से देखने और समझने का अवसर प्राप्त होगा।

यह जानकारी पर्यटन मंत्री ने देते हुए बताया कि प्रयागराज में छह माह बाद भव्य और दिव्य महाकुंभ के आयोजन की तैयारी चल रही हैं। इस बार 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने के संभावना है। अयोध्या की तरह प्रयागराज में भी बड़ी संख्या में ठहराव स्थल की आवश्यकता होगी। इसी पूर्ति के लिए होटल आदि के साथ-साथ पेइंग गेस्ट पर अधिक फोकस किया जा रहा है। अयोध्या की तरह प्रयागराज में भी होम स्टे योजना भवन स्वामियों के लिए आय के बड़े अवसर के रूप सामने आई है। जिस किसी मकान मालिक के पास पर्यटकों को ठहराने के लिए अतिरिक्त कमरे उपलब्ध हैं वह अच्छी-खासी कमाई कर सकता है। क्योंकि महाकुंभ में बड़ी संख्या में पर्यटक संगमनगरी आएंगे। इन्हें ठहरने के लिए बड़ी संख्या में कमरों की आवश्यकता होगी। भवन स्वामी का लाभ लेने के लिए क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय प्रयागराज में आवेदन कर सकते हैं।

श्री जयवीर सिंह ने बताया कि पेइंग गेस्ट योजना का उद्देश्य आवासीय सुविधाओं में वृद्धि के साथ ही साथ ऐसे भवन स्वामियों जिनके पास पर्यटकों को रुकवाने हेतु अतिरिक्त कमरे उपलब्ध हों, उनको अतिरिक्त आय का साधन उपलब्ध कराना है। इससे स्वतः रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। मकान मालिक कमरे उपलब्ध कराने के साथ ही पर्यटकों को नाश्ता, भोजन की सुविधा उपलब्ध करा सकेगा। कमरे का किराया एवं भोजन आदि के लिए आवश्यक निर्धारित धनराशि पर्यटकों से प्राप्त कर सकेगा। पेइंग गेस्ट के लिए विभिन्न मानक निर्धारित किए गए हैं।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि पेइंग गेस्ट प्रदेश में महत्वपूर्ण ठहराव स्थल के रूप में सामने आए हैं। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद वहां प्रतिदिन भक्तों की भाड़ी भीड़ आ रही है। बड़ी संख्या में लोग पेइंग गेस्ट में ठहरते हैं। यहां होटल की तुलना में कम किराया है और पारिवारिक माहौल है। भोजन और नाश्ता की सुविधा भी उपलब्ध है।

## महिला कल्याण, बाल विकास मंत्री आगरा एवं फिरोजाबाद में करेंगी वृक्षारोपण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य कल 20 जुलाई को जनपद आगरा एवं फिरोजाबाद में 'पेंड़े लगाओं, पेड़ बचाओं' जन अभियान-2024 के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार महिला कल्याण मंत्री जनपद आगरा में प्रातः 8:00 बजे यूपीएसआईसी, सिकन्दरा साइट-सी में तथा प्रातः 11:00 बजे जनपद फिरोजाबाद के शंकरपुर घाट (यमुना पुल के आगे) एवं 12:15 बजे फिरोजाबाद के सरकारी हास्पिटल टीवी प्रांगण में वृक्षारोपण जन अभियान में हिस्सा लेंगी। महिला कल्याण मंत्री ने पेड़ लगाओं, पेड़ बचाओं जन अभियान-2024 के तहत अधिक से अधिक जन सहभागिता की अपील की है।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने अखिलेश पर किया पलटवार

### मानसून ऑफर को 2027 में 47 पर समेट देंगे



**लखनऊ।** यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि सपा एक डूबता हुआ जहाज है और समाप्त होने वाला दल है जिसका भविष्य और वर्तमान खतरे में है। उन्होंने कहा कि मानसून ऑफर को 2027 में 47 पर समेट देंगे।

उन्होंने एक्स पर कहा कि मानसून ऑफर को 2027 में 47 पर जनता और कार्यकर्ता फिर समेटेंगे। एक डूबता जहाज और समाप्त होने वाला दल जिसका वर्तमान और भविष्य खतरे में है। वह मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख सकता है परंतु पूर्ण नहीं हो सकता। 2027 में 2017 दोहरायेंगे, फिर कमल की सरकार बनायेंगे।

दरअसल, अखिलेश यादव ने लखनऊ में हुई भाजपा कार्यसमिति की बैठक के बाद मची उथलपुथल के बीच बृहस्पतिवार को एक बयान दिया था जिसके बाद से ही वह भाजपा नेताओं के निशाने पर आ गए।

उन्होंने एक्स पर लिखा था कि मानसून ऑफर सौ लाओ, सरकार बनाओ! जिसका जवाब डिप्टी सीएम केशव ने दिया है। अखिलेश यादव और डिप्टी सीएम केशव एक-दूसरे पर अक्सर निशाना साधते रहते हैं। भाजपा कार्यसमिति की बैठक के बाद डिप्टी सीएम दिल्ली गए थे और भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात की थी जिस पर अखिलेश ने एक्स पर कहा था कि लौट के बुद्धू घर को आए! उनके इस बयान को डिप्टी सीएम केशव से जोड़कर देखा गया था। लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी खुलकर भाजपाा पर निशाना साध रहे हैं।

# 'स्पीड पोस्ट से प्राप्त करें ज्योतिर्लिंग का प्रसाद'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सावन में शिव आराधना की विशेष महिमा है। हर किसी की इच्छा होती है कि वह भगवान शिव के ज्योतिर्लिङ्ग स्वरूप का दर्शन और आशीर्वाद स्वरुप प्रसाद पा सके। परन्तु कुछ श्रद्धालु चाहकर भी दर्शन नहीं कर पाते। अब ऐसे श्रद्धालुओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से लोग देश के किसी भी कोने में घर बैठे गुजरात के जूनागढ़ जिला अंतर्गत प्रभास पाटन में स्थित श्री सोमनाथ आदि ज्योतिर्लिंग मंदिर का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। सावन माह में डाक विभाग ने इसके लिए विशेष प्रबंध किये हैं। उक्त जानकारी हाल ही में वाराणसी से स्थानांतरित होकर गुजरात पहुँचे अहमदाबाद परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने दी। सावन माह 22 जुलाई से आरम्भ हो रहा है।

**सोमनाथ मंदिर प्रसाद में शामिल वस्तुएं**

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि इस प्रसाद में 200 ग्राम बेसन लड्डू, 100 ग्राम तिल की चिक्की और 100 ग्राम मावा की चिक्की रहेगी। यह प्रसाद स्पीड पोस्ट के माध्यम से श्रद्धालु के घर पर शीघ्रता से वितरित किया जायेगा।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि श्री सोमनाथ ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को घर बैठे प्रसाद उपलब्ध कराने हेतु भारतीय डाक विभाग से एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत कोई भी श्रद्धालु मैनेजर, श्री सोमनाथ ट्रस्ट, प्रभास पाटन, जिला- जूनागढ़, गुजरात-362268 को ?270 का ई-मनीऑर्डर भेजकर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद मँगा सकता है।

## लक्ष्मी नारायण चौधरी आज मथुरा एवं अलीगढ़ में वृक्षारोपण करेंगे



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी कल 20 जुलाई को जनपद मथुरा एवं अलीगढ़ में वृक्षारोपण अभियान (एक पेड़ मॉ के नाम) कार्यक्रम में सम्मलित होकर वृक्षारोपण करेंगे।

श्री चौधरी प्रातः 09:00 बजे पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय एवं गौ अनुसंधान केन्द्र, मथुरा में वृक्षारोपण करेंगे। इसके पश्चात पूर्वाह्न 11:30 बजे काशिमपुर, नहर पुल, साधू आश्रम मार्ग, ब्लाक जवॉ, जनपद अलीगढ़ में वृक्षरोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वृक्षारोपण करेंगे।

# राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में प्रवेश के लिए करे आवेदन

अवधनामा संवाददाता

■ 1 दिसंबर को राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज लखनऊ में आयोजित होगी प्रवेश परीक्षा



**लखनऊ।** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून ने सत्र जुलाई, 2025 के लिए कक्षा-8 में प्रवेश हेतु सूचना जारी की है। यह विद्यालय रक्षा मंत्रालय के अधीन एक अंतः सेवा शिक्षण संस्थान है, जो 1922 में स्थापित हुआ था और इसका उद्देश्य भारत की तीनों सेनाओं के लिए छात्रों को पूरी तरह से तैयार करना है ताकि उन्हें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे में अग्रिम प्रशिक्षण हेतु भेजा जा सके। प्रवेश प्रक्रिया में छात्रों और छात्राओं को लिखित प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयनित किया जाएगा, जो 1 दिसंबर, 2024 को लखनऊ के राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में आयोजित की जाएगी।

उप शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) रेखा दिवाकर ने बताया कि उम्मीदवार की आयु 1 जुलाई, 2025 को 11.5 से 13 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उसे 1 जुलाई, 2025 तक किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा-7 में अध्ययनरत होना चाहिए या कक्षा-7 उत्तीर्ण कर चुका होना चाहिए। परीक्षा तीन चरणों में होगीरू गणित, सामान्य ज्ञान और अंग्रेजी की लिखित परीक्षा, बौद्धिक ज्ञान और व्यक्तित्व परीक्षण की मौखिक परीक्षा, और अन्य राज्यों के केंद्रीय कर्मचारियों के बच्चों के लिए विशेष प्रावधान। आवेदन पत्र राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून की वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है, जहां सामान्य जाति के उम्मीदवारों को रू0 600 और अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवारों को रू0 555 का भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है।

आवेदन पत्र 30 सितंबर, 2024 तक उप शिक्षा निदेशक (मा0), छठा मण्डल, लखनऊ-226003 के कार्यालय में पंजीकृत या स्पीड पोस्ट द्वारा पहुंच जाना चाहिए। गलत जानकारी देने या जाली दस्तावेज जमा करने पर संबंधित माता-पिता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, गढ़ी कैंट, देहरादून की वेबसाइट पर जाएं।

# सुरक्षा को लेकर रेल विभाग व सरकार सवालों के घेरे में : माले

अवधनामा संवाददाता

■ गोंडा रेल दुर्घटना : पार्टी ने मौतों पर गहरा शोक जताया

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने आज दोपहर गोंडा के निकट 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की दुखदायी घटना में मौतों पर गहरा शोक व परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। पार्टी ने अपनी गोंडा इकाई को घायलों का हालचाल जानने और भरसक मदद के लिए कहा है।

भाकपा (माले) के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि रेलवे सुरक्षा को लेकर भारतीय रेल और केन्द्र सरकार एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। उन्होंने बचाव कार्य युद्ध स्तर पर करने, घायलों को तत्काल मेडिकल केयर देने व उनका पुनर्वास करने, मृतकों के परिजनों को पर्याप्त मुआवजा देने और बार-बार हो रही रेल दुर्घटनाओं पर सुरक्षा संबंधी गहन समीक्षा करने की मांग की। कहा कि एक महीना पहले ही कंचनजंघा एक्सप्रेस भीषण रुप से पश्चिम बंगाल में दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, जिसमें 15 लोगों की जान चली गई थी और पांच दर्जन से ऊपर घायल हुए थे। उसके एक साल पहले उड़ीसा के बालासोर में हुई ट्रेन दुर्घटना में करीब 300 मारे गए थे और 1100 घायल हुए थे। तब भी रेलवे सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हुए थे।

राज्य सचिव ने कहा कि डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस की ताजा घटना में 14 डिब्बों के बेपटरी होने से अभी तक चार मौतें, दो यात्रियों के पैर कट जाने और दो दर्जन यात्रियों के घायल होने की सूचना है। कहा कि करोड़ों रुपये महंगी रेलें चलाने पर खर्च किये जा रहे हैं, लेकिन रेल व यात्री सुरक्षा के नाम पर लगातार लापरवाही हो रही है। इसकी जांच होनी चाहिए और ठोस उपाय किये जाने चाहिए, ताकि भविष्य में रेल दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# आर्किटक्चर ग्लोबल रीकनेक्ट समिट में नए तकनीक से रू-ब-रू हुए इंजीनियर

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** शुक्रवार को होटल क्लार्क अवध लखनऊ में पहले आर्किटेक्चर ग्लोबल रीकनेक्ट समिट 2024 का एक दिवसीय सफल आयोजन किया गया जिसमे लखनऊ और उत्तर प्रदेश के अन्य शहरो के जानेमाने आर्किटेक्चर ने हिस्सा लिया और सम्मेलन में वह आज के दौर की नयी तकनीक से रू-ब-रू हुए। घर अच्छा बने, मजबूत बने इसके साथ ही जरूरी है कि इसमें आज के दौर की सभी आधुनिक तकनीक शामिल हो जिसमे भूकंप रोधक तकनीक भी विशेष रूप से शामिल है। इन्ही नयी तकनीक से रू-ब-रू कराने के लिए आज हुए इस आर्किटेक्चर रीकनेक्ट शिखर सम्मेलन मे बड़ी संख्या में लखनऊ और उत्तर प्रदेश के आर्किटेक्टो ने शिरकत की। सम्मेलन में आर्किटेक्चर सेगमेंट के हर पहलू को कवर करने वाली तीन इंटरेक्टिव पैनल चर्चाएं हुई जिसमे दर्जन भर आर्किटेक्टो ने अपने विचार साझा किये और वर्तमान दौर की नई नई तकनीक की जानकारी भी एक दूसरे से साझा की।

इस शिखर सम्मेलन में अनीता श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार, रोहित परमार, गौरव गुप्ता, यू वैद्यनाथन ,अजॉय पाधी, हरेंद्र कुमार, अशोक कुमार,विपुल बी वार्ष्णेय, अरुण कपूर, प्रसेनजीत सान्याल, रोहित गुप्ता, कमल बजाज, रेन्जिथ नीलकांतन, सोसायटी ऑफ नेपाली आर्केटेचर के अध्यक्ष प्रज्ञा प्रधान, मनीष नायडू आर्किटेक्ट मुम्बई, जैसे जानेमाने आर्किटेक्चरो ने पार्टिसिपेंट्स किया। यह आर्किटेक्चर ग्लोबल रीकनेक्ट समिट लखनऊ उत्तर प्रदेश में पहले बार आयोजित किया गया है लेकिन इससे पहले देश के 20 से अधिक शहरो में आयोजित हो चुका है जिसमे देश की राजधानी नई दिल्ली, मुंबई, अहमदबाद, कोलकता, हैदराबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोच्चि, चंडीगढ़, लुधियाना, गोहाटी, इंदौर, रांची, जम्मू कश्मीर मुख्य रूप से शामिल है।

# यूपी सरकार का आदेश सांप्रदायिक सद्भाव को क्षति पहुंचाने वाला : माले

अवधनामा संवाददाता

■ पार्टी राज्यव्यापी विरोध करेगी

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने मुख्यमंत्री योगी के उस आदेश की कड़ी आलोचना की है, जिसमें उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा वाले रास्तों पर पड़ने वाली खाने-पीने की दुकानों पर उनके मालिकों का नाम लिखने को अनिवार्य किया गया है। अभी तक ऐसा आदेश पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर, शामली व सहारनपुर में कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले ढाबों-होटलों के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से जारी किया गया था।

पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि इस तरह का सरकारी आदेश सांप्रदायिक सद्भाव को क्षति पहुंचाने वाला, विभाजनकारी, अस्पृश्यता मूलक और संविधान-विरोधी है। उन्होंने इसे तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की। माले नेता ने कहा कि कांवड़ यात्रा की आड़ में भाजपा सरकार ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है। आदेश का मकसद अल्पसंख्यक समाज को निशाना बनाना है। नफरत फैलाकर समाज को बांटने की कोशिश को प्रदेशवासियों ने लोकसभा चुनाव में करारा जवाब दिया। लगता है भाजपा ने कोई सबक नहीं सीखा।

कामरेड सुधाकर ने कहा कि जनदबाव में मुजफ्फरनगर पुलिस आदेश को लेकर बैकफुट पर गई थी और गुरुवार को नया नोटिस जारी कर स्वेच्छा से पालन करने को कहा था। मगर 24 घंटे के भीतर ही नए फरमान के साथ खुद मुख्यमंत्री के सामने आने से स्पष्ट हो गया कि मामला सिर्फ मुजफ्फरनगर या दो-तीन जिलों के प्रशासन का नहीं है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश सरकार की नीति है। राज्य सचिव ने कहा इस आदेश का राज्यव्यापी विरोध किया जाएगा और हर हाल में गंगा जमुनी तहजीब, धर्मनिरपेक्षता व लोकतंत्र की रक्षा की जाएगी।

# शुक्रिया टीएमयू, फिर दौड़ने लगेगा आमिर

अवधनामा संवाददाता



■ तीर्थंकर महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के बाल रोग विभाग में दुर्लभ बीमारी-बिकरस्टाफ ब्रेनस्टेम एन्सेफलाइटिस-बीबीई से मुरादाबाद के पीड़ित तीन साल के बालक का सफल ट्रीटमेंट

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के अनुभवी डॉर्क्ट्स ने एक बार फिर सिद्ध किया है, उनका कोई सानी नहीं है। बाल रोग विभाग ने तीन साल के बालक में आत्मविश्वास फिर से लौटा दिया है। मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के बाल रोग विभाग में दुर्लभ बीमारी बिकरस्टाफ ब्रेनस्टेम एन्सेफलाइटिस-बीबीई से पीड़ित तीन वर्षीय बालक आमिर का सफल ट्रीटमेंट किया है। मुरादाबाद के मुहल्ला नवाबपुरा का तीन साल का आमिर न उठ पाता था, न बैठ पाता था, न ही वह बोल पर रहा था। आंखों की पुतली भी अस्थिर थी। आमिर के पैरेंट्स ने बहुतेरे डॉक्टर्स से इलाज कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पेशे से मजदूर आमिर के पिता मो. वसीम अंततः गंभीर हालत में उसे टीएमयू हॉस्पिटल में लेकर आए। टीएमयू अस्पताल में वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. बीके गौड़ ने बताया, पेशेंट की सीटी स्कैन, एमआरआई, नर्व कंडक्शन स्डटी आदि की जांच कराई गई तो पता चला कि आमिर को बिकरस्टाफ ब्रेनस्टेम एन्सेफलाइटिस की बीमारी है। यह एक दुर्लभ प्रकार का गुलियन बेरी सिंड्रोम है।

वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. गौड़ बताते हैं, यह बीमारी 10 लाख पीडितों में किसी एक को होती है। अमूमन 02 से 10 साल आयु वर्ग के बच्चों में यह बीमारी पाई जाती है। डॉ. गौर कहते हैं, टीएमयू हॉस्पिटल में इस तरह का यह पहला केस है। इस बीमारी में पेशेंट के हाथ-पैर काम करना बंद कर देते हैं। पेशेंट की कंडिशन लकवा रोगी जैसी हो जाती है। अगर इसका असर फेफड़ों तक पहुंच जाता है तो फेफड़ों को भी लकवा मार जाता है। ऐसे में पेशेंट की जान पर बन आती है। 36 साल की अनुभवी बाल रोग विभाग की एचओडी डॉ. रूपा सिंह कहती हैं, बिकरस्टाफ ब्रेनस्टेम एन्सेफलाइटिस का वैरियंट बेहद खतरनाक होता है।

# तैराकी चैम्पियनशिप में सीएमएस छात्रा ने जीता गोल्ड

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की कक्षा-11 की प्रतिभाशाली छात्रा अली जेहरा ने लखनऊ डिस्ट्रिक्ट सब-जूनियर एण्ड जूनियर स्विमिंग चैम्पियनशिप-2024 में गोल्ड मेडल मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस चैम्पियनशिप में अली जेहरा ने 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ एमेच्योर एक्वाटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इण्डिया, कानपुर रोड के तरणताल पर किया गया।

सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. छात्रा ने गोल्ड मेडल जीतकर जीतकर अपनी तैराकी प्रतिभा का परचम लहराया है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

# रेल हादसा : जेसीबी मशीनों से हटाए गये क्षतिग्रस्त डिब्बे

■ अब तक चार की मौत, सीधी की जा रही लाइन



**गोंडा।** चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ (असम) जा रही एक्सप्रेस ट्रेन हादसे में एक और रेलयात्री का शव मिला है। पलटे एसी कोच को हटाने के बाद गिट्टी और बजरियों के बीच यह शव दबा मिला है। रेलयात्री के शव की अभी पहचान नहीं हो पाई है। चार्ट से नाम व हुलिया का मिलान करके जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में अब तक मृतकों की संख्या चार हो गयी। पूर्वोत्तर रेलवे के जीएम-डीआरएम की देखरेख में 800 रेलकर्मी दुरुस्तीकरण में जुटे हैं।

रेल दुर्घटना में चार यात्रियों की जान जा चुकी है। कुल 33 घायलों में 31 रेल यात्रियों का सीएचसी मनकापुर, महाराजा देवीबख्श सिंह मेडिकल कॉलेज गोंडा और शहर के एक निजी हॉस्पिटल में इलाज जारी है। इसके अतिरिक्त मरणासन्न हालात में गोंडा से लखनऊ रेफर किये गये दो अन्य घायलों का ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में ऑपरेशन किया गया।

गोंडा और मनकापुर के बीच मोतीगंज-झिलाही रेलवे स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के पास चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ ट्रेन के 14 डिब्बे बेपटरी हो गये थे। इनमें चार एसी कोच के साथ-साथ आठ डिब्बे पलट गये थे। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि आठ घायलों को निजी अस्पताल में बेहतर उपचार के लिए शिफ्ट किया गया है। मेडिकल कॉलेज गोंडा के कोविड हॉस्पिटल में भी मरीजों को भर्ती किया गया है। चार मृतकों के शव रखे हैं। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने बताया कि बृहस्पतिवार को हादसा होने के बाद से लगातार राहत व बचाव कार्य में कई टीमें लगी हैं। शुक्रवार की शाम तक रेल परिचालन पूरी तरह से बहाल कर लिया जाएगा। अप लाइन सुबह दस बजे तक दुरुस्त किया जा चुका है, जबकि डाउन लाइन के शाम तक सही होने की उम्मीद है। कटर व जेसीबी मशीनों से क्षतिग्रस्त डिब्बे हटाए गये।

हादसे के दौरान उखड़ी रेल पटरी को बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। पूरा रेलवे ट्रैक सीधा करते हुए इलेक्ट्रिक लाइनें व खंबों को व्यवस्थित किया जा रहा है। सीआरएस जांच भी शुरू कर दी गई है। मौके पर मिट्टी व गिट्टी के सैम्पल जुटाकर जांच के लिए भेजे गये हैं।

**मरने वाले चार मुसाफिरों में दो की अब तक शिनाख्त नहीं**

इससे पूर्व बीती रात गोंडा पहुंची रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया सिन्हा वर्मा ने हादसे के कारणों की जानकारी जुटाई साथ ही रेल दुर्घटना में घायलों का हालचाल लिया। चार मृतकों में अररिया-बिहार निवासी सरोज कुमार सिंह और एक अज्ञात की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि धनेटी, अलीगंज-बरेली के मूल निवासी और चंडीगढ़ से ट्रेन में सवार राहुल कुमार के दोनों पैर कट जाने के कारण गोंडा से लखनऊ रेफर किया गया। रास्ते में जरवल रोड पहुंचते ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

# दो दिवसीय माडल यूनाइटेड नेशन्स कान्फ्रेंस का उद्घाटन आज

अवधनामा संवाददाता

■ राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्रा होंगे मुख्य अतिथि

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस के तत्वावधान में दो-दिवसीय माडल यूनाइटेड नेशन्स (एम.यू.एन.) कान्फ्रेन्स का भव्य उद्घाटन कल 20 जुलाई, शनिवार को प्रातः 9.00 बजे विद्यालय प्रांगण में किया जा रहा है। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्रा इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी विद्यालय के जन-संपर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि माडल यूनाइटेड नेशन्स (एम.यू.एन.) कान्फ्रेन्स 20 एवं 21 जुलाई को सी.एम.एस. चौक कैम्पस के विशाल परिसर में आयोजित हो रहा है, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के 300 से अधिक छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य एकता एवं शांति स्थापना के प्रमोटर के रूप में छात्रों के व्यक्तित्व विकास करना है, साथ ही सम-सामयिक घटनाओं, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों एवं कूटनीतिक जानकारियाँ प्रदान कर उनके दृष्टिकोण को वैश्विक एवं व्यापक बनाना है।

श्री खन्ना ने बताया कि उद्घाटन समारोह के उपरान्त माडल यूनाइटेड नेशन्स की विभिन्न कमेटियों में सामयिक विषयों पर छात्रों की चर्चा-परिचर्चा का दौर प्रारम्भ होगा। इन कमेटियों में यूनाइटेड नेशन्स जनरल असेम्बली, यूनाइटेड नेशन्स सिक्योरिटी काउन्सिल, यूनाइटेड नेशन्स कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ वूमेन, यूनाइटेड नेशन्स ह्यूमन राइट्स काउन्सिल, यूनाइटेड नेशन्स इन्वार्यनमेन्टल प्रोग्राम, इण्टरनेशनल प्रेस, ऑल इण्डिया पॉलिटिकल पार्टीज मीट एवं ज्वाइन्ट क्राइसिस कमेटी प्रमुख है।

# कानूनी कार्रवाई बाल विवाह के खात्मे की कुंजीः साई ज्योति

- हमीरपुर मे साई ज्योति संस्थान ने पिछले वर्ष 500 से अधिक बाल विवाह रुकवाए
- मौजूदा दर के हिसाब से बाल विवाह के लंबित मामलों के निपटारे में भारत को लग सकते हैं 19 साल

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** आज साई ज्योति संस्था के निर्देशक अजय श्रीवास्तव द्वारा आईपीसी की रिपोर्ट 'टूवार्ड्स जस्टिस –एन्डिंग चाइल्ड मैरेज' को रिलीज किया गया. इस अवसर पर साई ज्योति संस्था के निदेशक ने कहा भारत में बाल विवाह के खात्मे में कानूनी कार्रवाइयों और अभियोजन की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि इसी तथ्य को उजागर करने वाली इस रिपोर्ट मे भी कहा गया है कि कानूनी कार्रवाइयां और कानूनी हस्तक्षेप 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लक्ष्य को हासिल करने की कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि कानून की जागरूकता कर संस्था ने एक वर्ष के दौरान हमीरपुर जिले के 150 गांवों में 500 से अधिक संभावित बाल विवाहो को रोकने मे सफलता प्राप्त की हैं। 'टूवार्ड्स जस्टिस – एन्डिंग चाइल्ड मैरेज' शीर्षक से जारी यह रिपोर्ट इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की शोध टीम ने तैयार की है। साई ज्योति और चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड 2030 तक देश से बाल विवाह के खात्मे के लिए काम कर रहे, और बाल विवाह मुक्त भारत के सहयोगी संगठन के तौर पर साथ हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे - 5 के अनुसार हमीरपुर में बाल विवाह की दर 20 थी जबकि राष्ट्रीय औसत 23.3 है। संगठन ने सरकार से अपील की कि वह अपराधियों को सजा सुनिश्चित करें ताकि बाल विवाह के खिलाफ लोगों में कानून का भय पैदा हो सके। साई ज्योति संस्था के परियोजना समन्वयक कैलाश नारायण गौतम ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए असम सरकार की कानूनी कार्रवाई पर जोर देने की रणनीति के शानदार नतीजे मिले हैं और इस मॉडल की सफलता को देखते हुए इसे पूरे देश में आजमाया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार 2021-22 से 2023-24 के बीच असम के 20 जिलों में बाल विवाह के मामलों में 81 प्रतिशत की कमी आई है जो बाल विवाह के खात्मे में कानूनी कार्रवाई की अहम भूमिका का सबूत है। इस अध्ययन में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) और असम के 20 जिलों के 1,132 गांवों से आंकड़े जुटाए गए जहां कुल आबादी 21 लाख है जिनमें 8 लाख बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि नतीजे बताते हैं कि बाल विवाह के खिलाफ जारी असम सरकार के अभियान के नतीजे में राज्य के 30 प्रतिशत गांवों में बाल विवाह पर पूरी तरह रोक लग चुकी है जबकि 40 प्रतिशत उन गांवों में इसमें उल्लेखनीय कमी देखने को मिली जहां कभी बड़े पैमाने पर बाल विवाह का चलन था।

# आगरा से मथुरा भेजीं गई नौ रोडवेज बसें गायब

- लोकेशन न मिलने से रोडवेज मै खलबली

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** आगरा के फाउंड्री नगर डिपो की 9 रोडवेज बसें मंगलवार से गायब हैं। इससे उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में खलबली मची हुई है क्योंकि, फाउंड्री नगर डिपो से रोडवेज बसें मथुरा के मुड़िया मेला में भेजी गई थी मगर, चालक-परिचालक मनमर्जी करके गाड़ियों को मैनपुरी ले गए। सभी नौ बसों की इलेक्ट्रॉनिक टिकट मशीन (ईटीएम) एयरप्लेन मोड पर हैं तो बसों का जीपीएस बंद है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम गायब रोडवेज बसों की लोकेशन की खोज कर रहा है मगर, रोडवेज बसों के साथ ही चालक-परिचालकों का कोई सुराग नहीं मिला है। रोडवेज बस गायब होने के घेरे में चालक-परिचालक हैं। बता दें कि फाउंड्री नगर डिपो से मंगलवार सुबह मैनपुरी रूट पर चलने वाली 9 बसों को गोवर्धन के मुड़िया मेला में भेज दिया। फाउंड्री नगर डिपो से चालक और परिचालक ने ड्यूटी स्लिप भी ली मगर, परिचालक और चालक डिपो से ड्यूटी स्लिप लेकर मथुरा जाने की जगह मैनपुरी रूट पर ही सवारी भरकर रोडवेज बसें लेकर रवाना हो गए। इसके बाद से सभी 9 रोडवेज बसें उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के रडार से गायब हैं। इससे उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम अधिकारियों में अफरातफरी मची है। लेकिन, निगम अधिकारी मुड़िया मेला में व्यस्त हैं। रोडवेज बसों को खोजने का अन्य तरीका नहीं निकाल पा रहे हैं। अधिकारी अब चालक-परिचालक के लौटने का इंतजार कर रहे हैं। फाउंड्री नगर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक दिनेश यादव ने बताया कि, गोर्वधन के मुड़िया मेले के लिए मंगलवार को मैनपुरी रूट की बसें भेजी गई थीं। मगर, चालक परिचालक इन रोडवेज बसों को मथुरा जाने की जगह मैनपुरी ले गए मगर, मंगलवार से ये रोडवेज बसों को लेकर चालक और परिचालक अभी तक लौटकर नहीं आए हैं।

# जखौरा कोटेदार के खिलाफ लामबंद हुये ग्रामीण

- घटतौली कर अनियमितता बरतने का लगाया आरोप
- ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ डीएम को भेजा शिकायती पत्र



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** ब्लाक जखौरा अंतर्गत कस्बा के कोटेदार पर अनियमितता बरते जाने को लेकर ग्रामीणों ने लामबंद होकर जमकर हंगामा काटा। खाद्यान्न वितरण करने वाले कोटेदार के पति के खिलाफ खाद्यान्न वितरण में घटतौली करने और विरोध करने पर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी जखौरा को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कोटे की दुकान श्रीमती शिवकुंवर के नाम से राशन वितरण की दुकान आवंटित है। आरोप लगाया कि उक्त दुकान को कोटेदार के पति अशोक द्वारा संचालित किया जाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुये बताया कि कोटेदार के पति द्वारा प्रति कार्ड धारक को 2 किलो राशन कम तौलकर दिया जा रहा है, तो वहीं राशनकार्ड धारकों को समय पर राशन भी नहीं दिया जाता है। बताया कि कोटेदार द्वारा गरीब लोगों को 4 और 5 दिन तक राशन की दुकान तक जाने के बाद भी राशन नहीं दिया जाता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कोटेदार के पति द्वारा प्रतिदिन नेटवर्क न आने की बात कहते हुये बाद में आकर खाद्यान्न लेने की बात कही जाती है। बताया कि यहां के अधिकांश ग्रामीण खेती-किसानी करते हैं और खेती मजदूरी छोड़कर कई दिनों तक कोटेदार के यहां चक्कर काटते रहते हैं। बावजूद इसके प्रति राशन कार्ड धारक को 2 किलो कम राशन दिया जाता है, विरोध करने पर कोटेदार के पति द्वारा ग्रामीणों को भद्दी-भद्दी गालियां देकर धमकाया जाता है। ग्रामीणों ने कोटेदार से प्रताड़ित होने का आरोप लगाते हुये जिलाधिकारी से कोटेदार के खिलाफ जांच करायी जाकर कोटा को निरस्त कर उचित कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय मोनू लोधी, देवी, प्रकाश, अनोखेलाल, रानी, बसंत राम, बारेलाल, विजय, हरवान सिंह, सज्जन, राजेश, रूपेश, मालती, प्रकाश, हिमांशु, बाबूलाल, जाहर, देवकी नन्दन, परशुराम, रेखा, महेश, सुकन, शांति, घनश्याम, राजकुमार, राकेश, चऊवा, महेश कुमार, अनीता, अनेक सिंह, दुर्ग सिंह, रामदास, भारती, कंचन, रेखा, सुदामा, आसू, केसर, तुलसा, गजरा, सुशीला, हरदेश, देवकी, सुखवती, सगराम, दयाली के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

# प्रतिभास्थली में संस्कृति शिक्षा और संस्कार सुरक्षितः मुनिश्री



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** लौकिक शिक्षा के साथ जीवन में संस्कार जरूरी है। प्राचीन गुरुकुल पद्धति को श्रेयस्कर बताते हुए मुनि महासागर महाराज ने कहा हमारे ऋषि महर्षि गुरुकुल में विद्यार्थियों को हर प्रकार की शिक्षा में निपुण करते थे उसी का परिणाम है कि आज हमारी संस्कृति सुरक्षित है। वर्तमान शिक्षा पद्धति को दोषपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा आज शिक्षा तो मिल रही है लेकिन संस्कार नहीं। जिससे समाज में तरह तरह की कुरीति और विसंगतियां जन्म ले रही है। नगर के पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर में आयोजित सिद्धचक्र विधान में मुनि महासागर महाराज ने कहा संत शिरोमणि आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से प्रतिभास्थली के माध्यम से बालिका शिक्षा को गुरुकुल पद्धति का रूप देकर संस्कारों से संवारा। इसी का परिणाम है कि आज प्रतिभास्थली से संस्कारवान बालिकाए उच्च पदों पर चयनित हो रही है। इसके पूर्व प्रतिभास्थली में अध्ययनरत रही सीए में चयनित आस्था अलया ने प्रतिभास्थली को संस्कारों की बगिया बताते हुए शिक्षा का मंदिर बताया जहां संस्कृति और संस्कार आज सुरक्षित हैं।

# विद्युत कर्मियों की ज्यादती के शिकार उपभोक्ताओं को मिले मुआवजा

- बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन
- सर्व सम्मति से क्लब के महामंत्री सोनू ताम्रकार निलंबित



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. की बैठक दिवाकर हाऊस पर सम्पन्न हुयी जिसमें जनपद में विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली में बरती जाने वाली लापरवाही पर चिंता व्यक्त की गयी। विद्युत विभाग में सुधार हेतु जिलाधिकारी को सम्बोधित एक ज्ञापन कलैक्ट्रेट जाकर उपजिलाधिकारी राघवेन्द्र शर्मा को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि विद्युत विभाग की लापरवाही दर्शाती हाल की दो घटनाओं ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली की पोल खोल कर रख दी है। अभी 12 जुलाई को विद्युत विभाग की छापामारी के दौरान अभद्रता और ज्यादती से परेशान होकर नदी मोहल्ला के अलाउद्दीन की हृदयाघात से मौत हो गयी थी। इससे उसका भरा पूरा परिवार तबाह हो गया है। दूसरी घटना में मोहल्ला रामनगर की है जहाँ हाल ही में एक मासूम बालिका विद्युत पोल से छू जाने के कारण असमय काल के गाल में समा गयी थी। विद्युत पोल में करंट से मौत और विभागीय सख्ती से उपभोक्ता की मौत दो असामान्य घटनाएं हैं, जिनमें विद्युत विभाग की घोर लापरवाही उजागर होती है। इसके अलावा लगातार अघोषित विद्युत कटौती होना और छोटे-छोटे फाल्ट पर कई घंटों तक बिजली की सप्लाई रोके रखना तो सामान्य घटनाएं बन चुकी हैं। बताया कि जहाँ भी विद्युत चोरी होती है वहाँ विद्युत कर्मियों की ही मिलीभगत होती है। क्यों कि विद्युत कर्मियों की जानकारी के बगैर विद्युत चोरी नहीं हो सकती। ऐसे में पत्रकारों ने मांग की कि मृतक परिवारों का बकाया विद्युत बिल माफ कर तत्काल आर्थिक मदद और उचित मुआवजा दिलाया जाये ताकि पीड़ित परिवारों को मुसीबत से बचाया जा सके। यह भी माँग की कि विद्युत विभाग के जिम्मेदार कर्मियों को विभागीय लापरवाही रोकने हेतु कड़ा निर्देश दिया जाये ताकि भ्रष्टाचार में लिप्त विभागीय कर्मियों को सबक मिल सके। क्लब के महामंत्री सोनू ताम्रकार को दुराचार, अनुशासनहीनता और संगठन विरोधी गतिविधियों के कारण सर्वसम्मति से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया और लगाए गये आरोपों का लिखित उत्तर देने के लिये 15 दिन का नोटिस जारी किया गया। उन्हें चेतावनी दी गयी कि क्लब का धन अविलम्ब क्लब में जमा कराया जाये। ज्ञापन और बैठक में बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब के संरक्षक गण रवीन्द्र दिवाकर, जाकिर राज चौहान, सच्चानंद गोलवानी, फहीम बख्श, राजाराम यादव, अध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी, संगठन मंत्री अनुज सिंह ठाकुर, पार्षद मनमोहन चौबे, कोषाध्यक्ष इशराक खान नीटू, विधि सलाहकार मु.आसिफ एडवोकेट, हसीब खान वकील, मो शमीम, परशुराम उर्फ पप्पू झा, चरणसिंह रामनगर, सजल दिवाकर, नाजिर बेग, वेदप्रकाश लिटौरिया, मोनिका परिहार, यूसुफ खान, शिशुपाल अहिरवार, महेन्द्र यादव दिया, पवन प्रजापति, ओमकरन सिंह राजपूत, भगवान सिंह यादव इकलगुवा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### खाद्य सुरक्षा विभाग की जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक



**बिलग्राम।** विवेकानंद सभागार में नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा समिति की बैठक हुई। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि नकली खाद्य सामग्री की बिक्री न होने दी जाये। नकली सामग्री को रोकने में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया जाये। इसके लिए प्रतिष्ठित लोगों को जागरूक किया जाये। आम जन को जागरूक किया जाये। छोटे दुकानदारों को जागरूक किया जाये कि कचरा नालों में न डाला जाये। जागरूकता में अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित की जाये। चाट व अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों के पास डस्टबिन रखी जाये। नगर क्षेत्र में सफाई का कार्य कराया जाये। खाद्य सुरक्षा को लेकर स्कूलों में कार्यशाला का आयोजन किया जाये।उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाये। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा कुमार गुंजन ने कहा कि आम जन किसी भी शिकायत के लिए विभाग की ओर से जारी किये गए टोल फ्री नंबर 18001805533, 0522-2258101 पर कॉल कर सकते है। इस अवसर पर ड्रग इंस्पेक्टर स्वागतिका घोष व समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### भाषा विवि में समर्थ पोर्टल के माध्यम से पुनः एडमिशन का मौका

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विभिन्न विषयों में बची हुई सीटों पर पुनः आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। विदित है कि सत्र 2024-25 के लिये ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में आवेदन और एडमिशन प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से हो रही है। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि 19 जुलाई से 22 जुलाई के बीच विभिन्न विषयों में एडमिशन के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से अप्लाई किया जा सकता है। जिसके आधार पर ही पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। एडमिशन से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर विजिट करके जानकारी प्राप्त की जा सकती है। साथ विश्वविद्यालय में स्थापित एडमिशन केंद्र से और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### व्यापारी कोतवाली पहुंचे

**मथुरा।** बीती रात मंडी से आढ़त करके लौटते व्यापारी का अपहरण हो जाने की खबर जैसे ही व्यापारियों को लगी। व्यापारियों ने मंडी बंद कर दी। इसके बाद कोतवाली पहुंचे। आक्रोशित व्यापारियों ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से अपहृत व्यापारी को बरामद करने की मांग की।

शंकर बिहार कालोनी कृष्णानगर में रहने वाले व्यापारी योगेंद्र गर्ग के अपहरण की खबर लगते ही व्यापारियों में हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने अनाज मंडी को बंद कर दिया। इसके बाद व्यापारी कोतवाली पहुंचे। कोतवाली में व्यापारियों ने कोतवाल रवि त्यागी से मुलाकात कर व्यपारी को बरामद करने की मांग की। इस मामले में व्यापारी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करादी गई है। कोतवाल ने व्यापारियों को इस बात का भरोसा दिया कि शीघ्र ही व्यापारी को बरामद कर उसे अपहरण करने वालों को गिरफ्तार किया जाएगा। इस आश्वासन पर व्यापारी कोतवाली से चले आए। व्यापारियों का कहना है कि अगर पुलिस उन्हें शीघ्र बरामद नहीं करती है तो मंडी को अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया जाएगा। मंडी में प्रदर्शन करने वाले व्यापारी चंद्रभान शर्मा, सुनील गुप्ता संजय साहू विष्णु शर्मा अशोक ठाकुर बृज कुमार शर्मा शैलेंद्र कुमार शर्मा नेत्रपाल ठाकुर आशीष गर्ग सचिन अग्रवाल पुरुषोत्तम खंडेलवाल आदि थे।

### तिरंगा शाखा और आम आदमी पार्टी ने जम्मू कश्मीर में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजली

**मथुरा।** तिरंगा शाखा एवं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 15 जुलाई को जम्मू कश्मीर के डोडा जिला में सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों का शौर्य के साथ मुकाबला करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए, कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बृजेंद्र सिंह सिपाही अजय सिंह एवं जम्मू कश्मीर के पुलिसकर्मी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर तिरंगा शाखा के जिला प्रमुख सुरेश कुमार सैनी ने कहा कि लगातार आतंकवादी घटनाएं बढ़ रही हैं। हमारे देश के सैनिक बड़े साहस के साथ आतंकवादियों का मुकाबला कर वीरगति को प्राप्त हो रहे हैं। हम उनकी शहादत को नमन करते हैं। आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि देश के अंदर आतंकवाद एक वार फिर से बड़ी चुनौती बन गया है। भारत सरकार को गंभीरता से इस चुनौती को स्वीकार कर सैनिकों का मनोबल बढ़ाना चाहिए तथा उन्हें अत्याधुनिक हथियारों से लेस कर मुकाबला के लिए तैयार करना चाहिए। आतंकवाद के प्रति केंद्र सरकार की उदासीनता काबिले बर्दाश्त नहीं है। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संतोष चंद्र सक्सेना वर्तमान जिला उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल आप यूथ विंग राज्य कमेटी के पूर्व सदस्य आदेश शर्मा आप जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सैनी पूर्व पार्षद प्रत्याशी कमल बघेल गोपाल दास सैनी केला देवी यशोदा देवी भावना माहोर दाऊजी सैनी सुरेश चंद गंगा माहोर आज उपस्थित थे।

# डॉ. पदम सिंह कौंतेय के निलंबन का विरोध

- उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद एवं माध्यमिक शिक्षक संगठन के विभिन्न गुट एकजुट सभी गुटों का तीव्र आक्रोश

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** श्री राधा कृष्ण इण्टर कॉलेज उसफार, मथुरा के प्रधानाचार्य डॉ पदम सिंह के प्रबन्ध तंत्र द्वारा किये गए निलंबन के विरोध में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय मथुरा में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संगठन के विभिन्न गुटों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा सयुंक्त रूप से डी आई ओ एस रविंद्र सिंह से मुलाकात कर अति आवश्यक वृहद बैठक की गई। सयुंक्त वृहद बैठक में वक्ताओं ने अवैधानिक एवं षड्यंत्रकारी तरीके से विद्यालय के प्रबंधक द्वारा डॉ पदम सिंह के किये गए निलंबन के संबंध में डी आई ओ एस को अवगत कराया गया और को सयुंक्त रूप से लिखित में यह अवगत कराया गया कि प्रबंधक द्वारा विद्यालय में प्रधानाचार्य डॉ पदम सिंह के निलंबन के पश्चात भय एवं आतंक का माहौल उत्पन्न किये हुए है। प्रबंधक विद्यालय के पठन-पाठन की समयावधि में विद्यालय में आते-जाते हैं तथा विद्यालय के स्टाफ को निलंबित करने की धमकी देकर प्रधानाचार्य डॉ पदम सिंह के विरुद्ध गलत तथ्य लिखित रूप में देने के लिए स्टाफ पर दबाव बनाने का कुप्रयास और षड्यंत्र रच रहे हैं और इसके साथ ही प्रबंधक विद्यालय के सभी अभिलेख अपने घर ले गए हैं।

सभी वक्ताओं ने डी आई ओ एस से मांग की कि प्रबंधक के काले कारनामों की एक उच्च स्तरीय विभागीय जांच कराई जाए और जांच पूर्ण होने तक प्रबंधक के विद्यालय में प्रवेश को प्रतिबंधित किया जाए तथा प्रधानाचार्य डॉ पदम सिंह के विरुद्ध किसी भी तरह की कोई कार्यवाही विभागीय स्तर से न की जाए। वक्ताओं ने एक स्वर में यह भी कहा कि प्रबंधक द्वारा नामित अन्य किसी के हस्ताक्षर विभाग द्वारा प्रमाणित न किये जायें। वक्ताओं ने कहा कि उक्त विद्यालय में प्रबन्ध तंत्र में आपसी विवाद चल रहा है जिसकी वजह से डॉ पदम सिंह का उत्पीड़न किया जा रहा है। जिला विधालय निरीझक रवींद्र सिंह जी ने वृहद बैठक में सभी वक्ताओं की बात सुनकर सभी के समक्ष सार्वजनिक रूप से अपना संकल्प व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि प्रधानाचार्य डॉ पदम सिंह का किसी भी कीमत पर उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। वृहद बैठक में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री डॉ कमल कौशिक, उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद सेवारत संबद्ध राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ देव प्रकाश, डॉ अजय कृष्णा सारस्वत (जिलाध्यक्ष - सुशील सिंह गुट), डा मनवीर सिंह (जिलाध्यक्ष - डॉ हरेंद्र राय गुट), डॉ डॉ दिनेश राणा (प्रदेश मंत्री - चेतनारायण गुट एवं मंडलीय अध्यक्ष - प्रधानाचार्य परिषद), संजय पचौरी (जिलाध्यक्ष - शर्मा गुट), चंद्रभान यादव (जिला मंत्री - डॉ हरेंद्र राय गुट), वीरेंद्र कुमार उपाध्याय (पूर्व जिलाध्यक्ष - शर्मा गुट), जय प्रकाश शर्मा (पूर्व जिलाध्यक्ष - चेतनारायण गुट), राकेश ठकुरेला (कार्यकारी जिलाध्यक्ष - चेतनारायण गुट), अनिल सिंह छोंकर (जिला मंत्री - शर्मा गुट), शिव कुमार (जिला मंत्री - चेतनारायण गुट), डॉ सुरेश चंद तोमर (जिला मंत्री - डॉ सुशील कुमार सिंह), डॉ अरविंद शर्मा, डॉ राकेश माहेश्वरी, के वी यादव, डॉ विजेंद्र सिंह, डॉ कमल कुमार गौड़, प्रमोद चौधरी, सौदान सिंह, डॉ विमल यादव, श्रीमती कविता सक्सेना, राज्य शिक्षक पुरस्कार से पुरस्कृत एवं गाइड कमिश्नर डॉ शालिनी अग्रवाल, डॉ प्रिया जैन, डॉ दीपा चौधरी, डा शिवाजी सिंह (पूर्व जिलामंत्री - शर्मा गुट), डॉ हरिओम चौधरी, डोरी लाल सैनी, डा प्रेमवीर सिंह रावत, जिला स्काउट कमिश्नर निखिल अग्रवाल, जिला स्काउट / गाइड सचिव जोगेंद्र सिंह, प्रेम चंद शर्मा, डॉ राम बहादुर सिंह भदोरिया, सोहनलाल झा, डॉक्टर भुवनेश चौधरी (वरिष्ठ पदाधिकारी चेतनारायण गुट), भगवत प्रसाद, यशपाल सिंह, अमित गौतम, डी के सिंह, डॉ पदम सिंह, डॉ प्रवीन कुमार यादव, प्रेमवीर सिंह, राकेश साहू, विनोद पाल सिंह, अटेवा जिला सयोंजक शैलेन्द्र सिंह, महेंद्र सिंह सिंह सहित अनेकों प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# एल.यू.सी.सी. में जमा धनराशि वापस मांगने पर धमकाया

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** भौंरट बांध परियोजना में किसानों को उनकी जमीन अधिग्रहीत कर सरकार ने मुआवजा दिया था। इस मुआवजे की रकम पर नजर गढ़ाये प्राईवेट कम्पनी ने किसानों को कम समय में रुपया दोगुना करने का प्रलोभन देकर उनका रुपया हड़प कर लिया है। अब किसान अपनी रकम वापस पाने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को विवश हैं। महरौनी क्षेत्र के ग्राम सतलींगा के कुछ किसानों ने एसपी को शिकायती पत्र देकर एल.यू.सी.सी. नामक प्राईवेट कम्पनी में जमा किये हुये रुपये वापस दिलाये जाने की मांग उठायी है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। एसपी को दिये शिकायती पत्र में सतलींगा में रहने वाले यशवंत सिंह पुत्र कैलाश सिंह, जगत सिंह पुत्र कैलाश सिंह, हरकुंवर पत्नी रूप सिंह व सुखसिंह पुत्र हरलाल ने बताया कि उन्हें भौरट बांध परियोजना मे अधिग्रहीत की गयी भूमि का मुआवजा मिला था। एल.यू.सी.सी. कम्पनी के एजेन्ट ग्राम छिल्ला निवासी जगत सिंह उर्फ तन्सू, मड़ावरा निवासी मुकेश कुमार जैन, ग्राम सैदपुर निवासी नीरज जैन उर्फ बन्टी किसानों के पास आये और कहने लगे कि एल.यू.सी.सी. कम्पनी के एजेन्ट है। इस कम्पनी में आईडी खुलवाओ जितना पैसा जमा करोगे उसका पांच साल में दोगना पैसा मिलेगा। किसानों ने बताया कि उक्त लोगों के प्रलोभन में आकर उक्त लोगों ने 26 मार्च 2019 को आईडी नम्बर- 7605427 मुबलिग 1 लाख रुपये हरकुंवर पत्नी रूपसिंह, आई.डी. नम्बर- 7662311 मुबलिग 50 हजार रुपये सुखसिंह पुत्र हरलाल, आई.डी. नम्बर-7662331 मुबलिग 25 हजार रुपये यशवंत सिंह पुत्र कैलाश सिंह, आईडी नम्बर 7662321 मुबलिग 25 हजार रुपये जगत सिंह पुत्र कैलाश सिंह ने उक्त एजेन्टो को उक्त धनराशि जमा की तो उक्त कम्पनी के एजेन्टो जगत सिंह उर्फ तन्सू, मुकेश कुमार जैन, नीरज जैन उर्फ बन्टी से कहा कि 26 मार्च 2024 को पांच वर्ष पूरे हो गये हैं।

# 43.66 करोड़ की लागत से होगा यमुना के घाटों का विकास

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की एक और योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके तहत मथुरा में यमुना के घाटों का पुनरुद्धार किया जाएगा। इसकी पहली किश्त के रूप में 15 करोड़ जारी किए गए हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने यमुना के घाटों से जुड़ा 49.77 करोड़ का प्रोजेक्ट शासन को प्रस्तावित किया था।

इसमें घाटों की मरम्मत, सौंदर्यीकरण, छतरियों की मरम्मत, बैठने के लिए बेंच, अधूरे घाटों को पूरा करना, एक दूसरे से उन्हे जोड़ना शामिल है। इस निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने सिंचाई विभाग को कार्यदायी संस्था बनाया है। सिंचाई विभाग की अपर खंड आगरा कैनाल ने इसके लिए 49.77 करोड़ का स्टीमेट प्रस्तुत किया था। इस पर शासन ने मामूली संशोधन के साथ 43,66 करोड़ की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसी के साथ 15 करोड़ की प्रथम किश्त भी जारी की गई है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि मथुरा में यमुना के अनेक घाटों की मरम्मत होनी है। वहां श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान की जानी हैं। इसी के मद्देनजर घाटों के विकास और पुनरुद्धार के लिए प्रस्तावित योजना को शासन ने अनुमति प्रदान कर दी है। 49.77 करोड़ के इस कार्य से यमुना के घाट सुंदर बनेंगे। यमुना की ओर पर्यटकों का रुझान भी बढ़ेगा। मथुरा वृंदावन में यमुना के घाट धार्मिक महत्व से जुड़े हैं। वृंदावन में अक्रूर घाट का नव निर्माण भी किया जाना है।

# सोयम प्याले (तीजा) के जुलूस के साथ मोहर्रम के कार्यक्रमों का समापन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मोहर्रम कमेटी शहर व सदर के तत्वावधान में हज़रत इमाम हुसैन की याद में सोयम प्याला (तीजा), अलम व अखाड़े का जुलूस सादगी के साथ निकाला गया।

मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मौहम्मद युनूस गाज़ी एवं सचिव अबरार खान वारसी ने बताया कि आज 12 मोहर्रम को के नेतृत्व में सोयम प्याला (तीजा), अलम व आखाड़े के जुलूस परम्परागत स्थान सरायं भरतपुर गेट से प्रारम्भ हुआ और भरतपुर गेट पर अखाड़ा जमा जिसमें अखाड़े के उस्ताद खलीफाओं ने अपनी कला का जोरदार प्रदर्शन किया इसके बाद खारी कुआं, घीया मंडी, होते हुए चौक बाजार पहुंचा वहां पर 2 घंटे अखाड़ा जमा जिसमें अखाड़े के उस्ताद खलीफाओं ने बिराह बांटी आदि कलाओं के हैरतअंगेज करतब दिखाए। इसके बाद घीया मंडी होकर मटिया दरवाजा होते हुए मनोहरपुरा पहुंच कर वहां से वापसी भरतपुर गेट पहुंच कर जुलूस का समापन किया गया। जुलूस में नो जवान बुजुर्ग व महिलाओं की सबसे अधिक संख्या रही। इस दौरान महिलाओं ने अपनी अपनी मन्नत मुराद के अलमों पर चांदी आदि धातुओं के नींबू व धागे बांधे। मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मौहम्मद युनूस गाज़ी ने मोहर्रम के जुलूसों का सकुशल समापन होने पर कहा कि

मोहर्रम के जुलूसों में पहले से बेहतर पुलिस प्रशासन का सुरक्षा के दृष्टिगत चाक चौबंद व्यवस्था एवं सहयोग सराहनीय रहा। इस बीच मथुरा वृन्दावन नगर निगम एवं विधुत विभाग का कार्य भी प्रशंसा पात्र रहा है। उन्होंने सभी अलमदार, अखाड़ेदार, दुलदुलदार व ताजिया दारों द्वारा शहर के परम्परागत स्थानों से अपने अपने जुलूसों को शान्ति सद्भावना एवं प्रेम सौहार्द के साथ निकाले जाने पर सराहना की।

मोहर्रम कमेटी सचिव अबरार खान वारसी ने बताया कि आज मोहर्रम के जुलूसों के कार्यक्रमों का सकुशल समापन किया गया है। मोहर्रम कमेटी जुलूसों में सहयोग प्रदान करने वाले सभी मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों की सराहना करती।

इस दौरान जुलूस के साथ साथ पुलिस बल एवं मोहर्रम कमेटी पदाधिकारी व्यवस्था बनाते हुए चल रहे थे?। इस मौके पर अध्यक्ष मौहम्मद युनूस गाज़ी सचिव अबरार खान वारसी, उपाध्यक्ष भूरा शेख़, मीडिया प्रभारी शाहिद कुरैशी, जहीर अब्बास जैदी, शारिक अली? एडवोकेट, हाजी सूफी सईद हसन, राजू फारूकी, डॉ शबनम कुरैशी, निशाद अहमद, नौशाद खान, आरिफ़ कुरैशी, शादान वारसी, चांद, आशिफ कुरैशी, बंटी कुरैशी, अली अब्बास, नईम अब्बासी, इकरार अंसारी, इकराम अंसारी, आबिद कुरैशी, आरिफ खान आदि जूलूस के साथ साथ चल रहे थे।

# निकल आई हैं तोंद तो 45 दिनों तक करें ये एक एक्सरसाइज, मिलेगी स्लिम-ट्रिम बॉडी



आजकल मोटापे की समस्या होना एक आम बात है। अधिकतर लोग मोटापे का शिकार हैं। मोटापा अपने साथ कई बीमारियों को भी लेकर आता है और साथ ही यह आपके लुक्स पर भी असर डालता है। अगर आप भी साइड बेली फैट और कमर की चर्बी को कम करना चाहते हैं, तो इसके लिए एक्सरसाइज करना बहुत जरूरी है।

हालांकि आजकल की बिजी लाइफस्टाइल के कारण लोगों के पास जिम जाने का समय नहीं है। ऐसे में यदि हम आपसे कहें कि साइड बेली फैट और कमर की चर्बी को कम करने के लिए आपको जिम में घंटों पसीना बहाने की जरूरत नहीं है। दरअसल, आप घर पर ही एक आसान एक्सरसाइज कर आसानी से बेली फैट और वेस्ट फैट को कम कर सकती हैं।

***दीवार की मदद से करें यह एक्सरसाइज***

सबसे पहले योगा मैट को दीवार से सटाकर बिछाएं।

अब योगा मैट पर लेट जाएं और पैरों को ऊपर की तरफ उठाकर दीवार से टिकाएं।

वहीं शरीर का ऊपरी हिस्सा मैट पर होना चाहिए।

फिर दोनों हाथों को पीछे की तरफ ले जाएं।

इसके बाद हाथों को आगे की तरफ लाएं और ऊपर की तरफ उठाएं।

अब आपको पैरों को कैंची की तरह खोलना है।

फिर नीचे लेट जाएं और हाथों को पीछे कर दें।

यदि आप बिगिनर हैं तो 10 बार 4 सेट्स में यह एक्सरसाइज करें।

धीरे-धीरे आपको समय बढ़ाना है, बाद में आप 40 बार में 6 सेट्स करें।

***फायदे***

बता दें कि इस एक्सरसाइज को करने से बेली फैट कम होता है।

इस एक्सरसाइज को करने से पेट की मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है और बाहर निकला पेट अंदर होता है।

जिन लोगों का साइड से पेट लटक रहा है या फिर हिप्स और कमर पर चर्बी जमा हो रही है। तो भी आपको यह एक्सरसाइज करनी चाहिए।

***यह जांघों के फैट को भी कम करती है।***

इससे शरीर की कई मसल्स काम करती हैं और आर्म फैट कम होता है।

इस एक्सरसाइज को करने के दौरान ध्यान रखें कि आप एकदम झटके से न उठे।

***क्योंकि झटके से उठने से क्रैम्प आ सकता है।***

हेल्थ एक्सपर्ट के हिसाब से यदि आप बिना गैप के 45 दिनों तक लगातार यह एक्सरसाइज करते हैं। तो आपको बेली फैट में फर्क महसूस हो सकता है।

इस एक्सरसाइज को करने के साथ ही आपको अपनी डाइट पर भी ध्यान देना जरूरी है।

# वजन घटाने में कारगर साबित होगा सेब का सिरका, इसके सेवन से मिलते हैं जबरदस्त फायदे



सेब का सिरका यानी एप्पल साइडर विनेगर वजन घटाने के लिए सबसे बेहतर ऑप्शन है। इसके सेवन से भूख कंट्रोल होती है और मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। सेब का सिरका में ऐसे चमत्कारिक गुण होते हैं जो शरीर की जिद्दी से जिद्दी चर्बी को मक्खन की तरह पिघला देता है। इसके साथ ही ये वजन घटाने में भी कारगर साबित होगा। इस अपनी डाइट में जरुर शामिल करें और साथ ही एक्सरसाइज करना भी बहुत जरुरी है। बता दें कि एप्पल साइडर विनेगर को कभी सादा नहीं पिए। इसे सादा पीने पर सेहत को कई नुकसान हो सकते हैं और दांतों पर भी असर पड़ सकता है।

***इस तरह से करें सेवन***

सबसे पहले आप एक गिलास पानी में 2 चम्मच सेब का सिरका मिलाएं। इसके बाद आप खाना खाने से आधा घंटा पहले इस पानी को पी सकते हैं या सुबह इसे खाली पेट पिएं। एप्पल साइडर विनेगर पानी में डाइल्यूट करके पीने पर वजन कम होता है। इसके साथ ही पेट की चर्बी घटने में भी असर दिखने लगता है।

***सेब के सिरके की बनाएं टी***

आप सेब के सिरके की चाय भी बनाकर पी सकते हैं। एक कप हर्बल टी में एक चम्मच सेब का सिरका मिला लें। फिर इसमें थोड़ा शहद डालें और गर्म ही पिएं। सलाद की ड्रेसिंग बनाने में भी एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल किया जा सकता है। सलाद के लिए सबसे पहले सेब के सिरके में ऑलिव ऑयल और हर्ब्स मिला सकते हैं।

# हेल्थ के लिए कौन-सा सबसे अच्छा है, सूखा या ताजा नारियल?



नारियल का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। नारियल में कई औषधीय गुण मौजूद होते हैं। यह कई तरह की समस्याओं और बीमारियो से बचाव करता है। नारियल खाने से शरीर को पोषण मिलता है। नारियल के प्रयोग सूखा (ड्राई) और ताजा (फ्रेश) दोनों तरह से किया जाता है। आइए जानते हैं ताजा और सूखा नारियल के बीच अंतर और उनके लाभों के बारे में विस्तार से बताते हैं।

***आयुर्वेद के अनुसार, नारियल क्या है?***

आयुर्वेद में ताजा नारियल को मधुर, शीतल, फैट्स, वातपित्त को कम करने वाला और कब्ज को दूर करने में कारगर बताया गया है। फ्रेश नारियल की तासीर ठंडी होती है और इसका प्रयोग ताजगी और शीतला के लिए किया जाता है। वहींस सूखें नारियल की तासीर गर्म होती है और इसका इस्तेमाल शरीर को गर्मी प्रदान करने के लिए होता है। ड्राई नारियल पाचन में मुश्किल होता है और कब्ज का कारण बन सकता है। सूखे नारियल में गुरु, स्निग्ध, बलकारक और रुचिकारक बताया है। इसका सेवन लोगों को शरीर की तासीर और मौसम के अनुसार करना चाहिए।

***फ्रेश कोकोनट के फायदे***

- ताजा नारियल स्किन को नमी देता है और उसे सॉफ्ट बनाता है। इसके इस्तेमाल से त्वचा की जलन और सूजन को कम करने में मदद करता है।
- ताजा नारियल में फाइबर पाया जाता है जो पाचन की समस्या को बेहतर करता है। यह कब्ज जैसी समस्याओं को दूर करता है।
- ताजे नारियल में कई पोषक तत्व पाए जाते है, जो शरीर को एनर्जी देता है। इसके साथ ही इम्यूनिटी को मजबूत करता है।
- नारियल में पाए जाने वाला हेल्दी फैट्स हार्ट को स्वस्थ रखने में मदद करता हैं और कोलेस्ट्रॉल को कम करता है।

***ड्राई कोकोनट के फायदे***

- सूखे नारियल में सबेस ज्यादा कैल्शियम और मैग्नीशियम सबसे ज्यादा होता है, जो हड्डियों को मजबूत रखता है।
- सूखा नारियल एनर्जी के लिए सबसे अच्छा सोर्स माना जाता है क्योंकि यह थकान दूर करता है।
- सूखा नारियल स्किन को पोषण देता है और बालों को भी मजबूत करता है।
- ड्राई कोकोनट शरीर में इम्यूनिटी को मजबूत करने में सहायक होता है और बीमारियों से लड़ने की क्षमता मिलती है।

# मेनोपॉज बन सकता है कई समस्याओं का कारण, स्वस्थ रहने के लिए पिएं ये खास ड्रिंक

उम्र के अलग-अलग पड़ाव पर महिलाओं के शरीर में बदलाव होते हैं। पीरियड शुरू होने से पहले और पीरियड खत्म होने के बाद महिलाओं के शरीर में कई हार्मोनल बदलाव होते हैं। कुछ हार्मोन्स कम तो कुछ ज्यादा हो जाते हैं। हार्मोन्स में बदलाव होने का असर महिलाओं की पूरी हेल्थ पर देखने को मिलता है। हर महिला एक उम्र के बाद मेनोपॉज से गुजरती है, यानी की जब महिलाओं को पीरियड्स बंद हो जाते हैं। मेनोपॉज करीब आने की स्थिति को पेरी-मेनोपॉज कहा जाता है।

पेरी-मेनोपॉज और मेनोपॉज के दौरान हार्मोनल बदलाव होते हैं। जिसके कारण महिलाओं में एंग्जायटी, मूड स्विंग्स, रात में पसीना आना, कमजोरी लगता और हॉट फ्लैशेज जैसे लक्षण महसूस होते हैं। अगर आप भी 40 की उम्र के आसपास हैं और आपको यह लक्षण दिख रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक खास ड्रिंक के बारे में बताने जा रहे हैं। इस खास ड्रिंक का सेवन करने से आपको आराम मिलेगा।



***पिएं हेल्दी ड्रिंक***

बता दें कि फ्लैक्स सीड्स में लिग्निन पाया जाता है, जो एस्ट्रोजन के लेवल को बैंलेस करने में सहायक होता है।

मेनोपॉज के दौरान शरीर में शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन के लेवल में बदलाव होता है। जिसका असर बॉडी के कई फंक्शन्स पर भी देखने को मिलता है।

वहीं सौंफ के बीच में फाइटोएस्ट्रोजन मौजूद होता है। इसका सेवन करने से मूड स्विंग्स, हॉट फ्लैशेज और रात में पसीना कम आता है।

चेस्टबेरी टी प्रोजेस्टेरोन के लेवल को कम करने का काम करती है। वहीं इसके सेवन से हॉट फ्लैशेज कम होते हैं।

यह एस्ट्रोजन के लेवल को मैनेज करने के साथ ही मेनोपॉज के लक्षणों को कंट्रोल करने में मदद करती है।

***हेल्दी ड्रिंक सामग्री***

फ्लैक्स सीड्स- 5 टेबलस्पून
सौंफ के बीज- 5 टेबलस्पून
चेस्टबेरी टी- 1 टी बैग
पानी- 200 मि.ली.

कैसे बनाएं यह ड्रिंक

सबसे पहले एक पैन में दोनों बीज डालें और फिर इसको करीब 5 मिनट के लिए रोस्ट करें।

अब इसको ब्लेंडर में डालकर अच्छे से महीन पीस लें।

फिर यह पाउडर एक एयर टाइट कंटेनर में स्टोर कर लें।

एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच यह पाउडर और एक टी बैग डालें। इस तरह से हेल्दी ड्रिंक बनकर तैयार हो जाएगी।

# जिद्दी से जिद्दी चर्बी पिघल जाएगी बस इन 2 आयुर्वेदिक का करें सेवन, इस तरह से पिए



अक्सर खराब जीवनशैली और गलत खानपान के चलते मोटापा जकड़ लेता है। अगर आप भी पेट की चर्बी से परेशान हैं तो हम आपको बताएंगे कि इसे कैसे कम करें। बेहतर डाइट और रोजाना एक्सरसाइज करने से पेट की चर्बी कम हो जाती है। अगर आप अपने डाइट में आयुर्वेदिक हर्ब्स को शामिल करेंगी तो काफी फायदा होगा। यहां हम आपको 2 ऐसे ही आयुर्वेदिक हर्ब्स के बारे में बता रहे हैं। ये हर्ब्स वेट लॉस में बेहद फायदेमंद है।

***वजन कम करने के लिए गिलोय का सेवन***

- गिलोय को सबसे बढ़िया इम्यूनिटी बूस्टर के रुप में जाना जाता है। यह वजन करने में भी आसानी होती है।
- गिलोय के पौधे की जड़ें, पत्तियां और तना, तीनों ही औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। इसे आप खाली पेट जूस को पीकर, वजन घटा सकते हैं।
- गिलोय का जूस पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है और फैट बर्न होता है।
- गिलोय शरीर को डिटॉक्स करता है यानी शरीर में जमी गंदगी को बाहर निकलता है। यह वेट लॉस करने में मदद करता है।
- गिलोय पाचन भी दुरूस्त होता और कई तरह के इंफेक्शन्स से बचाव होता है।
- गिलोय में डिपोनेक्टिन और लेप्टिन होते हैं। ये वजन कम करने में मदद करता है।

***वजन कम करने में अश्वगंधा मदद करेगा***

- अश्वगंधा एक प्राचीन हर्ब है, इसमें मौजूद कम्पाउंड्स नींद लाने में मदद करते हैं और एंग्जायटी भी दूर होगा।
- शरीर को स्ट्रेस से लड़ने की ताकत देता है और सेहत में सुधार करता है।
- अगर आपको स्ट्रेस हैं, तो शरीर में कोर्टिसोल समेत कई हार्मोन्स इंबैलेंस हो जाते हैं और इसका वजह से वजन बढ़ने लगता है।
- अश्वगंधा, स्ट्रेस और एंग्जायटी को कम करता है, शरीर को ताकत देता है।
- वजन कम करने के लिए आप अश्वगंधा सप्लीमेंट्स भी ले सकते हैं। लेकिन, इससे पहले आपको डॉक्टर की सलाह जरुर लेनी चाहिए।

# भूलकर भी इन लोगों को नहीं खाना चाहिए कटहल, वरना हो जाएगा भारी नुकसान

कटहल की सब्जी हर घर में बनती है। अगर इसे अच्छे से पकाया जाए तो यह देखने में एकदम नॉनवेज ही लगता है। कटहल में कई पोषक तत्व भी मौजूद है जैसे कि प्रोटीन, फाइबर, विटामिन ए, विटामिन सी, पोटैशियम, मैग्नीशियम, कॉपर, मैंगनीज और राइबोफ्लेविन आदि। कटहल व्यक्ति के पाचन तंत्र, ह्रदय और इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। वहीं, यह कोलेस्ट्रॉल या सैचुरेटेड फैट से छुटकारा दिला सकता है। वैसे तो कटहल सेहत के लिए बेहद फायदेमंद हैं लेकिन कुछ लोगों को इसके सेवन से बचना चाहिए। आइए जानते हैं किन लोगों को कटहल नहीं खाना चाहिए।



***एलर्जी***

अगर आपको लैटेक्स या बिर्च पोलन से एलर्जी होती है, उनको कटहल का सेवन नहीं करना चाहिए। कटहल खाने से उन्हें एलर्जी के लक्षण झेलने पड़ सकते हैं। जिनको यह एलर्जी है उन लोगों को खासतौर पर रेस्पिरेटरी सिस्टम प्रभावित हो सकता है और सांस लेने में भी परेशानी आनी बंद हो सकती है।

***डायबिटीज***

डायबिटीज रोगियो को भूलकर भी कटहल का सेवन नहीं करना चाहिए। कटहल में मौजूदा एंटी-डायबिटिक गुण ब्लड शुगर लेवल को लो कर सकते हैं। अगर मधुमेह रोगी रोजाना कटहल का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं, तो इससे ब्लड शुगर लेवल काफी नीचे जा सकता है। जिस वजह यह शुगर पेशेंट के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

***प्रेग्नेंसी***

प्रेग्नेंसी के दौरान कटहल करना हानिकारक होता है। कटहल में इन्सॉल्यूबल फाइबर मां और बच्चे दोनों की सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। कटहल खाने से गर्भपात होने की संभावना बढ़ जाती है। ब्रेस्टफीडिंग करवाने वाली महिलाओं को भी कटहल नहीं खाना चाहिए। कटहल का सेवन करने से पहले महिलाओं को अपने डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।


***किडनी रोग***

अगर आप भी किडनी रोग से जूझ रहे हैं तो कटहल का सेवन करने से बचें। कटहल में मौजूद पोटैशियम खून में पोटैशियम के लेवल को बढ़ा सकती है जिससे बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। यह स्थिति हाइपरकलेमिया कही जाती है। जो पैरालाइसिस और हार्ट फेलियर का कारण भी बन सकती है।

***सर्जरी के दौरान***

सर्जरी से पहले या बाद में कटहल का सेवन जहर हो सकता है। यह पेट से जुड़ी समस्या को बढ़ाने का काम करती है। जिससे खाना पचने में भी मुश्किल आ सकती है। वहीं, जिन लोगों का ऑपरेशन होने वाला है उन्हें करीब दो सप्ताह पहले से ही कटहल नहीं खाना चाहिए।

# डिलीवरी के बाद दादी मां के इन खास लड्डू का करें सेवन, शरीर में भर जाएगी नई ऊर्जा



मां बनना हर महिला के लिए उसकी जिंदगी का सबसे खबूसूरत पड़ाव होता है। हालांकि एक नन्ही जान को इस दुनिया में लाना इतना भी आसान नहीं होता है। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को कई मुश्किलों और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए मां बनना महिला के लिए एक नया जन्म माना जाता है। प्रेग्नेंसी के दौरान और डिलीवरी के बाद महिला को देखभाल की खास जरूरत होती है। वहीं डिलीवरी के बाद नई मां बनी महिला का शरीर काफी कमजोर हो जाता है। इसलिए उनके शरीर को सही ताकत की जरूरत होती है। वहीं प्रेग्नेंसी के दौरान बढ़े वजन को कम करने का भी प्रयास शुरूकर दिया जाता है।

यही वजह है कि कई पीढ़ियों से डिलीवरी के बाद घर पर नई मां को कई तरह की घरेलू चीजें खाने को दी जाती हैं। जिससे कि उनके शरीर की कमजोरी दूर हो सके और ताकत मिल सके। हमारी दादी-नानी के कई ऐसे नुस्खे हैं, जो मां और बच्चे दोनों की सेहत का ख्याल रखते हैं। दादी मां के इन नुस्खों में कई तरह के मसाले और लड्डू शामिल हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे लड्डू के बारे में बताने जा रहे हैं, जो डिलीवरी के बाद हर नई मां को जरूर खाने चाहिए।

***अजवाइन, गुड़ और गोंद के लड्डू के फायदे***

बता दें कि अजवाइन में पर्याप्त मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाया जाता है। जो डिलीवरी के बाद वेट कम करने और डाइजेशन संबंधी समस्याओं को दूर करता है।

इस लड्डू में कैल्शियम, प्रोटीन, आयरन, कार्बोहाइड्रेट और फाइबर कम मात्रा में होता है, जो न सिर्फ नई मां बल्कि नवजात के लिए भी फायदेमंद होता है।

अजवाइज, गुड़ और गोंद से बने लड्डू का सेवन करने से पेट आसानी से साफ होता है और शरीर को एनर्जी मिलती है।

इस लड्डू का सेवन करने से खून की कमी दूर होती है और इम्यूनिटी बूस्ट होती है।

अजवाइज, गुड़ और गोंद से बने लड्डू की तासीर गर्म होती है, यह शरीर को अंदर से ताकत देने का काम करता है।

वहीं इस लड्डू का सेवन करने से ब्रेस्टफीडिंग में भी फायदा होता है।

***अजवाइन और गुड़ के लड्डू की सामग्री***

गेहूं का आटा- 1/2 बड़ा कटोरा
अजवाइन- 1 बड़ा कटोरा पिसी हुई
नारियल- 1 सूखा घिसा हुआ
गोंद- चौथाई कटोरा
गुड़- आधा कटोरा
घी- जरूरत के अनुसार

ऐसे बनाएं

अजवाइन और गुड़ का लड्डू बनाने के लिए सबसे पहले एक कढ़ाई में घी गर्म करें।

फिर इसमें गोंद डालकर अच्छे से भूनें।

गोंद भुनने के बाद इसको पीस लें।

फिर कढ़ाई में घी डालकर आटे को भूनें।

इसके बाद आटे में नारियल व अजवाइन पाउडर डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

अब इसमें गुड़ को पिघलाकर मिलाएं।


आप अपने हिसाब से गुड़ की मात्रा बढ़ा या घटा सकती हैं।

इस तरह से यह मिक्सचर तैयार हो जाएगा और इसके अब लड्डू बना लें।

रोजाना दूध के साथ एक लड्डू का सेवन करें।

# मानसून में अपनी थाली से बाहर ही रखें ये दालें

दालों का सेवन करना सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। दालें प्रोटीन सहित कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, जो आपकी सेहत का अधिक बेहतर ख्याल रखती हैं। हालांकि, जब आप दाल को अपनी थाली का हिस्सा बना रहे हैं तो आपको मौसम का भी खास ख्याल रखना चाहिए। दरअसल, जब मानसून का मौसम आता है तो कुछ दालों से बचना ही बेहतर माना जाता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि इस मौसम में अधिकतर लोगों को गैस, पेट फूलना और एसिडिटी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में वे अगर कुछ खास तरह की दालों का सेवन करते हैं तो इससे उनके पाचन तंत्र पर अधिक दबाव पड़ सकता है और ऐसे में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ दालों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप मानसून में अवॉयड करें।



***उड़द दाल***

मानसून के मौसम के दौरान उड़द दाल का सेवन करना अच्छा नहीं माना जाता है। दरअसल, उड़द दाल भारी होती है और पचने में ज़्यादा समय लेती है, जिससे पेट फूलना, गैस और अपच जैसी पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा, मानसून के दौरान ह्यूमिडिटी बढ़ने से बैक्टीरिया और अन्य रोगजनक अधिक आसानी से पनपने लगते हैं, जिससे संदूषण और संक्रमण का जोखिम बढ़ जाता है।

***चना दाल***

मानसून में लोगों को चना दाल खाने से बचना चाहिए या फिर इसका सेवन बेहद ही सीमित मात्रा में करना चाहिए। चना दाल को गैस और पेट फूलने का कारण माना जाता है। मानसून का आर्द्र मौसम इन लक्षणों को और बढ़ा सकता है। इसके अलावा, उड़द दाल की तरह, चना दाल भी अपेक्षाकृत भारी और पचाने में मुश्किल होती है, जो मानसून के दौरान पाचन तंत्र पर बोझ डाल सकती है।

***लाल मसूर दाल***

सेहत के लिए लाल मसूर दाल बेहद गुणकारी मानी गई है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, पोटैशियम, मैग्नीशियम, आयरन और विटामिन सी और बी होते हैं। लाल मसूर दाल में फाइबर और पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता है, जो इसे दिल और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने के लिए एक अच्छा विकल्प बनाता है। लेकिन इसमें मौजूद रैफिनोज़ और स्टैचियोज़ जैसी शुगर के कारण पेट फूल सकता है, जिन्हें पचाना मुश्किल होता है।

# 49 आतंकी घुसपैठ की रच रहे साजिश

## पीओके के चाकोठी में हुई तीन आतंकी संगठनों के कमांडर्स की बैठक

**हादसा**

**भारतीय खुफिया एजेंसियों को लगी आतंकियों के प्लान की जानकारी**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** घाटी में घुसकर आतंक फैलाने की फिराक में पाकिस्तान के 49 आतंकी सीमा के उस पार पहुंच चुके हैं। यह सभी आतंकी पाकिस्तान के अलग-अलग जिलों और हिस्सों से आकर पीओके में इकट्ठा हुए हैं। इन सभी 49 आतंकियों को घाटी में भेज कर दहशत फैलाने के लिए पीओके के चाकोठी इलाके में लश्कर ए तैयबा समेत हिजबुल मुजाहिदीन और जैश ए मोहम्मद के आतंकी कमांडरों की एक महत्वपूर्ण बैठक भी हो चुकी है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को मिले इनपुट के आधार पर लश्कर ए तैयबा के कमांडर मूसा तौसीफ और आतंकी हुजाफिया ने चाकोठी इलाके में बनाए गए आतंकी ट्रेनिंग कैंप और फैसेलिटीज सेंटर में जाकर आतंकियों को आगे का पूरा प्लान भी समझाया है। हालांकि यह बात अलग है कि आतंकियों के अगले सभी प्लान की जानकारियां भारतीय सुरक्षा एजेंसी को मिल चुकी है। आतंकियों के खतरनाक मंसूबों को देखते हुए उनकी प्लानिंग को नेस्तानाबूत करने के लिए भारतीय सुरक्षा एजेंसियां उन सभी जगह पर मुस्तैद हो चुकी हैं जहां से आतंकी घाटी में आने का रास्ता ढूंढ रहे हैं।

खुफिया इनपुट से मिली जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों से घाटी के भीतर 49 आतंकियों को अगले दो हफ्ते के भीतर घुसाने की साजिश रची जा रही है। जिन आतंकियों को घाटी के भीतर भेज कर दहशत फैलाने की योजना है उसमें लश्कर ए तैयबा, हिजबुल मुजाहिदीन और जैश ए मोहम्मद के आतंकी शामिल हैं। भारतीय खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को पीओके में स्थित लश्कर तैयबा के आतंकी प्रशिक्षण केंद्र चाकोठी में एक बैठक हुई है।

सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में लश्कर ए तैयबा के कमांडर तौसीफ अल रहमान उर्फ मूसा तौसीफ समेत हुजैफिया उर्फ हंजला ने इस आतंकी प्रशिक्षण सेंटर में मौजूद आतंकियों को घाटी के भीतर दस्तक देने का पूरा रूट प्लान समझाया। जिसमें आतंकियों को बताया गया की घाटी में जाने के लिए फैलान और सुगना इलाके से होते हुए आगे जाना है। जो प्लान आतंकी संगठनों के कमांडर्स ने अपने आतंकियों को दिया इसकी सूचना भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को मिलने के बाद पूरा एरिया सुरक्षा कर्मियों के कब्जे में आ गया है। ताकि इस रूट से किसी तरीके की कोई आतंकी गतिविधि ना हो सके।

सुरक्षा एजेंसियों को मिली खुफिया जानकारी के मुताबिक गुरुवार को जैश ए मोहम्मद ने अपने तीन आतंकियों को पीओके में भेजा है। जानकारी के मुताबिक यह तीनों आतंकी इस वक्त टेंगरी नाला फॉरेस्ट इलाके में ही कैंपिंग कर रहे हैं। सुरक्षा एजेंसी को मिले खुफिया इनपुट के आधार पर पता चला है कि यह तीनों आतंकी अगले कुछ दिनों के भीतर खटवारी गली और माचिल के रास्ते घुसपैठ करने की कोशिश करने वाले

## महाराष्ट्र में कांग्रेस-सपा मिलकर लड़ेंगी विस चुनाव! महानगरपालिका चुनाव में भी होगी एसपी की एंट्री

एजेंसी



**नई दिल्ली।** देश में तीसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी समाजवादी पार्टी अब अपने विस्तार के लिए नए-नए सियासी रास्ते खोजने के लिए आगे बढ़ चली हैं। इस कड़ी में सबसे पहला पड़ाव समाजवादी पार्टी का महाराष्ट्र बना है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के सभी 37 सांसदों का शुक्रवार को स्वागत समारोह होने जा रहा है। स्वागत समारोह के बहाने समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र में अपनी सियासी जमीन की मजबूती तलाशने की पूरी तैयारी में है। वहीं सूत्रों की मानें तो महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी कांग्रेस के गठबंधन वाले महाविकास अगाढ़ी के साथ मिलकर मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र में होने वाले महानगरपालिका के चुनाव में भी शिरकत करने के लिए जमीनी तैयारी में लगी है।

समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के बाद अपने विस्तार के लिए कई बड़ी योजनाएं तैयार की हैं। पार्टी के रणनीतिकारों की मानें, तो इस विस्तार में समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश से बाहर निकलकर मजबूती के साथ अन्य राज्यों में चुनाव लड़ने की तैयारी में है। इसमें सबसे पहले सियासी जनाधार की मजबूती महाराष्ट्र में तैयार की जा रही है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी यही सियासी संदेश देने के लिए शुक्रवार को अपने सभी सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक स्वागत समारोह के माध्यम से करने जा रही है। इस स्वागत समारोह के दौरान समाजवादी पार्टी न सिर्फ महाराष्ट्र में अपनी ताकत दिखाएगी, बल्कि आने वाले विधानसभा के चुनाव में अपने प्रत्याशियों को उतारने का पूरा खाका भी खीचेंगी। इसके लिए पार्टी ने जातिगत समीकरणों के आधार पर महाराष्ट्र का पूरा सियासी रोड मैप तैयार कर लिया है।

समाजवादी पार्टी ने जिस तरीके से महाराष्ट्र में चुनाव से पहले अपने सांसदों के स्वागत समारोह का आयोजन किया है, वह आने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी मजबूत उपस्थिति के लिहाज से बनाया गया प्लान है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी कहते हैं कि उनकी पार्टी देश की तीसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी है। निश्चित तौर पर पार्टी अपने विस्तार के लिए वह सभी प्रयास भी कर रही है और उसमें सफल भी होगी। चौधरी कहते हैं कि आगे की जो भी रणनीति तैयार की जा रही है, वह पार्टी के भविष्य के विजन के लिहाज से तैयार हो रही है। समाजवादी पार्टी के नेता बाबा भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के साथ छत्रपति शिवाजी को नमन कर सिद्धिविनायक मंदिर में माथा टेककर आगे की रणनीति बनाने वाले हैं।

**क्विक न्यूज**

### ट्रम्प ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार का नामांकन स्वीकार किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन 2024 के दौरान राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने के लिए आधिकारिक तौर पर नामांकन स्वीकार कर लिया है। ट्रम्प से रात को कहा %मैं पूरे अमेरिका के लिए राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूं, आधे अमेरिका के लिए नहीं, क्योंकि आधे अमेरिका के लिए जीतने से कोई जीत नहीं होती है।' %इसलिए आज रात, विश्वास और समर्पण के साथ मैं गर्व से अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए आपका नामांकन स्वीकार करता हूँ।'

### ब्रिटेन में दंगे भड़के- उपद्रवियों ने जमकर मचाया उत्पात, पुलिस की गाड़ियों तोड़ी; कई जगह आगजनी की घटनाएं

**वाशिंगटन।** ब्रिटेन के लीड्स शहर में अचानक दंगे शुरू हो गए है। यहां बीती रात बड़ी संख्या में उपद्रवियों ने इकट्ठे होकर जमकर उत्पात मचाया और बसों को आग के हवाले कर दिया। दंगों की वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। दंगाइयों ने पुलिस की गाड़ियों पर भी हमला बोल दिया। इस दौरान कईयों के शीशे तोड़ दिए और कई गाड़ियों को ही पलट दिया। हेयरहिल्स क्षेत्र में ये दंगाई मास्क पहने घूम रहे थे। दंगों का कारण चाइल्ड केयर एजेंसी की ओर से स्थानीय बच्चों को लेकर जाना रहा। एक रेस्तरां मालिक के अनुसार, स्थानीय बच्चों को ले जाने का लोगों ने विरोध किया। रिपोर्ट के अनुसार, शुरू में लक्सर रोड पर एजेंसी के कर्मी और बच्चे दिखे, जिसके बाद उपद्रव हुआ। हेयरहिल्स सुबह में ऐसा लग रहा था कि मानो जैसे एक युद्धक्षेत्र हो। दंगाइयों की भीड़ लगातार हिंसा कर रही थी और पूरे क्षेत्र में कई जगह आगजनी कर रही थी। हिंसा के बाद कोने-कोने पर पुलिस बल तैनात था।

## श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर- घर बैठे कर सकेंगे बाबा विश्वनाथ के दर्शन, जानें कब से शुरु होगी सुविधा

एजेंसी

**वाराणसी।** सावन का पावन महीना शुरू होने वाला है। इसे लेकर विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर की तैयारी पूरी हो चुकी है। अब श्रद्धालु घर बैठकर ऑनलाइन माध्यम से बाबा के दर्शन कर सकेंगे।

काशी विश्वनाथ मंदिर के कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा के दर्शन करने के लिए हर साल देश-विदेश से लाखों की संख्या में भक्त पहुंचते हैं। पिछले साल 139 देशों के लोग महादेव के दर्शन करने के लिए काशी पहुंचे थे।

इस साल सावन में काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट की तरफ से श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष इंतजाम किया गया है। देश और विदेश के बहुत सारे ऐसे श्रद्धालु भी हैं, जो हर साल सावन में बाबा के दर्शन करने के लिए आना तो चाहते हैं, लेकिन खर्च और अन्य कारणों के चलते नहीं आ पाते हैं। इसलिए महाशिवरात्रि के विशेष पर्व से बाबा के दर्शन के लिए लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से महादेव के दर्शन यू ट्यूब, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर किया जा सकता है। साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट पर श्रद्धालु ऑनलाइन रुद्राभिषेक के साथ ही लाइव दर्शन भी कर सकेंगे।

गौरतलब है कि काशी विश्वनाथ मंदिर में देश ही नहीं, बल्कि विदेश से भी श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। भक्त बाबा के दर्शन के लिए घंटों कतार में खड़े रहते हैं। वहीं बहुत सारे ऐसे श्रद्धालु भी हैं, जो सावन में भारी भीड़ और अन्य कारणों से काशी नहीं जा पाते।

## दुकानों पर नेमप्लेट लगाने का फैसला संविधान, लोकतंत्र और हमारी साझी विरासत पर हमलाः प्रियंका

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यूपी सरकार के कांवड़ यात्रा मार्ग की दुकानों के मालिकों के नाम लिखने के आदेश पर आक्रोश जताया है। उन्होंने यूपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दुकानों पर उनके मालिकों के नाम का बोर्ड लगाने का विभाजनकारी आदेश हमारे संविधान, हमारे लोकतंत्र और हमारी साझी विरासत पर हमला है। इसके साथ ही प्रियंका गांधी ने इस आदेश को तुरंत वापस लेने और इसे जारी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी बात कही है।

प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हमारा संविधान हर नागरिक को गारंटी देता है कि उसके साथ जाति, धर्म, भाषा या किसी अन्य आधार पर भेदभाव नहीं होगा। उत्तर प्रदेश में ठेलों, खोमचों और दुकानों पर उनके मालिकों के नाम का बोर्ड लगाने का विभाजनकारी आदेश हमारे संविधान, हमारे लोकतंत्र और हमारी साझी विरासत पर हमला है। समाज में जाति और धर्म के आधार पर विभाजन पैदा करना संविधान के खिलाफ अपराध है। यह आदेश तुरंत वापस लिया जाना चाहिए और जिन अधिकारियों ने इसे जारी किया है, उन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।%%

इससे पहले बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी सरकार के कांवड़ यात्रा मार्ग पर आने वाली दुकानों के मालिकों के नाम लिखने के आदेश पर रोष प्रकट किया। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यूपी व उत्तराखंड सरकार द्वारा कांवड़ मार्ग के व्यापारियों को अपनी-अपनी दुकानों पर मालिक व स्टाफ का पूरा नाम प्रमुखता से लिखने व मांस बिक्री पर भी रोक का यह चुनावी लाभ हेतु आदेश पूर्णतः असंवैधानिक। धर्म विशेष के लोगों का इस प्रकार से आर्थिक बायकॉट करने का प्रयास अति-निंदनीय।

## बंगाल से तेलंगाना तक महिला अत्याचार, चुप क्यों हैं राहुल और प्रियंका - शहजाद पूनावाला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने टीएमसी शासित राज्य पश्चिम बंगाल से लेकर कांग्रेस शासित तेलंगाना तक में महिला उत्पीड़न को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधा है। पार्टी ने लोकसभा सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की चुप्पी पर सवाल उठाया है।भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर दिनाजपुर, चोपड़ा की तालिबानी कृत्य के बाद एक और ऐसे कृत्य की तालिबानी तस्वीर सामने आई है। इस बार यह तस्वीर बंगाल के हावड़ा से आई है,जहां एक परिवार को पीटा जा रहा है,एक महिला के बाल काटे जा रहे हैं। उन्होंने इस मामले के अपराधियों के संबंध तृणमूल कांग्रेस के साथ होने का दावा करते हुए कहा कि यह दिखाता है कि आज मां-माटी-मानुष नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल में आज टीएमसी यानी तालिबानी मानसिकता और कल्चर छा चुका है।

उन्होंने कांग्रेस नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में इस तरह की अनेकों घटनाएं हो रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी के दिग्गज राहुल गांधी , प्रियंका गांधी वाड्रा और लड़की हूं, लड़ सकती हूं ब्रिगेड,ये सभी चुप है। ये सभी चुप रहेंगे भी क्योंकि इनके अपने राज्य तेलंगाना में भी इस तरह की घटनाएं हो रही है। उन्होंने आगे लिखा, तेलंगाना में एक गरीब महिला को इलेक्ट्रिक पोल से बांधकर पीटा गया और पूरे देश में भ्रमण करने वाले ये नेता तेलंगाना, पश्चिम बंगाल , संदेशखाली और इस तरह की घटनाओं पर चुप्पी साधे रहते हैं। कुछ सेलेक्टिव जगह के मुद्दों को ही उठाते हैं इससे यह साफ जाहिर होता है कि उन्हें महिलाओं की सुरक्षा से कोई मतलब नहीं है बल्कि उनकी चिंता सिर्फ उनकी राजनीति और सियासत ही है।

## पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था संकट में

**समस्या**

**बीते 11 महीनों में सरकार का कुल कर्ज 15.3 फीसद बढ़ा**

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** देश की बिगड़ती अर्थव्यवस्था के बीच बीते 11 महीनों में पाकिस्तान सरकार का कुल कर्ज 15.3 फीसदी बढ़ गया है। डॉन अखबार ने स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के हवाले से बताया कि जून 2021 में सरकार का कुल कर्ज 38.704 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये था, जो मई 2022 में बढ़कर 44.638 ट्रिलियन हो गया है। पाकिस्तान सरकार का घरेलू कर्ज और देनदारियां जून 2021 में जहां 26.968 ट्रिलियन रुपये थी, वहीं मई 2022 में यह बढ़कर 29.850 ट्रिलियन रुपये हो गई। वित्त वर्ष 22 के 11 महीनों में पीकेआर 2.892 ट्रिलियन और 10.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पाकिस्तान मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, घरेलू लोन अर्थव्यवस्था के विकास के लिए एक गंभीर समस्या का कारण बनता है क्योंकि अधिकांश राजस्व का उपयोग ऋणों की अदायगी के लिए किया जाता है। घरेलू ऋणों का आकार हर साल बढ़ रहा है जो सीधे वार्षिक विकास बजट के आकार में कटौती करता है। पाकिस्तान में सरकारें विकास योजनाओं के लिए अधिक राशि आवंटित करती हैं लेकिन घरेलू कर्ज बढ़ने के कारण वित्तीय वर्ष के अंत तक इनका आकार कम हो जाता है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी कर्ज के बारे में यह खबर तब आई है जब 30 जून को समाप्त सप्ताह के दौरान एसबीपी के विदेशी मुद्रा भंडार में 493 मिलियन अमेरिकी डॉलर की गिरावट आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने विदेशी कर्जों का भुगतान किया, जिसने एक बार फिर से समाप्त



वित्तीय वर्ष में अपने भंडार को 9.816 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक कम कर दिया। पाकिस्तान की कुल विदेशी मुद्रा होल्डिंग भी गिरकर 15.742 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई, जबकि वाणिज्यिक बैंकों का भंडार 5.926 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। विदेश संबंधों की परिषद जो देशों के डिफाल्ट होने के जोखिम को ट्रैक करता है। उसने हाल ही में पाकिस्तान की स्कोरिंग को 10 पर रखा है। यह स?कोरिंग किसी मुल?क के डिफाल्ट होने की उच्च संभावना का संकेत है। यह रेटिंग श्रीलंका, घाना, ट्यूनीशिया, यूक्रेन, रूस, वेनेजुएला, अर्जेंटीना जैसे देशों के बराबर है।

## पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या के बाद पूरे जापान में शोक की लहर

**नारा।** शिंजो आबे की मौत के बाद जापान के साथ-साथ पूरी दुनिया में शोक की लहर है। शनिवार को जापान के पश्चिमी शहर नारा में पूर्व जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या की गयी। इस खूनी हत्या के बाद जापान जैसा शांति पूर्ण देश में अस्थिरता का माहौल बन चूका है। इस घटना ने पूरे जापान को झकझोर के रख दिया है। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री और देश की सबसे प्रभावी शख्सियतों में शुमार शिंजो आबे की पश्चिमी जापान के नारा शहर में शुक्रवार को एक चुनाव अभियान के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। जापान के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने वाले में से एक थे शिंजो आबे। राउटर एजेंसी के मुताबिक, आबे को देश के नारा में एक रेलवे स्टेशन के सामने भाषण शुरू करने के कुछ मिनटों बाद 41 वर्षीय हमलावर ने पीछे से गोली मार दी। जापान को दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में से एक माना जाता है।

## रिपब्लिकन पार्टी के कन्वेंशन में ट्रंप ने हमले को किया याद, बोले- अगर मैं गर्दन न हिलाता तो...

एजेंसी



**मिल्वौकी।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर राजनीति चरम पर है। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को गोली लगने के बाद से बाइडन और उनका प्रशासन बैकफुट पर है। इस बीच हमले के बाद ट्रंप एक बार फिर सबके सामने आए हैं।

दरअसल, मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के आखिरी दिन ट्रंप मंच पर छा गए। बटलर- पेंसिल्वेनिया में रैली के दौरान गोली लगने के बाद ट्रंप अपने दाहिने कान पर पट्टी बांधे हुए नजर आए। ट्रंप पर स्टेज पर आए तो %यूएसए, यूएसए' के नारे लग रहे थे और राष्ट्रगान %गॉड ब्लेस अमेरिका' बज रहा था।

डोनाल्ड ट्रम्प ने इसके बाद औपचारिक रूप से 2024 में व्हाइट हाउस के लिए चुनाव लड़ने के आह्वान को स्वीकार किया। ट्रंप ने कहा, मैं पूरे अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के लिए चुनाव लड़ रहा हूं, आधे अमेरिका का नहीं, क्योंकि आधे अमेरिका के लिए जीतने से कोई जीत नहीं होती। इसलिए, आज रात मैं पूरे विश्वास के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए आपके नामांकन को गर्व से स्वीकार करता हूं। 4 महीनों में हमें एक अविश्वसनीय जीत मिलेगी। हम सभी धर्मों, लोगों और पंथों के लिए शांति और समृद्धि का एक नया युग शुरू करेंगे।

## यूक्रेन संघर्ष सहित हर वैश्विक संकट को समाप्त करेंगे- ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर वह नवंबर में राष्ट्रपति चुने जाते हैं तो वह यूक्रेन में संघर्ष सहित हर वैश्विक संकट को समाप्त कर देंगे। ट्रम्प विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में 2024 रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में बोल रहे थे। उन्होंने रात में कहा, मैं वर्तमान प्रशासन द्वारा बनाए गए हर एक अंतरराष्ट्रीय संकट को समाप्त कर दूंगा, जिसमें रूस और यूक्रेन के साथ भयानक युद्ध भी शामिल है।पूर्व राष्ट्रपति ने गुरुवार रात कहा, हमारे नेतृत्व में अमेरिका को फिर से सम्मान मिलेगा। कोई भी देश हमारी शक्ति पर सवाल नहीं उठाएगा, कोई भी दुश्मन हमारी ताकत पर संदेह नहीं करेगा। हमारी सीमाएँ पूरी तरह सुरक्षित होंगी। हमारी अर्थव्यवस्था में उछाल आएगा।

## खौफनाक साजिश रच रहा अल कायदा का खूंखार आतंकी गिरफ्तार, बिन लादेन से थे करीबी संबंध

एजेंसी



**लाहौर।** पाकिस्तान में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पंजाब के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट ने अल कायदा के एक प्रमुख सदस्य अमीन उल हक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। हक को मारे गए आतंकवादी ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी बताया गया है।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है, क्योंकि विभाग ने विभिन्न खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर पंजाब प्रांत में एक योजनाबद्ध अभियान के दौरान हक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि हक 1996 से ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी था और उसने पूरे प्रांत में तोड़फोड़ की गतिविधियों की कथित तौर पर साजिश बनाई थी। पुलिस के मुताबिक हक महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और हस्तियों को निशाना बनाना चाहता था। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि सीटीडी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अमीनुल हक का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

सीटीडी ने गिरफ्तार आतंकवादी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पूछताछ के लिए उसे अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। हक का नाम संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी सूची में शामिल किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि हक की गिरफ्तारी पाकिस्तान और दुनियाभर में आतंकवाद से निपटने के लिए चलाये जा रहे अभियान के लिए एक बड़ी सफलता है।

# लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए राहत

## ..........कोर्ट के फैसले ने सिखाया सबक..........

एजेंसी




**देहरादून।** उत्तराखंड देश में यूसीसी (समान नागरिक संहिता) लागू करने वाला पहला प्रदेश बन गया है। ऐसे में इसके अंदर शादी से लेकर जमीन-जायदाद में हिस्सेदारी और लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर भी नियम बनाए गए हैं। इस कानून में लिव-इन रिलेशन में रहने वाले जोड़ों को लेकर यह कहा गया है कि वह ऐसी स्थिति में अपना पंजीकरण कराएं ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में शासन-प्रशासन के द्वारा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसको लेकर खूब विरोध किया गया। इस कानून का विरोध करने वाले लोग पहले तो यह मान ही नहीं रहे थे कि लिव इन रिलेशन जैसी कोई चीज होती है और अगर होती भी है तो इसकी जानकारी शासन-प्रशासन को देना और इसको रजिस्टर्ड कराना राइट टू प्राइवेसी का उल्लंघन है। क्योंकि किसी के साथ किसी के संबंधों की जानकारी निजी होती है ऐसे में इसे शासन-प्रसासन को मुहैया कराना राइट टू प्राइवेसी का उल्लंघन है।

अब लिव इन रिलेशन में रहने वाला एक जोड़ा उत्तराखंड हाई कोर्ट के समक्ष अपनी सुरक्षा की गुहार लेकर पहुंचा। उस जोड़े ने अदालत को बताया कि वे लिव इन रिलेशन में रह रहे हैं। ऐसे में उन्हें बार-बार परिवार वालों की तरफ से धमकी मिल रही है। जबकि हम दोनों ही बालिग हैं और हमें हमारे जीवन के बारे में फैसला लेने का पूरा अधिकार है।

ऐसे में उत्तराखंड हाई कोर्ट की तरफ से फैसला आया। जिसमें इस बात का जिक्र किया गया है कि इस जोड़े को अपने आप को उत्तराखंड समान नागरिक संहिता की धारा 378(1) के तहत अपना पंजीकरण कराना चाहिए। यानी इस रिलेशनशिप को रजिस्टर्ड कराना चाहिए और साथ ही प्रशासन को यह ऑर्डर किया गया कि इस जोड़े की सुरक्षा सुनिश्चित करे। अदालत की तरफ से इस ऑर्डर में कहा गया कि आप अपने लिव इन रिलेशन को रजिस्ट्रार के पास 48 घंटे के अंदर रजिस्टर्ड करें और इसके साथ ही प्रशासन इस जोड़े की सुरक्षा को सुनिश्चित करे।

उत्तराखंड सरकार के द्वारा समान नागरिक संहिता की धारा 378(1) के अनुसार लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए यह अनिवार्य होगा कि चाहे वे उत्तराखंड के निवासी हों या नहीं हों, लिव-इन का विवरण प्रस्तुत करने के लिए धारा 378 की उपधारा (1) के तहत संबंधित रजिस्ट्रार को जिसके अधिकार क्षेत्र में वह जोड़ा रहता है अपने लिव इन रिलेशन को रजिस्टर्ड कराएं। ऐसे में उत्तराखंड हाई कोर्ट का यह फैसला ऐसे लोगों के लिए एक सबक है जो इस कानून का विरोध कर रहे थे। कोर्ट के इस फैसले से साफ हो गया है कि इस कानून में कहीं कोई परेशानी नहीं है और इसके अंदर लिव इन रिलेशन में रहनेवाले लोगों को रजिस्टर्ड होकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करानी चाहिए। ऐसा करने पर किसी भी प्रकार से राइट टू प्राइवेसी का हनन नहीं होता है।

# अंतर्विषयक शोध समय की मांग: प्रो. प्रमोद कुमार यादव

## जेएनआरएम, पोर्ट ब्लेयर में इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर, भौतिक एवं रासायनिक विज्ञान पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर, भौतिक एवं रासायनिक विज्ञान पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन रसायन विज्ञान विभाग, रज्जू भैया संस्थान, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (यूपी) और जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय (जेएनआरएम), पोर्ट ब्लेयर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन जेएनआरएम, पोर्ट ब्लेयर में मुख्य अतिथि एल. कुमार, आईएएस, उच्च शिक्षा सचिव, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। सम्मेलन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में चल रहा है।

एल कुमार ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य विचारों का आदान-प्रदान, नवीनतम अनुसंधान पर चर्चा और संबंधित शाखाओं में विकास के नए क्षेत्रों के ज्ञान का प्रसार करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो वंदना सिंह ने आयोजकों को बधाई दी और सम्मेलन की चर्चाओं में नई खोजों और आयामों के महत्व पर जोर दिया।

विशिष्ट अतिथि, डॉ. लालजी सिंह, क्षेत्रीय प्रमुख, वनस्पति सर्वेक्षण भारत, पोर्ट ब्लेयर, ने बताया कि सम्मेलन विभिन्न मुद्दों को संबोधित करेगा और व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करेगा, जिससे अनुसंधान निष्कर्षों की गंभीर चर्चा, समाधान तैयार करने और शैक्षणिक संस्थानों और बहुराष्ट्रीय निगमों के बीच मजबूत साझेदारी को प्रोत्साहन मिलेगा।

उद्घाटन सत्र में रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो.प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि अंतर्विषयक शोध समय की मांग है। इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर विज्ञान, भौतिक विज्ञान और रासायन विज्ञान के क्षेत्र में चल रहा शोध आज पूरे विश्व को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के विकास से लेकर नई सामग्रियों की खोज और कम्प्यूटेशनल तरीकों की उन्नति तक विकसित करने में इन विषयों का योगदान है। इस तरह के सम्मेलनों के माध्यम से हम आज मानवता के सामने आने वाली कुछ सबसे गंभीर चुनौतियों का समाधान करने के लिए शोधकर्ताओं, विद्वानों और अभ्यासकर्ताओं की सामूहिक विशेषज्ञता का उपयोग कर सकते हैं। जिससे इन उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास करने में मदद मिलेगी।

जेएनआरएम के प्राचार्य और सम्मेलन संरक्षक, डॉ. एच.के. शर्मा ने प्रतिभागियों को विज्ञान और शैक्षणिक अनुसंधान में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। इससे पहले, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के प्रमुख और संयोजक, डॉ. प्रमोद कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन सचिव, डॉ. मिथिलेश यादव ने सम्मेलन का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया, जबकि सम्मेलन आयोजन सचिव, डॉ. कंडीमुथु ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने में शैक्षणिक साझेदारी और सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आयोजन सचिव डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. दिनेश वर्मा व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

पूरे कार्यक्रम का समन्वय जेएनआरएम की श्रीमती दीपिका ने किया। देशभर से अतिथि और प्रतिभागी उद्घाटन सत्र में ऑनलाइन मोड के माध्यम से शामिल हुए। उद्घाटन सत्र का समापन सम्मेलन के संयोजक, डॉ. सैयद सलीम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### वेदांता हॉस्पिटल के नर्सिंग छात्राओं के साथ मनाया यूथ-डे

**आजमगढ़।** वर्ल्ड यूथ-डे के मौके पर इनरव्हील क्लब ऑफ आजमगढ़ ने वेदांता हॉस्पिटल के नर्सिंग की ट्रेनिंग ले रहे बच्चियों के साथ यूथ-डे का आनंद उठाया। इस दौरान प्रधानाचार्या रीना के नेतृत्व में युवाओं की भूमिका पर वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। बच्चों ने युवा दिवस पर स्पीच और कई कार्यक्रमों की प्रस्तुति से यूथ डे को खास बनाया। प्रधानाचार्या रीना ने कहा कि भारत सर्वाधिक युवाओं वाला देश है। किसी भी देश के उन्नति और विकास मे युवाओं का अहम रोल है। युवा शिक्षित होकर देश को नई राह दिखा सकते है। उन्होंने अभिभावकों से कहाकि अपने बच्चों को शिक्षित बनाकर ही एक श्रेष्ठ भारत का निर्माण में अहम योगदान देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़े। छात्राओं के प्रस्तुति की सराहना करते हुए इनरव्हील क्लब आजमगढ़ की अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने कहाकि युवाओं के कंधे पर किसी भी राष्ट्र के भविष्य का जिम्मेदारी होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### खेतासराय में बारहवीं मोहर्रम का तीजा जुलूस संपन्न



**जौनपुर (खेतासराय)** नगर के सुन्नी समुदाय का बारहवीं मोहर्रम का तीजा का जुलूस शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। जुलूस को देखते हुए प्रशासन ने शाहगंज-जौनपुर मार्ग पर कुछ देर तक रुट डाइवर्जन किया। कड़ी सुरक्षा में जुलूस खुटहन रोड स्तिथ इमामबाड़ा पहुँचने पर ताजियेदारो ने फ़ातिहा पढ़ा। मोहर्रम के अंतिम जुलूस के चलते लोगों का हुजूम उमड़ा रहा। शहीदी चौक पर चार ताजियेदार तबल बजाते हुए पहुँचे, यहाँ से जुलूस इमामबाड़ा के लिए निकला। इस दौरान ताजियेदार अलम के साथ तबल बजाते हुए चल रहे थे। जुमा की नमाज को देखते हुए कमेटी के लोगों ने अखाड़ा का कार्यक्रम रद्द कर दिया। जुलूस इमामबाड़ा पहुँचने पर ताजियेदारो फ़ातिहा पढ़ा, फ़िर सभी अपने चौक वापस लौट गए। जुलूस का संचलान कर रहे मो असलम खान ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया। एसएचओ दीपेंद्र सिंह फोर्स के साथ मस्तैद दिखे। इस मौके पर प्रमुख रूप से नूर मोहम्मद, मो रज़ा, सरफराज खान, परवेज़ अंसारी, इलियास अहमद, तबरेज़ ,सलीम अंसारी,राजू, मो अब्दाल सहित भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

### पुलिस ने तीन ट्रैक्टर एक जेसीबी को किया सीज



**जौनपुर।** थाना सराय ख्वाजा क्षेत्र के शिकारपुर गांव स्थित अवैध खनन करते समय समय पुलिस ने तीन ट्रैक्टर और एक जेसीबी वाहन को पकड़ कर सीज कर दिया। जिसके चलते अवैध खनन करने वालो में हड़कंप मच गया। बताया गया है कि यह कारवाई नायब तहसीलदार सदर नितिन सिंह की मौजूदगी में पुलिस चौकी शिकारपुर के प्रभारी गिरीश मिश्र द्वारा की गई है। इस मौके पर पुलिस जवानों के अलावा हल्का लेखपाल रमेश कुमार दुबे मौजूद रहे।

### एक पेड़ अवश्य लगाएं- प्रो गीतांजलि मौर्य



**प्रयागराज।** एक पेड़ मां के नाम एवम् वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 19.7.2024 को कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में वृहद वृक्षारोपण किया गया। महाविद्यालय प्रांगण में प्राचार्य द्वारा नीम का पेड़ लगाकर शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय प्रांगण में आम, अमरूद, जामुन नीम, गोल्ड मोहर का पेड़ लगाया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर विश्वनाथ,श्रप्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद तिवारी, प्रोफेसर श्री प्रकाश तिवारी, प्रोफेसर पवन कुमार पचौरी, प्रोफेसर कमलेश सिंह, डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह, डॉक्टर अनुराग त्रिपाठी, डॉक्टर मनोज कुमार सिंह, निशांत श्रीवास्तव, राकेश कुमार, लाल जी एवं छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण में अपना सक्रिय योगदान दिया।

### रेलगांव क्लब को पूरे अंक


**प्रयागराज।** रेलगांव क्लब ने आशीष नेहरा क्लब को 18 रन से हराकर रविकांत अंडर-16 समर लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। रेलगांव क्लब ने शुक्रवार को अपने मैदान पर 34.2 ओवर में 154 रन (हार्दिक त्रिपाठी 27, सतेंद्र यादव 23, विनय यादव 20, अनय प्रताप 3/22, ऋतुराज यादव 2/26) बनाये। जवाब में आशीष नेहरा क्लब की टीम 32.1 ओवर में 136 रन (आनंद कुमार यादव 29, आर्य श्रेष्ठ 22, राज विश्वकर्मा 3/08, अक्षत प्रताप 3/29, हार्दिक त्रिपाठी 2/28) पर सिमट गई। मैच में मो. आरिफ व रवि केसरवानी अंपायर और अंकित पाण्डेय स्कोरर रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में छात्राओं को किया जागरूक



**प्रयागराज।** आज स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत महिला सेवा सदन इंटर कॉलेज प्रयागराज में समाज सेविका पूर्वीका अग्रवाल और विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजना सिंह सेंगर के नेतृत्व में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया। इस शिविर में विद्यालय की सभी कक्षाओं की छात्राओं का निशुल्क परीक्षण कराया गया। छात्राओं को इस अवसर पर विभिन्न रोगों और उनसे बचाव के विषय में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही स्वच्छता और हाईजीन के विषय में भी जागरूक किया गया। छात्राओं के अभिभावकों द्वारा इस अभियान की टीम की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। आयोजन सृजन जन सेवा समिति के तत्वावधान में सृजन हॉस्पिटल की निदेशक डॉक्टर मेहा अग्रवाल के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम के दौरान सृजन हॉस्पिटल के स्पेशलिस्ट डॉक्टर डॉ. निर्मला पांडे (गायनो), डॉ. एच एल शुक्ला (डेंटिस्ट), डॉ. कल्पना (डाइटिशियन), डॉ. के.पी सिंह (नेत्र), मनु (पैथोलॉजिस्ट) आदि मौजूद रहे।

### सेंट पीटर्स की जीत में सानिध्य चमके



**प्रयागराज।** सेंट पीटर्स क्लब ने विराट स्पोर्ट्स क्लब को सात विकेट से हराकर स्वर्गीय अमृत लाल अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में वामहस्त स्पिनर सानिध्य श्रीवास्तव की गेंदबाजी (5-1-15-5) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में विराट स्पोर्ट्स क्लब की टीम 19 ओवर में 88 रन (सत्यम केसरी 29, लकी मौर्य 17, सानिध्य श्रीवास्तव 5/15, कार्तिकेय वर्मा 2/21, ईशान सिंह 2/27) बनाये। जवाब में सेंट पीटर्स क्लब ने 15.1 ओवर में 3 विकेट पर 91 रन (लक्ष्य यादव 36 नाबाद, रोशन कुशवाहा 29 नाबाद, आयुष वर्मा 2/24) बना लिए। सानिध्य श्रीवास्तव को संजय पाल ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।

# गौ आधारित प्राकृतिक खेती से होगा कृषि का सतत विकास

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** कृषि विभाग द्वारा शुक्रवार को ब्लाक सभागार में कृषि सूचना तन्त्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम/आत्मा योजना अंतर्गत खरीफ उत्पादकता गोष्ठी/कृषि निवेश मेला का आयोजन किया गया। कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों को गौ आधारित शून्य बजट की प्राकृतिक खेती, फरीफ फसलों की उन्नति तकनीक, किसान कार्ड, फसल बीमा, पौधरोपण आदि की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव ने कहा कि सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए तमाम योजनाएं चला रही है उसका लाभ किसान लेकर किसान समृद्धि कर सकते हैं। उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरी तरह से प्राकृतिक संसाधनों के इस्तेमाल से की जाने वाली खेती को जैविक खेती कहा जाता है। जैविक खेती केवल फसल उत्पादन तक सीमित नहीं है वरन पशुपालन में भी यदि पशुओं को भोजन और दवाइयां इत्यादि प्राकृतिक रूप से उपलब्ध संसाधनों से प्रदान की जाएं तो ऐसे पशुओं के उत्पाद भी जैविक पशु उत्पाद कहलाते हैं। जब जैविक कृषि उत्पादन की बात करते हैं तो इसका अर्थ यह होता है कि कृषि उत्पादन के लिए जिन संसाधनों यथा ( खाद, कीटनाशक इत्यादि) का उपयोग हो वे सभी प्राकृतिक रूप से ही बने होनी चाहिए इसके लिए गर्मी में गहरी जुताई, बीज शोधन, खरपतवार नियंत्रण, मल्चिंग, पौधों को पोषण गोबर की खाद, हरी खाद, वर्मी कंपोस्ट, पीएसबी कल्चर, माइकोराइजा, राइजोबियम, फसल चक्र का पालन,कीट एवं रोग नियंत्रण हेतु जैविक रोगनाशक/कीटनाशक ट्राइकोडर्मा, ब्यूवेरिया बेसियाना का प्रयोग करें। बीजामृत तैयार करने की विधि के सन्दर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि पांच किलो ताजा गाय का गोबर लेकर एक कपड़े की थैली में रखकर एक पात्र में रख दें और पात्र को पानी से भर दे इससे गोबर में विद्यमान सारे तत्व छनकर पानी में आ जाएंगे। दूसरे पात्र में 50 ग्राम चूना लेकर एक लीटर पानी में मिलाएं। 12 से 16 घंटे बाद कपड़े की थैली को दबाकर निचोड़ लें और गोबर अंक के साथ पांच लीटर गोमूत्र मिला दे, 50 ग्राम जंगल की शुद्ध मिट्टी, चूने का पानी और 20 लीटर सादा पानी भी मिला दे। 8 से 12 घंटों तक इस मिश्रण को छोड़ दीजिए इसके पश्चात पूरा मिश्रण छान लें। छना हुआ मिश्रण बीज उपचार के लिए उपयोग करें।

जीवामृत तैयार करने की विधि के सन्दर्भ में बताया कि दस किग्रा गाय का गोबर, 10 लीटर गोमूत्र, 2 किग्रा गुण तथा एक किग्रा किसी दाल का आटा, एक किग्रा जीवंत मृदा को 200 लीटर जल में मिलाकर पांच से सात दिनों हेतु सड़ने दे। नियमित रूप से दिन में तीन बार मिश्रण को हिलाते रहे। एक एकड़ क्षेत्र में सिंचाई जल के साथ प्रयोग करें। अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष बंश बहादुर पाल तथा संचालन एडीओ एजी. विकास सिंह ने किया। इस मौके पर अपर जिला कृषि अधिकारी रविन्द्र कुमार, अवर अभियंता पीयूष कांत मौर्य, प्राविधिक सहायक शेषनाथ विन्द,बीटीएम राजेन्द्र पाल, एफपीओ की सीईओ ममता सिंह यादव,सुभाष उपाध्याय, हीरालाल, रामधनी, अखिलेश पाठक,शशांक तिवारी आदि किसान मौजूद रहे।

### बालक, पुरूष जिला स्तरीय योगासन का ट्रायल 21 को

**प्रयागराज।** योगासन भारत पूर्व नाम नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन एवं उत्तर प्रदेश योगासन खेल संघ के संयुक्त तत्वधान में जिला स्तरीय पुरुष योगासन ट्रायल 21 जुलाई को रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज मुखर्जी रोड राजापुर प्रयागराज में प्रातः 8:00 बजे से होगा। योग को योगासन स्पोर्ट्स के रूप में प्रोत्साहित करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्तर पर योगासन भारत (पूर्व नाम नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन एन वाई एस एफ) का गठन किया गया है।योगासन भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है।और वर्ल्ड योगासन से संबंध है इसके साथ-साथ योगासन भारत को इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा एसोसिएट मेंबर की सदस्यता भी प्राप्त है योगासन खेल को खेलो इंडिया नेशनल गेम में भी सूचीबद्ध कर लिया गया है। सचिव धर्मेंद्र मिश्र जिला योगासन खेल संघ प्रयागराज के अनुसार ट्रायल 6ठीं आयु वर्ग व 6 वो ही ग्रुप में बालक पुरूष वर्ग में होगी पहला 9 से 14 वर्ष तक दूसरा 14 से 18 वर्ष तक तीसरा 18 से 28 वर्ष तक चौथा सीनियर ए 28 से 35 वर्ष तक पांचवा सीनियर बी 36 से 45 वर्ष तक छठवा सीनियर सी 46 से 55 वर्ष तक एवं पैरा खिलाड़ी (विकलांग) प्रतिभागी भी भाग ले सकते है।

# अपनी मांगों को लेकर आयकर कर्मियों ने किया प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** आज आयकर भवन में आयकर कर्मचारी महासंघ एवं आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ के सदस्यों ने भोजनावकाश के दौरान विरोध प्रदर्शन किया। शाखा अध्यक्ष रविन्द्र कुमार गौर की अध्यक्षता में भूतल पर एक सभा भी आयोजित की गई, जिसे आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ की तरफ से आयकर अधिकारी नरेंद्र कुमार वर्मा, आयकर कर्मचारी महासंघ की तरफ से शाखा सचिव भावेश कुमार, उपाध्यक्ष बृजेश कुमार, कोषाध्यक्ष विजय कुमार एवं जोनल सचिव योगेश्वर राय ने संबोधित किया। जोनल सचिव ने बताया कि आज का यह विरोध पदर्शन आयकर कर्मचारी महासंघ नई दिल्ली एवं आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ नई दिल्ली के आहवान पर संयुक्त रूप से किया गया है। कर्मचारियों की कई जरूरी मांगें है जिसे लेकर कर्मचारी उद्वेलित हैं। कर्मचारी संगठनों की यह मांग है कि आठवें वेतन आयोग का शीघ्र गठन किया जाये। नई पेंशन योजना को समाप्त किया जाए तथा पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। कोविड काल के दौरान रोके गए 18 माह के मंहगाई भत्ते को रिलीज किया जाये। दयामूलक आधार पर नियुक्ति हेतु निर्धारित पांच प्रतिशत की सीमा को हटाया जाये, जिस भी कर्मचारी की सेवा काल के दौरान मृत्यु होती है उसके आश्रित को तत्काल दयामूलक आधार पर नियुक्ति दी जाये। सरकारी विभागों में आउटसोर्सिंग रोकी जाये तथा खाली पदों को भरा जाये । कैजयूल लेबर को रेगुलराइज किया जाये। संघ की गतिविधियों को लोकतांत्रिक तरीके से चलने दिया जाए,यूनियनों की मान्यता हेतु लम्बित आवेदनों का निस्तारण किया जाए, पोस्ट आफिस के यूनियनों को बहाल किया जाए।

# दीक्षांत समारोह को भव्य तरीके से मनाया जाएगा : कुलपति

- पीयू का दीक्षांत 18 सितंबर को कमेटी की हुई पहली बैठक

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 28 वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 18 सितंबर को होना है। इस हेतु नामित अधिकारी शिक्षक कर्मचारी गण के साथ कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने एक बैठक शुक्रवार को ली, जिसमें सभी अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी को उनको सौंपे गए दायित्व के बारे में बताया। साथ ही उन्हें उसकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। बैठक में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि पूर्व की वर्षों की भांति ही इस वर्ष भी दीक्षांत समारोह को भव्य तरीके से मनाया जाना है। इस दीक्षांत में उच्च प्राथमिक विद्यालय के 25-25 छात्र- छात्राओं को आमंत्रित किया जाएगा। छात्राओं को माननीय कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल सम्मानित करेगी। दीक्षांत समारोह के पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव तथा आंगनबाड़ी केंद्रों की आपसी प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु एनएसएस के पूर्व समन्वयक प्रो राकेश कुमार यादव एवं एनएसएस के वर्तमान समन्वयक डॉक्टर राज बहादुर यादव को निर्देशित किया गया ।इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार,वित्त अधिकारी संजय कुमार राय,कार्यकारी परीक्षा नियंत्रक अजीत प्रताप सिंह ,उप कुलसचिव दीपक कुमार सिंह, बबिता, अमृतलाल, प्रोफेसर संदीप सिंह, प्रोफेसर अजय द्विवेदी, प्रोफेसर मनोज मिश्र, प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह, प्रोफेसर राजकुमार, प्रो गिरिधर मिश्र, प्रोफेसर सौरभ पाल, प्रोफेसर मुराद अली, प्रोफेसर रवि प्रकाश, अन्नू त्यागी, लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डॉ पीके सिंह कौशिक, डॉ अमित वत्स, रजनीश सिंह राजेश सिंह सहित लोग उपस्थित रहे।

# वृहद् वृक्षारोपण के लिए कुंभ नगरी प्रयागराज तैयार

- जिले में संशोधित लक्ष्य के साथ 75 लाख 77 हजार पौधों का होगा रोपण
- नैनी में नगर वन अभियान के अंतर्गत अलग से 88 हजार पौधों का होगा रोपण
- रोपित पौधों की सुरक्षा में लिए रोड मैप तैयार
- वृक्ष संवर्धन नीति के चलते शहर में हर साल में बढ़ा रहा है हरियाली का दायरा

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने का निरंतर प्रयास कर रही है। शहर में हरित पट्टियों का विकास और सघन वृक्षारोपण इसी का हिस्सा है जिसे लेकर सरकारी मशीनरी भी सक्रिय हैं । प्रयागराज में 20 जुलाई को होने वाले वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए सभी सरकारी विभागों की तरफ से तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

मानसून के आगमन के पहले ही कुंभ नगरी प्रयागराज को हरित प्रयागराज के रूप में विकसित करने की प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। अभियान के नोडल अधिकारी प्रयागराज के डीएफओ अरविंद कुमार का कहना है कि प्रयागराज में इस अभियान के अंतर्गत इस साल 75 लाख, 77 हजार 323 पौधे रोपित करने का संशोधित लक्ष्य तय किया गया है। जिले के सभी 24 से अधिक सरकारी विभागों का भी लक्ष्य तय किया जा चुका है। जिले में वन विभाग की तरफ से इस अभियान में इस साल 22 लाख 46 हजार 503 पौधे रोपित किए जाएंगे । वन विभाग के अलावा जिले में ग्राम्य विकास विभाग 30 लाख 84 हजार 282 , कृषि विभाग 5 लाख 9 हजार, उद्यान विभाग 3 लाख 69 हजार , पर्यावरण विभाग की तरफ से 2 लाख 27 हजार और राजस्व विभाग के लिए 2 लाख 51 हजार का लक्ष्य तय किया गया है। प्रधानमंत्री के आवाहन पर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के दृष्टिगत 20 जुलाई को होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रदेश व जनपद के लक्ष्य में वृद्धि कर दी गयी है। प्रदेश का वृक्षारोपण हेतु संशोधित लक्ष्य 36 करोड़ 50 लाख एवं जनपद प्रयागराज का नया लक्ष्य 75 लाख 77 हजार कर दिया गया है। डीएफओ प्रयागराज अरविंद कुमार का कहना है कि सभी विभागों को उनके नए लक्ष्य से अवगत करा दिया गया है।

### रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए रोड मैप तैयार

**प्रयागराज।** वृहद् स्तर पर हो रहे इस वृक्षारोपण के बाद रोपित पौधों की सुरक्षा की व्यवस्था प्रशासन की जिम्मेदारी होगी। डीएफओ प्रयागराज के मुताबिक रोपित पौधे या पौध स्थल की सुरक्षा व्यवस्था एवं जियो टैगिंग तत्काल कराई जाएगी। समस्त पौधारोपण की स्थलीय समीक्षा डिजिटल माध्यम से की जाएगी। यह जिम्मेदारी पौध रोपण करने वाले विभाग को दी गई है।

### नगर वन स्थापना में भी होगा पौध रोपण

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बढ़ते तापमान, कम होती वर्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर वन परियोजना को मंजूरी मिली है। डीएफओ अरविंद कुमार का कहना है कि इसके अंतर्गत शहर के नैनी के पास यूपीसीडा की तरफ से बसाए जा रही सरस्वती हाइटेक सिटी में 20 हेक्टेयर में 88 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। तीन करोड़ 20 लाख की लागत से इसे हरित पट्टी में बदला जाएगा। यहां 20,21और 22 जुलाई को पौधे रोपित होंगे। यहां रोपित इन पौधों में ट्री गार्ड भी लगाए जाएंगे। पौधों की रखवाली के लिए 30 चौकीदार भी नियुक्त किए जाएंगे।

# डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जनपद में कार्य कर रही कार्यदायी संस्थाओं को ट्रायल रन, पंप हाउस निर्माण, पंप फ्लोरिंग एवं ओवरहेड टैंक के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंप हाउस निर्माण के सापेक्ष पंप फ्लोरिंग एवं ट्रायल रन को बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि डिस्ट्रीब्यूशन कार्य होने के बाद वहां पानी की सप्लाई प्रारंभ कर दें। जिलाधिकारी ने उक्त निर्देश आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जनपद में चल रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं कार्य कर रही कार्यदायी संस्थाओं को दिए। जिलाधिकारी ने सभी आईएसए कंपनियों को महिला/ पुरूष/ सामुदायिक बैठकों को सरकारी भवनों, स्कूल एवं पंचायत भवन में कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पानी की गुणवत्ता एवं उसके बचाव के बारे में प्रभात फेरी निकालने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बैठक में सभी जाति, धर्म, वर्ग एवं संप्रदाय के लोगों को बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि बैठक से पूर्व प्रॉपर तरीके से प्रचार- प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि गांव के जितने मजरे हैं, सभी में बैठक की जाय। उन्होंने कहा कि बैठक का वीडियोध्फोटोग्राफ एवं डिजिटल डायरी तैयार करें। उन्होंने कहा कि 15 से 20 सेकंड का वीडियो बनाया जाए, जिसमें प्रधान बताएं योजना के अंतर्गत क्या-क्या कार्य कराया जा रहा है तथा इसका क्या लाभ है। जिलाधिकारी ने कहां की रोड रेस्टोरेशन से संबंधित काफी शिकायतें पाई जा रही है. उन्होंने जिला विकास अधिकारी से सचिवों के माध्यम से रोड रेस्टोरेशन के कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आकस्मिकता घटित होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि वाटर पाइपों के लीकेज ठीक करायें तथा पाइप की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदाई संस्थाओं को विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) तथा कार्यदायी संस्थाओं एवं आईएसए कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पौध रोपण योजना को चूना लगाने में लगें वनकर्मी

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** बूढ़नपुर तहसील क्षेत्र के अतरौलिया थाना के अमारी गांव में रोड के किनारे सरे आम हरे आम के पेड़ की कटाई व्यापारी द्वारा की जा रही है। पेड़ की कटान पर उन्होंने संबंधित व्यापारी से बात किया तो व्यापारी द्वारा सूखे पेड़ का हवाला देकर के पेड़ काटने में व्यस्त हो गया। साथ ही विभागीय अधिकारियों से अच्छा तालमेल होने की बात कही जब क्षेत्रीय वन अधिकारी से बात की गई तो क्षेत्रीय वन अधिकारी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि मेरे संज्ञान में ऐसा कोई मामला नहीं है कोई भी हरा आम का पेड़ काटने को अधिकृत नहीं है। यदि कोई भी व्यक्ति मिलता है तो उसके खिलाफजुर्माना का प्रावधान है मेरे द्वारा तत्काल क्षेत्रीय वन दरोगा दिवाकर सिंह मामले की जांच कराई जाएगी वही ग्रामीणों का आरोप है कि बन दरोगा द्वारा पैसा लेकर के हरे पेड़ों की कटान कराई जा रही है सरकार लाख दावे करें लेकिन देहाती कहावत इस घटना पर सही साबित हो रही है तू डाल डाल मैं पात पात।सरकार के सारे दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं अधिकारी कर्मचारी थोड़े से पैसे के लालच में आकर के पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करते नजर आ रहे हैं पेड के कटान का अगर यही हाल रहा तो आने वाले समय में लोगों को ऑक्सीजन का सिलेंडर अपने साथ लेकर घूमना पड़ेगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना

श्री प्रणजीव सक्सेना, रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल, लखनऊ, नागरिक एवं विमानन मंत्रालय, भारत सरकार, दिनांक 21.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे से मण्डल रेल प्रबंधक, कार्यालय (डी.आर.एम. मीटिंग हाल), अशोक मार्ग, लखनऊ में गाड़ी सं. 15904 डा0 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस का मोतीगंज-झिलाही रेलवे खण्ड पर दिनांक 18.07.2024 को पटरी से उतर जाने के प्रकरण की जॉच करेंगें। यदि कोई नागरिक उपरोक्त दुर्घटना के सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी या साक्ष्य देना चाहता है, तो वह उपरोक्त दिनांक को जाँच के समय उपस्थित होकर पूर्ण साक्ष्य दे सकता है अथवा रेल संरक्षा आयुक्त (उत्तर पूर्व सर्किल) लखनऊ को लिखित सूचना दे सकता है।

**मण्डल रेल प्रबंधक (संरक्षा), लखनऊ**

मुजाधि/संरक्षा-01

"मोबाईल पर बात करते हुए मानवरहित समपार पार न करें"

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार अबतक के रिकॉर्ड स्तर 666.85 अरब डॉलर पर



नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था के मोंचे पर अच्छी खबर है। लगातार दूसरे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जुलाई को समाप्त हफ्ते में 9.70 अरब डॉलर उछल कर सर्वकालिक रिकॉर्ड उच्चतम स्तर 666.85 अरब डॉलर पर पहुच गया है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 12 जुलाई को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.70 अरब डॉलर उछल कर रिकॉर्ड अबतक के उच्चतम स्तर 666.85 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले हफ्ते में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़ कर 657.15 अरब डॉलर रहा था।

आंकड़ों के मुताबिक मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.36 अरब डॉलर बढ़ कर 585.47 अरब डॉलर हो गईं। इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 1.23 अरब डॉलर बढ़ कर 58.66 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आरबीआई के मुताबिक, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 7.6 करोड़ डॉलर बढ़ कर 18.11 अरब डॉलर हो गया।

रिजर्व बैंक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 3.2 करोड़ डॉलर बढ़ कर 4.61 अरब डॉलर हो गई है। गौरतलब है कि विदेशी मुद्रा भंडार का इससे पहले का उच्चतम स्तर 655.82 अरब डॉलर रहा था, जो अबतक के रिकॉर्ड स्तर 666.85 अरब डॉलर पर पिछले हफ्ते पहुंच गया।

# जिओ और एयरटेल को छोड़ बीएसएनएल में पोर्ट करा रहे मोबाइल फोन ग्राहक

**भोपाल (हि.स.)।** देश की सबसे बड़ी सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल की एक बार फिर घर वापसी होने लगी है, क्योंकि देश की तीन निजी टेलिकॉम कंपनियों जियो, वोडाफोन-आईडिया और भारती एयरटेल ने अपने रिचार्ज प्लानों को काफी महंगा कर दिया है। जिसके बाद से इन तीनों कंपनियों के ग्राहक एक बार फिर बीएसएनल की ओर रुख करने लगे हैं।

इसी माह जुलाई में भोपाल के क्षेत्रीय कार्यालय बीएसएनएल में एक लाख से अधिक ग्राहक जियो, वोडाफोन-आईडिया और भारती एयरटेल को छोड़कर बीएसएनएल में पोर्ट कराने आए हैं, जबकि 27 हजार से अधिक ग्राहकों ने बीएसएनएल की सिम में पोर्ट करा लिया है। इतना ही नहीं बीएसएनएल लगातार ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए कई शानदार




ऑफर्स दे रही है।

बीएसएनएल के पास एक महीने से लेकर पूरे एक साल तक के कई टैरिफ प्लान मौजूद हैं, जिन पर शानदार ऑफर मिल रहा है। इन सभी रिचार्ज प्लान की कीमत वोडाफोन-आईडिया, भारती एयरटेल और रिलायंस जियो के प्लान से सस्ता है। यह बड़ी वजह है कि ग्राहकों ने बीएसएनएल की ओर रुख किया है। भोपाल के सभी बीएसएनएल कार्यालयों में इस समय भारी भीड़ देखी जा रही है।

वैसे भी सरकारी कंपनी बीएसएनएल आज भी सबसे सस्ते रिचार्ज प्लान उपलब्ध करा रही है। जिनकी कीमत जियो और एयरटेल के मकुाबले करीब आधी है, हालांकि बीएसएनएल के पास मौजूदा समय में 4G सर्विस मौजूद है, जबकि जियो और एयरटेल के पास 5त्र सर्विस है, लेकिन ग्राहकों के अब इन कंपनियों के प्लान काफी महंगे लगने लगे हैं यही कारण कि लोग अब बीएसएनएल में पोर्ट करा रहे हैं।

**पोर्ट करने का आसान तरीका**

एयरटेल और जिओ की सिम को बीएसएनएल में पोर्ट कराने के लिए सबसे पहले आपको 1900 पर एक एसएमएस भेजकर मोबाइल नंबर पोर्ट करने के लिए अनुरोध भेजना होगा। इसके लिए आपको अपने एसएमएस बॉक्स में 'पोर्ट लिखकर एक स्पेस के बाद अपना मोबाइल नंबर लिखकर भेजना। इसके बाद आपको मोबाइल नंबर पोर्ट कराने के लिए बीएसएनएल के ग्राहक सहायता केंद्र पर जाना पड़ेगा, यहां आपसे आधार कार्ड, फोटो, बायोमैट्रिक सहित जरूरी दस्तावेज जमा करना होगा। इसके बाद आपको बीएसएनएल की ओर से एक नई सिम दे दी जाएगी। इसके बाद उस सिम पर एक यूनिक कोड भेजा जाएगा, जिसकी मदद से आप अपने नई सिम को एक्टिवेट कर सकेंगे।

## केंद्रीय बजट 23 जुलाई को संसद में 11 बजे पेश किया जाएगा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट 23 जुलाई को संसद में पेश किया जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सुबह 11 बजे लोकसभा में अपना बजट भाषण शुरू करेंगी। ये सीतारमण का लगातार सातवां बजट होगा।

वित्त मंत्रालय के मुताबिक केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए बजट तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मंत्रालय ने बताया कि बजट की पल-पल अपडेट वित्त मंत्रालय के एक्स (X) हैंडल, फेसबुक और https://finmin.gov.in/ पर होगी। बजट भाषण पूरा होने पर केंदीय बजट 2024-25 का बजट दस्तावेज एंड्रॉइड और ऐप्पल ओएस दोनों प्लेटफार्मों पर उपलब्ध होगा। इसके साथ ही यह यूनियन बजट मोबाइल ऐप पर अंग्रेजी और हिंदी में भी उपलब्ध होंगे।

## केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 के लिए 'The Future is Now' थीम जारी किया

**नई दिल्ली।** इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 की थीम 'The Future is Now'का आज नई दिल्ली में संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा




अनावरण किया गया। यह थीम इस महत्व को रेखांकित करती है कि भारत कैसे प्रौद्योगिकी उद्भव के हृदय में स्थित है और आईएमसी 2024 विश्वभर से नेताओं, दूरदृष्टाओं और नवप्रवर्तकों को गठबंधन करने और आज हमारी दुनिया को बदल रही प्रौद्योगिकियों को आकार देने के लिए एक साथ आ रहे हैं जहां भविष्य महज एक अवधारणा नहीं है, बल्कि यह घटित हो रहा है। संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पंजीकरण के लिए इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 का एप्लीकेशन और वेबसाइट भी लांच किया। प्रथम पंजीकरण और श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुख्य संबोधन के साथ इंडिया मोबाइल कांग्रेस ने प्रतिनिधियों, आगंतुकों, अकादमिक क्षेत्र एवं कॉलेज, सरकार और मीडिया के लिए पंजीकरण खोलने की भी घोषणा की। अपने संबोधन में संचार मंत्री ने कहा, टेक्नॉलाजी तब सर्वोत्तम होती है जब वह लोगों को एक साथ लाती है। इसके लिए हमारे देश भारत से बेहतर कोई और उदाहरण नहीं हो सकता। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता की तर्ज पर देशभर में अंतर पाटने में टेक्नोलॉजी की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ÷यह टेक्नोलॉजी एवं संचार ही है जो अवसरों का एक मंच उपलब्ध कराएगा। संचार और नेटवर्क भारत के प्रथम गांव से भारत के केंद्रीय गांवों तक लोगों को एक साथ लाएगा। संचार मंत्री ने आईएमसी को एक ग्लोबल मेल्टिंग प्वाइंट करार देते हुए उम्मीद जताई कि भारत को आने वाले वर्षों में इस तरह के आयोजनों का एक केंद्र बनना है। उन्होंने कहा कि 'Future is Now'थीम हमारी क्षमताओं, हमारी उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में दूरसंचार क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलावों को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत टेक्नोलॉजी के उपभोक्ता से टेक्नोलॉजी का आपूर्तिकर्ता बन गया है।

# ऑनर ने भारत में ऑनर 200 सीरीज़ लॉन्च की, एआई-पॉवर्ड स्टूडियो-लेवल पोर्ट्रेट फोटोग्राफी द्वारा मोबाईल इमेजिंग को आधुनिक बनाया

**नई दिल्ली।** ऑनर ने भारत में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए आज ऑनर 200 सीरीज़ लॉन्च की। यह



इसकी प्रतिष्ठित नंबर सीरीज़ में सबसे नया लॉन्च है। इस सीरीज़ में ऑनर 200 प्रो 5जी और ऑनर 200 5जी हैं, जो पॉवर और क्रिएटिविटी के दायरे बढ़ाकर ग्राहकों को अत्याधुनिक एआई पॉवर्ड पोर्ट्रेट क्षमताएं, आकर्षक डिस्प्ले, मजबूत हार्डवेयर परफॉर्मेंस, और इन्ट्यूटिव यूज़र केंद्रित एआई अनुभव प्रदान करेंगे।

ऑनर 200 प्रो 5जी दो खूबसूरत रंगों - ओशन स्यान और ब्लैक में 57,999 रुपये में 20 जुलाई अर्द्धरात्रि 12 बजे से अमेज़न.इन पर, ब्रांड की वेबसाईट explorehonor.com पर और आपके नजदीकी मेनलाइन रिटेल स्टोर्स पर मिलना शुरू होगा। 20 और 23 जुलाई को यह स्मार्टफोन खरीदने वाले सभी ग्राहकों को 8000 रुपये की तत्काल छूट मिलेगी। आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड पर 3000 रुपये की अतिरिक्त छूट मिलेगी। इसके अलावा ग्राहकों को कुछ चुनिंदा मेनलाइन स्टोर्स में 8,499 रुपये मूल्य के मुफ्त ऑनर उपहार मिलेंगे या इसके बदले 2000 रुपये की तत्काल कूपन छूट दी जाएगी।

ऑनर 200 5जी भी दो रंगों के विकल्पों - मूनलाईट व्हाईट और ब्लैक में उपलब्ध होगा। यह स्मार्टफोन दो वैरिएंट्स में मिलेगा। इसके 12जीबी+512जीबी वैरिएंट का मूल्य 39,999 रुपये और 8जीबी+256जीबी वैरिएंट का मूल्य 34,999 रुपये होगा। यह स्मार्टफोन 20 जुलाई अर्द्धरात्रि 12 बजे से अमेज़न.इन पर, ब्रांड की वेबसाईट explorehonor.com और आपके नजदीकी मेनलाइन रिटेल स्टोर्स पर मिलना शुरू होगा। 20 और 23 जुलाई को यह स्मार्टफोन 2000 रुपये के बैंक ऑफर और 1000 रुपये की तत्काल छूट के साथ मिलेगा। इसके अलावा ग्राहकों को कुछ चुनिंदा मेनलाइन स्टोर्स में 8,499 रुपये मूल्य के मुफ्त ऑनर उपहार मिलेंगे या इसके बदले 2000 रुपये की तत्काल कूपन छूट दी जाएगी। इन रोमांचक ऑफ़रों के साथ, 20 और 23 जुलाई को ऑनर 200 5जी (8जीबी + 256जीबी) वैरिएंट 29,999 रुपये* के शुरुआती मूल्य में खरीदा जा सकेगा।

एक भरोसेमंद और विश्वसनीय ब्रांड बनने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ ऑनर ग्राहकों को निम्नलिखित सर्विस ऑफर भी दे रहा है-

खरीदने की तारीख से 6 महीने के अंदर एक बार एडीएलडी।

इनवॉइस की तारीख से 30 दिनों के अंदर जीएसटी हटाकर 90% तक एश्योर्ड बायबैक।

6 महीने की एक्सटेंडेड वॉरंटी।

18 महीने तक डोर-टू-डोर सर्विस।

उद्योग में पहली बार 3 महीने का साइबर सुरक्षा कवर (50,000 तक)।

इतना ही नहीं, ऑनर 200 सीरीज़ जीरो डाउन पेमेंट पर उपलब्ध होगी। इसके अलावा यह खरीदने के लिए एनसीईएमआई जैसे अन्य किफायती विकल्प भी उपलब्ध हैं। साथ ही, ओरिजिनल 100वॉट ऑनर चार्जर अमेज़न.इन, ब्रांड की वेबसाइट-explorehonor.com और आपके नज़दीकी मेनलाइन स्टोर से खरीदा जा सकेगा।

# डिज़्नी+हॉटस्टार ने 'लाइफ हिल गई' का ट्रेलर रिलीज किया

**मुंबई।** जब जीवन में safar का मतलब suffer हो जाए, तो समझो आपकी लाइफ हिल गई! तैयार हो जाइए मजेदार लेकिन हंगामेदार ड्रामे के लिए। डिज़्नी+हॉटस्टार ने हॉटस्टार स्पेशल्स 'लाइफ हिल गई' का ट्रेलर जारी किया है। संपत्ति से हाथ धोने के बाद, पारिवारिक विरासत की होड़ जीतने के लिए दोनों भाई-बहन देव और कल्कि, उत्तराखंड के एक छोटे-से शहर पहुंच जाते हैं। आरुषि निशांक, हिमश्री फिल्म्स द्वारा निर्मित इस शो को प्रेम मिस्त्री ने निर्देशित किया और इसे लिखा है जसमीत सिंह भाटिया ने। तो देव और कल्कि के साथ हॉटस्टार स्पेशल्स की पेशकश 'लाइफ हिल गई' के मजेदार सफरनामे में शामिल हो जाएं। इसका एक्सक्लूसिव प्रसारण 9 अगस्त से डिज़्नी+हॉटस्टार पर किया जाएगा।

दिव्येंदु की जबर्दस्त कॉमिक टाइम के साथ कुशा कपिला का दिलकश और मजेदार अभिनय भाई-बहनों की इस अनूठी जोड़ी-देव कल्कि को मजबूत बनाता है। इस सीरीज में आपको विनय पाठक,



कबीर बेदी, भाग्यश्री, मुक्ति मोहन और अदिति गोवित्रिकर जैसे बेहद टैलेंटेड कलाकारों को देखने का मौका मिलेगा।

एक्टर दिव्येंदु कहते हैं, देव एक आलीशान जिंदगी जीने पर भरोसा करता है। वो खुद को बड़ा सख्त दिखाने की कोशिश करता है, लेकिन असलियत में वह कमजोर और प्यार करने वाला इंसान है। मैं एक ऐसी कहानी की तलाश में था जो मेरे मजाकिया रूप के साथ-साथ मेरा एक मासूम चेहरा भी दिखाए। परदे पर मैं और कुशा हमेशा ही लड़ते-झगड़ते नजर आते हैं लेकिन परदे के बाहर हम दोनों परिवार की तरह हैं। लाइफ हिल गई एक बिखरे हुए परिवार का वास्तविक चेहरा दिखाता है। मुझे ऐसा लगता है कि सीरीज में दिखाए गए इस परिवार का कोई ना कोई सदस्य आपको जाना-पहचाना लगेगा। डिज़्नी+हॉटस्टार के साथ मैं पहली बार काम कर रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को यह हल्की-फुलकी सीरीज पसंद आए।''

अभिनेत्री कुशा कपिला उर्फ कल्कि कहती हैं, ÷कल्कि का किरदार काफी मजेदार, अनूठा और जाना-पहचाना सा है। जिस पल ही मैंने इस किरदार के बारे में जाना मुझे उसकी इच्छाशक्ति, रौबदार अंदाज और खरापन बहुत पसंद आया। इसलिए मुझे पता था कि यह किरदार तो मेरे लिए ही बना है और मुझे ही ध्यान में रखकर लिखा गया है। कल्कि के किरदार की गहराई और उसकी दुनिया ने हमें अपनी क्रिएटिव आजादी को जानने और उसके अनूठेपन के साथ खेलने की आजादी दी। अपने परिवार के साथ उसका रिश्ता बहुत ही विचित्र है लेकिन उनके प्यार को कोई खत्म नहीं कर सकता। मैं खुद भी इस बात को मानती हूं कि कोई भी परिवार बिलकुल परफेक्ट नहीं होता; इसकी खूबसूरती ही उसके बेतुके और अजूबेपन में है। इसके बाद भी हम अपनी परेशानियों और मनमुटाव पर हंसते हैं। यही बात सबसे महत्वपूर्ण होती है। परदे पर दिव्येंदु की बहन बनना और विनय पाठक सर का मेरे डैड का किरदार निभाना बेहद ही मजेदार अनुभव रहा, क्योंकि हमारे बीच अपने आप ही मजाक-मस्ती आ जाती है और बड़ा मजा आया।

## पेटीएम का घाटा अप्रैल-जून तिमाही में बढ़कर 840 करोड़ रुपये पहुंचा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म पेटीएम ब्रांड की मूल कंपनी वन कम्युनिकेशंस ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का घाटा बढ़कर 840 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 358.4 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। पेटीएम ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में उसका घाटा बढ़कर 840 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 358.4 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने कहा कि उसकी एकीकृत आमदनी 33.48 फीसदी घटकर 1,639.1 करोड़ रुपये रह गई है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2,464.2 करोड़ रुपये थी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से पेटीएम पेमेंट बैंक पर रोक लगाने का असर उसके बिजनेस पर दिखा है।

# इसुज़ू मोटर्स इंडिया भारत में 'इसुज़ू आई-केयर मॉनसून कैम्प' का आयोजन कर रहा है

**ग्राहकों को 10 जुलाई से 22 जुलाई तक सभी अधिकृत इसुज़ू डीलरशिप्स पर आकर्षक सर्विस लाभ मिलेंगे।**



**कानपुर।** इसुज़ू मोटर्स इंडिया ने वाहन स्वामित्व का बेहतरीन और अतुलनीय अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ पूरे देश में 'इसुज़ू आई केयर मॉनसून कैम्प' की घोषणा की है। इसुज़ू डी-मैक्स पिक-अप और SUV के लिए डिज़ाइन किए गये ये शिविर पूरे देश में इसुज़ू वाहन मालिकों को आकर्षक लाभ और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस जाँच प्रदान करेंगे। 'इसुज़ू केयर' द्वारा 10 से 22 जुलाई 2023 (ये दोनों दिन भी शामिल) के बीच सभी अधिकृत इसुज़ू डीलर सर्विस आउटलेट्स पर एक मॉनसून कैम्प लगाया जा रहा है। इस अवधि में ग्राहकों को उनके वाहनों के लिए विशेष ऑफर और लाभ दिये जा रहे हैं।

इस शिविर में आने वाले ग्राहकों को निम्नलिखित लाभ होंगे-

मुफ़्त 37-पॉइंट विस्तृत जाँच

लेबर पर 10% की छूट

पार्ट्स पर 5% की छूट

ल्यूब और फ्लूइड पर 5% की छूट

रिटेल RSA ख़रीद पर 10% की छूट

मुफ़्त 'REGEN'

नोट - नियम व शर्तें लागू। केवल BSVI वाहनों के लिये।

नोट - नियम व शर्तें लागू।

'मानसून कैम्प' अहमदाबाद, बारामूला, बेंगलुरु, भीमवरम, भुज, कालीकट, चेन्नई, कोयंबतूर, दिल्ली, दीमापुर, गांधीधाम, गोरखपुर, गुरुग्राम, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, जैगांव, जम्मू, जालंधर, जोधपुर, कोची, कोलकाता, कुरनूल, लखनऊ, मदुरई, मैंगलोर, मेहसाणा, मोहाली, मुंबई, नागपुर, नेल्लौर, पुणे, रायपुर, राजामुंदरी, राजकोट, सिलीगुड़ी, सूरत, तिरूपति, त्रिवेंद्रम, वडोदरा, विजयवाडा, और विशाखापतनम में इसुज़ू के अधिकृत सर्विस केंद्रों में लगाये जाएँगे।

ग्राहक अपने नज़दीकी इसुज़ू डीलर आउटलेट पर कॉल करके या https://isuzu.in/connect-to-service/ पर विजिट करके सर्विस बुक कर सकते हैं। ज़्यादा जानकारी के लिये 1800 4199 188 (टोल फ्री) पर संपर्क करें।

## बजट के पहले शेयर बाजार में मुनाफावसूली, निवेशकों को 8 लाख करोड़ से अधिक की चपत

**नई दिल्ली (हि.स.)।** अगले सप्ताह 23 जुलाई को पेश होने वाले बजट से पहले शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों ने सतर्कता बरतते हुए चौतरफा बिकवाली करके मुनाफा वसूली की। आज शेयर बाजार ने शुरुआत में ही मजबूती का नया रिकॉर्ड कायम कर लिया लेकिन उसके बाद मंदड़ियों के दबाव से शेयर बाजार करीब एक प्रतिशत तक टूट गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.91 प्रतिशत और निफ्टी 1.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। बाजार में आज लगातार बिकवाली से निवेशकों को एक दिन के कारोबार में ही 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक की चपत लग गई।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान बीएसई और एनएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस, मेटल, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, कैपिटल गुड्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में आज सबसे अधिक बिकवाली का दबाव बना रहा। लगातार हो रही बिकवाली के कारण मेटल सेक्टर तो 4 प्रतिशत से अधिक टूट गया। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.31 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 446.25 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 454.32 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 8.07 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

# ब्रिक्स सीसीआई के एनर्जी पार्टनरशिप फोरम 2.0 में ऊर्जा क्षेत्र में नवप्रवर्तन एवं सहयोग को रेखांकित किया

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री(ब्रिक्स सीसीआई) की ऊर्जा इकाई ने ऊर्जा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गठबंधन एवं नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक महत्वपूर्ण और बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम एनर्जी पार्टनरशिप फोरम 2.0 का आयोजन किया। इस आयोजन में शामिल राजनयिकों, उद्योगपतियों और सरकारी अधिकारियों ने ब्रिक्स देशों और इनके सहयोगियों के बीच ऊर्जा सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित की।

ब्रिक्स और अन्य देशों से राजनयिक प्रतिनिधियों ने इसमें प्रतिभाग कर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की। भारत में रूसी दूतावास से श्री रोमन बाबुशकिन, नई दिल्ली में चीनी दूतावास के मिनिस्टर काउंसलर श्री गाओ होंगशान और नई दिल्ली में उरुग्वे के राजदूत अल्बर्टो ए. गुआनी ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सहयोग पर अद्भुत भाषण दिया। इस फोरम ने कोस्टा रिका गणतंत्र दूतावास की सीडीए सुश्री




सोफिया सालस मोंगे और भारत में मोरक्को दूतावास के इकोनॉमिक काउंसलर श्री सैद हिजरी समेत सम्मानित अतिथियों और ब्रिक्स देशों के दूतावास के आधिकारिक प्रतिनिधियों को सम्मानित किया।

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री श्री रामनाथ ठाकुर के मुताबिक, वर्ष 2030 तक अक्षय ऊर्जा तीन गुना करने के लक्ष्य के साथ इस सरकार ने सोलर पैनलों की स्थापना में सब्सिडी उपलब्ध कराने के लिए 75 अरब रुपये की एक नई योजना शुरू की है। एक करोड़ परिवारों हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने रूफटॉप सोलर योजना या प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना नाम से भी एक स्कीम शुरू की है।

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य और पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री डाक्टर राणा गुरमीत सिंह सोढी ने विशेष अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में राष्ट्र के विकास में ऊर्जा सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित की। उन्होंने कहा, ऊर्जा, आर्थिक वृद्धि एवं टिकाऊपन की रीढ़ है और भावी ऊर्जा नीतियों को आकार देने के लिए इस तरह के फोरम आवश्यक हैं। कठिन से मुक्ति वाले क्षेत्र में रुख करने के लिए मुक्त व्यापार को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है ताकि शून्य एवं निम्न कार्बन हाइड्रोजन का अधिक इस्तेमाल किया जाए। हमें ऊर्जा परिवर्तन की गति भी बढ़ाने और कम लागत वाले वित्त उपलब्ध कराने की भी जरूरत है जिससे वर्ष 2070 तक शून्य उत्सर्जन लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

एनर्जी वर्टिकल के अध्यक्ष एवं ब्रिक्स सीसीआई के कोषाध्यक्ष रुहैल रंजन ने स्वागत भाषण देते हुए इस फोरम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ÷जैसा कि हम दूसरी बार मिल रहे हैं, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि टिकाऊपन की दिशा में यह यात्रा केवल महान पहल और वृहद स्तर की परियोजनाओं के बारे में नहीं है। यद्यपि ये निःसंदेह महत्वपूर्ण हैं, टिकाऊपन का कारक हम लोगों में से प्रत्येक द्वारा हर दिन किए गए छोटे प्रयासों पर भी निर्भर करता है। हमारा लक्ष्य एक ऐसा मंच तैयार करना है जहां विशेषज्ञ ऊर्जा परिवर्तन को गति देने के लिए अंतर्दृष्टि, रणनीतियां और नवप्रवर्तन साझा कर सकें।

ब्रिक्स सीसीआई के वाइस चेयरमैन समीप शास्त्री ने स्वागत भाषण के साथ इस फोरम की शुरुआत की जिसमें उन्होंने वैश्विक ऊर्जा की चुनौतियों से निपटने के लिए एकीकृत प्रयासों के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, यह फोरम गठबंधन की साझीदारी के जरिए टिकाऊ ऊर्जा के भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। ब्रिक्स सीसीआई में हमारा लक्ष्य ऐसी जिम्मेदार कारोबारी व्यवस्था को बढ़ावा देना है जो बढ़ते व्यापारिक संबंधों के साथ हाथ से हाथ मिलाकर चले। नैतिक मानकों और टिकाऊ व्यवस्थाओं की वकालत कर हम यह सुनिश्चित करते हैं कि आर्थिक वृद्धि, पर्यावरण क्षरण या सामाजिक असामनता की कीमत पर ना हो।

ब्रिक्स सीसीआई के महानिदेशक डाक्टर बीबीएल मधुकर ने अपने विशेष संबोधन में ऊर्जा क्षेत्र में इस चैंबर द्वारा की जा रही पहल को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ÷आज की परिचर्चा महज अकादमिक कवायद भर नहीं है, बल्कि यह हमारी भावी ऊर्जा रणनीतियों की ईंटें हैं।

## वृक्षारोपण जन अभियान कार्यक्रम की तैयारियों का सीडीओ ने लिया जायजा



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** स्थानीय नगर के वार्ड नंबर छः सिरसिया में होने वाले पौधारोपण जन अभियान कार्यक्रम की तैयारियों का मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने शुक्रवार को स्थलीय जायजा लिया। उन्होंने संबंधित लोगों से तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। बता दें कि आज शनिवार को नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर छः सिरसिया में पौधारोपण जन अभियान के तहत पांच हजार पौधे लगाए जायेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुशीनगर व देवरिया के सांसद रहेंगे। इसके साथ ही जिले के समस्त विधायक व प्रमुख अधिकारी भी शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम की तैयारी नगर पंचायत के तरफ से की जा रही है जिसको जानने के लिए मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने शुक्रवार की शाम कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएफओ वरुण सिंह, डीसी मनरेगा राकेश, उपजिलाधिकारी हाटा प्रभाकर सिंह, खंड विकास अधिकारी मोतीचक रामानंद वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष नवरंग सिंह, भाजपा नेता संजय सिंह मुन्ना, अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव : छह अगस्त को मतदान, आठ को होगी मतगणना

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के लिए समय सारिणी घोषित कर दिया है। समय सारिणी के अनुसार आकस्मिक रूप से रिक्त पड़े ग्राम प्रधान, ग्राम सदस्य, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्य पद के लिए छह अगस्त को मतदान और आठ अगस्त को मतगणना कराई जाएगी।


जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्र ने बताया कि ग्राम प्रधान, ग्राम सदस्य, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्य पद के उपचुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई को सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक रखी गई है। 23 जुलाई को सुबह 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक निर्देशन पत्रों की जांच होगी। 24 जुलाई की सुबह दस बजे से शाम तीन बजे तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। इसके बाद उसी दिन शाम तीन बजे के बाद कार्य समाप्ति तक प्रतीक चिह्नों का आवंटन होगा। इसके बाद छह अगस्त को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा और आठ अगस्त को सुबह आठ बजे से कार्य की समाप्ति तक मतगणना कर चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### इन गांवों में होना है प्रधान का चुनाव

दुदही ब्लॉक के अहिरौली गांव में प्रधान पद का चुनाव होगा। इस गांव को आरक्षण वर्ग अनुसूचित जनजाति में शामिल किया गया है। नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक के दरबहागंगा छपरा गांव में प्रधान पद के लिए आरक्षण वर्ग अनारक्षित, फाजिलनगर ब्लॉक के कस्तूरबा गांव के में प्रधान पद के लिए अनुसूचित जाति, विशुनपुरा ब्लॉक के बड़हरागंज गांव में प्रधान पद के लिए महिला वर्ग और सेवरही ब्लॉक के मुस्तकीम गांव में प्रधान पद महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

### रिक्त ग्राम पंचायत सदस्य

कप्तानगंज ब्लॉक के सदस्य संख्या आठ, ब्लॉक कसया सदस्य संख्या एक, ब्लॉक खड्डा के सदस्य संख्या 15, ब्लॉक तमकुहीराज के सदस्य संख्या 34, ब्लॉक दुदही सदस्य संख्या 16, ब्लॉक नेबुआ नौरंगिया के सदस्य संख्या 40, ब्लॉक पडरौना के सदस्य संख्या 41, ब्लॉक फाजिलनगर के सदस्य संख्या 21, ब्लॉक मोतीचक के सदस्य संख्या नौ, ब्लॉक रामकोला के सदस्य संख्या 18, ब्लॉक विशुनपुरा के सदस्य संख्या सात, ब्लॉक सुकरौली के सदस्य संख्या चार, ब्लॉक सेवरही के सदस्य संख्या 21, ब्लॉक हाटा के सदस्य संख्या चार रिक्त ग्राम पंचायत सदस्य हैं। यहां उपचुनाव होना है।



### रिक्त बीडीसी सदस्य पदों का विवरण

कप्तानगंज के क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए पकड़ी, तमकुहीराज के महुअवा बुजुर्ग व बसडिला महंथ, दुदही ब्लॉक के कुबेरा भुआल पट्टी व सरिसवा, ब्लॉक नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के सिंगहा, ब्लॉक पडरौना क्षेत्र के भिसवालाला नंबर दो व सखवनिया बुजुर्ग, ब्लॉक विशुनपुरा के जटहां बाजार और सुकरौली के पड़री नंबर चार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों का उपचुनाव होना है।

## ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष उठाई बिजली की समस्या




अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** स्थानीय सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को जगदीशपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं व विभिन्न संगठनो के सथ बीएचईएल गेस्ट हाउस में बैठक की। जनसुनवाई के दौरान अधिकतर समस्याएं बिजली को लेकर रही।उन्होंने सभी समस्याओं के निस्तारण शीघ्र कराने का आश्वासन देते हुए आए हुए सभी लोगों से मिलकर बात की। लोगों ने कहा कि भैया हम जानते हैं कि सरकार नहीं है लेकिन अधिकारी कर्मचारी सब निरंकुश है कोई सुनता नहीं सांसद ने कहा कि परेशान ना हो नियमानुसार सबके सारे कार्य होंगे।भेल अतिथि गृह से निकलकर बहुआ में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद अजहर के घर पर उपस्थित सैकड़ो लोगों को संबोधित करते हुए के एल शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव में मैं इस गांव में नहीं आ पाया था लेकिन इस गांव के लोगों ने अच्छी जीत दिलाकर गांधी परिवार के रिश्ते को बड़ा सम्मान दिया है। वहीं पर एक बुजुर्ग ने कहा कि गांव में लाइट बहुत कम रहती है जब रहती भी है तो सिर्फ जुगनू की तरह जलती है इस समस्या पर तत्काल सांसद ने अपने कार्यालय फोन करके कहा कि संबंधित अधिकारी से बात करके समस्या का निदान जल्द कराए यह बड़ी जनसमस्या है। कहा कि मेरी राजनीतिक सेवा की शुरुआत इसी ब्लॉक से हुई थी। इसके अलावा सांसद के एल शर्मा अपने विभिन्न निर्धारित कार्यक्रमों में पहुंचे।इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल राकेश मिश्रा प्रवक्ता अनिल सिंह मो मतीन राम प्रसाद गुप्ता मो अजहर सरोस हैदर अजहरूल हक रामकेवल पासी दिलीप जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# कप्तानगंज पुलिस ने गैंगेस्टर का 22 लाख की संपत्ति जब्त की

अवधनामा संवाददाता



**कप्तानगंज, कुशीनगर।** स्थानीय थाने पर पंजीकृत गैंगस्टर एक के आरोपी का पुलिस ने करीब 22 लाख की संपत्ति डीसीएम जब्तीकरण की कार्यवाई की है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत की जा रही कार्यवाही के क्रम में शुक्रवार को थाना कप्तानगंज पुलिस द्वारा गैंगेस्टर अधिनियम के अपराधी द्वारा अवैधानिक कृत्यों से अर्जित सम्पत्ति से खरीदी गई एक डीसीएम वाहन संख्या पीबी-02 ईक्यू 8586 को थाना कसया पर पंजीकृत मु.अ.सं. 225/2024 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त जशपाल सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी गालिब गगोमहल जी डिविजन पुलिस कमिश्नरेट अमृतसर पंजाब के विरुद्ध धारा 14(1) उत्तर प्रदेश समाज विरोधी गिरोह बन्द में प्रभावी पैरवी कर उक्त वाहनों को धारा 14(1) उ.प्र. गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत जब्त किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त अभियुक्त गोवध के मुकदमे में गिरफ्तार हुआ था जिस पर गैंगेस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जब्तीकरण की कार्यवाही करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार थाना कप्तानगंज, सूर्यभान यादव, उ.नि. विजय कुमार सिंह, दिग्विजय सिंह, रितेश यादव, भगवती दत्त यादव शामिल रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर से लापरवाही क्षम्य नहीं: जेडी हेल्थ

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉक्टर बीएम राव ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मरीज से जांच, इलाज व दवा वितरण आदि के बारे में जानकारी लिया। इसके बाद पीएचसी पोखरभिंडा, एचडब्ल्यूसी/सब सेंटर झांगा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर लक्ष्मीपुर का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी हासिल किया।

निरीक्षण के दौरान सीएचसी मोतीचक परिसर में जेडी द्वारा पौधारोपण किया गया। दोपहर बाद जेडी डॉक्टर राव सीएचसी पहुंचे यहां पर मौजूद रोगियों तथा परिजनों से शासन से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं के बारे में जानकारी ली। दवा वितरण कक्ष, ओपीडी, इमरजेंसी सेवा तथा दवा की उपलब्धता को देखा तथा इससे संबंधित जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके बाद प्रसव कक्ष पहुंचे तथा वहां की व्यवस्था देखने के बाद साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इसके बाद परिसर की साफ सफाई पर जोर देते हुए कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन से मिलने वाली सभी सुविधाएं जरूरतमंदों को हर हाल में मिलनी चाहिए, शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि शासन की नीति सभी जरूरतमंद को बेहतर स्वास्थ्य सेवा का लाभ पहुंचाना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया, बीपीएम सुनील कुमार सिंह, बीएचडब्ल्यू राकेश मद्धेशिया, चीफ फार्मासिस्ट सत्येंद्र मिश्रा, डॉक्टर अहमद सर्फ्याब, डॉक्टर सुधीर तिवारी, डॉक्टर फैसल अब्बास, आरोग्य मित्र नूर समा, अजय वर्मा सहित तमाम स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## सावन मास को लेकर तैयारियां जोरों पर

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** पवित्र सावन मास को लेकर जिले में तैयारियां अंतिम चरण में चल रही हैं। उल्लेखनीय है कि 22 जुलाई से सावन मास प्रारंभ हो रहा है सोमवार के दिन सावन मास के प्रारंभ होने को लेकर लोगों में कुछ ज्यादा ही उत्साह दिखाई पड़ रहा है। इस मास में शिवालयों में जलाभिषेक का विशेष महत्व है। जनपद में स्थित शिवालयों को सावन मास को लेकर विशेष रूप से सजाया जा रहा है।जिनमें श्री मुकुट नाथ धाम दुखहरण नाथ धाम गोसाईगंज धाम महादेवन कालिकन विशेश्वरगंज जगेश्वर नाथ धाम बाबा झारखंड श्रीदेवी पाटन धाम टीकर माफी गढ़ा माफी बाबूगंज सगरा हनुमान गढ़ी सहित नगर और ग्रामीण अंचल में स्थित विभिन्न शिवालयों को विधिवत सजाया जा रहा है। वही कावड़ यात्रा लेकर जाने वाले श्रद्धालु भी विशेष तैयारी में जुटे हुए हैं। जनपद की सीमा पर स्थित घुश्मेश्वर नाथ धाम और बूढ़ा बाबा धाम जाने के लिए भी श्रद्धालु विधिवत तैयारी कर रहे हैं। वही ज्योतिर्लिंग पर भी जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालु पूरी तैयारी कर रहे हैं।अधिकांश श्रद्धालु बाबा बैजनाथ धाम और काशी विश्वनाथ में जलाभिषेक करने की तैयारी कर रहे हैं। कांवड़ यात्रियों का जत्था तैयार हो रहा है। सावन मास को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।सावन मास में विभिन्न शिवालयों के परिसर में शिव पुराण श्रीमद् भागवत महापुराण श्री रामचरितमानस आदि विभिन्न प्रसंगों पर कथा वाचन करने के लिए भी विद्वान पधारते हैं। इसके लिए भी तैयारी शुरू कर दी गई है।

## उर्वरक बीज एवं कीटनाशक बेचने के लिए करें आवेदन, मिलेगा लाइसेंस

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका ने उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक का व्यापार करने के इच्छुक व्यक्तियों को अवगत कराया है कि उक्त तीनों के बिक्री हेतु लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ण रूप से ऑनलाइन है। लाइसेंस नया जारी करवाना हो, नवीनीकरण करवाना हो या फिर डुप्लीकेट कापी जारी करवानी हो, इस सबके लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

आवेदन सीधे सीएससी (कामन सर्विस सेंटर), साइबर कैफे अथवा स्वयं अपने कम्प्यूटर के माध्यम से कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन हेतु निवेश मित्र पोर्टल अथवा विभागीय बेवसाइट upagriculture.com को खोलें जनहित गारंटी पर जाकर आनलाइन लाइसेंस आवेदन पर क्लिक कर मांगे गए अभिलेख पोर्टल पर ही फीड एवं अपलोड करने होते है। इसके बाद पोर्टल के माध्यम से प्राप्त ऑनलाइन आवेदन को नियमानुसार सत्यापन की कार्यवाही कार्यलय द्वारा पूर्ण की जायेगी। फीस भी ऑनलाइन ही जमा होगी। आवश्यक अभिलेख और फीस की जानकारी भी ऑनलाइन ही प्राप्त हो जायेगी। ऑनलाइन आवेदन में यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है या कोइ अभिलेख अपूर्ण रहता है तो इसको सुधार करने हेतु आवेदक को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही अवसर दिया जाता है। आवेदक अपनी सुविधानुसार उसका प्रिन्ट निकाल सकते है। इस प्रकार लाइसेंस की सम्पूर्ण प्रकिया ऑनलाइन है किसी भी लाइसेंस आवेदक को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।

# विभिन्न मांगों को लेकर आशा वर्कर्स यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**कौशांबी।** गत कई वर्षो से उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन अपनी बुनियादी मांगो और समस्याओं को विभिन्न तरीकों से उठाकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से लगातार समाधान की याचना करती आ रही है लेकिन आशा वर्कर्स यूनियन की समस्याओं के समाधान के प्रति सरकारी गंभीर नहीं है जिससे आशा वर्कर्स यूनियन का आक्रोश दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।

शुक्रवार को फिर जनपद मुख्यालय मंझनपुर में उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की जिला अध्यक्ष गीतांजलि यादव के नेतृत्व में एकत्रित हुई आशा संघ के सदस्यों ने जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन के माध्यम से आशा वर्कर्स यूनियन ने मांग किया है कि उनके ऊपर लगातार काम का बोझ बढ़ाया जाता है लेकिन उनको दिए जाने वाले प्रोत्साहन राशियों का उन्हें कोई भुगतान नहीं मिलता है जिन दो चार कार्यो को प्रोत्साहन रशियन दी जाती है उनका निर्धारण पूर्व में किया गया था उनके श्रम के सापेक्ष उन दरों में कभी कोई पुनः निर्धारण नहीं किया गया है भविष्य निधि ग्रेच्युटी किसी अन्य तरह की सामाजिक सुरक्षा यहां तक की साप्ताहिक वार्षिक अवकाश तथा एक दिन का भी मातृत्व अवकाश नहीं दिया जाता है यूनियन के सदस्यों ने कहा कि संगनी को मिलने वाली राशि को प्रोत्साहन राशि के बजाय मानदेय के रूप में संशोधित किया जाए तथा भुगतान की प्रणाली में अमूल चूल परिवर्तन करते हुए स्थाई भुगतान न्यूनतम वेतन के बराबर किया जाए गोल्डन कार्ड आयुष्मान कार्ड दस्तक बेलनेस सेंटर में योगदान टीवी कुष्ठ रोग निरोधक अभियान पोलियो के विरुद्ध अभियान हेल्थ प्रमोशन आदि समसामयिक कार्य में योगदान की वर्षो से बकाया अनुतोष राशियों का भुगतान अभिलंब किया जाए इसी तरह विभिन्न मांगों को लेकर आशा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी ने जोरदार धरना प्रदर्शन सभा आंदोलन कर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौपा है इस मौके पर ममता देवी कल्पना देवी गीता देवी पिंकी देवी शिव शांति प्रियम उर्मिला सहित तमाम आशा संगिनी मौजूद रही।

### कोषागार में जीवित प्रमाण-पत्र अवश्य जमा करें


**कौशाम्बी।** कोषागार से पेंशन आहरित करने वाले पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर वर्ष में एक बार जीवित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करते हैं, जिन पेंशनरों के जीवित प्रमाण-पत्र की वैधता अवधि के अन्तर्गत किसी तिथि को मृत्यु हो जाती है तथा उसकी सूचना कोषागार में ससमय प्राप्त नहीं होती है, ऐसे प्रकरणों में पेंशन का भुगतान कोषागार द्वारा जीवित प्रमाण-पत्र की अवधि तक किया जाता रहता है. जिसके कारण अधिक भुगतान की स्थिति उत्पन्न होती है। यह जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह ने देते हुए बताया कि पारिवारिक पेंशन/जीवन कालीन अवशेष के लिए पात्र परिजन पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु की सूचना तत्काल कोषागार को उपलब्ध करायें। मृत्यु की सूचना कोषागार को प्राप्त न होने पर पेंशन/पारिवारिक पेंशन का अधिक भुगतान यदि हो जाता है तो बैंक खाते से ऐसी धनराशि का आहरण न किया जाय। यदि धनराशि का आहरण किसी परिजन द्वारा कर लिया जाता है, तो उसे तत्काल कोषागार के संज्ञान में लाते हुये यथास्थिति उसका समायोजन कराया जाये।

## प्रथम पुण्यतिथि पर याद किये गए कीर्ति चक्र विजेता कैप्टन अंशुमान सिंह



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने आज कीर्ति चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के पैतृक गांव बरडीहा दलपत में उनके प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर ग्राम्य विकास राज्यमंत्री ने कहा कि शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह का जीवन चरित्र युवाओं को राष्ट्र के लिये अपना सर्वोच्च बलिदान करने के लिए प्रेरित करेगा। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कैप्टन अंशुमान सिंह की वीरता को नमन किया एवं शहीद के पिता सेवानिवृत्त सूबेदार रवि प्रताप सिंह को हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया। श्रद्धासुमन अर्पित करने के उपरांत बरडीहा दलपत पीएचसी में ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अमर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की स्मृति में पौधारोपण भी किया।उल्लेखनीय है कि 19 जुलाई 2023 को सियाचिन ग्लेशियर स्थित सैन्य कैम्प में लगी आग से साथी जवानो को बचाने के दौरान कैप्टन अंशुमान सिंह वीरगति को प्राप्त हो गए। अमर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह को उनके अदम्य शौर्य एवं वीरता के लिए हाल हीं में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा कीर्ति चक्र(मरणोपरान्त) से सम्मानित किया था। कर्नल सुधाकर त्यागी, कर्नल एपी पांडेय, ओमप्रकाश सिंह सहित विभिन्न लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार



**अझुवा कौशांबी अवधनामा संवाददाता।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा इंडिया एटीएम बूथ पर 18 जुलाई को पैसा निकालने आए एक युवक से एटीएम बूथ के पास रहे 2 युवकों ने उसका एटीएम बदलकर ठगी की थी जिसे आज सैनी पुलिस ने खुलासा करते हुए दोनो अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक महेंद्र कुमार पुत्र महेश निवासी बिछियावा जिला फतेहपुर राष्टीय राजमार्ग अझुवा स्थित इंडिया बैंक से पैसा निकाल रहा था उसी समय मौके पर पहुंचे 2 युवकों ने सहयोग करने के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर महेंद्र को दूसरा कार्ड दे दिया और मौका पाकर महेंद्र के कार्ड से 2500 रुपए तथा 10 हजार निकाल कर फरार हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवकों को मंडी समिति गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार युवकों की शिनाख्त सिद्धार्थ कुमार पुत्र गेंदा लाल निवासी ग्राम बढ़नी पोस्ट पडवासी प्रतापगढ़ और दूसरा अनुराग तिवारी पुत्र शिवकुमार निवासी मनी पुर लालगंज थाना प्रतापगढ़ के रूप में हुई है आरोपियों के पास छल करके निकाले गए रुपयों में 2500 रुपए व विभिन्न बैंकों के 9 एटीएम कार्ड 2 मोबाइल बरामद हुए हैं।आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## नाबालिग प्रेमिका को जन्मदिन का केक कटवाना प्रेमी को पड़ा महंगा, ग्रामीणों ने करा दी शादी

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** जिले के तरया सुजान थानाक्षेत्र में एक गांव के ग्रामीणों ने प्रेमी जोड़े जन्मदिन मनाते पकड़ लिया। पहले दोनों को घंटो तक बांध की मारा पीटा। जिसके बाद दोनों की शादी कराई गई। पूरी घटना का विडिओ शोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। जानकारी के मुताबिक तरया सुजान थानाक्षेत्र से एक वीडियो शुक्रवार को वायरल होने लगा। सूत्रों ने इस सम्बंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि, बीती रात एक गांव का युवक अपने घर से 500 मीटर की दूरी पर रहने वाली प्रेमिका से मिलने गया। उसी प्रेमिका का जन्मदिन भी था जिसके लिए एक बॉस की कोठी में केक काटने की प्रक्रिया शुरू हुई। जैसे ही दोनो के मोमबत्ती जलाई तभी आसपास के कुछ युवकों की नजर दोनो पर पड़ गई। दोनो को पकड़कर उन लोगो ने बांध दिया और काफी देर तक मारा पीटा इस बीच गांव के कई लोग भी मौके पर पहुंच गए। लगभग तीन से चार घण्टे बाद दोनों को एक दूसरे से शादी कराकर मामला खत्म कराया गया। वही सुबह प्रेमी युगल के साथ तालिबानी रूप से बांध कर मारने पीटने की का विडिओ सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। जिसमे प्रेमिका के नाबालिग होने और जबरन ग्रामीणों द्वारा शादी कराने पर लड़की के परिजनों ने भी आपत्ति जताई। जिसके बाद तरयासुजान थाने की पुलिस सक्रिय होकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## अधिवक्ता की पुत्री के निधन पर व्यक्त किया दुख

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** जिला बार एसोसिएशन कौशांबी के महामंत्री अधिवक्ता लक्ष्मीकांत त्रिपाठी की पुत्री वैशाली त्रिपाठी उर्फ तन्नू का आकस्मिक निधन हो गया है जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष गौरव पांडेय एवं समस्त कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने कड़ाघाट में जाकर बेटी अंतिम संस्कार में शामिल हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने लक्ष्मीकांत त्रिपाठी से मिलकर दिलासा दिया और कहा कि इस दुःख की घड़ी में मैं और कांग्रेस पार्टी कौशांबी का हर सदस्य आपके साथ खड़ा है भगवान मृतक आत्मा को शांति दे। दुःख की घड़ी में चायल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी तलत अजीम सतेंद्र प्रताप सिंह अमित द्विवेदीआजाद देवेश श्रीवास्तव, कौशलेश द्विवेदी, शशि त्रिपाठी, विक्की पांडेय, कैलाश केशरवानी, बालेंद्र यादव इत्यादि लोग इस दुख की घड़ी में शोका कुल परिवार से मिलने गए।

# 20 जुलाई को होगा पौधारोपण महाअभियान

अवधनामा संवाददाता



- 31 लाख पौधों का होगा रोपण
- नोडल अधिकारी ने की समीक्षा, दिए निर्देश

**देवरिया।** पौधरोपण के लिए शासन द्वारा जनपद के लिए नोडल अधिकारी/सचिव नगर विकास अजय कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित गांधी सभागार में जिला पौधारोपण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 20 जुलाई को होने वाले वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा की गई। जनपद में कुल 31 लाख पौधेरोपण किया जायेगा।

नोडल अधिकारी/सचिव नगर विकास अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि लगाये गए पौधे की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। पौधारोपण अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाये। जितनी अधिक जनभागीदारी होगी पौधों के सुरक्षित रहने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। पौधारोपण अभियान के दौरान लगाये गये शतप्रतिशत पौधों की जियो टैगिंग हरीतिमा एप पर अवश्य की जाये। पर्यावरण को हराभरा बनाने के लिये पौधों के संरक्षण और देखभाल पर भी पूरा ध्यान दिया जाये, उन्हें जानवरों से भी नष्ट होने से बचाये रखें। जिससे वृक्षारोपण का उद्देश्य पूरा हो सके। उन्होंने शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी घर-घर तक पहुंचाने का निर्देश देते हुए अपील की प्रत्येक जनपदवासी न्यूनतम एक पौधा अपनी माता के नाम अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी करे। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने उपस्थित सभी विभागध्यक्षों को लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत वृक्षारोपण की कार्य योजना बनाकर दिनांक 20 जुलाई 2024 को वृक्षारोपण करते हुए उसकी जियो टैगिंग करने तथा हरीतिमा अमृत वन मोबाइल ऐप पर अपलोड करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही जाएगी। उन्होंने एनएसएस, रोटरी क्लब, एनसीसी, एफपीओ तथा स्वंय सहायता समूह द्वारा लगाये जाने वाले वृक्षों की मॉनीटरिंग किये जानेके भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में जन सहभागिता को प्राथमिकता दी जाए तथा ''एक पेड़ मॉ के नाम'' थीम पर रोपित किये जाने वाले पौधों को अभियान के रूप में चलाने हेतु जनपद के युवा वर्गो का विशेष तौर पर सहयोग लिया जाए। स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण सृजित करने हेतु वृक्षारोपण जन अभियान-2024 में प्रतिभाग कर अधिक से अधिक पौधे रोपित करें। पौधारोपण सिर्फ रस्म अदायगी भर न रहे। बल्कि जिले के हरित क्षेत्र में शासन की मंशा के अनुरूप वृद्धि दिखनी भी चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को चेतावनी भी दी कि पौधारोपण जमीन पर वास्तविक रूप में होना चाहिए न कि सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित रहे। डीएफओ जगदीश आर ने बताया कि 20 जुलाई को एक ही दिन में जनपद के लक्ष्य के रूप में निर्धारित समस्त 31 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। सभी विभागों को लक्ष्य आवंटित किया जा चुका है। पौधों का शतप्रतिशत उठान भी हो गया है।उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत बैकुंठपुर मुक्तिधाम पर वृक्षारोपण कर किया जाएगा। बैकुंठपुर मुक्तिधाम 05 हेक्टेयर में 8000 पौधरोपण किया जाएगा।

## सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** शासन के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया है कि पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उ0प्र0 शासन के शासनादेश द्वारा वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत दिनांक 20 जुलाई 2024 (माह का तृतीय शनिवार) को एक ही दिवस में 36.50 करोड़ पौधारोपण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस हेतु जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गयी है। उक्त के दृष्टिगत माह जुलाई के तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस माह जुलाई के तृतीय शनिवार 20 जुलाई के स्थान पर 22 जुलाई 2024 को आयोजित किया जायेगा।

# ब्लाक हुजूरपुर में नीति आयोग के सूचकांकों की समीक्षा बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** आकांक्षी विकास खण्ड हुजूरपुर हेतु केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सूचकांकों की समीक्षा हेतु वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। आकांक्षी ब्लाक में सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि किसी भी इंडीकेटर की प्रगति राज्य औसत से निम्न नहीं होनी चाहिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया कि विकास खण्ड के सभी स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों के शौचालयों को क्रियाशील रखा जाय। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि बीईओ व एडीओ पंचायत शौचालय के डाटा का मिलान यू-डायस पर उपलब्ध डाटा से मिलान करें। ई-डिस्ट्रिक मैनेजर सुमित तिवारी को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायतवार भारत नेट की उपलब्धता का सत्यापन करा लें। जहां पर नेट उपलब्ध न हो ऐसी ग्राम पंचायतों के सम्बन्ध में पत्राचार किया जाय। डीएम ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिया कि 02 वर्ष पूर्व नीति आयोग से प्राप्त हुए अतिरिक्त आवंटन के उपभोग प्रमाण-पत्र प्रेषित कराएं। नीति आयोग प्राप्त हुए अतिरिक्त रू. 03 करोड़ के लिए तैयार किये गये नवीन प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान निर्देश दिया गया कि वैकल्पिक ऊर्जा विभाग के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हुजूरपुर में सोलर प्लान्ट तथा 11 उप स्वास्थ्य केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण के प्रस्ताव को भी शामिल किया जाय। त्वरित विकास निधि योजना अन्तर्गत संचालित कार्य की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था पैक्सफेड द्वारा कराये गये कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक न पाये जाने तथा बैठक में किसी जिम्मेदार अधिकारी के उपस्थित न होने पर डीएम ने निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्था के विरूद्ध शासन स्तर से पत्राचार किया जाय। डीएम ने लक्षित विभागों को निर्देश दिया कि 20 जुलाई से प्रारम्भ होने वाले वृक्षारोपण जन अभियान 2024-25 अन्तर्गत होने वाले पौधरोपण के लिए सभी तैयारी समय से पूर्ण कर लें तथा रोपित किये पौधों को तत्काल पोर्टल पर लोड किया जाय। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पौधरोपण अभियान में अधिक से अधिक आमजन को जोड़ने का निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग प्राप्त करें। डीएम ने सम्पूर्णता अभियान के प्रगति की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्ति पर एफआईआर

**बहराइच।** सावन माह में कांवड़ यात्रा, मोहर्रम एवं अन्य पर्वो पर सुचारु यातायात के संचालन में मार्ग पर पैच मरम्मत के कार्य के दौरान अभद्रता एवं राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया। शासन/ उच्चधिकारियों द्वारा सावन माह में कावड़ियों के आवागमन एवं यातायात के रुप सुचारु से संचालन हेतु मार्गो को पैचलेस रखने के दृष्टिगत कार्यालय अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड-1 लोक निर्माण विभाग, बहराइच के अर्न्तगत अवर अभियन्ता द्वारा बहराइच के शहरी भाग गोलवाघाट से झिंगहाघाट मार्ग के 1 कि.मी. में जलभराव के कारण हुए पैच को ठीक कराने हेतु मार्ग की पटरी को काट कर सही कराया जा रहा था। इस मार्ग पर मकान मालिक/अतिक्रमणकर्ता द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करके मार्ग की सतह से ऊंचा करके अतिक्रमण किया गया है। इस ऊंचे भाग को ठीक करने तथा पटरी को काटने के दौरान मकान मालिक/ अतिक्रमणकर्ता एवं उनके सहयोगियों द्वारा अवर अभियन्ता के साथ अभद्रता की गई और उनको बंधक बनाते हुये पटरी को पूर्व दशा में लाने हेतु दबाव बनाया गया।

# रजिस्टर में सालाना रिकार्ड तोड़ पौध रोपण, देखभाल राम भरोसे

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश में प्रति वर्ष करोड़ो पौध रोपण का लक्ष्य जिलेवार आवंटित होता है।विभाग पूरे जोश के साथ माननीय नेताओं के हाथों पौध रोपण कराता है। लंबे लंबे भाषणों अर्थात पर्यावरण के महत्व, वर्षा में वृक्षों की भूमिका, आक्सीजन आदि तमाम कार्यक्रम के बाद चंद दिनों बाद उन्ही पौधों को अनदेखा कर दिया जाता है। प्रदेश में हर साल वृक्षारोपण अभियान के तहत करोड़ों पौधे रोपित किए जाते हैं। सरकारें इसे लेकर जोर शोर से अभियान चलाती हैं। राज्यपाल, मुख्यमंत्री से लेकर सरकार के तमाम मंत्री, विधायक, सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ता से लेकर तमाम संगठन, सरकारी विभाग बड़े स्तर पर अभियान का हिस्सा बनते हैं। यूपी में तो पौधारोपण में सरकारें हर साल अपना ही रिकॉर्ड तोड़ती हैं। चाहे पूर्व की अखिलेश सरकार रही हो या वर्तमान की योगी सरकार, सभी हर साल रिकॉर्डतोड़ प्लांटेशन का दावा करते हैं। ये पौधे अगर पेड़ बन जाएं तो उत्तर प्रदेश में हरियाली का अंदाजा अपने आप ही लगाया जा सकता है। लेकिन ऐसा दिखता क्यों नहीं है? बड़ा सवाल ये है कि इनमें से कितने पौधे पेड़ बन पाते हैं।पौधरोपण अभियान सिर्फ पौधे लगाने और फोटो खिंचवाने तक ही सीमित रह गया है। पौधे लगाइए, तस्वीरें खिंचवाइए और फिर जिम्मेदारी भूल जाइए। इसके बाद न पर्यावरण की फिक्र न ही पौधे की देखभाल की।

**ग्राम प्रधानों पर दबाव बनाकर हर साल लगवाए जाते हैं पेड़**

जिले में हर साल लाखों की संख्या में पेड़ लगाए जाते हैं. लेकिन देखरेख की कमी और लापरवाही के चलते अधिकांश पेड़ सुख जाते हैं. अगर इन पौधों को ट्री गार्ड लगाकर सुरक्षित किया जाए तो चारों तरफ हरे भरे पौधे नजर आते. जिसको सुरक्षा की जिम्मेदारी दी जाती है उनसे पौधे के देखरेख से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं रहता।

## संक्षिप्त समाचार

### एग्रीजंक्शन योजना के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 25 को

**बहराइच।** उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजनान्तर्गत आवेदित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 25 जुलाई 2024 को विकास भवन सभागार में सम्पन्न होगा। श्री शाही आवेदित अभ्यर्थियों से अपेक्षा की है कि ससमय साक्षात्कार में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

### बहराइच-खलीलाबाद नई रेल लाइन के लिए नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में प्रारम्भ हुई स्थलीय जाँच



**बहराइच।** भारत सरकार द्वारा बहराइच-खलीलाबाद नई रेल लाइन प्रस्तावित है जो खलीलाबाद से चलकर जनपद श्रावस्ती मुख्यालय भिनगा तक जाएगी। बहराइच-खलीलाबाद रेलवे लाइन के अन्तर्गत जनपद बहराइच के 7 ग्रामों की भूमि प्रस्तावित है। तहसील बहराइच के ग्राम हटवा रायब, इटौझा, रेवली, चुरैला, अशोका, नगरौर एवं अमीनपुर नगरौर की भूमि रेलवे लाइन व स्टेशन निर्माण हेतु ली जा रही है। बहराइच-खलीलाबाद नई रेल लाइन हेतु रेलवे विभाग द्वारा प्रस्तुत किये गये भूमि अधिग्रहण प्रस्ताव की संयुक्त स्थलीय जाँच नगर मजिस्ट्रेट बहराइच शालिनी प्रभाकर की उपस्थिति में प्रारम्भ की गई। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा स्वयं मौके पर जाकर स्थलीय जाँच का कार्य प्रारम्भ कराया गया। स्थलीय जाँच में रेलवे विभाग, भूमि अध्याप्ति विभाग व राजस्व विभाग के कर्मी मौके पर उपस्थित रहे। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा बताया गया कि रेलवे द्वारा रेल लाइन के निर्माण हेतु 40 मीटर की चौड़ाई में भूमि ली जा रही है तथा अर्जन क्षेत्र में प्रभावित होने वाली परिसम्पत्तियों का भी परीक्षण कराया जा रहा है। जाँच में जो भी परिसम्पत्तियाँ पायी जायेंगी उनका भी नियमानुसार मुआवजा दिया जायेगा।

### स्मार्टफोन देने के बदले मांगे 4500 रुपये, छात्रा का आरोप

**लंभुआ, सुल्तानपुर।** तहसील क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद स्स्क्ल कॉलेज, मधैया की बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा का आरोप है कि 18 जुलाई को सरकारी योजना के तहत बांटे जा रहे स्मार्टफोन को लेने के लिए जब वो कॉलेज गई तो स्मार्टफोन देने के बदले साढ़े चार हजार रुपये की मांग की गई। इस संबंध में आज छात्र ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर न्याय की गुहार की है। वहीं इस संबंध में जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया की जांच कर अध्यापक के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्रथम प्रयास में पाई सीए परीक्षा में सफलता



**डूबेपुर,सुल्तानपुर।** विकास खंड क्षेत्र के कतकौली गांव निवासी अशोक कुमार मिश्र के पुत्र अभिषेक मिश्र ने सीए की परीक्षा प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त कर गांव व जिले का नाम रौशन किया है। उनकी इस सफलता पर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी प्रधान कानूपुर, टिकरिया ने अंग वस्त्र पहनाकर और मीठा खिलाकर जोरदार स्वागत किया।अभिषेक की इस सफलता पर गांव के लोगों में खुशी व्याप्त है। अभिषेक ने अपनी सफलता का श्रेय नाना, माता-पिता, गुरु व सच्ची लग्न से की गई तैयारी को दी है।

### जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश मौर्या ने घटतौली के आरोप की जांच के बाद की कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही



**सुलतानपुर।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शीतला प्रसाद यादव, उचित दर विक्रेता, ग्राम पंचायत-सैदखानपुर विकास खण्ड-कूरेभार तहसील-सदर सुलतानपुर के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जॉच पूर्ति निरीक्षक कूरेभार से करायी गयी। जॉच में शिकायत की पुष्टि पाये जाने के दृष्टिगत कार्यालय आदेश संख्या- 596 दिनांक 18.07.2024 द्वारा तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है और ग्राम पंचायत-सैदखानपुर का कोटा निकटस्थ ग्राम पंचायत-पुरखीपुर के उचित दर विक्रेता से सम्बद्ध कर दिया गया है। साथ ही जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओ को निर्देशित किया जाता है कि वे राशन कार्ड लाभार्थियो में नियमानुसार आवश्यक वस्तुओ का निर्धारित मात्रा के अनुसार निःशुल्क वितरण करते हुए उनसे अच्छे से व्यवहार करना सुनिश्चित करें।

### कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक ने एक पेड़ मां के नाम का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधारोपण



**भदैंया, सुल्तानपुर।** जिले में जगह-जगह पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं।तो वहीं शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में थाना परिसर में एक पेड़ मां के नाम से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर 450 पौधे रोपित किए गए। एक पेड़ मां के नाम लगाकर सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।इस कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अखिलेश सिंह, उप निरीक्षक तनवीर खान, हेड कांस्टेबल शशिकांत यादव, विजेंद्र कुमार, आकाश सिंह,विजय यादव,विजय सिंह, विरेन्द्र यादव, अनीश कुमार, अनिल पटेल, धर्मराज यादव, समेत कोतवाली देहात का समस्त स्टाफ मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा की थाना परिसर में थाने के सभी स्टाफ ने एक पेड़ मां के नाम का संदेश देते हुए पौधा रोपण का कार्य किया गया है। **क्या कहते हैं प्रभारी निरीक्षक सत्येंद कुमार**

### वृहद वृक्षारोपण अभियान 22 जुलाई को

**मैनपुरी।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक नवीन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दि. 20 जुलाई (तृतीय शनिवार) को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस वृहद वृक्षारोपण अभियान के फलस्वरूप अब दि. 22 जुलाई को समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह तहसील कुरावली में उपस्थित रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से समय से तहसील कुरावली में आयोजित सर्म्पूण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है। मुख्य विकास अधिकारी तहसील भोगांव में एवं अपर जिलाधिकारी तहसील करहल में उपस्थित रहकर जन-समस्याएं सुनेंगे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस 22 जुलाई को

**फिरोजाबाद।** वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत 20.07.2024 (माह का तृतीय शनिवार) को एक ही दिवस में 36.50 करोड़ पौधारोपण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इस हेतु जन प्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार 20.07.2024 (माह का तृतीय शनिवार) को आयोजित होनें बाला सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अब 20.07.2024 के स्थान पर 22 जुलाई, 2024 (सोमवार) को आयोजित किया जायेगा। शेष सम्पूर्ण समाधान दिवस कार्यालय के आदेश लोकवाणी सहायक 10 जून, 2024 के अनुसार यथावत आयोजित किये जायेंगें।

### विद्युत चोरी करते हुए 13 लोग पकड़े, 16 कनेक्शन काटे




**शिकोहाबाद।** विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाबजूद लोग बिजली चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। शुक्रवार को विद्युत वितरण खण्ड में अधिशासी अभियंता के आदेशानुसार उपखण्ड अधिकारी के नेतृत्व में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र माधोगंज के संबंधित क्षेत्र मोहल्ला मेला वाला बाग एवं ग्राम ऊबटी में विद्युत प्रवर्तन दल के सहयोग से विद्युत चैकिंग अभियान चलाया गया। विद्युत चेकिंग अभियान को देखते हुए बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं में खलबली मच गई। सभी लोग अपनी केबिलें खींचते नजर आए। चेकिंग के दौरान विभागीय अधिकारियों ने सात लोगों को ग्राम उबटी में और छह लोगों को मोहल्ला मेला वाला बाग में विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा। चेकिंग के दौरान बकाया बिल होने के कारण 16 लोगों के विद्युत संयोजन काटे गये। विद्युत चोरी करने वाले सभी व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही विद्युत चोरी निरोधक थाना फिरोजाबाद में दर्ज करायी गई है।

### खनन माफियाओं के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही



**टूंडला।** कांवड़यात्रा एवं अवैध खनन को लेकर तहसील सभागार टूंडला में एसडीएम की अध्यक्षता में एक बैठक सम्पन्न हुयी। उन्होंने बताया कि कांवड़यात्रा मार्ग पर किसी प्रकार की असुविधा कांवड़ियों को नहीं होने दी जायेगी। कांवड़ियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जायेगी। इसके लिये पूर्व से ही सारी व्यवस्थायें कर ली गयीं हैं। इसके लिये टूंडला क्षेत्र मे चार स्थानों पर चौकियां बनायी गयीं हैं जहां पर कांवड़ियों को सभी प्रकार की सुविधायें मिलेंगी। यदि किसी कांवड़िया की तबियत भी खराब होती है तो वहां पर उनके लिये दवा आदि की व्यवस्थायें की गई हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र मे किसी कीमत पर अवैध खनन नहीं होने दिया जायेगा। जो लोग ऐसा प्रयास करेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाई अमल में लायी जायेगी। यदि किसी स्थान पर अवैध खनन होने की जानकारी किसी को होती है तो उसकी जानकारी उनको दें उसका नाम गुप्त रखा जायेगा। इस मौके पर सीओ टूंडला राजेश कुमार के साथ अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### नंदीश्वर महाविधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**टूंडला।** पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय नंदीश्वर महाविधान में जिनभक्तों द्वारा शुक्रवार को विशेष पूजा अर्चना की गई। इस दौरान विधान आयोजक पंकज राय जैन एवं स्वर्णलता जैन ने बताया कि टूंडला जैन समाज द्वारा प्रथम बार नंदीश्वर विधान टूंडला में आयोजित किया गया जा रहा है। शुक्रवार को विधान के अंतर्गत सुबह भगवान का अभिषेक, पूजा और रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। विधान में छोटे-छोटे बच्चे, युवा, महिलाएं, पुरुष केसरिया वस्त्र पहनकर सम्मिलित हुए और पुण्य अर्जित किया। इस अवसर पर प्रवीण चंद जैन, वीरेंद्र कुमार जैन- घिरोर वाले, सुधीर जैन, प्रमोद जैन, प्रदीप जैन, अग्रज जैन, अनुज जैन, राजेश जैन, सत्येंद्र कुमार जैन, पंकज जैन, रमन जैन, रमांशु जैन, मुकुल जैन, विष्णु जैन, विनय जैन, पंछी जैन सुमन जैन, ज्योति जैन, उषा जैन पवित्रा जैन, गौरव जैन, विपुल जैन आदि मौजूद रहे।

### चोरी के सामान सहित एक अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया गया है। जिसे कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा 18.07.2024 को चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन तलाश व दबिश वांछित अपराधी के दौरान अभियुक्त अभिषेक पुत्र खजान निवासी मालवीय नगर थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद को 01 कढाई सिल्वर, 01 सिलेण्डर छोटा रंग लाल, 05 गिलास स्टील, 02 कटोरी स्टील, 01 पतीली पीतल छोटी, 02 बर्नर जाली, 01 टी टाइप नल की टोंटी, 01 जग स्टील, 01 फ्राई पैन सिल्वर, 01 छोटा भगोना, 01 मध्यम भगोना स्टील, 01 लुटिया स्टील, 01 बाल्टी स्टील व 1500 रु0 नकद सम्बंधित मु0अ0सं0 465/24 धारा 305 /331(4)/317(2) बीएनएस व नकद 2200 रु0 सम्बन्धित मु0अ0सं0 434/2024 धारा 380/457/411 भादवि को मुस्तफाबाद चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

## अधिवक्ताओं के ही आवेदन पत्रों को विचार योग्य समझा जायेगा

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने बताया कि जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) के पद पर कार्यरत् अधिवक्तागण की आयु 60 वर्ष होने पर उन्हें कार्यमुक्त किये जाने के फलस्वरूप जनपद में जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) का 01-01 पद रिक्त है। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) के रिक्त 01-01 पर नवीन आबंधन किये जाने के लिए विधि परामर्शी निदेशिका के प्रस्तर-7.03 मे दी गयी व्यवस्था के अनुसार जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के रिक्त पद पर आबद्धता हेतु 10 वर्ष की अवधि तक विधि व्यवसाय करने वाले अधिवक्ताओं एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) के रिक्त पद पर आबद्धता हेतु 07 वर्ष की अवधि तक विधि व्यवसाय करने वाले अधिवक्ताओं के ही आवेदन पत्रों को विचार योग्य समझा जायेगा।

# दलालों के चंगुल में फंसा जिला अस्पताल

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** डॉक्टर सरकारी पर्ची के आगे, पीछे दवा लिखकर बोलते हैं बाहर से ले लेना एक रुपये की पर्ची पर इलाज कराने जिला अस्पताल आने वाले रोगियों को दलाल ठग रहे हैं।डॉक्टरों की मिलीभगत से यह खेल चल रहा है।क्योंकि सरकारी पर्ची के आगे,पीछे ही बाहरी दवाएं लिखी जा रही हैं।ओपीडी में डाक्टरों के अगल,बगल बैठे दलालों ने मरीजों को झांसे में लेकर कमीशन वाली दुकानों पर दवा खरीदने के लिये दबाव डालतें हैं।जांच व अल्ट्रासाउंड के लिये ओपीडी से प्राइवेट लैब तक डाक्टरों की मिली भगत से वहां तक पहुंचाते है।ओपीडी में दलालों के खौफ से ड्यूटी पर तैनात वार्ड ब्वॉय भी नहीं कुछ बोलते हैं।आज बृहस्पतिवार को दिन में करीब 11 बजे ओपीडी कक्ष संख्या पन्द्रह नेत्र विभाग में डॉक्टर के साथ बैठा वार्ड ब्वॉय मरीजों की पर्ची जमा कर रहा था। सरकारी पर्ची पर दो से तीन दवा अस्पताल की और बाकी दवाएं पर्ची के पीछे लिखकर बाहर की दुकान से लेने को डॉक्टर बोलते हैं। ओपीडी मे डॉक्टर के बगल मौजूद दलाल मरीजों को अपने झांसे में फंसाकर पतली गली से अस्पताल गेट के बाहर की तरफ अपनी चहेते दुकानों पर भेज देतें हैं,। नेत्र विभाग में एक बुजुर्ग अपनी आंख दिखाने गया तो सरकारी पर्चे पर कुछ दवा अस्पताल कि लिखी। गई उसके बाद 300 सौ रुपये कि दवा उसे बाहर से लिख कर बोले दवा। लाकर दिखा देना बगल मे बैठे दलाल ने अपनी हाथों से दवा देखते है कि कितनी दवा। बाहर से आई।उसी हिसाब से दुकान से कमीशन लिया जाता। जब बुजुर्ग मरीज से जब बात किया गया।तो उसने बताया कि कुछ दवा अस्पताल से मिली है। 300 सौ रुपये कि दवा बाहर से लियें है। जिला अस्पताल मे दलालों का नेटवर्क इतना तगड़ा है कि अस्पताल के अंदर आने वाले मरीज इनके चंगुल में फंस जाते हैं।जब कि अस्पताल परिसर से लेकर ओपीडी तक लाखों रुपये के सीसीटीवी कैमरा भी सीएमएस कक्ष में लगा है, इसका फुटेज देखा जाए तो अस्पताल के अंदर सक्रिय दलाल बेनकाब हो जाएंगे। लेकिन इनका नेटवर्क तोड़ने के लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की जाती है। वहीं बात किया जाय तो अस्पताल कर्मचारी और डॉक्टर नहीं पहनते युनिफार्म,पहचानना मुश्किल हो जाता कि कौन जिला अस्पताल ओपीडी में डॉक्टर है या कर्मचारी कोई भी अपने ड्रेस में नहीं रहते। इस लिए दलालों और स्वास्थ्यकर्मियों को पहचानना मुश्किल होता है। इसलिए दूर-दराज से आए मरीज दलालों को नहीं पहचान पाते हैं और इनके झांसे में फंस जाते हैं।

**जबरन दलाल पर्चा लेकर खरीदवाते हैं बाहर की दवा**

# पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह द्वारा अपने मंत्रालय की निधि से पचोखरा

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह द्वारा अपने मंत्रालय की निधि से पचोखरा- नारखी सड़क मार्ग से श्रीगणेश शिव गुफा मंदिर बछगाँव तक स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत श्रीकृष्ण गौतम सदस्य, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) ने नारियल फोड़ कर तथा विधि विधान पूजा के साथ किया। इस दौरान श्रीकृष्ण गौतम ने बताया कि श्रीगणेश शिव गुफा मंदिर बछगाँव में दो करोड़ 36 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृति जयवीर सिंह मंत्री द्वारा पूर्व में दी जा चुकी है। जिससे मंदिर सौंदर्यकरण, घाट का निर्माण, पर्यटक कियोस्क, प्रवेश द्वार, पर्यटक सुविधाएं तथा विभिन्न निर्माण कार्य चल रहे हैं। श्री गौतम ने बताया कि जयवीर मंत्री से लखनऊ में मिलकर पत्र सौंपकर निवेदन किया था कि मंदिर तक पहुंच के लिए सड़क मार्ग उपलब्ध नहीं है। जिस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए सड़क मार्ग हेतु अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत कर लगभग एक एक किलोमीटर लंबाई तथा 3.5 चौड़ी सीसी रोड का हेतु धनराशि स्वीकृत प्रदान की। इस अवसर पर बछगाँव एवं आसपास के सैकड़ो ग्रामीण थे जिन्होंने मंत्री जयवीर सिंह का आभार प्रकट करते हुए कहा कि नारखी क्षेत्र के विकास में मंत्री के योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकेगा और हम लोग उनके सदा ऋणी रहेंगे और उनका जो भी निर्देश होगा उसको सदैव पालन करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में जयप्रकाश श्रीवास्तव, कृष्णपाल सिंह यादव, रिंकू सिंह सरपंच, गौरव प्रताप सिंह, अंशुल यादव, मंदिर ट्रस्टी गगन शर्मा एडवोकेट ओमवीर सिंह, लायक सिंह कुशवाहा, डीके गुप्ता, अंशुल जादौन,अजय कुमार गुप्ता, डॉक्टर रामबाबू प्रजापति, नेम सिंह जाटव, महेश महेश चंद्र उपाध्याय, जे डी तिवारी पुष्पेंद्र शर्मा, राजेश प्रताप सिंह, मनीष शर्मा आदि रहे।

## सफाई कर्मी ने निदेशक पंचायतीराज का आदेश ताक पर

**सुल्तानपुर।** विकास क्षेत्र कुड़वार के पूरे पंवार के सफाई कर्मी अक्षय अग्रहरि सफाई कर्मी पद पर कार्यरत है,जो कि तैनाती स्थल से गायब रहते हैं । ये सफाई कर्मी अधिकांश ब्लॉक में ही लिखा-पढ़ी का काम करते नजर आते हैं। ग्रामीण सफाई कर्मी ना आने की शिकायत ब्लॉक में अधिकांश दर्ज कराया करते हैं। वहीं अक्षय अग्रहरी प्रतिदिन ब्लाक में काम के बहाने से गांव में सफाई करने से बच रहे हैं। अभी हाल ही में निदेशक पंचायतीराज का आदेश आया है जिसमें साफ शब्दों में लिखा है कि सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति राजस्व ग्रामों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु की गई है । परंतु कतिपय सफाई कर्मचारियों द्वारा तैनाती के राजस्व ग्राम का काम ना करते हुए ब्लॉक मुख्यालयों पर बाबू गीरी कर रहे हैं । पंचायतीराज निदेशक के आदेश को ताक पर रखकर अधिकारियों द्वारा सफाई-कर्मचारियों से अन्य काम लिए जा रहे हैं। कुड़वार ब्लाक पर सफाई कर्मचारी अक्षय अग्रहरि को ADO पंचायत व पंचायत सचिव का पूरा कार्य करते हुए कभी भी देखा जा सकता है।

## विकास पांडेय नही, बल्कि पड़ोस का अनिल कुमार निकला क़ातिल

**सुल्तानपुर।**12 जुलाई को तालाब में किशोरी का शव मिला था। विधायक राजेश गौतम के हस्तक्षेप के कारण पुलिस बैकफुट पर आ गई, और निष्पक्ष जाँच शुरू कर दिया है। परन्तु बलि का बकरा निर्दोष बिकास पाण्डेय बना दिया गया।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नीरज पाण्डेय लगातार अधिकारियों से गुहार करते रहे, कि जांच निष्पक्ष हो।आखिर प्रधान प्रतिनिधि नीरज पाण्डेय का प्रयास रंग लाया, वास्तविक हत्यारा पकड़ा गया। बीते हफ्ते 12 जुलाई को किशोरी हत्या में कादीपुर पुलिस ने असली क़ातिल को पकड़ने का दावा किया है।

किशोरी का शव तालाब में उतराता हुआ मिला था। मृतका के पिता की तहरीर पर एक नामजद व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें नामजद आरोपी विकास पांडे को पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। लेकिन पुलिस की जांच में नामजदगी को लेकर जो सबूत मिल रहे थे, वह दूसरे अभियुक्त की मौजूदगी का इशारा कर रहे थे।

# नौशहरा पर फुट ओवर ब्रिज बनवाने की मांग को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**फुट ओवर ब्रिज न होने से आए दिन होतें हैं हादसे, कई लोगों की जा चुकी जान**

अवधनामा संवाददाता



**शिकोहाबाद।** युवाओं की आवाज सामाजिक संगठन ने नौशहरा के समीप हाईवे पर फुट ओवर ब्रिज बनवाने की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सोंपा। ज्ञापन के द्वारा संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन से नौशहरा के समीप ओम डिग्री कॉलेज के पास फुट ओवर ब्रिज बनवाने की मांग की है। जिससे आए दिन हो रहे हादसों को रोका जा सके। संगठन के संस्थापक एवं निवर्तमान जिला योजना समिति के सदस्य देव यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और सदस्य तहसील पहुंचे। यहां उन्होंने उप जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार राखी शर्मा को दिया। जिसमें नोसहरा ग्राम पंचायत के अंतगर्त नेशनल हाईवे नंबर दो पर ओम डिग्री कॉलेज के सामने लोगों को पैदल निकलने के लिए फुटपाथ ओवरब्रिज बनाए जाने तथा हाईवे के दोनों तरफ रेलिंग लगाई जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि युवाओं की आवाज सामाजिक संगठन उत्तर प्रदेश लगातार जन समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इसी क्रम में नौसहरा न्याय पंचायत के ग्राम पंचायत नौसहरा पर पूर्व में यहां कट निर्धारित थे, जिन्हें बंद कर दिया गया है। कट बंद होने के बाद लगातार यहां दुर्घटना हो रही हैं। जिससे तीन महीने में दस से अधिक दुर्घटना में लोगों ने अपने परिवार जनों को खोया है। संगठन के ग्राम पंचायत संयोजकों के सहयोग से जन समस्या को उठाने का कार्य किया गया है। चेतावनी दी अगर जल्द फुट ओवर फुटपाथ ओवरब्रिज नहीं बनाया गया तो युवाओं की आवाज सामान्य संगठन के जिला स्तर के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता बंधु जिला मुख्यालय पर आंदोलन करने के लिए वाद्य होंगे।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य / उ.रे. |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **PnU-LKO-BSB-Toi-53-23-1 (Pay and Use Toilets)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.08.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.08.2024 समय 10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **PnU-LKO-BSB-Toi-12-24-1 (Pay and Use Toilets)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.08.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.08.2024 समय 10:40 बजे |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **PnU-LKO-BSB-Toi-13-24-1 (Pay and Use Toilets)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.08.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.08.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2185/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## घर से झगड़कर पशु व्यापारी के पुत्र ने खाया जहर हुई मौत

**भरुआ सुमेरपुर।** घर में विवाद करने के बाद पशु व्यापारी के पुत्र ने पड़ोस के गांव पहुंचकर जहरीला पदार्थ खा लिया। सूचना मिलने में पहुंचे परिजनों ने उसे इलाज के लिए कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर युवक को सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया है। विदोखर मेंदनी निवासी सुभानी खान पेशे से पशु व्यापारी है। इसका पुत्र सलमान किसी बात को लेकर सुबह घर से झगड़ कर आत्महत्या की धमकी देकर घर से भाग गया। परिजन इसकी खोजबीन करते रहे लेकिन पता नहीं चला। घर से यह पड़ोस के गांव पलरा पहुंचा और जहरीला पदार्थ खाकर गांव के कुछ युवकों को फोन करके जानकारी दी। सूचना पाकर परिजन पलरा पहुंचे और तड़प रहे सलमान को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आए हालत गंभीर होने पर इसको सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में इसकी मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।

# सुमेरपुर नगर पंचायत में घटिया निर्माण कार्यों की भर मार

**मामला वार्ड न 16 विवेकानंद नगर का**

अवधनामा संवाददाता



**सुमेरपुर।** नगर पंचायत सुमेरपुर के समस्त वार्ड मे इस समय धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी है सभी वार्ड मे अध्यक्ष महोदय के बेहद करीबी ठेकेदारो को निर्माण कार्यो के ठेके दिए गये है क्यो कि अध्यक्ष महोदय अपनी मन मर्जी से अपने चाहते ठेकेदारो को निर्माण कार्य का ठेका दे रखा है और अब वही चाहते ठेकेदार कस्बा के समस्त वार्ड मे नाली , नाला , सी सी इंटर लकिंग के कार्य कारा रहे है परन्तु जो मानक निर्माण कार्य के स्टीमेटो मे है वो हिसाब से निर्माण कार्य नही हो रहे है क्यो कि एक कहावत है जब सईया है कोतवाल तो डर कहे का इसका मतलब है कि जब महोदय का ही आदेश है कि निर्माण कार्य चाहे जैसा करो हमारी जेब भरनी चाहिए इस प्रकार से आप देख सकते है कि वर्तमान मे महोदय के वार्ड न 16 विवेका नंद नगर मे देशी शराब ठेका वाली गली मे योगेश विश्वकर्मा के मकान से लेकर साधु गुप्ता के मकान तक नाली व इंटर लकिंग का निर्माण कार्य हो रहा है इस निर्माण कार्य मे स्टीमेट के आनुसार बालू की जगह डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है नाली मे ईटा तीसरे नम्बर का लगाया जा रहा है पी सी सी बेहद घटिया किस्म की हो रही है इस प्रकार से मानक को दर किनार तक मे रख कर निर्माण कर हो रहे है वर्तमान मे नगर पंचायत मे अधिशाषी अधिकारी का स्थान्तरण हो जाने के कारण कोई भी नगर पंचायत का कार्य देखने के लिए नही बचा है इस प्रकार से अध्यक्ष महोदय के संरक्षण से नगर पंचायत मे निर्माण कार्यो के मानको को ताक मे रख कर निर्माण कार्य कराये जा रहे और ये सब घटिया निर्माण कार्यो का कमीशन भी सबको अपने अपने प्रतिशत के हिसाब से ठेकादार महोदय के पास जमा करते है और इसके बाद सभी के बीच परसेंट के हिसाब से महोदय इस कमीशन की रकम को बाटते है इस प्रकार से नगर पंचायत का पैसा को बंदर बाट करके लूटा जा रहा है इस सम्बंध मे अवर अभियंता से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि मौके पर जाकर जाँच की जायेगी और घटिया निर्माण कर रहे ठेकेदारो से गुणवता पूर्वक कार्य कराये जायेगे।

## ट्रैक्टर में बाइक घुसी वृद्धा की मौत

**भरुआ सुमेरपुर।** शादी समारोह से लौटकर वापस गांव जा रही तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर के पीछे में जा घुसी। इस घटना में बाइक चालक,उसकी बहन घायल हो गई। जबकि नानी की मौके पर ही मौत हो गई। सिसोलर थानाक्षेत्र के बैजेमऊ गांव निवासी सत्येंद्र कुमार (28) अपनी बहन बन्दों (25) व नानी मुन्नी देवी (65) के साथ बाइक से थानाक्षेत्र के मौहर गांव में शादी समारोह में शामिल होने आया था। शुक्रवार को शाम करीब 4:00 बजे यह तीनों बाइक से लौटकर बैजेमऊ जा रहे थे। तभी मुंडेरा मिहुना के मध्य सत्येंद्र की तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जा घुसी। इस घटना में सत्येंद्र एवं उसकी बहन बंदों को मामूली चोटें लगी हैं। जबकि नानी मुन्नी देवी को गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस चालक विपिन कुमार,ईएमटी अभिषेक कुमार मौके पर पहुंचे और तीनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाएं। यहां पर चिकित्सकों ने मुन्नी देवी को देखते ही मृत घोषित कर दिया। भाई बहन का उपचार किया जा रहा है।

# दो ट्रकों में भिडंत के बाद लगी भीषण आग

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** सदर कोतवाली इलाके के राठ तिराहे में दो ट्रकों की सीधी भिडंत में भयंकर आग लग गयी। जिसमें ट्रकों के दोनों ड्राइवरों की जलने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन करके दोनों ट्रकों के खलासियों को बाहर निकालकर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एक खलासी को कानपुर रिफर किया गया है। कई घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद आधा दर्जन फायर बिग्रेड की गाड़ियों की मदद से दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया है कि मध्य रात्रि में कोतवाली क्षेत्र के राठ तिराहा के पास दो ट्रकों में आपस में टक्कर होने से आग लग गई थी। इस सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज हेतु जिला अस्पताल हमीरपुर भिजवाया गया है। ट्रक में सवार दो व्यक्तियों की जलकर मौके पर मौत हो गई है जो ट्रक के चालक बताये गये हैं। जिनका नाम पता अज्ञात होने के कारण पहचान का प्रयास किया जा रहा है। घटना में घायल खलासी शिववरदानी पुत्र शिवनाथ कुशवाहा निवासी इटरा थाना घाटमपुर व नीरज पुत्र रामकिशोर पांडेय निवासी बिधूनी कानपुर को इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां नीरज पांडेय को कानपुर रिफर कर दिया गया है। पुलिस बल व फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाकर दोनों ट्रकों को सड़क से हटवाकर यातायात आवागमन बहाल करवा दिया गया है। पुलिस द्वारा दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है।

## साले से झगड़ कर बहनोई फंदे में झूला हुई मौत

**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्रीय ग्राम बड़ागांव में साले से झगड़कर बहनोई ने गांव के बाहर बबूल के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। बांदा जनपद के खपटिहा गांव निवासी सुरेश निषाद (55) अपनी ससुराल बड़ागांव में पत्नी छमकी के साथ रहता था। चर्चा है कि विगत दिनों ससुराल से मायके आई सुरेश की पुत्री गीता के जेवरात एवं नगदी चोरी हो गए थे। इसकी सूचना सुरेश ने कोतवाली पुलिस को दी थी। इसके बाद पुत्री का जेवर घर पर ही पड़ा मिल गया। लेकिन कुछ जेवर एवं नगदी गायब थी। तब सुरेश ने अपने साले पाथादीन पर चोरी करने का आशंका जताई थी। इस पर पाथादीन ने अपने बहनोई सुरेश पर ही कर्ज चुकाने के लिए चोरी करने का आरोप लगा दिया था। इसी बात को लेकर गुरुवार की रात दोनों में विवाद हुआ। पुत्री के जेवरात चोरी करने के आरोप से आहत होकर बहनोई ने गांव के बाहर बबूल के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# भूजल सप्ताह को लेकर ग्राम प्रधान महिला समूह के साथ गोष्ठी का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** कुरारा स्थानीय विकास खंड सभागार में भूजल सप्ताह के तत्वावधान में ग्राम प्रधान,महिला समूह के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमे वर्षा के जल को संरक्षित करने के लिए जानकारी दी गई है।स्थानीय विकास खंड सभागार में भूजल सप्ताह का आयोजन 16 जुलाई से 22 जुलाई तक चलने वाले आयोजन के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता ने अध्यक्षता की। सहायक अभियंता भूगर्भ जल विभाग हमीरपुर ने बताया कि भूगर्भ जल के दोहन में कमी करने के लिए कहा। तथा बरसात के पानी का सरंक्षण करने के लिए जोर दिया। तथा बरसात का पानी नालियों में न बहकर बर्बाद हो। इसके लिए खेतो मे मेडबंधी कार्य किसान जरूर कराए। वाटर रिचार्ज बनाए जाने के लिए बताया।इस अवसर पर आनंद सिंह एग्रीकल्चर एक्सपर्ट भूगर्भ जल विभाग, अवर अभियंता राजेंद्र बाबू लघु सिंचाई विभाग हमीरपुर ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, मयंक सचान, अजेंद्र विश्वकर्मा, संतोष सिंह, उमाशंकर, मिंटो सिंह, मनीषा आदि मौजूद रहे।

# हमीरपुर में बारिश से सड़कों पर जल जमाव

**घरों में घुसा पानी, लोगों का घर से निकलना दुर्भर**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** मुख्यालय में इस बरसात की पहली तेज़ बारिश ने नगरपालिका की साफ-सफाई की पोल खोल कर रख दी है।

नालों की सफाई ना होने की वजह से जगह-जगह जल जमाव हो गया है। वहीं तमाम घरों में पानी भर गया है। ऐसे में जहांङ्कजहां जल भराव हुआ है वहां के लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है।

बरसात के मौसम का एक महीना गुज़र चुका है। ऐसे में यहां बारिश ना होने की वजह से खरीफ की फसलें चौपट हो रही थीं। जिस पर शुक्रवार को कुदरत मेहरबान हुई यहां मुख्यालय सहित आसपास के इलाके में दो घंटे तक लगातार मूसलाधार बारिश हुई है। बारिश इतनी तेज़ थी की सड़कों पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। वाहनों की रफ्तार थम गई थी।

वहीं तेज़ बारिश की वजह से मुख्यालय में कांशीराम कालोनी, ग्वालटोली, शिवाजी मोहल्ला, डिग्गी में सड़क और गलियों में पानी भर गया। पुलिस लाइन, एसपी ऑफिस, पोस्ट ऑफिस में भी भीषण जल भराव हुआ है। बरसात के पानी की निकासी न हो पाने की वजह से तमाम घरों में पानी घुस गया था।

राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद के घर के सामने ग्वालटोली में भी भीषण जल जमाव हो गया था। जिसने नगर पालिका प्रशासन की साफ-सफाई की पोल खोल कर रख दी है। यहां तेज़ बारिश की वजह से गुड्डु अवस्थी का कच्चा मकान भी ढह गया है। मौसम की पहली और तेज़ मूसलाधार बारिश से आम जनमानस को गर्मी से भले ही राहत मिली हो। लेकिन जलभराव की वजह से लोगों को चलना फिरना जरूर दूभर हो गया है। लेकिन इस तेज बारिश से किसानों ने जरूर राहत की सांस ली है। क्योंकि जिन किसानों ने खरीफ की फसल बो ली थी। वह पानी ना मिलने की वजह कुम्हला रही थी। अब उस फसल में जान आ जाएगी।

## जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने की आत्महत्या

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बिदोखर मेदनी में शुक्रवार को एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया गंभीर अवस्था में उसे सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना सुमेरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम विदोखर मेदनी के सलमान 30 वर्ष पुत्र सुभानी शुक्रवार की सुबह घर से यह कहकर निकला कि वह इलाज कराने जा रहा है, तभी रास्ते में अज्ञात कारणों के चलते उसने जहरीला पदार्थ खा लिया उसके पिता द्वारा गम्भीर अवस्था में जिला चिकित्सालय हमीरपुर लाया गया । जहाँ पर इलाज के दौरान करीब डेढ़ बजे चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के शव को जिला मर्चरी हाउस हमीरपुर में रखवाया गया, थाना सुमेरपुर की पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया है। युवक अपने पीछे माता पिता पत्नी आदि परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनटीपीसी विंध्याचल में 581वीं संचालन समन्वय समिति की बैठक का आयोजन



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** राष्ट्र के विशालतम विद्युत संयंत्र एनटीपीसी विंध्याचल में 581वीं संचालन समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। संचालन समन्वय समिति बैठक का मुख्य उद्देश्य बिजली उत्पादन, मांग और आपूर्ति की स्थिति, ट्रांसमिशन लाइनों के आउटेज और जनरेटिंग इकाइयों से संबंधित विभिन्न तकनीकी मुद्दों पर चर्चा करना था। सदस्य सचिव (डब्ल्यूआरपीसी) दीपक कुमार, एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, एनटीपीसी विंध्याचल के अन्य महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, एमपी एसएलडीसी, पीजीसीआईएल, डब्लूआरपीसी और डब्ल्यूआर-1 हेडक्वार्टर के अधिकारी, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़ के लाभार्थी प्रतिनिधि, एनटीपीसी पश्चिमी क्षेत्र प्रथम स्टेशन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ विभिन्न हितधारकों ने बैठक में भाग लिया तथा विभिन्न तकनीकी विषयों पर विचार-विमर्श किया। बैठक के बाद संचालन समन्वय समिति के सदस्यों ने विंध्याचल संयंत्र का भ्रमण किया। बैठक के समापन अवसर पर सदस्य सचिव (डब्ल्यूआरपीसी) श्री दीपक कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए एनटीपीसी विंध्याचल में आयोजित बैठक की सराहना की तथा सभी हितधारकों को उचित परामर्श दिया। सायंकाल सभी ओसीसी प्रतिनिधियों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनटीपीसी विंध्याचल परिवार के साथ जुड़े हितधारकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम एक यादगार साबित रहा।

### एनटीपीसी सिंगरौली सीएसआर योजना के तहत पर्यावरण संरक्षण हेतु फलदार पौधों का वितरण




**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर द्वारा संचालित पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के क्रम में दिनांक 19.07.2024 को एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर विभाग द्वारा कुल 150 फलदार पौधे शक्तिनगर परिक्षेत्र के जन सेवा समिति संस्था को पौधारोपण हेतु सुपुर्द किए गए। इस पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में राजीव अकोटकर (परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली) ने शक्तिनगर के जन सेवा समिति के तमाम समाज सेवाओं को मद्देनज़र रखते हुए उनका प्रोत्साहन किया तथा उनके पर्यावरण संरक्षण हेतु समाज कल्याण के लिए आगे बढ़ कर आने के लिए उनको बधाई दी। इस अवसर पर स्थानीय महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रोफेसर्स को भी फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में एल.के. बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), डॉ एस के खरे, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), सिद्धार्थ मंडल, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), नरेश कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), डॉ ओमप्रकाश, वरिष्ठ प्रबन्धक (मानव संसाधन), काशी विद्यापीठ के प्रोफेसर्स एवं एनटीपीसी सिंगरौली के अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### बाबा बर्फानी की यात्रा पर 7 सदस्यों का जत्था रवाना



**इटाव/अवधनामा ब्यूरो।** अमरनाथ यात्रा को सात सदस्यीय जत्था मुरी एक्सप्रेस से रवाना हुआ यह जत्था इटावा से मुरी एक्सप्रेस से जम्मू पहुंच कर बालटाल के लिए रवाना होगा वहां से बाबा के दर्शन करेगा। जाने वाले श्रद्धालुओं में जलेवश्री, बाबा अतर सिंह यादव, मुनीष कुमार शर्मा, विनीत कुमार, अरविंद यादव, शुभम शर्मा, सूरज शर्मा आदि श्रद्धालु मुरी एक्सप्रेस ट्रेन से बालटाल के लिए रवाना हुए।

### एसएमजीआई में बीबीए, बीसीए व बीएड के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित हुए

**इटाव/अवधनामा ब्यूरो।** सर मदनलाल ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन्स के सभागार में विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के बीबीए बीसीए व बीएड के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को डिजी शक्ति के तहत उत्तर प्रदेश में अध्ययनतर युवाओं के तकनीकी कौशल विकास हेतु स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण अभियान के तहत स्मार्टफोन वितरित किये गये। कार्यक्रम का शुभारम्भ एसएमजीआई के डायरेक्टर डा.उमाशंकर शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के डिजी शक्ति प्रोग्राम के बारे में छात्रों को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह स्मार्ट फोन आपके जीवन में खुशहाली लेकर आएगा इसकी सहायता से आप अपनी पढ़ाई में मदद के साथ साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं और रोजगार की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे और देश दुनियां में प्रचलित तकनीकी जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं से कहा कि प्रत्येक वस्तु का उपयोग दुरपयोग भी होता है, अतःअब यह आप पर ही निर्भर है कि आप अपने इस स्मार्टफोन का क्या उपयोग करेंगे।

# वृक्षारोपणः मण्डलायुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**पौधों का उठान सभी विभाग आज सायं तक करें सुनिश्चितः मण्डलायुक्त**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की जिला वृक्षा रोपण समिति की बैठक की। बैठक में मण्डला आयुक्त ने जनपद में वृक्षारोपण अभियान हेतु की गयी तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने विगत वर्ष में किये गये पौध रोपण व उनकी सुरक्षा व जिओ टैगिंग हेतु की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में डी.एफ.ओ. रेनुकूट, डी.एफ.ओ. ओबरा, डी.एफ.ओ. राबर्ट्सगंज, डी.एफ.ओ. कैमूर वन प्रभाग से जानकारी प्राप्त की, तो वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके, जिस पर मण्डलायुक्त ने चारों डीएफओ को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें। इस दौरान मण्डलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत जिन विभागों को पौध रोपण हेतु जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसके अनुसार सभी विभाग आज सायं तक पौधों का उठान करने की कार्यवाही सुनिश्चित कर लें, उन्होंने कहा कि पौध रोपण जन अभियान के अन्तर्गत जिन भी पौधों का रोपण किया जा रहा है, उसकी सुरक्षा व्यवस्था और देख-रेख बेहतर तरीके से की जाये, जिससे कि पौधे सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि पौधों का रोपण ग्राम सभा के चारागाहों में भी किया जाये और इस अभियान में एन.सी.सी. एन.एस.एस. के छात्रों का भी सहयोग लिया जाये, वृक्षारोपण महाभियान के अन्तर्गत जनपद सोनभद्र में 1 करोड़ 55 लाख 46 हजार 728 पौध रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मा. मुख्यमंत्री जी के मंशा के अनुरूप वृक्षारोपण महाभियान को जन आन्दोलन का रूप देते हुए लोगों को अधिक से अधिक वृक्षरोपण करने हेतु प्रेरित किया जाये, वृक्षारोपण अभियान में वृक्ष रोपण करने के साथ ही उसकी सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी विभाग मिल-जुलकर प्रयास करें। उन्होंने इस दौरान बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, सिंचाई विभाग, पंचायतीराज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा वृक्षारोपण हेतु की गयी तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा की।

## गड्ढा मुक्त सड़क अभियान के झूठे वादों का जीवंत प्रमाण

**सोनभद्र।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक एवं वर्तमान राष्ट्रीय सचिव अविनाश कुशवाहा के नेतृत्व में तेलगुड़वा - कोटा - कोन - कचनरवा मार्ग विगत तकरीबन एक दशक से अति जर्जर और भयावह की स्थिति को लेकर जिलाधिकारी को क्षेत्र वासियों के साथ जिलाधिकारी सोनभद्र के माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन को क्षेत्र के तमाम जनता द्वारा अधोहस्ताक्षरित ज्ञापन पत्र सौपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि उपरोक्त मार्ग जो वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग से लेकर झारखंड राज्य को जोड़ता है वर्तमान सरकार के गड्ढा मुक्त सड़क अभियान के झूठे वादों का जीवंत प्रमाण है। आए दिन इस सड़क पर हादसे होते रहते हैं, इस मार्ग के मरम्मत के नाम पर कोटा पूर्ति के साथ-साथ भ्रष्टाचार होता चला रहा है। उपरोक्त प्रकरण को विगत कई वर्षों से लगातार कई बार पत्राचार किया जा चुका है किंतु इस भाजपा सरकार में शासन और प्रशासन द्वारा लगातार अनदेखी किया जा रहा है।

# घटना बहुत दुखद है जो भी दोषी होंगे बक्शा नहीं जाएगाः भूपेश

**अरविंद हत्याकांड में परिजनों से मिलने पहुंचे सदर विधायक**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के सिलथरी गांव में बीते दिनों नहर में युवक का शव मिलने मामले में शुक्रवार को परिजनों से मिलने पहुंचे सदर विधायक साथ प्रतिनिधिमंडल पीड़ितों को उचित न्याय दिलाने का दिलाया भरोसा।

वहीं सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि घटना ही बहुत दुखद है मामले की उच्च स्तरीय जांच कर कर जो भी दोषी होगा उसको बक्सा नहीं जाएगा इस मामले में डीएम और एसपी से वार्ता कर संबंधित दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

सदर विधायक ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के चुर्क नगर के वार्ड नंबर पांच निवासी अरविंद चौहान (20)वर्षिय युवक के हत्या मामले की जानकारी हुई तो मैं बाहर था हालांकि अधिकारियों से वार्ता की गई थी आज पीड़ितों के परिजनों से मिलकर मामले में जानकारी ली गई जिस तरीके से घटना को अंजाम दिया गया बेहद ही निंदनीय है इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई कराया जाएगा पीड़ित परिवार को जो भी सहायता मदद बनेगी दिलाया जाएगा।

इस मौके पर रमेश मिश्रा अमरेश पटेल ओमप्रकाश यादव अरूण सिंह अनूप तिवारी महेन्द्र पाण्डेय अनिल पाण्डेय संजय सिंह जै राम वर्मा यौसिला पाण्डेय शिव कुमार सिह बबलू चौहान आदि मौजूद रहे।

# अलविदाई ताजिये गमगीन माहौल में किये सुपुर्दे खाक



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** कर्बला में दस मोहर्रम को नबी सल्ल.के नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों को इस कारण शहीद कर दिया गया था की वह रसूल के दीन को बचाने गए थे। इसी को लेकर शिया समाज के मोहर्रम के अलविदाई ताजिओ का जुलूस आलमपुरा से परम्परागत तरीके से मौलाना अनवारुल हसन जैदी के नेतृत्व व मुशीर हैदर व जीशान हैदर, अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाई, राहत अक़ील की देखरेख में अदबो एहतराम के साथ निकला ताजियों को बाइस ख्वाजा कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक किया गया। मोहर्रम के अलविदाई ताजिओ का जुलूस शनिवार की सुबह मोहल्ला आलमपुरा से उठा और कोतवाली चौराहा, जिला परिषद कार्यालय, तिकोनिया, पुल कहारान, नोरंगबाद चौराहा, शाही मस्जिद नोरंगबाद, पक्का तालाब होते हुए बाइस ख्वाजा स्थित कब्रिस्तान पहुंचा जहां गमगीन माहौल में सुपुर्दे खाक किया गया। जुलूस में एक बड़ा ताजिया सहित दर्जनों छोटे ताजिये, अलम, इस्लामी परचम शामिल थे। शिया युवक व बच्चे हाथों में अलम, इस्लामी परचम और छोटे छोटे ताजिये लेकर आगे चल रहे थे।

# ज़िला टॉपर तेजस सहित अन्य पांच छात्र सम्मानित

**तेजस को डीपीएस प्रबंधन द्वारा मिला 51,000 का चेक**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा के मेधावी छात्र एवम 2024 में कक्षा 12 के डिस्ट्रिक टॉपर रहे तेजस मिश्रा को दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित एक सम्मान समारोह में चेयरमैन, डीपीएस द्वारा विद्यालय की घोषित पॉलिसी के तहत प्रोत्साहन राशि के रूप में 51 हजार रुपए की राशि का चेक और प्रतीक चिन्ह देकर विद्यालय की प्रिंसिपल भावना सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे कि, इससे पूर्व भी इस विद्यालय की ही जिला टॉपर रही छात्रा श्रंगारिका गुप्ता को भी डीपीएस प्रबंधन द्वारा 51, 000 रूपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया था जिसके बाद श्रंगारिका गुप्ता को देश के शीर्ष मैनेजमेंट संस्थान आईआईएम अहमदाबाद में भी प्रवेश मिला था। दिल्ली पब्लिक स्कूल प्रबंधन की इस प्रोत्साहन पॉलिसी के तहत कक्षा 10 या 12 में जिला टॉप करने वाले छात्र या छात्रा को ही यह राशि प्रदान की जाती है। सम्मान समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ जिसके बाद सभी टॉपर छात्रों का स्वागत तिलक एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इसी क्रम में टॉप 5 में शामिल रहे सोहम लूथरा, और आयुष यादव सहित अन्य छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने स्कूल के छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए तेजस मिश्रा ने कहा कि, किसी भी कक्षा में टॉप करना कोई असंभव कार्य नहीं है बस कड़ी मेहनत और नियमित पढ़ाई करके आप सभी में से ही कोई भी साधारण छात्र भी अगला टॉपर जरूर बन सकता है बस आप के अंदर एक मजबूत दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ कठिन परिश्रम करने की भूंख होनी चाहिए यदि आप रोज घर पर 6 से 8 घंटे नियम से अध्धयन कार्य करते है तो आप भी अगली बार अपनी कक्षा में टॉप कर सकते है। तेजस ने कहा कि, आगे चलकर वे इंजीनियर ही बनना चाहते है, जिसके लिए वे लगातार मेहनत भी कर रहे है। इसी क्रम में स्कूल के टॉप 5 में शामिल रहे अन्य छात्र भी सम्मानित किए गए। अन्य टॉपर छात्र सोहम लूथरा, और आयुष यादव ने भी अपने अपने अनुभव और विचार सभी छात्र छात्राओं के साथ साझा किए। अंत में प्रिंसिपल भावना सिंह ने सभी टॉपर छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित छात्रों से इन टॉपर छात्रों की कही गई बातों और सुझाव पर ध्यान देकर भविष्य में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ विवेक यादव ने सभी सम्मानित हुए टॉपर छात्रों को उनके आगामी उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकनाएं दी। कार्यक्रम का संयोजन गणित विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने किया।

# खेती में अत्यधिक फर्टिलाइजर का परिणाम है कैंसर ट्रेन: योगी

अवधनामा ब्यूरो

- हमारी धमनियों में घुसने लगा है जहर
- हमें इतिहास के पन्नों को फिर से पलटना होगा
- सर्टिफिकेशन लैब्स को अपग्रेड कीजिए, धन सरकार देगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश के एक राज्य में कृषि कार्य में अत्यधिक फर्टिलाइजर के उपयोग का हश्र ये हुआ कि आज वहां से कैंसर ट्रेन चलानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति से कृषि उत्पादन जरूर बढ़ा, मगर ये अधूरा सच है। आज फर्टिलाइजर की अधिकता के कारण एक धीमा जहर हमारी धमनियों में घुस रहा है।

ये दुष्प्रभाव केवल मनुष्यों पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि पशु-पक्षी भी इससे बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि देश में कई इलाके ऐसे भी थे जहां प्राकृतिक ढंग से भी कृषि उत्पादन अधिक था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें बीज से लेकर बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में जल्द ही एक कृषि विश्वविद्यालय को प्राकृतिक खेती के लिए समर्पित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में प्राकृतिक खेती के विज्ञान पर क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत रहे। वहीं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि हरित क्रांति का लाभ अन्न उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में हुआ है, मगर ये अधूरा सच है। हमें 17वीं और 18वीं सदी के भारत के उन प्रांतों में प्राकृतिक खेती से होने वाले उत्पादन दर को भी देखना होगा जब धरती अपने प्राकृतिक स्वरूप में थी और अन्न उत्पादन भी ज्यादा था। सीएम योगी ने कहा कि हमें खेती को लेकर पिछले सौ-डेढ़ सौ वर्ष में जो पढ़ाया गया है, उसमें और पुराने समय के विज्ञान में कितना अंतर है। हमें इतिहास के पन्नों को फिर से पलटना होगा।

हरित क्रांति के बाद जब खेती में फर्टिलाइजर का उपयोग हुआ तो कुछ समय तक उत्पादन तो बढ़ा, मगर आज एक स्लो प्वाइजन के रूप में वह हमारी धमनियों में घुसता जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि उनके पास मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए बड़ी संख्या में लोग धन की मांग करते हैं, इसमें सर्वाधिक मामले कैंसर के होते हैं। आज से कुछ साल पहले इतनी भयावह स्थिति नहीं थी।

आज गांव-गांव में युवाओं में कोई किडनी, कोई हार्ट तो कोई कैंसर से पीड़ित हो गया है। इसका कारण है कि हमारा खानपान कहीं न कहीं प्रभावित हुआ है। जिसने नई-नई बीमारियों को जन्म दिया है। इससे बचाव का नया मंत्र पीएम मोदी ने प्राकृतिक खेती का दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें बीज से लेकर बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना होगा। यूपी में इसके लिए बड़ी संभावना है। हमारे पार देश की 12 प्रतिशत भूमि है। यूपी में देश की 17 प्रतिशत आबादी रहती है। हम देश के खाद्यान का 20 प्रतिशत उत्पादन करते हैं। हमारे पास पर्याप्त जल संसाधन है। हमें आज की आवश्यकता के अनुरूप उस क्वालिटी पर ध्यान देना होगा जो हमारे हैपिनेस इंडेक्स को ऊंचाई पर ले जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी सरकार ने इस दिशा में कार्य प्रारंभ किया है।

### गाय भी बर्दाश्त नहीं कर पा रही अत्यधिक फर्टिलाइजर वाला चारा

सीएम योगी ने कहा कि फर्टिलाइजर का दुष्प्रभाव केवल मनुष्यों में ही नहीं देखने को मिल रहा बल्कि पशु-पक्षी भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमरोहा में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल में 12 से 14 गाय अचानक मर गईं, जब हमने वहां विशेषज्ञ भेजे तो ये पता लगा कि चारे में बड़े पैमाने पर फर्टिलाइजर मिला था, जिसके कारण उनकी मौत हुई। हमें समझना होगा कि जब गाय अत्यधिक फर्टिलाइजर को बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है तो मनुष्य की स्थिति क्या होगी।

## खाने में प्याज देख आगबबूला हुए कांवड़िए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद के छपार क्षेत्र के परेई चौराहे पर कांवड़ियां ने ढाबे पर खाने में प्याज डालने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। गुस्साए कांवड़ियों ने तोड़फोड़ कर दी। ढाबे का कारीगर फरार हो गया। पुलिस ने मामला संभाला। पुलिस ने कांवड़ियों को समझा बुझाकर रवाना किया। छपार में गांव परेई के चौराहे पर गांव निवासी प्रमोद कुमार का ढाबा है। शुक्रवार दोपहर हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए एक दर्जन कांवड़ियां ढाबे पर पहुंचे और खाना खाने लगे। आरोप है कि होटल कर्मचारी ने कांवड़ियों के मना करने के बावजूद भी खाने में प्याज डाल दी। खाना देखकर कांवड़िया नाराज हो गए। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान होटल की कुर्सी, फर्नीचर व फ्रीज आदि सामान तोड़ दिया गया। कांवड़ियों को गुस्सा बढ़ने पर खाना बनाने वाला कारीगर ढाबे के पीछे वाले रास्ते से फरार हो गया। मौके पर भीड़ भी एकत्र हो गई । छपार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला संभाला।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने शिष्टाचार भेंट की

## अगर हम आपस में एका नहीं बनाये रखेंगे तो कोई भी हमें टुकड़ों में बांट सकता है

**लखनऊ।** अगर हम आपस में एका नहीं बनाये रखेंगे तो कोई भी हमें टुकड़ों में बांट सकता है। डॉ.उर्मिल कुमार थपलियाल फाउंडेशन की ओर से संत गाडगेजी महाराज प्रेक्षागृह में चल रहे उर्मिल रंग उत्सव की चौथी शाम बंटवारे की आग नौटंकी के छंदों में दर्शकों को कुछ ऐसा ही बता गई। विनोद रस्तोगी की लिखी इस नौटंकी को अजय मुखर्जी के परिकल्पना और निर्देशन में प्रयागराज के विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान के कलाकारों ने मंच पर उतारा। नौटंकी बंटवारे की आग, एक किसान परिवार की कहानी है। दो भाइयों श्यामू और रामू के आपसी प्रेम और सुख शान्ति के बीच धूर्त नौरंगीलाल बड़ी चतुराई से फूट डाल देता है। इससे परिवार में कलह शुरू हो जाती है।

भाइयों में बंटवारे की नौबत आ जाती है। बाद में छोटे भाई रामू को अपनी गलती का अहसास होता है। अंततः दोनों भाई आपस में मिल जाते हैं। व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो अभिव्यक्ति और मनोरंजन का सशक्त माध्यम रही लोक विधा नौटंकी में प्रस्तुत एक किसान परिवार के बंटवारे की कहानी के माध्यम से देश के बंटवारे और ऐसी साजिशों को भी टटोल और समझ सकते हैं। ये नौटंकी जाति, धर्म, प्रान्त, वर्ग आदि के भेद भुलाकर एक रहने को प्रेरित करती है। प्रस्तुति में मंच पर शुभम वर्मा व कृष्ण प्रताप सिंह, रोहित यादव, दिग्विजय सिंह, प्रतिमा और अहोना भट्टाचार्या ने अभिनय किया। संगीत और हारमोनियम वादन उदयचंद्र परदेसी नक्कारा वादन बिंदेश्वरी प्रसाद का और ढोलक वादन प्रवीण कुमार श्रीवास्तव का था।

## एआरटीओ अधिकारियों का तबादला निरस्त

**लखनऊ।** शासन ने महाकुंभ प्रयागराज के सुव्यवस्थित आयोजन एवं प्रशासकीय आवश्यकताओं को देखते हुए चार सहायक संभागीय परिवहन एआरटीओ अधिकारियों का तबादला निरस्त कर दिया है। इनमें एआरटीओ प्रशासन वाराणसी सर्वेश चतुर्वेदी, एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल प्रयागराज अलका शुक्ला, एआरटीओ प्रशासन सुलतानपुर नंद कुमार और एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल बुलंदशहर शामिल हैं। सभी चारों अपनी तैनाती वाले स्थान पर ही तैनात रहेंगे।

# वाहन पोर्टल की सुविधा से मोबाइल नम्बर अपडेट करा लें वाहन स्वामी

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अपर परिवहन आयुक्त (आईटी/ प्रवर्तन) श्री ए0के0 सिंह ने कहा कि प्रवर्तन टीम द्वारा जांच के दौरान यह बात सामने आ रही है कि बहुत से वाहनों के रजिस्टेश्शन में मोबाइल नम्बर या तो गलत पड़ा है या अपडेट नहीं है। उन्होंने बताया कि जिन वाहन स्वामियों के वाहन रजिस्ट्रेशन में मोबाइल नम्बर अपडेट न हो या गलत पड़ा हो, वे विभाग की वेबसाइट खोलकर अपना मोबाइल नम्बर सही करा सकते हैं।

श्री सिंह ने बताया कि मोबाइल नम्बर अपडेट करने के लिए वाहन पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन सेवाओं पर क्लिक करें और वाहन संबंधी सेवा चुने। तत्पश्चात राज्य चुने, वाहन नम्बर दर्ज करें और प्रोसीड बटन पर क्लिक करें। दी गयी सेवाओं में से मोबाइल नम्बर अपडेट (आधार आधारित विकल्प चुने) तत्पश्चात फार्म में पंजीकरण संख्या, पूर्ण चेचिस नम्बर, पूर्ण इंजन नम्बर, पंजीकरण तिथि और फिटनेस/पंजीकरण की समाप्ति तिथि भरें और शो डिटेल बटन पर क्लिक करें।

आधार नम्बर, आधार में अंकित नाम और मोबाइल नम्बर दर्ज करें, एग्री चेक बाक्स पर क्लिक करें, इसके बाद वेरीफाइ बटन पर क्लिक कर अपनी डिटेल देखें। अब मोबाइल अपडेट बटन पर क्लिक करें। पोर्टल द्वारा प्रदर्शित सफल संदेश देखें, आपका मोबाइल नम्बर अब वाहन पोर्टल पर अपडेट शो करेगा। अपर परिवहन आयुक्त (आईटी) ने बताया कि यदि आधार कार्ड 85 प्रतिशत वाहन पंजीकरण प्रमाण पत्र में अंकित डाटा के समान है तो ही मोबाइल नम्बर अपडेट होगा। अन्यथा आपको संबंधित कार्यालय में जाकर अपडेट कराना होगा। उन्होंने बताया कि विभाग वाहन स्वामियों को घर बैठे सुविधायें मुहैया करा रहा है। वाहन स्वामी इसका लाभ लेते हुए अपना मोबाइल नम्बर अपडेट करा लें, जिससे कि चालान या अन्य किसी प्रकार की कार्यवाही से खुद को अपडेट रख सकें।

## गले में 72 घंटे तक फंसा रहा आलू

**लखनऊ।** फलाहार करते समय जल्दबाजी में आलू निगल लेने से एक युवक की स्थिति गंभीर हो गई। आलू गले में जाकर फंस जाने के कारण युवक की स्थिति खराब होती चली गई। चिकित्सकों ने ऑपरेशन करके किसी तरह से युवक के गले में फंसे आलू को निकला। इसके बाद उसकी जान बच सकी। नैनी निवासी शिवम यादव (18) हर मंगलवार को व्रत रहता है। इस मंगलवार को भी वह व्रत था। फलाहारी में एक आलू खड़ा ही रह गया। उबला आलू का फलाहार करते समय आलू सरक कर गले के अंदर चला गया। जिसके बाद उसको दर्द शुरू हो गया। काफी प्रयास के बाद भी उसको राहत नहीं मिली। इसके बाद उसे उपचार के लिए उसे सिविल लाइंस स्थित शांति विलास हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। ईएनटी सर्जन डॉ. अजय शुक्ला ने अपनी टीम के साथ ऑपरेशन करके शिवम के गले से खड़ा आलू निकाला। अब शिवम पूरी तरह से स्वस्थ है। डॉ. शुक्ला ने बताया कि उसे दो तीन दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

# कटर व जेसीबी मशीनों से हटाए गये क्षतिग्रस्त डिब्बे



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ (असम) जा रही एक्सप्रेस ट्रेन हादसे में एक और रेलयात्री का शव मिला है। पलटे एसी कोच को हटाने के बाद गिट्टी और बजरियों के बीच यह शव दबा मिला है। रेलयात्री के शव की अभी पहचान नहीं हो पाई है। चार्ट से नाम व हुलिया का मिलान करके जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में अब तक मृतकों की संख्या चार हो गयी। पूर्वोत्तर रेलवे के जीएम-डीआरएम की देखरेख में 800 रेलकर्मी दुरुस्तीकरण में जुटे हैं। रेल दुर्घटना में चार यात्रियों की जान जा चुकी है। कुल 33 घायलों में 31 रेल यात्रियों का सीएचसी मनकापुर, महाराजा देवीबख्श सिंह मेडिकल कॉलेज गोंडा और शहर के एक निजी हॉस्पिटल में इलाज जारी है। इसके अतिरिक्त मरणासन्न हालात में गोंडा से लखनऊ रेफर किये गये दो अन्य घायलों का ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में ऑपरेशन किया गया। गोंडा और मनकापुर के बीच मोतीगंज-झिलाही रेलवे स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के पास चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ ट्रेन के 14 डिब्बे बेपटरी हो गये थे।

# इसी जज्बे और मेहनत से संगठन को ताकत देकर 2027 में कांग्रेस सरकार बनानी है: अजय राय

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश कांग्रेस निशक्तजन प्रकोष्ठ पदाधिकारियों और जिला-शहर अध्यक्ष चेयरमैन की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोग किसी भी तरह कमजोर नहीं हैं। आप में जज्बा और दृढ़ इच्छा शक्ति है। इसी जज्बे और मेहनत से संगठन को ताकत देकर 2027 के चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनानी है। आप निश्चित मान लीजिए कि प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस की बनेगी। प्रकोष्ठ चेयरमैन मनीष प्रसाद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित बैठक का संचालन प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार वर्मा ने किया। श्री राय ने कहा कि हम आपको यकीन दिलाते हैं कि आपको जहां मेरी और जिस तरह की जरूरत होगी पूरा कांग्रेस परिवार आपके साथ खड़ा रहेगा और किसी भी संघर्ष में हम पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने अयोध्या जिलाध्यक्ष को एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजने का जिक्र करते हुए कहा कि मैं जेल पहुंच कर उनसे मिला। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आपके आने से जो बल मुझे मिला है, आम जनता की सेवा के लिए तो चाहे मुझे साल भर जेल में रहना पड़े में रह लूंगा। उन्होंने कहा कि यह बात इसलिए बता रहा हूं कि आप खुद को कमजोर और अकेला न समझें। प्रकोष्ठ चेयरमैन मनीष प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने जो वादे किये थे वह आज भी जस के तस हैं। ज्ञापन में विकलांग अधिनियम 2016 को पूरी तरह से लागू करने, विकलांग आरक्षण को बढ़ाने, विकलांग पेंशन प्रतिमाह 5 हजार रुपये करने, विकलांगों को नगर निगम व प्राधिकरणों से हर जिले के चौराहों पर व्यवसाय के लिए जगह सुनिश्चित कराने, विकलांगों को बीपीएल व आयुष्मान कार्ड बनवाने, विकलांग खिलाडियों को सामान्य खिलाड़ियों की तरह सहयोग देने, बैकलॉग भर्तियों से विकलांगों को नौकरी देने, विकलांगों को आरक्षण देकर राजनीतिक चुनावों में हिस्सेदारी दिये जाने की मांग की गयी है।

### कोल आदिवासी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल कराने की मांग

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर कोल आदिवासी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल कराने की मांग की है। श्री राय ने अपने पत्र में कोल जाति की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक व राजनैतिक स्थिति को देखते हुए इन्हें अनुसूचित जनजाति में शामिल कराने की मांग की। कोल आदिवासी विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में रहने वाले आदिवासी जाति को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल कराने के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को पत्र सौंपा। कोल आदिवासी विकास समिति के अध्यक्ष जय नारायण कोल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कोल आदिवासी जाति की आर्थिक, सामाजिक स्थितियों से अवगत कराते हुए कहा कि देश के कई राज्यों में जहां कोल आदिवासी निवासरत हैं, वहां कोल आदिवासी जाति को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में रखा गया है। प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद श्री राय ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कोल जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल कराने की मांग की है।

## ठेलों पर नाम बोर्ड लगवाना लोकतंत्र पर हमला: प्रियंका



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश में ठेलों, खोमचों और दुकानों पर मालिकों के नाम का बोर्ड लगाने के आदेश को विभाजनकारी बताते हुए संविधान, लोकतंत्र और साझी विरासत पर हमला बताया है। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट कर कहा कि हमारा संविधान हर नागरिक को गारंटी देता है कि उसके साथ जाति, धर्म, भाषा या किसी अन्य आधार पर भेदभाव नहीं होगा। समाज में जाति और धर्म के आधार पर विभाजन पैदा करना संविधान के खिलाफ अपराध है। यह आदेश तुरंत वापस लिया जाना चाहिए और जिन अधिकारियों ने इसे जारी किये उन पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए।

# कांवड़ रूट पर व्यापारियों के नाम लिखने का निर्णय वापस हो : चंद्रशेखर

- सांप्रदायिक तनाव हो सकता है
- गरीब की बस्ती को कुचलकर विकास नहीं किया जा सकता है



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर ने कहा है इस सरकार में अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। कांवड़ रूट पर दुकानों पर नाम लिखने का निर्णय वापस लिया जाए अन्यथा कभी भी सांप्रदायिक तनाव हो सकता है। यह निर्णय अगर सरकार का है तो वह वापस ले और अगर किसी अधिकारी का है तो उस पर कार्यवाही हो। वह हैदर कैनाल बस्ती का दौरा करने के बाद प्रेस क्लब में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हैदर कैनाल रोड के लोगों को उजाड़ा गया तो पार्टी और वो खुद सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहे तो इसका रास्ता निकाल सकते हैं। एलिवेटेड रोड को ऊपर से बनाया जा सकता है। सीएम पंत नगर के लोगों की तरह यहां के लोगों को भी न्याय दें। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो यह माना जायेगा कि सबका साथ सबका विकास की बात खोखली है क्योंकि यहां पर अधिकतर एससी, एसटी और मुस्लिम वर्ग के लोग हैं। उन्होंने कहा कि गरीब की बस्ती को कुचलकर विकास नहीं किया जा सकता है। अकबरनगर के लोगों को उजाड़कर एक कमरे में रख दिया गया है। वहां न लाइट है, न पानी और न अन्य कोई सुविधा। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती लीक के छह महीने पूरे होने को हैं। 66 लाख युवाओं को न्याय कब मिलेगा ? परीक्षा कब होगी ? इस सरकार में अधिकारी, कर्मचारी और नौजवान कोई सुरक्षित नहीं है। अभी बनारस में एसडीएम की पिटाई हो गई है। प्रदेश की कानून व्यवस्था दम तोड चुकी है। दलित, पिछड़े और मुस्लिमों का दमन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बेस्ट व बंजर जमीन को गरीब और कमजोरों में बांट दे।

# रोज़े आशूरा: 10वीं मुहर्रम का जुलूस निकला

अवधनामा संवाददाता



**अकबरपुर, अम्बेडकरनगर।** इटरौरा सादात गाँव में रोज़े आशूरा के मौके पर 10वीं मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। यह जुलूस इमामबाड़ा क़सरे हुसैनी से शुरू होकर शिया कब्रिस्तान स्थित रौज़ा इमाम हुसैन, जिसे मीर दादा के नाम से भी जाना जाता है, तक गया। जुलूस में अंजुमन ज़ुल्फेक़ारे हैदरी, इटरौरा द्वारा नौहा पढ़ा गया। जुलूस में ज़ुलजनाह, ताबूत और ताज़िया भी मौजूद रहे। गाँव के बीच में जुलूस के दौरान मोहम्मद रज़ी ने मजलिस पढ़ी और इमाम हुसैन की शहादत को बयान किया तथा उनकी शिक्षाओं और उनके बलिदान का संदेश दिया। गाँव के बीच में जुलूस के दौरान लोगों ने जंजीर ज़नी भी की, जो उनकी गहरी आस्था और इमाम हुसैन की शहादत के प्रति समर्पण को प्रदर्शित करता है। अंजुमन ज़ुल्फेक़ारे हैदरी के सदर सैय्यद मोहम्मद असकरी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि यह एक ऐतिहासिक जुलूस है जिसमें शिया मुस्लिमों के अलावा अन्य धर्मों के लोग भी हिस्सा लेते हैं और इमाम हुसैन के नाम पर रोते हैं। यह आपसी भाईचारे और एकता का प्रतीक है। वहीं, अंजुमन ज़ुल्फेक़ारे हैदरी के सदस्य, ऑल इंडिया शिया मुस्लिम महासभा के प्रदेश संगठन सैय्यद मोहम्मद काज़िम ने मीडिया से बातचीत करते हुए इमाम हुसैन के इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आशूरा के जुलूस शिया मुस्लिमों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि वे इमाम हुसैन की शहादत की याद में निकाले जाते हैं। इमाम हुसैन, जो पैगंबर मुहम्मद के नवासे थे, 680 ईस्वी (10 मुहर्रम 61 हिजरी) में करबला की लड़ाई में शहीद हुए थे। यह जुलूस दुनिया भर के शिया मुस्लिमों के लिए गहरे धार्मिक और भावनात्मक महत्व का होता है। इमाम हुसैन से हमको ये शिक्षा मिलती है की हमे ज़ालिम के सामने सर कटा देना चाहिए लेकिन झुकना नही चाहिए। ग्राम प्रधान इटरौरा अमिताभ यादव तथा पुलिस-प्रशासन की पुरी टीम ने पूरे जुलूस में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और यह सुनिश्चित किया की जुलूस शांति पूर्वक समाप्त हो समापन पर,मीर दादा शिया कब्रिस्तान में,अंजुमन ज़ुल्फेक़ारे हैदरी, इटरौरा और अंजुमन हुसैनिया, मुरादपुर दोनों ने मिलकर जंजीर ज़नी व नौहा मातम किया।

# पटरी की कटाव के कारण यातायात निलंबित

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** मुरादाबाद मण्डल मे भारी बारिश और पटरी के कटाव के कारण पीलीभीत जंक्शन मैलानी जंक्शन के बीच यातायात निलंबित कर दिया गया है। इस कारण ट्रेनें जो परिवर्तित रेल मार्ग सीतापुर जंक्शन, पीलीभीत जंक्शन व बरेली सिटी और रामगंगा पुल मार्ग से होकर चलाई जानी थी ये ट्रेनें अब पुनः परिवर्तित रेल मार्ग बुढ़वल जंक्शन बाराबंकी जंक्शन, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल व गाजियाबाद जंक्शन मार्ग से होकर चलाई जायेंगी।

उत्तर रेलवे की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि लखनऊ मण्डल से गुजरने वाली जो ट्रेनें प्रभावित होंगी उनमें ट्रेन नम्बर 15529 सहरसा आनंद विहार टर्मिनल जन साधारण एक्सप्रेस 24 से 31 जुलाई तक बुढ़वल जंक्शन, बाराबंकी जंक्शन, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, गाजियाबाद जंक्शन के रास्ते, 15530 आनंद विहार टर्मिनल सहरसा जन साधारण एक्सप्रेस 25 जुलाई से 1 अगस्त तक गाजियाबाद जंक्शन, कानपुर सेंट्रल लखनऊ बाराबंकी जंक्शन, बुढ़वल जंक्शन के रास्ते, 15621 कामाख्या आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस 25 जुलाई से 1 अगस्त तक बुढ़वल जंक्शन, बाराबंकी जंक्शन, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, गाजियाबाद जंक्शन के रास्ते, 15622 आनन्द विहार टर्मिनल कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस 27 जुलाई से 3 अगस्त तक गाजियाबाद जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी जंक्शन, बुढ़वल जंक्शन के रास्ते, 14009 चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस 21, 23, 25, 28, 30 जुलाई, 1 व 4 अगस्त तक बुढ़वल जंक्शन, बाराबंकी जंक्शन, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल व गाजियाबाद जंक्शन के रास्ते तथा 14010 चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस 22, 24, 27, 29, 31 जुलाई, 3 अगस्त तक गाजियाबाद जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी जंक्शन, बुढ़वल जंक्शन के रास्ते चलायी जायेगी।

## श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन ने सियालदह बनारस स्पेशल व गोरखपुर देवघर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। सियालदह बनारस स्पेशल ट्रेन नम्बर 03113 सियालदह बनारस स्पेशल 27 जुलाई तथा 3, 10 एवं 17 अगस्त प्रत्येक शनिवार को सियालदह से रात्रि 11:55 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बर्धमान, दुगार्पुर, आसनसोल, चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, मोकामा, पटना जंक्शन, दानापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तथा वाराणसी से होते हुए बनारस शाम 4 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 03114 बनारस सियालदह स्पेशल 28 जुलाई, 4, 11 एवं 18 अगस्त दिन प्रत्येक रविवार को बनारस से शाम 5 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सियालदह सुबह 10:20 बजे पहुंचेगी। गोरखपुर देवघर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन नम्बर 05028 गोरखपुर देवघर श्रावणी मेला स्पेशल 20 जुलाई से 20 अगस्त तक प्रतिदिन गोरखपुर से रात्रि 8 बजे प्रस्थान कर चौरीचौरा, देवरिया सदर, भटनी, मैरवा, सीवान, एकमा, दूसरे दिन छपरा, दिघवारा, सोनपुर, हाजीपुर, देसरी, शाहपुर पटोरी, बछवारां, बरौनी, बेगूसराय, साहिबपुर कमाल, मुंगेर, सुल्तानगंज, भागलपुर, बरहट जंक्शन तथा बांका से होते हुए देवघर दोपहर 1:10 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05027 देवघर गोरखपुर श्रावणी मेला स्पेशल 21 जुलाई से 21 अगस्त तक प्रतिदिन देवघर से दोपहर 2 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर दूसरे दिन तड़के 3 बजे पहुंचेगी।